# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-16-09-2023

# रहस्यमय हालात में विवाहिता की मौत

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गगहा थाना क्षेत्र के पाजूपार गांव में रहस्यमय हालात में एक विवाहिता की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस गांव के बाहर से विवाहिता का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने विवाहिता के भाई की तहरीर पर ससुर, सास और देवर के विरूद्ध केस दर्ज कर सास व देवर को गिरफ्तार कर लिया।

हमारे **रुकहट एवं हाटा बाजार प्रतिनिधियों** के मुताबिक पाजूपार गांव निवासी आशुतोष पाण्डेय पुत्र सन्त पाण्डेय की शादी बड़हलगंज थाना क्षेत्र के पटनाघाट निवासी रीमा पाण्डेय के साथ चार वर्ष पूर्व हुई थी। गुरूवार की दोपहर दो बजे रहस्यमय हालात में घर के अंदर फंदे से लटकने से विवाहिता की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद चल रहा था। परिवार के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी बल्कि शव को फंदे से उतारकर उसका दाहसंस्कार करने के लिए ले जा रहे थे। इस बीच विवाहिता के भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए गगहा पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गांव के बाहर से विवाहिता के शव को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृत महिला के एक तीन साल की बेटी है। उसका पति ट्रक चालक है वह घर नही था। घर पर देवर व सास ही रहती थीं। मृतका के भाई गणेश तिवारी की तहरीर पर सास, ससुर व देवर के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सास व देवर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया।

**सास व देवर को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

# बड़हलगंज कोतवाली का घेराव किया

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** बाल विकास पुष्टाहार विभाग में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों ने शुक्रवार दोपहर एक बजे बड़हलगंज थाने का घेराव किया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री एवं सहायिका एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की महिला सदस्यों की भारी भीड़ ने कोतवाली में जाकर अपना ज्ञापन प्रशासन को सौंपा

**आंगनबाड़ी**



बता दें कि कुछ दिनों से एक अज्ञात नंबर 7525904869 द्वारा महिला कार्यकत्रियों पर फोन कल कर के अभद्र भाषा का प्रयोग एक युवक कर रहा है और भद्दी भाषा व अश्लील बातें की जा रही है इसके विरोध में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री संघ की ब्लाक अध्यक्ष बड़हलगंज चिंता देवी ने एक लिखित सूचना थाने पर उपलब्ध कराई थी लेकिन किसी तरह का कोई संतोषजनक कार्यवाही न होने की दशा में शुक्रवार को ब्लाक की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं सहायिका मिलकर ब्लाक अध्यक्ष चिंता देवी के नेतृत्व में थाने का घेराव किया इसके बाद उन्होंने कस्बा इंचार्ज को अपना मांगपत्र दिया जिसके उपरांत तत्काल प्रभाव से एफआईआर दर्ज किया गया। अज्ञात युवक के नंबर को सर्विलांस के द्वारा ट्रैक करने का कार्य शुरु हुआ। शासन द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक अज्ञात युवक जिसके द्वारा महिलाओं को अभद्र शब्दो का प्रयोग किया जा रहा था उसका लोकेशन जौनपुर के आसपास ट्रैक किया गया है। एसएसआई संतोष कुमार सिंह ने बताया की कार्यवाही की जा रही है जल्द ही अभियुक्त गिरफ्तार होगा। इस दौरान जिला संयोजक कप्तान सिंह ने कार्यकर्त्रियों को समझाते हुए कार्यालय पर वापस भेजा।

# रंजीत हत्याकांड के खुलासे के लिए वादी से एसपी क्राइम ने की पूछताछ

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कैंट थाना के इंजीनियरिंग कालेज चौकी क्षेत्र के भैरोपुर में 22 अगस्त 2019 की रात हुई दवा विक्रेता रंजीत पासवान हत्याकांड में शुक्रवार को एसपी क्राइम, क्राइम ब्रांच व एम्स थाना पुलिस शाम 5 बजे वादी संजीव कुमार के घर पहुँची और दो घण्टे तक उससे, पत्नी व पड़ोसियों से पूछताछ की। इस दौरान वादी संजीव हाथ व पैरों की माफ भी ली गई।

**शूटर से लेकर वादी के पैरों की नाप तक क्राइम ब्रांच ने की जांच**

जानकारी के अनुसार 22 अगस्त 2019 की रात बारिश हो रही थी। घर के अंदर सो रहें रंजीत के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उस समय उस घर मे बगल के कमरे में वादी संजीव सो रहें थे। गोली चलने के आवाज पर उठें घायल भाई को लेकर पीजीआई लखनऊगए। जहां उसके अगले दिन रंजीत की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गोली लगने से मौत की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद उसके भाई संजीव ने शक के आधार पर अपने पिता राधेश्याम, चाचा रम्भू व मौसेरे भाई के खिलाफ जमीन विवाद में हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया था। एक वर्ष बाद कैंट पुलिस ने सबूत न मिलने के आधार पर मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दिया था। जिसे खुद संजीव ने एडीजी से मिलकर पुनः विवेचना का आदेश करा लिया तब से यह मामला क्राइम ब्रांच में चल रहा है। उधर संजीव ने भाई के नाम पर चल रहा एलआईसी फर्जी मोहर व हस्ताक्षर लगाकर 30 लाख रुपये से अधिक का क्लेम ले लिया। इधर क्राइम ब्रांच लगातार जांच में जुटी थी। पुलिस टीम को एक शूटर के घटना



एम्स थाना क्षेत्र मे रंजीत हत्याकांड की जाच करती पुलिस।

में शामिल होने व संजीव द्वारा भाई को इंजेक्शन लगाने की बात सामने आई। जिसके बाद अंदर अंदर क्राइम ब्रांच ने जांच शुरु कर दी। शूटर पहले संजीव के पास आता था हत्या के बाद उसने मिलना बंद कर दिया। आज एसपी क्राइम संजीव व उसकी पत्नी से मकान पर फर्जी लोन, रिशेतेदारी की बहन से सम्बन्ध, ये का स्रोत, मकान कहा से बना, हत्या के बाद कि परिस्थिति व अब आलीशान मकान बनने की कहानी के बारे में जानकारी जुटाई और हर बारीक बिंदु पर पूछताछ की। यह भी पूछा कि जब कोर्ट ने नार्को टेस्ट की अनुमति दी थी तो क्यो जांच से इनकार किया। उसकी पत्नी ने कहा कि तबियत खराब हो जाती। उसके पहले संजीव कहता था कि वह हर जांच को तैयार है। अब जांच कराने से मना कर रहा है। इस पर भी उससे सवाल पूछे गए। करीब 10 पड़ोसियों से भी घटना के समय व उसके बाद कि स्थिति की भी पूछताछ हुई। सबसे अलग अलग पूछताछ हुई। वीडियो भी क्राइम ब्रांच ने बनाया। आज की यह कार्यवाही देख लोग कह रहे है कि जब हत्या हुई थी तब इतनी पूछताछ नही हुई थी। वही पुलिस का कहना है कि संजीव पर सबसे ज्यादा शक है। उनका जेल जाना तय माना जा रहा है।इस सम्बंध में एसपी क्राइम इंदु प्रभा ने कहा कि जांच की जा रही है। हर बिंदु पर बारीकी से पूछताछ हुई है।

# पिलर का सरिया काट रहे चोर बाइक छोड़कर भागे

**जैतपुर (एसएनबी)।** पिपरौली ब्लाक के छपिया ग्राम सभा में जनता पशु बाजार फोरलेन के बगल में निर्माण कार्य किया गया था। जिसमें पिलर के ऊपर बारह फीट का सरिया निकला है। बीती रात चोर पिलर में लगे सरिया को काट रहे थे। आहट होने पर मकान मालिक उधर गए तो चोर अपनी बाइक मौके पर छोड़कर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से पांच कटा सरिया, आरी और बाइक बरामद किया। पुलिस बाइक के आधार पर चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस को यह भी शक है कि बाइक कहीं चोरी की न हो।

# छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा

**पिपराइच (एसएनबी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला ने तीन नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ छेड़खानी और मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार महिला ने पुलिस को दिये तहरीर में बताया कि बीते गुरुवार की दोपहर में खोराबार थाना क्षेत्र के डागींपार निवासी भांजा आकाश मेरे घर आकर छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर फोन कर भाई गौतम तथा मां भगवन्ता देवी और दो अज्ञात लोगों को बुला लिया। उक्त लोगों ने लाठी डंडे से मारकर मुझे घायल कर दिया इस बीच मेरे पति भीम बचाने आये तो उन्हें भी मारा पीटा गया। पुलिस ने तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ छेडख़ानी और मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा

**पिपराइच (एसएनबी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला ने तीन नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ छेड़खानी और मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार महिला ने पुलिस को दिये तहरीर में बताया कि बीते गुरुवार की दोपहर में खोराबार थाना क्षेत्र के डागींपार निवासी भांजा आकाश मेरे घर आकर छेड़ख़ानी करने लगा। शोर मचाने पर फोन कर भाई गौतम तथा मां भगवन्ता देवी और दो अज्ञात लोगों को बुला लिया। उक्त लोगों ने लाठी डंडे से मारकर मुझे घायल कर दिया इस बीच मेरे पति भीम बचाने आये तो उन्हें भी मारा पीटा गया। पुलिस ने तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ छेडख़ानी और मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# दहेज हत्या का आरोपित पति गिरफ्तार

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के रेवड़ा गांव में गुरूवार को हुई विवाहिता संध्या देवी की दहेज हत्या के मामले में आरोपित पति अंगद यादव पुत्र विनोद को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष महेंद्र नाथ मिश्रा, उपनिरीक्षक रामबहादुर यादव मय फोर्स मुखबिर की सूचना पर आरोपित को रेंवड़ा काली माता मंदिर के पास से सुबह पकड़ा। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं धारा 498 ए, 304 बी व 3/4 डी पी एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया।

# धोखाधड़ी का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)**। कूटरचना द्वारा धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपित एक अभियुक्त को पिपराइच पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम महेन्द्र निषाद पुत्र बाबूलाल निवासी हैदरगंज थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 147, 504, 506, 406 ,120 बी भादवि के तहत कोर्ट में पेश की।

# गैंगस्टर एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)**। गगहा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम महेन्द्र पासवान पुत्र मेवा पासवान निवासी ग्राम पांडेयपार थाना गगहा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को धारा 3 (1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)**। पीपीगंज पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किये जाने का दावा किया है। पूछताछ में उसने अपना नाम अजय साहनी पुत्र हीरालाल साहनी निवासी गोबरहिया टोला खड़खड़िया थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 379 व 411 के तहत कोर्ट में पेश किया। गुडवर्क टीम में एसआई राम अवध प्रसाद एवं आरक्षी निलेश कुमार थाना पीपीगंज शामिल रहे।

# आधा दर्जन गोवंशियों के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**गोला (एसएनबी)**। गोला पुलिस ने शुक्रवार की भोर में लमतिया नहर पुलिया के पास से एक पिकअप को पकड़ा। पिकअप से पुलिस ने पांच तस्करों को गिरफ्तार कर उस पर लदे छह गोवंशीय पशुओं को बरामद किया। पुलिस आरोपितों के विरुद्ध आइपीसी की धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर उन्हें रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया।

थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार राय ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर लमतिया नहर पुलिया के पास पुलिस टीम द्वारा इंतजार किया जा रहा था। इस दौरान संदिग्ध पिकअप को आता देख रोका गया। पिकअप पर छह गोवंश को बेरहमी के साथ बांधकर लादा गया था। पिकअप पर सवार पांच तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान उरूवा थाना क्षेत्र के भरथरी निवासी मनोज यादव पुत्र रणजीत व इसी गांव के गुड्डू अली पुत्र शामअली, संतकबीरनगर के घनघटा थाना निवासी सत्यराम यादव उर्फ सतिराम यादव उर्फ पहुना पुत्र रामदुलारे, गोला थाना क्षेत्र के बरईपार रामरूप निवासी सोनू दूबे उर्फ संदीप दूबे पुत्र मारकंडे, बिहार प्रांत के समस्तीपुर जिले के रोसरा थाना के मोतीपुर निवासी यासिन खान उर्फ सिलेबी खान पुत्र रहमू के रूप में हुई। पशुओं को निराश्रित पशु केंद्र गाजेगढ़हा भेज दिया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे लोग दिन में गांव व कस्बों का भ्रमण करके इस बात की रेकी करते हैं। उन्हें हांककर सुनसान स्थान पर से जाते हैं। जहां उन्हें आसानी से गाड़ी में लादा जा सकता है। रात में पशुओं को पिकअप में लादकर बिहार राज्य के सिवान जिले में कर्बला नामक स्थान पर इनकी बिक्री की जाती है। उनके द्वारा यह कार्य बहुत पहले से किया जाता रहा है। आजमगढ़, मऊ व गोरखपुर के बड़हलगंज, उरुवा, गोला व अन्य स्थानों से गोवंशीय पशुओं की रेकी कर उनकी तस्करी किया जाता है। गिरफ्तार सभी आरोपितों का लंबा आपराधिक इतिहास है। वे काफी दिनों से इस अवैध धंधे में लिप्त हैं। उन पर इस जिले को छोड़ अन्य जिलों में भी मुकदमा पंजीकृत है।

**चोरी कर गोवंशियों को ले जा रहे थे वध के लिए**

**बिहार के सिवान जिले के कर्बला में ले जाकर बेचते हैं गोवंशियों को**

# 14 उप निरीक्षक इधर से उधर

गोरखपुर (एसएनबी)। कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने देर रात 14 उप निरीक्षकों का तबादला कर दिया।

उप निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा को इंजीनियरिंग कॉलेज से चौकी प्रभारी रेलवे, उप निरीक्षक शेष कुमार शर्मा को एसएसआई गुलहरिया से चौकी प्रभारी इंजीनियरिंग कॉलेज, राम सिंह को हरनही से झरनाटोला, उप निरीक्षक सुधांशु सिंह को चौकी प्रभारी मोहद्दीपुर से नौसड़, उप निरीक्षक कमलेन्द्र सिंह को बोहाबार से चौकी प्रभारी हड़हवा फाटक, शुभम श्रीवास्तव को नई बाजार से चौकी प्रभारी मोहद्दीपुर, महेश चौबे को हड़हवा फाटक से नई बाजार, राजेश यादव को उनवल से मोतीराम अड्डा, रमेश चौधरी को मोतीराम अड्डा से बोहाबार, उप निरीक्षक विकास नाथ को थाना बेलघाट से चौकी प्रभारी हरनही, अरुण सिंह को गोला थान से चौकी प्रभारी उनवल, शैलेन्द्र प्रताप सिंह को शाहपुर थाने से चौकी प्रभारी महुआ डाबर, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को महुआ डाबर  से थाना बेलघाट तथा उप निरीक्षक रविन्द्र सिंह तोमर को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी भरसार तबादला किया गया है। इन्हें तत्काल प्रभाव से रवानगी सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है।

**कमलेन्द्र सिंह हड़हवा फाटक के बने चौकी प्रभारी**

# कुदाल के बेट से मारकर की हत्या, दोनों आरोपी गिरफ्तार

## सहजनवा पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा

**गोरखपुर(एसएनबी)।** बीते बुधवार को सहजनवा क्षेत्र में रात में पैसे की लेन देने को लेकर ठेकेदार और दुकानदार के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया की दुकानदार और उसके साथी ने कुदाल के बेट से ठेकेदार और उसके बेटे पर हमला कर दिया। सर पर चोट लगने से ठेकेदार वहीं गिर गए जहां एसओ सहजनवा इतयानंद पांडेय ने घायल को स्थानीय पीएचसी पर भेजा वहां पर हालत गंभीर देख तत्काल जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। शुक्रवार को पुलिस ने हत्या आरोपी थाना सहजनवां ग्राम शहबाजगंज के विधु महेश तिवारी पुत्र देवेन्द्रनाथ तिवारी और कर्मचारी जनपद महराजगंज के थाना पुरैना ग्राम नसी रजवल बाजार के सुरज पुत्र लक्ष्मन हाल मुकाम ग्राम शहबाजगंज थाना सहजनवां को गिरफ्तार को कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों के पास से लूटी गयी एक रेडमी मोबाइल और घटना में प्रयुक्त कुदाल का बेंट बरामद किया है।



सहजनवां हत्याकांड का खुलासा करते एसपी उत्तरी मनोज कुमार।

**दोनों में थी जिगरी दोस्ती, पैसे की लेन देने में कर्मचारी के साथ किया हमला**

**घायल बेटे का अस्पताल में चल रहा है इलाज**

शुक्रवार को एसपी नर्थ मनोज कुमार अवस्थी ने प्रेसवार्ता कर बताया की सहबाजगंज के रहने वाले योगेन्द्र कुमार त्रिपाठी उर्फ मुनीजी गीडा में कंस्ट्रक्शन का काम करते थे। बगल में स्थित एक हार्डवेयर की दुकान से सामान लेते थे। बुधवार की रात नौ बजे वह दुकान पर पैसे का हिसाब करने पहुंचे। इस पर दुकानदार और योगेन्द्र के बीच विवाद शुरू हो गया। सूचना मिलने पर बेटा अभिषेक त्रिपाठी भी दुकान पर पहुंचा। इसी बीच दुकानदार ने कुदाल के बेंट से योगेन्द्र के सिर पर हमला कर दिया। इससे वह घायल होकर नीचे गिर गए, अभिषेक को भी गंभीर चोटे आई। स्वजन दोनों को सीएचसी सहजनवां लेकर पहुंचे जहां से डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में ही योगेन्द्र की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल अभिषेक का उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। एसपी उत्तरी ने बताया कि टीम बनाकर आरोपित की तलाश की जा रही थी जिन्हे शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि मृतक और हत्यारोपित दोनों पहले जिगरी दोस्त थे। दोनों के बीच पैसे का लेन देने होता था। करीब दो लाख रुपये का बकाया रकम की बात को लेकर विवाद हुआ था।

# माफिया राकेश यादव समेत पांच पर लगा गैंगस्टर

**गोरखपुर (एसएनबी)।** प्रदेश के 61 नंबर और जिले के टॉप टेन माफियाओं में शामिल राकेश यादव और उसके गैंग के चार सदस्यों के खिलाफ गुलरिहा पुलिस ने शुक्रवार को गैंगस्टर की कार्यवाही की है। वर्तमान में माफिया राकेश यादव और उसके तीन साथी जेल में बंद है जबकि एक साथी दिनेश यादव जेल से बाहर है।

**राकेश समेत चार अभियुक्त हैं जेल में**

हमारे **चरगांवा प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश के लगभग कई थानों क्षेत्रों में आर्थिक, भौतिक व बुनियादी लाभ प्राप्त करने के लिए एक संगठित गिरोह बनाकर हत्या, लूट, अपहरण जैसे जघन्य अपराध करने वाले प्रदेश के 61 व जिले का टॉप टेन माफिया राकेश यादव पर गुलरिया, आजमगढ़, बांसगांव, खजनी, कोठीभार, महुली, कोतवाली, शाहपुर ,पिपराइच,झंगहा, पीपीगंज एवं चिलुआताल थानों में गुंडा एक्ट,अपहरण, हत्या, हत्या का प्रयास, आपराधिक षड्यंत्र ,बलवा एवं रंगदारी जैसे कई गंभीर धाराओं में अब तक कुल 56 मुकदमे दर्ज हैं। माफिया के चार साथियों दिनेश यादव निवासी जंगल छात्रधारी टोला शाहगंज थाना पिपराइच के खिलाफ बलवा, रंगदारी ,हत्या का प्रयास और कई धाराओं में गुलरिहा थाने में कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। आकाश उर्फ मंटू कनौजिया निवासी जंगल छात्रधारी टोला लालगंज के खिलाफ गुलरिहा एवं पिपराइच में कुल नौ मुकदमे दर्ज है। बेचू यादव निवासी जंगल छात्रधारी टोला शाहगंज के खिलाफ गुलरिहा में पांच मुकदमे तथा धनेश यादव निवासी जंगल छात्रधारी टोला शाहगंज के खिलाफ गुलरिहा, आजमगढ़ एवं पिपराइच थाने में कई गंभीर धाराओं में सात मुकदमे दर्ज हैं। पांचों अपराधियों के अपराधिक इतिहास को देखते हुए गुलरिहा पुलिस ने इनके खिलाफ यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। माफिया राकेश यादव और उसके तीन साथी धनेश यादव,आकाश कन्नौजिया,बेचू यादव जेल में हैं जबकि एक साथी दिनेश यादव कुछ दिन पहले जेल से छूट कर बाहर आया है। माफियाओं द्वारा किए जा रहे अपराध पर नियंत्रण रखने के लिए गुलरिहा पुलिस ने 20 जून को माफिया राकेश यादव के घर पर बुलडोजर चलाया था।

# इंटरसेप्टर वाहन ओवर स्पीड पर रखेंगे निगाह, एक्सीडेंट्स पर लगेगा अंकुश

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (15 Sept):** ओवर स्पीड वाहन चलाने और इससे होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आरटीओ ने कमर कस ली है. शासन की तरफ से गोरखपुर व कुशीनगर को एक-एक इंटरसेप्टर वाहन मिलने जा रहा है, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे. इस हाईटेक वाहन की रडार में आने वाले तेज रफ्तार गाड़ियों की तस्वीर क्लिक हो जाएगी. साथ ही उसकी स्पीड का भी पता चल जाएगा. इतना ही नहीं इंटरसेप्टर वाहन में कलर प्रिंटर भी लगा रहेगा, जिससे रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ उसकी लोकेशन भी आसानी से पता चल सकेगी.

## खूब हुए हादसे

गौरतलब है, गोरखपुर जिले में ओवर स्पीड और ओवरलोडिंग जिंदगी पर भारी पड़ने लगी है. गोरखपुर की सड़कों पर 2022 में 1227 हादसे हुए. इनमें सबसे अधिक हादसे भोर में 3 से 4 बजे के बीच हुए थे. वहीं, वर्ष 2023 में 30 मई तक 609 हादसे हो चुके हैं. इसीलिए शासन ने ओवर स्पीड वाहन चलाने और हादसे में हो रही घटनाओं को रोकने आरटीओ को इंटरसेप्टर वाहन मुहैया कराने का निर्णय लिया है. इसके लिए आरटीओ प्रवर्तन दल की टीम को ट्रेनिंग भी दी जा रही है.

## ओवर स्पीड में हुए चालान

| माह | चालान |
|---|---|
| जनवरी | 815 |
| फरवरी | 828 |
| मार्च | 879 |
| अप्रैल | 1074 |
| मई | 202 |
| जून | 192 |
| जुलाई | 228 |
| अगस्त | 167 |

(नोट: आंकड़े ट्रैफिक पुलिस के अनुसार हैं.)

iUPDATE

CONCEPT PIC




## 2023 में 30 मई तक हुए हादसे

| एक्सीडेंट का कारण | एक्सीडेंट |
|---|---|
| ट्रैफिक रूल तोड़ने की वजह से | 217 |
| ड्राइवर की लापरवाही से | 110 |
| भारी ट्रैफिक की वजह से | 86 |
| सड़क खराब होने के कारण | 79 |
| असावधान मोड़ की वजह से | 34 |
| जांच निरीक्षण के तहत हादसे | 26 |
| वाहन की खराबी से | 21 |
| इन हादसों का नहीं है डाटा | 14 |
| ब्लाइंड मोड़ की वजह से | 08 |
| मौसम के कारण | 05 |
| लंबी दूरी व चालक की बेचैनी से | 03 |
| वाहन से नीचे गिर कर | 02 |
| पशु की वजह से | 01 |
| खुले मेनहोल की वजह से | 01 |
| टक्कर के बाद वाहन जलने से | 01 |
| अन्य | 01 |



**2022** में 1227 हादसे हुए. इनमें सबसे अधिक हादसे भोर में 3 से 4 बजे के बीच हुए थे.



**2023** में 30 मई तक 609 हादसे हो चुके हैं.





"ओवर स्पीड वाहन और दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए गोरखपुर मंडल को दो इंटरसेप्टर वाहन मिलने वाले हैं. इसके लिए मुख्यालय में अफसरों को ट्रेनिंग दी जा रही है. यह वाहन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है.

**संजय कुमार झा,**
आरटीओ प्रवर्तन गोरखपुर

# मादक पदार्थों के तीन तस्कर गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध

गोरखपुर (एसएनबी)। गैंग बनाकर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन बदमाशों को गीडा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत निरूद्ध किया है।

गीडा थानाध्यक्ष रतन कुमार पाण्डेय ने बताया कि गैंग लीडर विक्रमजीत सिंह पुत्र गुरुदयालपुर ग्राम गढ़ी मानसवाल थाना ग्रहशंकर जनपद होसियारपुर पंजाब व गैंग के दो अन्य सदस्य अमरिक पुत्र गुरुदयाल ग्राम गढ़ी मानसवाल थाना ग्रहशंकर जनपद होशियारपुर पंजाब एवं बान सिह पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी कमलापुर थाना बेवर जनपद मैनपुरी के विरूद्ध धारा 3 (1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 पंजीकृत किया है। अभियुक्तगण के विरूद्ध 14(1) गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही हेतु उनके द्वारा अपराध से अर्जित सम्पत्ति की जानकारी की जा रही है। जिससे अभियुक्तगण की सम्पत्ति जब्त कर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# माफिया राकेश समेत पांच पर गैंगेस्टर एक्ट



GORAKHPUR (15 Sept): जेल में निरुद्ध माफिया राकेश यादव व साथियों पर पुलिस ने शिकंजा कसा है. जिलाधिकारी से अनुमोदन मिलने पर गुलरिहा थाना प्रभारी ने शुक्रवार को माफिया समेत पांच के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया. सख्ती के बाद भी यह लोग प्रापर्टी डीलर व स्थानीय लोगों को डरा धमकाकर रंगदारी मांग रहे थे. झुंगिया गांव का रहने वाला राकेश यादव जिले के टाप 10 व प्रदेश के 61 माफिया की सूची में शामिल है. उसके विरुद्ध गोरखपुर के अलावा संत कबीर नगर जिले के अलग-अलग थानों में हत्या, लूट, अपहरण, रंगदारी मांगने व जालसाजी करने के 56 मुकदमे दर्ज हैं. इस समय राकेश यादव व उसके साथी जेल में निरुद्ध हैं, लेकिन आर्थिक लाभ के लिए अपराध कर रहे हैं. गुलरिहा थाना प्रभारी जेएन शुक्ल ने तहरीर में लिखा है कि माफिया राकेश यादव, उसके साथी पिपराइच के शाहगंज, जंगल छत्रधारी के दिनेश यादव, आकाश उर्फ मंटू कन्नौजिया, बेचू यादव व धनेश यादव गिरोह बनाकर अपराध कर रहे हैं. इस गैंग का आम जनमानस में भय व आतंक व्याप्त है.

# न बैंड बजा न शहनाई, शादी के चक्कर में चली गई गाढ़ी कमाई

शादी का विज्ञापन, प्रचार देखकर ना करें विश्वास

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (15 Sept):** ऑनलाइन प्लेटफार्म पर अगर आप दूल्हा या दुल्हन खोज रहे हैं तो सतर्कता जरूर बरतें. ऑनलाइन प्लेटफार्म पर शादी कराने वाली कई फेक साइटें भी चल रही हैं, जिसके जाल में फंसकर लोगों की गाढ़ी कमाई डूब जा रही है. आए दिन शादी के नाम पर ठगी के शिकार लोग साइबर अपराध थाना, साइबर सेल और पुलिस ऑफिस में आकर न्याय की गुहार लगा रहे हैं. वहीं, ऐसे मामलों का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस को भी मशक्कत करनी पड़ रही है.

## दो बच्चों के पिता के साथ ठगी

गुरुवार को पुलिस ऑफिस पहुंचे रामनगर करजहां खोराबार के सुरेश ने बताया कि उनकी पत्नी सुनीता की दो साल पहले मौत हो गई थी. उनके दो छोटे बच्चे हैं. दोनों बच्चों की देखभाल के लिए सुरेश ने शादी करने को सोचा. उसने एक अखबार में द परफेक्ट ड्रिम पार्टनर नाम से शादी कराने वाला विज्ञापन देखा. उससे नंबर निकाल कर सुरेश ने कॉल किया. उधर से एक लड़की ने कॉल उठाया और शादी कराने के लिए सुरेश की निधि मिश्रा नाम की एक युवती से बात भी कराई. निधि ने बताया कि वह आजमगढ़ के एक डिग्री कॉलेज में प्रिंसिपल है.

**SHOCKING**



पीड़ित सुरेश.




## पहले भी आ चुके हैं ऐसे मामले

### विजय माल्या के लड़के का दोस्त बनकर ठगी

**CASE 01**

साल 2022 में गुलरिहा एरिया की एक लड़की के साथ 2 लाख रुपए की ठगी हुई थी. लड़की ने बताया कि मैट्रीमोनियल साइट से उसकी एक लड़के से बात शुरू हुई. लखनऊ निवासी बताने वाले उस लड़के ने बताया कि वह विजय माल्या के लड़के सिद्धार्थ माल्या का दोस्त है. उसने सिद्धार्थ माल्या के साथ की फोटो भी दिखाई. बातचीत आगे बढ़ी और दोनों की शादी तय हो गई. इसी बीच युवक ने एक दिन ऑनालाइन कॉल कर बताया कि वह उसके नाम से एक कार खरीद रहा है. फिर दोस्तों को पार्टी देने के नाम पर लड़की से पैसे मांगे. लड़की को भी विश्वास था, जब-जब युवक ने पैसे मांगे वह देती गई. इस तरह वह दो लाख रुपए लेकर चंपत हो गया.

### लड़के ने मुलाकात कर की ठगी

**CASE 02**

कूड़ाघाट एरिया की एक लड़की की मैट्रीमोनियल साइट के जरिए लखनऊ के एक युवक से शादी तय हो गई. दोनों ने बातचीत कर लखनऊ के रेस्टोरेंट में मुलाकात भी की. इस दौरान शादी में 6 लाख रुपए दहेज भी तय हो गया. एक दिन युवक ने कॉल किया कि उसकी मां सीढ़ी से नीचे गिर गई है. उसके इलाज के लिए दो लाख रुपए लड़की से मांगे. साथ ही यह भी कहा कि दहेज के पैसे में से यह रकम काट लेना. लड़की ने दो लाख रुपए भेज दिए. इसके बाद से ही कभी लड़के से फिर बात नहीं हुई. वह फरार हो गया.

## ध्यान देने वाली बात

- गूगल पर कोई भी वेबसाइट सर्च करते समय यह जरूर ध्यान दें कि ऊपर लॉक लगा है या नहीं
- अगर वेबसाइट का लॉक खुला है तो उसपर कतई ना टच करें ना ही बातें करें
- किसी भी वेबसाइट के यूआरएल को चेक करें कि वो **https** से शुरू हो रहा या नहीं, जिसमे s यह दर्शाता है कि वेबसाइट सिक्योर है.

## बात करते ही सुरेश को हो गया विश्वास

द परफेक्ट ड्रिम कंपनी से बोलने वाली लड़की ने जब सुरेश की निधि से बात कराई तो उन्हें विश्वास हो गया. इसके बाद उन्होंने कंपनी के खाते में थोड़ा करके कुल 90 हजार रुपए भेज दिया, लेकिन उनकी शादी नहीं हुई. अब सुरेश अपने गवां चुके पैसों को पाने के लिए अधिकारियों के दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं.



**मैट्रिमोनियल साइट या फिर कई और वेबसाइट हैं, जिससे शादी के नाम पर ठगी हो रही है. ऐसे मामलों में पब्लिक को खुद अवेयर होना होगा. अंजान रिश्तों पर इतना भी विश्वास करके पैसे भेजने की जरूरत नहीं है.**

उपेन्द्र कुमार सिंह,
सब इंस्पेक्टर, साइबर अपराध थाना

**चोरी** गगहा के गेरुआखोर में हुई घटना

# कच्छा बनियान गिरोह ने दंपति को कमरे में बंदकर पार किया सामान

**पांच कमरों व आलमारी का ताला तोड़ उठा ले गए जेवर व 70 हजार नकद**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (15 Sept):** गगहा क्षेत्र के गेरुआखोर गांव में कच्छा बनियान गिरोह ने दंपती को कमरे में बंदकर कीमती सामान पार कर दिया. पांच कमरों और उसमें रखी आलमारी का ताला तोड़ सामान उठा ले गए. रात दो बजे के करीब दंपती किसी तरह से कमरे से बाहर निकले. रात में ही फोन पर ग्राम प्रधान को सूचना दी गई. पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल की है. गेरुआखोर के कुलदीप गिरि गांव के बाहर पश्चिम की तरफ दो मंजिला मकान बनवाकर माता-पिता और पत्नी व बच्चों के साथ रहते हैं. मकान के चारों तरफ बाउंड्री व कंटीले तार भी लगे हैं. गुरुवार की रात भोजन करने के बाद कुलदीप के माता-पिता बरामदे में और वह परिवार के साथ कमरे में सोने चले गए. कुलदीप ने बताया कि रात दो बजे उनकी नींद खुली और बाहर निकलने के लिए उन्होंने दरवाजा खोलना चाहा तो वह बाहर से बंद मिला. पिता को आवाज लगाई तो वह भी बाहर बंद थे.

## प्रधान को किया फोन

इसके बाद उन्होंने ग्राम प्रधान अनिल शाही को फोन किया. ग्राम प्रधान बड़े भाई के साथ उनके घर पहुंचे. इसी बीच उन्होंने दरवाजा दो-चार बार आगे-पीछे किया तो कुंडी टेढ़ी होकर खुल गई. कुलदीप ने बताया, जब वह बाहर निकले तो सभी कमरों के ताले टूटे थे. अंदर रखी आलमारी व उसके लाकर खुले थे और उसमें रखा सामान गायब था. कपड़े बिखरे पड़े थे. लाकर व संदूक में रखी 70 हजार नकदी समेत पांच लाख के जेवर व अन्य सामान गायब मिले. ग्राम प्रधान के आने पर कुछ ग्रामीण भी पहुंचे. ग्रामीणों ने बताया कि रात 11 से 12 के बीच में कच्छा व बनियान पहने युवक गांव के पूरब स्थित मंदिर के पास दिखे थे. वह शौचालय की छत पर चढ़ रहे थे. एक व्यक्ति की नजर पड़ने पर उसने चिल्लाया लेकिन जब तक ग्रामीण इकट्ठा हुए, वह फरार हो गए. इसके बाद उन युवकों ने पश्चिम की तरफ आकर घटना को अंजाम दिया. थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है. मामले की जांच की जा रही है.

# बकाया नहीं दिया तो दुकानदार ने किया ठेकेदार का मर्डर

**सहजनवां में 13 सितंबर की रात हुई थी घटना, आरोपित गिरफ्तार**

**फैक्ट्री से भुगतान होने पर योगेन्द्र रुपये देने की कर रहे थे बात**



खुलासा करते एसपी नार्थ

**GORAKHPUR (15 Sept):** सहजनवां के सहबाजगंज में 13 सितंबर की रात बकाया रुपये नहीं देने पर दुकानदार ने कर्मचारी के साथ मिलकर ठेकेदार योगेन्द्र की हत्या कर दी थी. वहीं इनके बेटे अभिषेक त्रिपाठी को पीटकर घायल कर दिया था. सहजनवां पुलिस ने शुक्रवार को सहबाजगंज के विभु महेश तिवारी और कर्मचारी महराजगंज के पुरैना रजवल बाजार के सूरज को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने हत्या में प्रयोग किये गये कुदाल की बेंट और ठेकेदार से लूटी गई मोबाइल भी बरामद कर लिया है.

## दो लाख था बकाया

पुलिस लाइन में घटना का पर्दाफाश करते हुए एसपी उत्तरी ने बताया कि सहजनवां नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच सहबाजगंज के रहने वाले योगेन्द्र त्रिपाठी गीडा क्षेत्र में कन्स्ट्रक्शन का काम करते थे. महेश के हार्डवेयर की दुकान से वह सामान की खरीददारी करते थे. करीब दो लाख रुपये सामान का बकाया हो गया था. 13 सितंबर की शाम को दुकानदार ने कर्मचारी सूरज को योगेंद्र के घर रुपये मांगने के लिए भेजा. योगेन्द्र ने कुछ दिनों में किये गये काम का भुगतान होने पर बकाया देने की बात कही. बावजूद कर्मचारी नहीं माना. इसके बाद योगेन्द्र अपने बेटे के साथ दुकान पर पहुंचे और बात दोहराई.



**13** सितंबर की रात बकाया रुपये नहीं देने पर दुकानदार ने कर्मचारी के साथ मिलकर ठेकेदार योगेन्द्र की हत्या कर दी थी. वहीं इनके बेटे अभिषेक त्रिपाठी को पीटकर घायल कर दिया था.

## कुदाल के बेंट से किया हमला

इस पर दुकानदार विवाद करने लगा और उनके बेटे पर कुदाल के बेंट से हमला कर दिया. घायल होकर नीचे गिरने पर योगेन्द्र बेटे के बचाव में पहुंचे तो आरोपित ने उनके सिर पर हमला कर दिया. अस्पताल जाते समय योगेन्द्र की मृत्यु हो गई. सहजनवां थाना प्रभारी ज्ञानन्द पाण्डेय ने सीहापार ओवरब्रिज से आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया.

# रंजीत हत्याकांड में भाई ही आया शक के घेरे में

फॉलोअप

- अगस्त 2019 में घर के अंदर सोते समय गोली मार कर हुई थी हत्या
- कोई सबूत नहीं मिलने पर पुलिस ने 2020 में लगा दी थी एफआर



खोराबार, वरिष्ठ संवाददाता। इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी क्षेत्र के भैरोपुर में चार साल पहले हुई दवा विक्रेता रंजीत पासवान हत्याकांड में शुक्रवार को एसपी क्राइम दलबल के साथ शुक्रवार शाम 5 बजे वादी संजीव कुमार के घर पहुंचे और दो घण्टे तक उससे, पत्नी व पड़ोसियों से पूछताछ की। इस दौरान वादी के हाथ व पैरों की माप भी ली गई।

मालूम हो कि 22 अगस्त 2019 की रात घर के अंदर सो रहे रंजीत के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उस समय घर में बगल के कमरे में भाई संजीव सो रहा था। गोली चलने की आवाज पर वह उठा तो भाई को लहूलुहान देखा। वह भाई को लेकर पीजीआई लखनऊ गया, जहां अगले दिन रंजीत की मौत हो गई। इसके बाद संजीव ने शक के आधार पर अपने पिता राधेश्याम, चाचा रम्भू व मौसेरे भाई के खिलाफ जमीन विवाद में हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया था।

एक वर्ष बाद कैंट पुलिस ने सबूत न मिलने पर मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दिया था। इस पर संजीव ने एडीजी से मिलकर पुनः विवेचना का आदेश करा लिया तब से यह मामला क्राइम ब्रांच में चल रहा है। उधर संजीव ने भाई के नाम पर चल रही करीब 30 लाख की एलआईसी की रकम फर्जी मोहर व हस्ताक्षर लगाकर क्लेम कर ली। इधर क्राइम ब्रांच लगातार जांच में जुटी थी। तभी पुलिस को एक शूटर के घटना में शामिल होने व संजीव द्वारा भाई को इंजेक्शन लगाने की बात सामने आई। जिसके बाद अंदर अंदर क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी। शूटर पहले संजीव के पास आता था हत्या के बाद उसने मिलना बंद कर दिया। एसपी क्राइम ने संजीव व उसकी पत्नी से मकान पर फर्जी लोन, रिश्तेदार की बहन से सम्बन्ध, पैसे का स्रोत, मकान कहां से बना, हत्या के बाद कि परिस्थिति आदि जानकारी जुटाई और हर बिंदु पर पूछताछ की। यह भी पूछा कि जब कोर्ट ने नार्को टेस्ट की अनुमति दी थी तो क्यों जांच से इनकार किया। उसकी पत्नी ने कहा कि तबीयत खराब हो जाती। उसके पहले संजीव कहता था कि वह हर जांच को तैयार है। अब जांच कराने से मना कर रहा है। इस पर भी उससे सवाल पूछे गए। करीब 10 पड़ोसियों से भी घटना के समय व उसके बाद कि स्थिति की भी पूछताछ हुई। वीडियो भी क्राइम ब्रांच ने बनाया।

## कोर्ट के आदेश पर चार माह बाद मारपीट व लूट का मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा। क्षेत्र के अयोध्याचक गांव में 12 मई की रात ऑर्केस्ट्रा देखने के दौरान मारपीट के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस नेपांच नामजद और छह अज्ञात पर केस दर्ज किया है। केवालाचक निवासी धर्मेन्द्र यादव का पुत्र विशाल मित्र सन्नी यादव के साथ अयोध्याचक में आर्केस्टा देखने गया था। वहीं आर्केस्टा कलाकारों को पैसा देने को लेकर गांवके छेदी व उसके परिवार के कुछ लोगों ने विशाल व सनी को पीट दिया था।

# लेनदेन के विवाद में ठेकेदार की हुई थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

- सहजनवा थाना क्षेत्र के शहबाजगंज में बुधवार रात हुई थी घटना
- महराजगंज के पुरैना का रहने वाला है दुकानदार का कर्मचारी

सहजनवा, हिन्दुस्तान संवाद। सहजनवा थाना क्षेत्र के शहबाजगंज में ठेकेदार की हत्या के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने एक दुकानदार और उसके कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सामने आया कि पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद में दुकानदार और कर्मचारी ने पीटकर हत्या कर दी थी और मोबाइल भी लूट लिया था। सहजनवां के शहबाजगंज के विधु महेश तिवारी और उसके कर्मचारी महराजगंज के पुरैना रजवल बाजार के सुरज को गिरफ्तार कर पुलिस ने लूटा गया एक मोबाइल और घटना में इस्तेमाल कुदाल का बेंट बरामद किया है।

एसपी नॉर्थ मनोज कुमार अवस्थी ने शुक्रवार को बताया कि सहजनवा के शहबाजगंज के रहने वाले योगेन्द्र त्रिपाठी उर्फ मुनीजी गीडा में कंस्ट्रक्शन का काम कराते थे। बगल में स्थित विधु महेश तिवारी की हार्डवेयर की दुकान से वह सामान लेते थे। बुधवार की रात नौ बजे दुकान पर पैसे का हिसाब करने पहुंचे थे। इस दौरान दुकानदार और योगेन्द्र के बीच विवाद शुरू हो गया। सूचना पर उनका बेटा अभिषेक भी पहुंचा। दुकानदार ने कुदाल के बेंट से योगेन्द्र और अभिषेक पर हमला कर दिया। घायल योगेन्द्र की अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई थी जबकि गंभीर रूप से घायल अभिषेक का उपचार चल रहा है।

# माफियाओं का खौफ खत्म, पब्लिक करा रही है एफआईआर

■ विवेक पाण्डेय

गोरखपुर। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति से माफियाओं का खौफ धीरे-धीरे खत्म होने लगा है। पब्लिक अब बिना डरे उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा रही है। हाल के पांच महीने में सामने आई घटनाओं में पब्लिक ने पांच माफियाओं के खिलाफ केस दर्ज कराकर यह दिखा दिया है कि उन्हें अब माफियाओं से डर नहीं लगता है।



एक समय तब था जब माफिया विनोद उपाध्याय, राकेश यादव, अजीत शाही सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराने की कोई हिम्मत नहीं जुटा पाता था। फिल्मी स्टाइल में यह माफिया अपना राज चलाते थे। पुलिस भी मौन रहकर बैक डोर से उनकी मदद ही करती थी। अब पुलिस इन पर सख्ती दिखाकर पब्लिक में उनका डर खत्म करते हुए एफआईआर दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसका नतीजा है कि पांच महीने में माफिया विनोद पर पांच से ज्यादा केस दर्ज हुए तो वहीं अजीत शाही पर चार मुकदमे। राकेश यादव पर भी मुकदमे हुए। इनमें एक लाख के इनामी विनोद को छोड़कर अन्य जेल में हैं।

**पुलिस पर भरोसा बढ़ा तो ट्रेंड बदला :** पहले अपराधियों के जेल जाने के बाद उनके अन्य शिकार फरियादी सामने नहीं आते थे। डर रहता था कि वह छूटने पर उन्हें परेशान करेगा। अब पुलिस न सिर्फ अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है बल्कि लम्बे समय जेल में रहें इसके लिए गैंगस्टर सहित अन्य कार्रवाई कर कर रही है। यही नहीं उनके मुकदमों में सजा दिलाने के प्रयास में भी जुट गई है।

## अखबार में छपी फोटो देखकर दर्ज कराया केस

कैन्ट व एम्स इलाके में दो महिलाओं से ऑटो सवारी ने मंगलसूत्र छीना था। 4 सितंबर को करन सहित अन्य जेल गए। 5 दिन पहले डोमीपार की पूनम ने कैन्ट पहुंच बताया कि उनसे ऑटो सवार चार युवकों ने 2 सितंबर को लूट की थी। अखबार में छपी फोटो से एक आरोपी को पूनम ने पहचाना।

> “ माफियाओं के खिलाफ खुद पब्लिक सामने आकर केस दर्ज करा रही है। ऐसे लोगों जो किन्हीं कारणों से अभी भी डर रहे हैं उनसे अपील है कि निडर होकर सामने आएं। पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।
>
> – कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी

## भू माफिया कमलेश के खिलाफ एम्स थाने दर्ज हो चुके नौ केस

गोरखपुर। एम्स इलाके के कई लोगों से जमीन के नाम पर जालसाजी करने वाले भू माफिया कमलेश यादव के खिलाफ भी मुकदमे की लम्बी फेहरिस्त खड़ी हो रही है। एक के बाद एक कर अब तक नौ केस एम्स थाने में दर्ज हो चुका है। इसके पहले खोराबार व अन्य थाने में भी सात केस दर्ज है। केस दर्ज कराने के लिए आठ प्रार्थनापत्रों की जांच चल रही है। बहरामपुर निवासी कमलेश को एक जुलाई को एम्स पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजवाया उसके बाद ही केस दर्ज कराने वालों की लाइन लग गई है। पुलिस की भी कोशिश है कि उसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई कर उसकी अकूत सम्पत्ति को जब्त किया जाए। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि कमलेश यादव का पूरा काला-चिट्ठा तैयार किया जा रहा है। फरियादियों को बुलाकर उन्होंने किस तरह से कमलेश ने उनसे ठगी की है इसकी भी जांच शुरू कर दी है।

# सीएचसी पर आंख दिखाने गई किशोरी हुई लापता

सहजनवा। सहजनवा सीएचसी पर शुक्रवार को आंख दिखाने आयी 14 साल की किशोरी लापता हो गई। गायब होने के 3 घंटे बाद किशोरी ने परिजनों को 'प्लीज हेल्प' लिखकर मैसेज किया जिससे परेशान परिजनों ने पुलिस को सूचना दी है, पुलिस अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

ग्राम खरैला निवासिनी पूनम पत्नी विजय सिंह ने पुलिस को बताया उनकी भतीजी उत्सवी सिंह नवोदय विद्यालय की 9वी की छात्रा है। शुक्रवार को वह सीएचसी पर आंख दिखाने गई थी। दोपहर में मोबाइल पर बात हुई तो उसने चश्मा बनवाने की बात कही, फिर उसका नम्बर बन्द आने लगा। उसके बाद से कुछ पता नहीं। थाना प्रभारी इत्यानंद पांडे ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी हुई है। मोबाइल लोकेशन के आधार पर टीम को रवाना कर दिया गया है।

# घरवालों को कमरे में बंद कर चोरी

- छत के रास्ते घुसे चोर, पांच कमरों का ताला तोड़ा
- गगहा क्षेत्र के गेरुआखोर गांव में हुई घटना

गगहा, हिन्दुस्तान संवाद। गगहा थानाक्षेत्र के गेरुआखोर गांव के कुलदीप गिरी के दो मंजिला मकान में गुरुवार की रात घुसे चोरों ने परिजनों को एक कमरे में बंद कर दिया और चोरी कर फरार हो गए। परिजनों के मुताबिक साढ़े तीन लाख के गहने और 70 हजार रुपये नकद चोर उठा ले गए हैं।

गेरुआखोर निवासी कुलदीप गिरी गांव के पश्चिम में मकान बनवाकर मां-बाप और पत्नी के साथ रहते हैं। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से मकान के चारों तरफ बाउंड्री और कटीला तार लगवा दिया है। गुरुवार की रात पूरा परिवार सोया हुआ था। रात में किसी समय चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और कुलदीप के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। रात में दो बजे कुलदीप की नींद खुली और बाथरूम जाने के लिए दरवाजा खोलने लगे तो नहीं खुला। उन्होंने ग्राम प्रधान अनिल शाही को फोन पर सूचना दी। दरवाजा खुलने पर कुलदीप बाहर आए तो सामान बिखरे हुए थे पांच कमरों में रखी आलमारी और संदूक तोड़कर के ताले टूटे हुए थे। साढ़े तीन लाख के जेवर और सत्तर हजार नगदी गायब थे। थाना प्रभारी गगहा राज कुमार सिंह ने कहा की तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि रात में आधा दर्जन की संख्या में कच्छा और बनियान पहने युवक पहले गांव के पूरब मन्दिर के पास दिखे शौचालय की छत पर चढ़ रहे थे तभी गांव के एक व्यक्ति की नजर पड़ी और शोर मचाने पर जब तक ग्रामीण इकट्ठा होते तब तक फरार हो गए।

# गैंगस्टर को गिरफ्तार कर जेल भेजा

गोरखपुर। गिरोह बनाकर लूट करने के मामले में गैंगेस्टर के आरोपित प्रदीप श्रीवास्तव निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह मूल रूप से धानी बाजार थाना बृजमनगंज जनपद महाराजगंज का रहने वाला है लेकिन इस समय कैंट क्षेत्र में सिटी मॉल के पास रहता है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

# माता-पिता और दो भाइयों पर दर्ज कराया केस

सहजनवां। क्षेत्र के शाहपुर निवासी धर्मेंद्र यादव ने अपने पिता पारस यादव, मां सरस्वती देवी और भाइयों मुन्ना व सुनील पर मारपीट का केस सहजनवा थाने में दर्ज कराया है। धर्मेंद्र पत्नी के साथ अलग रहता है और दोनों भाई अपने माता-पिता के साथ रहते हैं। इनके बीच बंटवारे का विवाद है।

# नौ चौकी इंचार्ज समेत 14 दरोगा का कार्यक्षेत्र बदला

गोरखपुर। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने शुक्रवार की रात नौ चौकी इंचार्ज समेत 14 दरोगा को इधर से उधर कर दिया। इनमें शहर से देहात तक के चौकी इंचार्ज शामिल हैं। अवधेश कुमार मिश्र को रेलवे, शेष कुमार शर्मा को इंजीनियरिंग कॉलेज, राम सिंह को झरना टोला, सुधांशु सिंह को नौसढ़, कमलेंद्र सिंह को हड़हवा फाटक, शुभम श्रीवास्तव को मोहद्दीपुर, महेश चौबे को नई बाजार, राजेश यादव को मोतीराम अड्डा, रमेश चौधरी को बोहाबर, विकास नाथ को हरनही, अरुण सिंह को उनवल, शैलेंद्र प्रताप सिंह को महुआडाबर, रविंद्र सिंह तोमर को भड़सार चौकी इंचार्ज बनाया है। वहीं महुआडाबर चौकी के प्रभारी रहे जितेश कुमार श्रीवास्तव को बेलघाट थाने पर भेजा गया है।

# नशीले पदार्थों के तीन तस्करों पर गैंगस्टर

गोरखपुर। मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में गीडा पुलिस ने पंजाब के रहने वाले एक गैंग के तीन बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि यह गैंग पंजाब से नशीला प्रदार्थ की सप्लाई गोरखपुर और आसपास के इलाके में करता था। इस गैंग का लीडर पंजाब का रहने वाला विक्रमजीत सिंह है और उसके दो साथी अमरीक और बंधन सिंह हैं। विक्रमजीत सिंह और अमरीक पंजाब के होसियारपुर ग्रहशंकर मानसवाली के, जबकि बंधन सिंह मैनपुरी जिले के बेवर के कमलापुर गांव का निवासी है।

# वीडियो वायरल की दी धमकी, मांगी रंगदारी

गोरखपुर। शाहपुर क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाली युवती ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया है। पढ़ाई करने वाली युवती ने तहरीर में बताया कि वह लगातार दो वर्षों से सोशल मीडिया पर एक्टिव है। इस बीच उसकी मुलाकात गोपालगंज के भोरे गांव के निवासी दीपक कुमार से हुई। दीपक वर्तमान में पूरे परिवार के साथ दिल्ली रहता है। युवती ने बताया की वो वीडियो भी बनाती है और शूटिंग का भी काम करती है। दीपक शूटिंग में मदद करने का झांसा देकर अपने यहां बुलाता था और उस पर खर्च भी करता था।

# किशोरी के अपहरण के मामले में मुकदमा दर्ज

**जासं, भीटी रावत :** सहजनवां क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के अपहरण के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को अज्ञात युवक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। किशोरी के पिता ने बताया कि पुत्री 11 सितंबर से गायब है। उसकी खोजबीन की जा रही है लेकिन कहीं पता नहीं चला। पिता ने बताया कि उसके पास आधार कार्ड भी है। थाना प्रभारी इत्यानंद पाण्डेय ने बताया कि केस दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

# महिला प्रोफेसर से शादी के लालच में गंवाए 88 हजार

- पत्नी की मृत्यु के वाद विज्ञापन देख खोरावार के युवक ने की थी वात
- आजमगढ़ डिग्री कालेज में प्रोफेसर वता युवती ने भरी थी शादी की हामी

जासं, गोरखपुर : खोराबार के रहने वाले सुरेश गौतम महिला प्रोफेसर से शादी करने के लालच में 88 हजार रुपये गंवा दिए। विज्ञापन देखकर सुरेश ने द परफेक्ट ड्रीम पार्टनर नाम की संस्था के मोबाइल नंबर पर फोन किया। उधर, एक युवती ने तत्काल एक युवती से बात कराई। युवती ने बताया कि वह आजमगढ़ स्थित एक डिग्री कालेज में प्रोफेसर है और शादी करने को तैयार है। दोनों युवतियों ने शादी के नाम पर अलग-अलग खातों में पांच बार में 88 हजार रुपये मांगे। धोखा मिलने पर पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय पहुंच रुपये वापसी की गुहार लगाई है।

सुरेश ने बताया कि उसकी पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी है, उसके दो बच्चे हैं। बच्चों की देखाभाल करने के लिए वह दूसरी शादी करना चाह रहा है। इसी बीच द परफेक्ट ड्रिम पार्टनर संस्था का विज्ञापन निकला। इस पर लिखे दोनों नंबरों पर उसने फोन किया तो उधर से अनामिका नाम की युवती ने फोन उठाया और बताया कि वह सुल्तानपुर के विवेक नगर से बोल रही है। बातचीत होने के बाद उसने तत्काल कांफ्रेंस काल पर एक और युवती से बात कराई। उसने अपना परिचय देवरिया की रहने वाली निधि मिश्रा उर्फ स्वाति के रूप में दिया। वह शादी करने के लिए तैयार हो गई और मोबाइल नंबर भी दिया। इसके बाद अनामिका ने फोन किया और बताया कि वह शादी के लिए 36 हजार रुपये लेती है। खाता नंबर बताने पर उसने रुपये भेजे। इसके बाद निधि ने भी रुपये मांगे। दोनों ने पांच बार में रुपये मांगे।

# हत्या कर लाश छिपाने में पति पत्नी को आजीवन कारावास

- सत्र न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने आरोप सिद्ध होने पर सुनाई सजा
- गोला थाना क्षेत्र के वेलपार निवासी शेषनाथ मौर्य की हत्या का मामला

विसं, गोरखपुर : हत्या कर लाश छिपाने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर सत्र न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर सुकरौली निवासी अभियुक्त रामसरन मौर्या और उसकी पत्नी संजू उर्फ अंजू को आजीवन कारावास और प्रत्येक को 16 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को एक साल नौ माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादी मोनू मौर्य गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बेलपार का निवासी है।

22 फरवरी, 2019 की रात नौ बजे वादी का भाई शेषनाथ मौर्य अभी आने की बात कहकर अपनी मोटर साइकिल से घर से निकला, लेकिन वापस नहीं आया। परिवार वाले उसे रातभर व अगले दिन तक काफी खोजे एवं रिश्तेदारों के यहां भी तलाश किए, परंतु उसका कोई पता नहीं चला।

वादी ने गोला थाने में 24 फरवरी, 2019 को गुमशुदगी दर्ज कराई। दौरान विवेचना अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए और पता चला कि अभियुक्त रामसरन की पत्नी का शेषनाथ मौर्य से अवैध संबंध था। इसी रंजिश को लेकर अभियुक्तों ने शेषनाथ को अपने घर पर बुलाया और उसकी हत्या कर लाश को मकान के पूरब खेत में गाड़ दिया।

# बकाया रुपये न देने पर दुकानदार ने की थी ठीकेदार की हत्या

जासं, गोरखपुर : सहजनवां के सहबाजगंज में 13 सितंबर की रात बकाया रुपये नहीं देने पर दुकानदार ने कर्मचारी के साथ मिलकर ठीकेदार योगेन्द्र की हत्या कर दी थी। वहीं उनके बेटे अभिषेक त्रिपाठी को पीटकर घायल कर दिया था।

सहजनवां पुलिस ने शुक्रवार को सहबाजगंज के विधु महेश तिवारी और कर्मचारी महराजगंज के पुरैना रजवल बाजार के सूरज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयोग की गई कुदाल की बेंट और ठीकेदार से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है।

पुलिस लाइन में घटना का पर्दाफाश करते हुए एसपी उत्तरी ने बताया कि सहजनवां नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच सहबाजगंज के रहने वाले योगेन्द्र त्रिपाठी गीडा क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन का काम करते थे। महेश के हार्डवेयर की दुकान से वह सामान की खरीददारी करते थे। करीब दो लाख रुपये सामान का बकाया हो गया था। 13 सितंबर की शाम को दुकानदार ने कर्मचारी सूरज को योगेंद्र के घर रुपये मांगने के लिए भेजा। योगेन्द्र ने कुछ दिनों में किये गये काम का भुगतान होने पर बकाया देने की बात कही। बावजूद कर्मचारी नहीं माना। इसके बाद योगेन्द्र अपने बेटे के साथ दुकान पर पहुंचे और बात दोहराई। इस पर दुकानदार विवाद करने लगा और उनके बेटे पर कुदाल के बेंट से हमला कर दिया। घायल होकर नीचे गिरने पर योगेन्द्र बेटे के बचाव में पहुंचे तो आरोपित ने उनके सिर पर हमला कर दिया। अस्पताल जाते समय योगेन्द्र की मृत्यु हो गई। सहजनवां थाना प्रभारी इत्यानन्द पाण्डेय ने सीहापार ओवरब्रिज से आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया।



पुलिस की गिरफ्त में ठीकेदार की हत्या करने वाले आरोपित • जागरण

# पुलिस जुटा रही नेपाल व बिहार के जिलों का रिकार्ड

जासं, गोरखपुर : लोकसभा चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश से सटे नेपाल, बिहार, मध्यप्रदेश, झारखंड व छत्तीसगढ़ के जिले व थानों का रिकार्ड जुटाया जा रहा है। स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार के निर्देश पर सभी जिले के कप्तान तैयारी में जुटे हैं। अंतरराष्ट्रीय, अंतरराज्यीय सीमा से सटे जिले के साथ थानों का सीयूजी नंबर समेत 10 बिंदुओं पर सूचना जुटाई जा रही है।

उत्तर प्रदेश की 550 किलोमीटर लंबी सीमा नेपाल से लगती है। एक देश से दूसरे देश में आने-जाने के लिए प्रमुख स्थानों पर आधिकारिक प्रवेशद्वार बने हैं लेकिन खुली सीमा होने से दोनों देशों के ज्यादातर लोग आवाजाही के लिए पगडंडी का इस्तेमाल करते हैं। पुलिस व खुफिया एजेंसी ने 1800 से अधिक पगडंडी अभी तक चिह्नित किए हैं। सुरक्षा के लिहाज से यही पगडंडियां पुलिस व अन्य एजेंसियों के लिए चुनौती साबित होती रही हैं। खासकर चुनाव के समय राष्ट्रविरोधी तत्वों के मतदान प्रक्रिया में बाधा डालने के लिए इन पगडंडियों से देश में प्रवेश करने की आशंका हमेशा बनी रहती है, इसीलिए सतर्कता बढ़ गई है।

- **स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था का पत्र आने के बाद शुरू हुई तैयारी**
- **उत्तर प्रदेश की 550 किलोमीटर लंबी सीमा नेपाल से लगती है**

## नेपाल से लगती है प्रदेश के इन जिलों की सीमा

महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, लखीमपुर और पीलीभीत जिले की सीमा नेपाल से लगती है। आपरेशन कवच शुरू होने के बाद एसएसबी के साथ स्थानीय थाने की पुलिस भी नेपाल सीमा पर गश्त करती है। लेकिन चुनाव के दौरान अतिरिक्त फोर्स लगाई जाएगी।

## पूछा गया किस जिले में है कितनी फोर्स

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे पुलिस के अधिकारी यह भी जानकारी जुटा रहे हैं कि किस जिले में कितनी फोर्स है। कौन कितने समय से तैनात है। माना जा रहा है कि सूची तैयार होने के बाद जिले में जिनका कार्यकाल पूरा हो चुका है उन्हें अधिसूचना लागू होने से पहले ही दूसरे जिले में स्थानांतरित किया जाएगा।

# माफिया राकेश समेत पांच पर लगा गैंगस्टर

## जिलाधिकारी से अनुमोदन मिलने के बाद गुलरिहा थाना प्रभारी ने दी तहरीर

जागरण संवाददाता,गोरखपुर : जेल में निरुद्ध माफिया राकेश यादव व साथियों पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। जिलाधिकारी से अनुमोदन मिलने पर गुलरिहा थाना प्रभारी ने शुक्रवार को माफिया समेत पांच के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया। सख्ती के बाद भी यह लोग प्रापर्टी डीलर व स्थानीय लोगों को डरा धमकाकर रंगदारी मांग रहे थे।

झुंगिया गांव का रहने वाला राकेश यादव जिले के टाप 10 व प्रदेश के 61 माफिया की सूची में शामिल है। उसके विरुद्ध गोरखपुर के अलावा संत कबीर नगर जिले के अलग-अलग थानों में हत्या, लूट, अपहरण, रंगदारी मांगने व जालसाजी करने के 56 मुकदमे दर्ज हैं। इस समय राकेश यादव व उसके साथी जेल में निरुद्ध हैं, लेकिन आर्थिक लाभ के लिए अपराध कर रहे हैं। गुलरिहा थाना प्रभारी जेएन शुक्ल ने तहरीर में लिखा है कि माफिया राकेश यादव, उसके साथी पिपराइच के शाहगंज, जंगल छत्रधारी के दिनेश यादव, आकाश उर्फ मंटू कन्नौजिया, बेचू यादव व धनेश गिरोह बना अपराध कर रहे हैं। इस गैंग का जनमानस में भय व आतंक व्याप्त है।

### जमानत तोड़वाकर गया था जेल



माफिया राकेश यादव

जालसाजी व रंगदारी मांगने का मुदकमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने माफिया राकेश पर शिकंजा कसा तो घर छोड़कर फरार हो गया। गोरखपुर के अलावा आसपास के जिलों में छापेमारी शुरू होने पर तीन जून 2023 को चकमा देकर कचहरी पहुंचा। चिलुआताल थाने में दर्ज हत्या की कोशिश के मुकदमे में जमानत तोड़वाकर न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

### पंजाब के गांजा तस्कर समेत तीन पर मुकदमा

जासं, गोरखपुर : पंजाब के रहने वाले गांजा तस्कर समेत तीन के विरुद्ध गीडा थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष रतन पांडेय ने तहरीर में लिखा है कि पंजाब के होसियारपुर, गढ़ी मानसवाल का रहने वाला विक्रमजीत सिंह गांजा तस्करी करने वाले गिरोह का सरगना है। अपने गांव के रहने वाले साथी अमरिक व मैनपुरी, बेवर के कमलापुर में रहने वाले बंधन सिंह के साथ मिलकर गांजा की तस्करी करता है। 28 मई, 2022 को एसटीएफ की मदद से ट्रक पर लदे 1.74 क्विंटल गांजा के साथ तीनों को पकड़ा गया था। छानबीन में पता चला कि असम से गांजा लेकर विक्रमजीत गोरखपुर आया था, जिसे देवरिया के एक व्यक्ति को देना था।

# सहजनवा में युवक को मनबढ़ों ने पीटा, मुकदमा

सहजनवा। सहजनवा नगर पंचायत के लुचुई वार्ड नं 10 निवासी विकास यादव ने मुकदमा दर्ज कराया है कि बुधवार को 11 बजे वह सहजनवा बाजार में खरीदारी करने गया था। केनरा बैंक के पास आधा दर्जन मनबढ़ों ने उसे घेर कर पीट दिया। घटना सीसीटीवी में कैद है। पुलिस ने आधा दर्जन मनबढों पर बलवा मारपीट का केस दर्ज कर मामले की जांच कर शुरू कर दी है।

# पांच पर छेड़खानी व मारपीट का केस दर्ज

पिपराइच। क्षेत्र की एक महिला ने दो भांजों, ननद और दो अज्ञात के खिलाफ छेड़खानी और मारपीट का केस दर्ज कराया है। महिला ने तहरीर में बताया कि गुरुवार को में खोराबार क्षेत्र के डागींपार निवासी भांजा आकाश उसके घर आकर छेडख़ानी करने लगा। शोर मचाने पर फोन कर अपने दूसरे भाई गौतम तथा ननद भगवन्ता देवी व दो अज्ञात लोगों को बुला लिया। उक्त लोगों ने डंडे से मारकर मुझे घायल कर दिया। मेरे पति भीम बचाने आए तो उन्हें मारापीटा गया।

# साइबर क्राइम की रोकथाम को लेकर कार्यशाला

गोरखपुर। साइबर क्राइम की रोकथाम और पीड़ितों की मदद करने के लोग शुक्रवार को पुलिस लाइंस में पुलिस कर्मियों की एक कार्यशाला हुई। जिले के सभी थानों से तीन-तीन पुलिस कर्मी प्रशिक्षण में शामिल हुए। साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन, ऑनलाइन प्रशिक्षण, साइबर पुलिस पोर्टल विषय के बारे में जानकारी दी गई। टोल फ्री नंबर 1930 व वेबसाइट के संबंध में भी बताया गया।

# माफिया राकेश समेत 5 पर गैंगस्टर

- राकेश और उसके तीन साथी अभी जेल में हैं
- राकेश जिले के टॉप 10 माफिया की सूची में है

गुलरिहा,हिंदुस्तान संवाद। प्रदेश के टॉप 69 व जिले के टॉप टेन माफियाओं में शामिल राकेश यादव और उसके गैंग के चार सदस्यों के खिलाफ गुलरिहा पुलिस ने शुक्रवार को गैंगस्टर की कार्रवाई की है। राकेश और उसके तीन साथी अभी जेल में हैं, जबकि एक साथी दिनेश यादव अभी बाहर है।

प्रदेश के लगभग कई थानों क्षेत्रों गिरोह बनाकर हत्या, लूट,अपहरण जैसे जघन्य अपराध करने वाले राकेश यादव पर गुलरिहा, बांसगांव, खजनी, कोतवाली, शाहपुर ,पिपराइच, झंगहा, पीपीगंज एवं चिलुआताल व अन्य थानों में अपहरण, हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी जैसे कई गंभीर धाराओं में अब 56 मुकदमे दर्ज हैं। जबकि माफिया के चार साथियों दिनेश यादव निवासी जंगल छात्रधारी टोला शाहगंज थाना पिपराइच के खिलाफ बलवा, रंगदारी,हत्या का प्रयास और कई धाराओं में गुलरिहा थाने में कुल सात मुकदमे दर्ज हैं, आकाश उर्फ मंटू कन्नौजिया निवासी जंगल छात्रधारी टोला लालगंज के खिलाफ गुलरिहा एवं पिपराइच में नौ मुकदमे, बेचू यादव निवासी जंगल छात्रधारी टोला शाहगंज के खिलाफ गुलरिहा में पांच मुकदमे तथा धनेश यादव निवासी जंगल छात्रधारी टोला शाहगंज के खिलाफ गुलरिहा, आजमगढ़ एवं पिपराइच थाने में सात मुकदमे दर्ज हैं।

पांचों के आपराधिक इतिहास को देखते हुए गुलरिहा पुलिस ने उनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। राकेश पुलिस से बचने के लिए जमानत तुड़वा कर जेल पहुंच गया था।

# धोखाधड़ी के आरोपित को किया गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने जालसाजी के आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सारिक अमान पुत्र अमानुलहक निवासी बी-21 कल्याणपुर थाना तिवारीपुर व स्थायी पता आयूबी मस्जिद के पीछे पिपरापुर थाना तिवारीपुर के रूप में हुई। आरोपित ने पीड़ित की दुकान से 3,33,661 रुपये का विद्युत सामग्री क्रय की और पैसा नहीं दिया था।

# दवा विक्रेता हत्याकांड में क्राइम ब्रांच ने वादी पर कसा शिकंजा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दवा विक्रेता हत्याकांड में नया मोड़ आया आ गया है। चार वर्ष से मामले की जांच कर रही क्राइम ब्रांच को मुकदमा दर्ज कराने वाले दवा विक्रेता के भाई पर ही संदेह है। शुक्रवार को विवेचना कर रहे इंस्पेक्टर व एम्स थाना पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंची एसपी क्राइम ने सभी बिंदु पर जांच की। मुकदमा वादी उसकी पत्नी के साथ ही पड़ोसियों का बयान लिया।

दवा विक्रेता रंजीत पासवान की 22 अगस्त, 2019 को घर में सोते समय गोली मार दी गई। घटना के समय घर में रंजीत के अलावा उनका छोटा भाई संजीव था। गंभीर रूप से घायल रंजीत को बीआरडी मेडिकल कालेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया था, जहां उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। संजीव ने इस मामले में अपने पिता राधेश्याम, चाचा रंभू व मौसेरे भाई पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। आरोप था कि राधेश्याम अपनी दूसरी पत्नी व उसके बच्चों के साथ रहता है। संपत्ति की लालच में आरोपितों ने रंजीत की हत्या कराई है। विवेचना में कोई साक्ष्य न मिलने पर कैंट थाना पुलिस ने मुकदमे में अंतिम रिपोर्ट (एफआर) लगा दिया।

## नार्को टेस्ट से संजीव ने कर दिया था इन्कार

मामले की जांच कर रही क्राइम ब्रांच का संदेह संजीव के ऊपर तब गहराया जब उसने नार्को टेस्ट कराने से इन्कार कर दिया। पहले वह वह हर जांच कराने के लिए तैयार था। रंजीत के नाम पर चल रहे एलआइसी पालिसी का क्लेम 30 लाख रुपये भी उसने ले लिए हैं। नार्को टेस्ट न कराने के बारे में भी एसपी ने संजीव से पूछा तो उसका जवाब था कि तबीयत खराब होने के डर से अनुमति नहीं दे रहा।

संजीव के प्रार्थनापत्र पर क्राइम ब्रांच इस मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार की शाम पांच बजे एसपी क्राइम क्राइम इंदु प्रभा सिंह भैरोपुर स्थित दवा विक्रेता रंजीत के मकान पर क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर व एम्स थाना प्रभारी के साथ पहुंची। दो घंटे संजीव के साथ ही उसकी पत्नी व पड़ोसियों का बयान दर्ज किया। विवेचक ने संजीव के हाथ व पैर का माप भी ली। एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह ने बताया कि गहनता से सभी बिंदु पर जांच की जा रही है। जल्द ही हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में एक को 10 वर्ष कठोर कारावास

विसं, गोरखपुर : दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो गोविंद मोहन ने सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगवां निवासी अभियुक्त प्रिंस पांडेय उर्फ आशुतोष को 10 साल के कठोर कारावास एवं 26 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को साढ़े तीन साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय एवं विशेष लोक अभियोजक उमेश मिश्र का कहना था कि घटना सात अक्टूबर, 2015 की रात करीब 11 बजे की है।

वादी की लड़की छत पर अकेली सोई थी। उसी समय अभियुक्त छत पर आया और वादी की लड़की को जान मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त निर्णय दिया।

# युवती ने लगाई गुहार आरोपित से बचाएं मुकदमा दर्ज

जासं, पादरी बाजार : शाहपुर क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाली युवती ने थाने पर तहरीर देकर गुहार लगाई है। युवती ने कहा है कि बिहार के गोपालगंज के भोरे गांव के रहने वाले दीपक कुमार से उसे बचाएं। इंटरनेट मीडिया पर वह फोटो व वीडियो प्रसारित करने की धमकी दे रहा है। प्रसारित हो जाने पर बदनामी होगी। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

युवती ने बताया कि वह किराये का मकान लेकर पढ़ती है। इसके साथ वह दो वर्ष से इंटरनेट मीडिया पर भी सक्रिय है।

वह वीडियो बनाने और शूटिंग का भी काम करती है। इसी बीच इंटरनेट मीडिया के माध्यम से उसकी मुलाकात आरोपित से हुई। इस समय वह दिल्ली में रह रहा है। मदद का भरोसा देकर उसने इधर-उधर बुलाकर रुपये भी खर्च कराए। आरोपित की हरकतों को देख जब उससे दूरी बनानी शुरू की तो वह वीडियो प्रसारित करने की धमकी धमकी देकर रुपये मांगने लगा।

थाना प्रभारी शशिभूषण राय ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# 14 चौकी प्रभारियों का कार्यक्षेत्र बदला

जागरण संवाददाता गोरखपुर : एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने शुक्रवार की रात 14 चौकी प्रभारियों को इधर से उधर किया। इनमे शहर से लेकर देहात तक के चौकी प्रभारी शामिल हैं। अवधेश कुमार मिश्र को रेलवे, शेष कुमार शर्मा को इंजीनियरिंग कालेज, राम सिंह को झरना टोला, सुधांशु सिंह को नौसढ़, कमलेंद्र सिंह को हड़हवा फाटक, शुभम श्रीवास्तव को मोहद्दीपुर, महेश चौबे को नई बाजार, राजेश यादव को मोतीराम अड्डा, रमेश चौधरी को बोहाबर, विकास नाथ को हरनही, अरुण सिंह को उनवल, शैलेंद्र प्रताप सिंह को महुआ डाबर, जितेश कुमार श्रीवास्तव को बेलघाट थाना, रविंद्र सिंह तोमर को भड़सार चौकी प्रभारी बनाया है।

## दहेज हत्या का आरोपित पति गिरफ्तार, भेजा जेल

जासं, हरपुर–बुदहट : थाना क्षेत्र के रेवड़ा गांव में दहेज के लिए पत्नी संध्या देवी की हत्या करने वाले पति अंगद यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिजेल भेज दिया। गुरुवार को अंगद यादव ने पत्नी संध्या की हत्या कर दी थी। पुलिस ने उसके पिता रामनरेश यादव निवासी सेमरी, थाना धनघटा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार की सुबह साढ़े 10 बजे अंगद को गिरफ्तार किया गया।

## आधा दर्जन गोवंश के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

गोला : पुलिस ने लमतिया नहर पुलिया के पास से शुक्रवार की सुबह एक पिकअप पर लदे आधा दर्जन गोवंश के साथ पांच पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान उरुवा के भरथरी के मनोज यादव व गुड्डू अली, धनघटा थाना क्षेत्र के सत्यराम यादव, गोला के बरईपार के सोनू दूबे और बिहार के समस्तीपुर के रोसरा थाना के मोतीपुर निवासी यासिन खान उर्फ सिलेबी पुत्र रहमू के रूप में हुई।

# छेड़खानी मामले में पांच पर केस

**जासं, पिपराइच** : एक गांव की महिला ने शुक्रवार को रिश्तेदारी के तीन नामजद और दो अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि गुरुवार की दोपहर में आकाश घर आया और छेड़खानी करने लगा। विरोध पर भाई और मां के साथ दो अन्य को बुला लिया और लाठी डंडा से पीटकर घायल कर दिया। बचाव में आए पति को भी आरोपितों ने मारा पीटा।

## पशु से टकराकर बाइक सवार घायल

**जासं, गोला** : कौड़ीराम-गोला मार्ग पर चिलवां गांव के पास पशु से टकराकर बाइक सवार युवक घायल हो गया। राहगीरों ने युवक को सीएचसी भिजवाया। युवक की पहचान भैसाव के रहने वाले राजनरायन राय के रूप में हुई। वह कौड़ीराम से गोला की ओर जा रहे थे।

# 14 चौकी प्रभारी इधर से उधर किए गए

गोरखपुर। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने शुक्रवार की रात 14 चौकी इंचार्जों को इधर से उधर किया है। अवधेश कुमार मिश्र को रेलवे, शेष कुमार शर्मा को इंजीनियरिंग कॉलेज, राम सिंह को झरना टोला, सुधांशु सिंह को नौसड़, कमलेंद्र सिंह को हड़हवा फाटक, शुभम श्रीवास्तव को मोहद्दीपुर का चौकी इंचार्ज बनाया गया है। महेश चौबे को नई बाजार, राजेश यादव को मोतीराम अड्डा, रमेश चौधरी को बोहाबर, विकास नाथ को हरनही, अरुण सिंहको उनवल, शैलेंद्र प्रताप सिंह को महुआ डाबर, जितेश कुमार श्रीवास्तव को बेलघाट, रविंद्र सिंह तोमर को भड़सार चौकी प्रभारी बनाया गया है। ब्यूरो

# नोमेंस लैंड से हटेगा भूमाफिया का कब्जा

## नेपाल बॉर्डर : कब्जामुक्त जमीन पर अपना ठिकाना बनाएगी एसएसबी, 21 जगहों पर है कब्जा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। भारत-नेपाल सीमा पर नोमेंस की जमीन पर भी भूमाफिया ने कब्जा कर लिया है। स्थानीय स्तर पर सांठगांठ कर 40 लोगों ने कब्जा जमाया है। जमीन पर कोई मजार तो कोई मंदिर बनाकर अपना बताता है। कई लोग खेती भी कर रहे हैं।

अब इस जमीन को खाली कराने के लिए एडीजी की मौजूदगी में पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के बीच बैठक होनी है। इसमें कब्जा हटाने की तिथि तय की जाएगी। फिर कब्जे को हटाकर वहां पर एसएसबी को स्थापित किया जाएगा।



भारत-नेपाल की सीमा उत्तर प्रदेश के 11 जिलों में 570 किलोमीटर में फैली है। नोमेंस जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत पर प्रदेश सरकार ने एसएसबी के अधिकारियों से अतिक्रमणकारियों की सूची मांगी थी। एसएसबी की पड़ताल में सामने आया कि महराजगंज, बहराइच, श्रावस्ती व लखीमपुर खीरी में 21 स्थानों पर नोमेंस जमीन पर 40 लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। इनमें 35 लोग खेती करते हैं।

रूपन्देही जिले में एक जगह नेपाल राष्ट्र नगरपालिका और चितिपिरहवा गांव में पुलिस स्टेशन मैदेहावा का निर्माण कराया जा रहा है। एक जगह मंदिर और मजार का निर्माण हुआ है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के उप महानिरीक्षक सीमांत मुख्यालय लखनऊ ने अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) को भेजे गए पत्र में अतिक्रमण और कब्जा करने वालों के नाम व पता भेजा है। खबर है कि नोमेंस की जमीन पर 21 जगहों पर कब्जा करने वाले 40 लोगों पर कार्रवाई होनी है। एडीजी ने महराजगंज, बहराइच, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी के डीएम को पत्र भेजकर बैठक की स्थिति तय की है।

नोमेंस जमीन पर अतिक्रमण को हटाने के लिए जल्द ही पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की बैठक होगी। इसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से अतिक्रमण हटाने के लिए



महराजगंज, बहराइच, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी के जिलाधिकारी व एसपी को पत्र लिखा गया है।

**- अखिल कुमार**, एडीजी

# जमीन के नाम पर 18 लाख की जालसाजी

अमर उजाला ब्यूरो

कैंपियरगंज। रामनगर केवटलिया गांव की जमीन के नाम पर बगल के गांव शिवलहिया निवासी अनिल कुमार यादव से पास के ही अजय श्रीवास्तव ने साथियों संग मिलकर 18 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी अजय श्रीवास्तव समेत तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है।

कैंपियरगंज में प्राइवेट नर्सिंग होम संचालक के परिजन अनिल कुमार यादव को शिवलहिया गांव का रहने वाला अजय श्रीवास्तव गांव के चौराहे पर दूर के रिश्तेदार की जमीन का सौदा किया। अजय फर्जी आईडी के सहारे मौसी के लड़के राहुल श्रीवास्तव पटना बिहार में बैंक में खाता खोलकर अनिल यादव से गूगल-पे समेत कई किस्तों में 18 लाख रुपये खाते में मंगा लिए। अनिल के जमीन की रजिस्ट्री कराने की बात पर अजय जमीन के मालिक को व्यस्त होने की बात कह कर झांसा देता रहा। जमीन के फर्जी ढंग से बिक्री करने की जानकारी होने पर असली मालिक प्रतिमा के पुत्र अमित श्रीवास्तव ने केस दर्ज कराया है।

# सगे भाई पर शक, लिए हाथ-पैर के निशान

## रंजीत हत्याकांड : एसपी क्राइम ने रंजीत के भाई, उसकी पत्नी और पड़ोसियों से की पूछताछ

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंट थाना क्षेत्र के इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी क्षेत्र के भैरोपुर में 22 अगस्त 2019 को रात हुई दवा विक्रेता रंजीत पासवान हत्याकांड में शुक्रवार को एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह ने उसके सगे भाई से पूछताछ की।

शाम पांच बजे वादी संजीव कुमार के घर पहुंचीं एसपी क्राइम करीब दो घंटे उससे, पत्नी और पड़ोसियों से पूछताछ कर बयान दर्ज किए। इस दौरान वादी संजीव के हाथ व पैर के निशान भी लिए।



रंजीत हत्याकांड की जांच करतीं एसपी क्राइम इंदु प्रभा सिंह। संवाद

22 अगस्त 2019 की रात बारिश हो रही थी। घर के अंदर सो रहे रंजीत के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस समय उस घर में बगल के कमरे में वादी संजीव सो रहा था। गोली चलने के आवाज पर उठे संजीव, घायल भाई को लेकर पीजीआई लखनऊ ले गए, जहां उसके अगले दिन रंजीत की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गोली लगने से मौत की पुष्टि हुई थी। भाई संजीव ने शक के आधार पर पिता राधेश्याम, चाचा रंभू व मौसेरे भाई के पर जमीन विवाद में हत्या का केस दर्ज कराया था।

एक वर्ष बाद कैंट पुलिस ने सबूत न मिलने के आधार पर मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दिया था, लेकिन संजीव ने एडीजी से मिलकर पुनः विवेचना का आदेश करा लिया, तब से यह मामला क्राइम ब्रांच में चल रहा है। उधर, संजीव ने भाई के नाम पर चल रहा एलआईसी फर्जी मुहर व हस्ताक्षर लगाकर 30 लाख रुपये से अधिक का क्लेम ले लिया। एक शूटर के घटना में शामिल होने व संजीव द्वारा भाई को इंजेक्शन लगाने की बात सामने आई है, जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है।

शूटर पहले संजीव के पास आता था। हत्या के बाद उसने मिलना बंद कर दिया। शुक्रवार को एसपी क्राइम संजीव व उसकी पत्नी से मकान पर फर्जी लोन, रिश्तेदारी की बहन से संबंध सहित पूरी जानकारी ली। एसपी ने करीब 10 पड़ोसियों से भी घटना के समय व उसके बाद कि स्थिति के बारे में पूछताछ कर जानकारी ली। इस संबंध में एसपी क्राइम इंदु प्रभा ने कहा कि जांच की जा रही है। हर बिंदु पर बारीकी से पूछताछ हुई है। सबूत जुटाए गए हैं। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

हरपुर बुदहट। ग्राम पंचायत रेवड़ा में बृहस्पतिवार को विवाहिता की संदिग्ध हाल मे मौत हो गई थी। मृतका के पिता ने दामाद और उसकी मां पर दहेज हत्या का केस दर्ज कराया था। पिता ने आरोप लगाया था कि उसकी बेटी संध्या को फंदे से लटकाकर मारा गया है। पुलिस ने आरोपी पति अंगद यादव को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# ससुराल में युवक ने खाया कीटनाशक

चौरीचौरा। पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम ताज पिपरा निवासी सतीश सिंह (35) ने पत्नी से विवाद कर ससुराल में कीटनाशक खा लिया। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। युवक को इलाज के सीएचसी चौरीचौरा पर लाया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. सर्वजीत प्रसाद ने बताया कि युवक अब खतरे से बाहर है। ब्यूरो

# हत्या कर शव छिपाने के दोषी दंपती को उम्रकैद

## कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर सुनाया फैसला, अर्थदंड भी लगाया

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। हत्या कर लाश छिपाने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने सजा सुनाई है।

बड़हलगंज के ग्राम जगदीशपुर सुकरौली निवासी अभियुक्त रामसरन मौर्या और उसकी पत्नी संजू उर्फ अंजू को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 16 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को एक साल नौ माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादी मोनू मौर्य गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बेलपार का निवासी है। 22 फरवरी 2019 की रात नौ बजे वादी का भाई शेषनाथ मौर्य अभी आता हूं, कह कर अपनी बाइक से घर से निकला, लेकिन वापस नहीं आया।

परिवार वालों ने तलाश की लेकिन पता नहीं चला। तो वादी ने गोला थाने में 24 फरवरी 2019 को गुमशुदगी दर्ज कराई इस दौरान विवेचना में अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया था।

## दुष्कर्म के दोषी को दस साल की कैद

गोरखपुर। दुष्कर्म के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट गोविंद मोहन ने सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगवां निवासी प्रिंस पांडेय उर्फ आशुतोष को दस साल के कठोर कारावास और 26 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर तीन साल छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय एवं उमेश मिश्र का कहना था कि घटना सात अक्तूबर 2015 की रात करीब 11 बजे की है। वादी की बेटी गर्मी होने के कारण छत पर अकेली सोई थी। उसी समय अभियुक्त चुपके से छत पर आया और वादी की बेटी के मुंह में कपड़ा ठूंसकर जान मारने की धमकी देते हुए जबरदस्ती उससे दुष्कर्म किया। ब्यूरो

# पहले की यू-ट्यूबर से दोस्ती, फिर मांगी रंगदारी

अमर उजाला ब्यूरो

### पीड़िता का आरोप, वीडियो वायरल करने की दे रहा है धमकी, केस दर्ज

पादरी बाजार (गोरखपुर)। शाहपुर इलाके के पादरी बाजार में किराए के मकान में रहने वाली यू-ट्यूबर युवती की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवती से गांव के करीब का होकर दोस्ती की और फिर मिलने के लिए बुलाया। अब कहता है रुपये दो, नहीं तो बदनाम कर दूंगा।

युवती की तहरीर पर शाहपुर पुलिस आरोपी दीपक कुमार पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही हैं।

युवती किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करती है। वह दो साल से सोशल मीडिया पर एक्टिव है। वीडियो और शूटिंग का काम करती है। इसी दौरान बिहार के गोपालगंज भोरे गांव निवासी दीपक कुमार से मुलाकात हुई। वह दिल्ली में रहता है।

# मर्चेंट नेवी कर्मचारी ने की थी खुदकुशी

## जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने पूरी की जांच, जीडी में होगा दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। खोराबार इलाके के मदरहा में मर्चेंट नेवी कर्मचारी राकेश सिंह ने खुदकुशी ही की थी। पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इसकी पुष्टि हो गई है। परिजनों ने भी इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी है। इस वजह से केस को बंद करने के लिए पुलिस पूरे घटनाक्रम को जीडी (जनरल डायरी) में दर्ज करेगी।

जानकारी के मुताबिक, अवध नारायण सिंह होमगार्ड कमांडेंट रहे चुके हैं। उनका बेटा राकेश सिंह लखनऊ में मर्चेंट नेवी में कर्मचारी था। बुधवार की रात में राकेश नेपाल से घर लौटा था। उसने एक परिचित से शराब मंगाई और छत पर उसका सेवन किया था। पुलिस ने छत से शराब की बोतल और एक गिलास बरामद किया था।

## ठेकेदार की हत्या के दो आरोपी भेजे गए जेल

गोरखपुर। सहजनवां इलाके के सहबाजगंज में 13 सितंबर की रात बकाया रुपये नहीं देने पर दुकानदार ने कर्मचारी के साथ मिलकर ठेकेदार योगेंद्र की हत्या की थी। बेटे अभिषेक त्रिपाठी को घायल कर दिया था। पुलिस ने शुक्रवार को सहबाजगंज के विधु महेश तिवारी और कर्मचारी महराजगंज के पुरैना रजवल बाजार के सूरज को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया। ब्यूरो

# माफिया राकेश यादव और चार गुर्गों पर लगा गैंगस्टर

## अपराध से कमाई गई संपत्तियों को जब्त करेगी पुलिस, जुटा रही ब्योरा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जेल में बंद माफिया राकेश यादव और उसके चार गुर्गों पर पुलिस ने गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। डीएम से संस्तुति के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।


माफिया राकेश।

गिरोह में जंगल छत्रधारी निवासी दिनेश यादव, आकाश उर्फ मंटू कन्नौजिया, बेची यादव और धनेश यादव शामिल हैं।

आरोप है कि यह सभी गिरोह बनाकर रुपये के लिए हत्या, लूट और अपहरण जैसे अपराध को करते हैं। वर्तमान में दो आरोपी बाहर हैं। पुलिस ने उनकी तलाश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, माफिया राकेश यादव और उसके साथियों पर जमीन कब्जा कर रंगदारी मांगने का केस दर्ज किया गया था। जिले के टॉप टेन सूची में माफिया राकेश का नाम भी शामिल है। गिरोह का सरगना राकेश यादव है। थानेदार ने दी तहरीर में लिखा है कि माफिया राकेश यादव गिरोह के चार अन्य गुर्गों के साथ आर्थिक, भौतिक, दुनियावी व अन्य लाभ के लिए हत्या, लूट, अपहरण जैसे जघन्य अपराध करता है।

### माफिया राकेश पर दर्ज हैं 56 केस

माफिया राकेश यादव पर कई थानों में गंभीर धाराओं में केस दर्ज हैं। उस पर कुल 56 केस हैं। सबसे पहला केस 1991 में दर्ज हुआ था। इसके अलावा मारपीट कर लूट, आर्म्स एक्ट, गुंडा एक्ट, हत्या व हत्या की कोशिश व अन्य धाराओं में केस दर्ज हैं। हालांकि कई मामलों में माफिया कोर्ट से बरी हो चुका है। वहीं, साथी दिनेश यादव पर मारपीट, हत्या की कोशिश, धमकी, रंगदारी जैसे सात केस हैं। आकाश उर्फ मंटू कन्नौजिया पर नौ, बेचू यादव पर पांच और धनेश यादव पर गंभीर धाराओं में सात केस दर्ज हैं।

### मादक पदार्थों की तस्करी के तीन आरोपियों पर गैंगस्टर

गिरोह बनाकर मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोपी तीन बदमाशों पर गीडा पुलिस ने गैंगस्टर का केस दर्ज किया है। पुलिस ने पंजाब के होसियारपुर निवासी अमरिक, विक्रमजीत सिंह, महराजगंज के बृजमनगंज थाना क्षेत्र के धानी बाजार निवासी प्रदीप श्रीवास्तव को गिरोहबंद किया। पुलिस का कहना है कि यह सभी गिरोह बनाकर तस्करी करते हैं।

### गैंगस्टर के दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

रामगढ़ताल और गगहा पुलिस ने गैंगस्टर के एक-एक आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गगहा में पकड़े गए आरोपी की पहचान पांडेयपार निवासी महेंद्र पासवान और रामगढ़ताल में धानी निवासी प्रदीप श्रीवास्तव के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिए गए।

**खून माफिया**

# फड़ वालों से कहते थे दलाल... डोनर लाओ नोट ले जाओ, पुण्य भी कमाओ

## बीआरडी मेडिकल कॉलेज : खून की खरीद-फरोख्त सब ऑनलाइन, बिना लिखा-पढ़ी के बना देते हैं रक्तदाता

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। डोनर लाओ...नोट कमाओ और पुण्य भी कमाओ। खून माफिया, मेडिकल कॉलेज गेट के आसपास ठेला लगाने वाले हों या फिर चाय-पान की फड़-दुकान चलाने वाले, सभी से यही कहकर लालच देते हैं। उन्हें यह भी बताया जाता है कि रुपये देने वाला कोई गरीब नहीं, बल्कि पैसे वाला है। बीच में कुछ मरीजों को गरीब बताकर माफिया अपनी छवि बेहतर दिखाकर कमीशन भी मार लेते थे। बड़ी बात यह है कि पूरा धंधा ऑनलाइन है। सिर्फ गिरोह में शामिल लोग एक-दूसरे से बात करते थे। फिर बिना लिखा-पढ़ी के रक्तदाता बनाकर खून निकलवाते थे और सीधे जरूरतमंद तक खून पहुंच जाता है।

शुक्रवार को दोपहर डेढ़ बज रहे थे। अमर उजाला की टीम ने खून माफिया के गिरोह में अनजाने में शामिल एक भूजा बेचने वाले को खोज निकाला। वह दस दिनों से दुकान नहीं लगा रहा है। गुलरिहा के पास किराए के मकान में रहता है। पहले तो वह घबरा गया, लेकिन फिर उसने कहा कि नाम और फोटो मत लीजिए। समझाने पर सबकुछ बताने को राजी हो गया।

उसने बताया कि वह 17 साल से ठेला लगा रहा है, उसे नहीं मालूम था कि गलत काम होता है। गिरोह का सरगना वसील खान ही है। उसका सबसे विश्वसनीय साथी केशर देव है। करीब छह साल पहले इन दोनों ने पहले डोनर को रक्तदाता बनाकर ले गए थे और रक्तदान कराकर डोनर कार्ड ले लिया था। तब उन्हें खून खरीदने वाले नहीं मिले थे।

दो दिन ब्लड बैंक के आसपास घूमने के बाद बिहार का एक शख्स मिला था, जिसे अपनी मां का




बीआरडी मेडिकल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक का भवन। संवाद

### बाहर चाय-लिट्टी की दुकान लगाने वाले भी डोनर खोजकर लेते थे कमीशन

**04** लोगों के बीच में बातचीत के बाद सीधे जरूरतमंद तक पहुंच जाता है खून


लिट्टी-चोखा वाला लाता था डोनर जरूरतमंद से मिलवाते थे कर्मचारी

15 सितंबर को प्रकाशित खबर।

छह आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। कॉल डिटेल और सीडीआर की मदद से पुलिस छानबीन कर रही है। गिरोह में शामिल कुछ लोगों का नाम सामने आया है। उनके खिलाफ साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-मनोज अवस्थी, एसपी नार्थ

ऑपरेशन कराना था, उसे छह हजार में खून बेचा। उसी समय इन दोनों ने महसूस कर लिया कि अगर, इसी काम को करना है तो इसके लिए सेटिंग चाहिए।

उसने बताया कि वसील तब नगर निगम में सफाई कर्मचारी था। इसके बाद उसने शाहपुर में अपनी ड्यूटी लगवा ली और मेडिकल कॉलेज में सेटिंग का खेल करने लगा। इस दौरान ही वसील की मुलाकात लिट्ठी-चोखा की दुकान लगाने वाले मोहम्मद शिवातुल्लाह से हो गई। दोनों ब्लड बैंक में आने-जाने लगे थे।

खून के लिए हम लोगों के पास आकर यही बताते थे कि जरूरतमंद है, बाहर से आया है, हम लोगों को मदद करनी चाहिए। अंदर के कर्मचारी नहीं मानते हैं, उन्हें कुछ रुपये देने पड़ेंगे, आपको भी कुछ मिल जाएगा। इसी लालच में हम लोग डोनर के लिए मजदूर से बातचीत करते थे।

ठेले वाले ने बताया कि बिहार और दूसरे जगहों से आने वाले मजदूर दुकान पर आते थे तो उनसे बताते थे कि आप मदद कर दो, कोई परेशान है। कुछ रुपये भी मिल जाएंगे। उसने बताया कि वसील को हम लोग सफाई कर्मचारी ही जानते थे।

### पकड़े गए सफाई कर्मी खोजते थे जरूरतमंद को

पकड़े गए कर्मचारी सफाई के दौरान उन मरीजों के तीमारदारों की जानकारी जुटाते थे, जो खून के लिए परेशान हों। फिर उन्हें वसील खान का नंबर दे देते थे। कहते थे कि वसील आसानी से खून दिलवा देगा। परेशान तीमारदार, वसील के नंबर पर संपर्क करते थे, इसके बाद मजदूर को लाया जाता था। उससे खून लेकर उसके बदले जिस ग्रुप के खून की जरूरत होती थी, उसे दिला देते थे। मजदूर को तय करने के लिए छह हजार प्रति यूनिट खून डोनेट करने का प्रलोभन दिया जाता था। जरूरतमंद से जितने पर सौदा तय हो जाए, उसी हिसाब से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को भी कमीशन दिया जाता था। कई जरूरतमंदों से इन लोगों ने 25 हजार तक वसूले थे।

### रक्तदाता के नाम की नहीं होती थी इंट्री

बीआरडी मेडिकल कॉलेज के जो दो कर्मचारी संविदा पर सफाईकर्मी पकड़े गए हैं, उन्होंने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि ब्लड बैंक में तैनात लैब टेक्नीशियन से मरीज के तीमारदार खून के लिए संपर्क करते थे। उन्हीं कर्मचारियों के कहने पर तीमारदार उनसे संपर्क करता था। इसके बाद संविदाकर्मी, सरगना से संपर्क करते थे, सरगना दलाल के माध्यम से बीआरडी में ब्लड बैंक तक डोनर को भेजता था। वहां दो संविदाकर्मी दलाल से मिलकर डोनर को ब्लड बैंक में ले जाकर बिना लिखा-पढ़ी के खून निकलवा कर दलाल को डोनर को सुपुर्द कर देते थे। रकम को दलाल के माध्यम से सरगना तक भेज देते थे।

### एंबुलेंस मरीज माफिया से भी जुड़े हैं तार

मेडिकल कॉलेज में मरीज एंबुलेंस माफिया और फिर खून माफिया का खेल उजागर हुआ। मामला अलग-अलग सामने आया है, लेकिन तार दोनों के एक दूसरे से कहीं न कहीं जुड़े हुए हैं। दोनों ही गिरोह के सदस्य एक दूसरे परिचित थे और इनके लिए काम करने वाले ठेले वाले भी एक ही है। वहीं ठेले वाले रुपयों के लालच में मरीज को बाहर बेचने के लिए एंबुलेंस वालों को खोजते थे तो खून माफिया के लिए डोनर को। यह वहां पर थोड़ी सी चर्चा के बाद सब कोई जान सकता है, लेकिन यह सब सिर्फ मेडिकल कॉलेज प्रशासन के उन जिम्मेदारों को नहीं नजर आता है, जिन्हें कार्रवाई करनी है।

**मजदूरों को बनाते निशाना, बिहार वाले पहली पसंद :** गिरोह का सरगना वसील खान अपने साथी एजेंट केशर देव की मदद से खजांची व अन्य जगहों पर काम की तलाश में आने वाले मजदूरों को निशाना बनाते थे। जिन मजदूरों को कई दिनों से काम नहीं मिलता था, उसे ही टारगेट करते थे और फिर रुपयों का लालच देकर खून देने के लिए राजी करा लेते थे।

मोहम्मद शिवातुल्लाह डोनर खोजता था। उसकी पसंद बिहार के मरीज होते थे। क्योंकि वह खुद बिहार के गोपालगंज का निवासी है, अंदर किस मरीज को खून की जरूरत है, उसे खोजने का काम सफाई कर्मी रामअशीष और रजनीश करते थे। ये सभी ब्लड बैंक में काम करने वाले एक कर्मचारी की मदद से बिना लिखा-पढ़ी के ब्लड को निकलवा लेते थे।

यह सब काम फोन पर होता था। कर्मचारी फोन पर वसील को बताता था और वसील, केशर देव को। फिर केशर देव शिवातुल्लाह या दूसरे इस गिरोह से जुड़े डोनर देने वालों से संपर्क करता था। इधर वसील खून के बदले उसकी कीमत तय करता था। फिर रक्तदान कराकर खून को सीधे जरूरतमंद को बेच दिया जाता था।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-16-09-2023

# मारपीट के मामले में पूर्व चेयरमैन समेत चार का शांतिभंग में चालान

**सलेमपुर।** आपसी विवाद को लेकर शुक्रवार को पूर्व चेयरमैन जय प्रकाश मद्देशिया व उनके भाई सुभाष मद्देशिया के बीच जमकर मारपीट हुई। मामला इतना बढ गया कि दोनों पक्ष से चले लाठी डंडा में पूर्व चेयरमैन को चोटे आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूर्व चेयरमैनह समेत चार को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। जहां चारों को शांति भंग में चालान कर दिया गया। नगर के किशोरगंज वार्ड निवासी पूर्व चेयरमैन जय प्रकाश मद्देशिया के भाई सुभाष मद्देशिया स्टेशन रोड में दुकान चलाते है। दुकान व मकान की बटवारे को लेकर शुक्रवार को दोनों के बीच कहा सुनी हो गई। मामला मार पीट हो गई। किसी ने पूर्व चेयरमैन पर लाठी डंडा से हमला कर दिया। जिससे उन्हें चोटे आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूर्व चेयर मैन व उनके बेटा सूरज मद्देशिया भाई सुभाष व भतीजा बजरंगी को कोतवाली ले जाकर लिखा पढी करने के बाद शांति भंग में चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने कहा कि दोनों पक्षों को शांति भंग में चालान किया गया है।

# शादी का झांसा देकर किया शोषण, केस दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता युवती ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि अभियुक्त द्वारा वादनी को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना रहा था। बाद में शादी करने से इंकार करते हुए वादनी के शादी करने की बात पर न कहते हुए वादनी व वादनी के घर वालों को भद्दी-भद्दी गाली गलौज देते हुए जानमाल की धमकी दिया। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता वादनी के तहरीर पर अभियुक्त आर्यन निषाद पुत्र विजय प्रताप निषाद के खिलाफ धारा 376, 504, 506, 417 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# छह एसआई समेत 104 कर्मियों का तबादला

**देवरिया(एसएनबी)।** एसपी संकल्प शर्मा ने बृहस्पतिवार की देर रात पुलिस महकमे में व्यापक पैमाने पर फेरबदल किया है। इस फेरबदल में 6 एसआई, 11 हे. कां. एवं 87 कां. को इधर से उधर किया गया है।

# पुलिस के जाल में फंसा शंकर पाण्डेय का मुख्य हत्यारा

भईल (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के ग्राम ईशारू निवासी शंकर पाण्डेय हत्याकाण्ड का मुख्य अभियुक्त पुलिस के बुनी जाल में फंस गया है। शीघ्र ही पुलिस इस हत्याकाण्ड का खुलासा कर सकती है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ईशारू गांव निवासी शंकर पाण्डेय की हत्या 9 सितम्बर को सगे दोस्त ने फोन कर बुलाया और चाकूओं से गोदकर उनकी हत्या कर दिया। इतना ही नहीं शव को छुपाने के लिए शव को बोरे में भरकर कार से भागलपुर ले जाकर पक्के पुल से सरयू नदी में फेंक दिया। पुलिस इस घटना में शामिल एक युवक शिवम यादव को गिरफ्तार कर जब कड़ाई से पूछताछ किया तो शिवम ने पूरी घटना की कहानी पुलिस के सामने बयां कर दी। दूसरी तरफ मृतक की पत्नी शिवानी पाण्डेय ने पुलिस को तहरीर देकर दो लोगों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने एक आरोपी शिवम यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया लेकिन घटना में मुख्य आरोपी संजय यादव उर्फ टाटा फरार चल रहा था। गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन व ग्रामीणों ने गुरूवार को सलेमपुर भागलपुर मार्ग को जाम कर अभियुक्त के गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी संजय यादव के गिरफ्तारी के लिए जाल बिछा दिया और चिन्हित ठिकानों पर छापेमारी किया। सूत्रों की मानें तो शंकर पाण्डेय का मुख्य हत्यारा पुलिस के बुनी हुई जाल में फंस चुका है। थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ने बताया कि मुख्य अभियुक्त पुलिस के रडार पर है। शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जायेगा।

# वाहन की ठोकर से मौत, मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर में 19 अगस्त को रोड के किनारे वाहन खड़ा करके उतरे व्यक्ति को पीछे से आ रही चार पहिया वाहन चालक नाम पता अज्ञात द्वारा तेजी व लापरवाही पूर्वक ठोकर मार देना, जिससे व्यक्ति के गंभीर चोट आ गयी। एम्बुलेंस से ईलाज के लिये ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गयी। इस मामले में पुलिस ने मृतक विरेन्द्र गुप्ता निवासी भड़सड़ थाना दुबहल जिला बलिया निवासिनी मृतक की पत्नी सुमन देवी के तहरीर पर समलक्षन चौकी इंचार्ज द्वारा अज्ञात वाहन चालक नाम पता अज्ञात वाहन के खिलाफ धारा 279, 304 (ए) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# वर्कशाप मैनेजर की हत्या के मामले में अंतिम वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। पुरानी रंजिश में एक ई रिक्शा एजेंसी के वर्कशाप मैनेजर की पीटकर हुई हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को घटना में शामिल अंतिम वांछित अभियुक्त को भी रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरी के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में सात लोगों के विरुद्ध हत्या व एसटी ध्एससी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है, जिसमें पुलिस छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज चुकी है। रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र के विशुनपुरा के तिवारी टोला गांव निवासी अजय कुमार (30 वर्ष) पुत्र उपेंद्र प्रसाद की गांव में ही गत 8 सितम्बर की रात पीट पीट कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के पिता उपेन्द्र प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के विरूद्ध धारा 147, 148, 149, 323, 504 , 302 एवं 3(2)5 एससीध्एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। मामले में दो मुख्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फिर बुधवार को पुलिस ने घटना में शमिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बृहस्पतिवार को भी एक और आरोपी पंकज यादव उर्फ भोलू पुत्र छोटक यादव उर्फ राजकिशोर यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले में अंतिम वांछित अभियुक्त राजेश यादव पुत्र चन्द्रिका यादव निवासी ग्राम विशुनपुरा तिवारी टोला को ग्राम डुमरी से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। आरोप है कि इस अभियुक्त द्वारा आपराधिक षडयंत्र कर अजय की हत्या अन्य अभियुक्तों की सहायता से कराई गई थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में ये रहे शामिल-गिरफ्तार करने वाली टीम में रामपुर कारखाना थाने के प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र कुमार राय, उपनिरीक्षक रामअवध राम एवं आरक्षी नागेंद्र यादव शामिल रहे।

# दो के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज

पिण्डी। क्षेत्र के पिण्डी में पिछले दिनों 4 सितम्बर को हुई मारपीट के मामले में लार पुलिस ने दो व्यक्ति पर केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के पिण्डी में 4 सितम्बर को हुई मारपीट के मामले में पीड़ित सुरेश कुमार निवासी जमसडा ने लार पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि आरोपियों ने गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडों से उन्हें मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया और हमारा नाक की हड्डी तोड़ दी।

# आरोपियों को गिरफ्तार करने की एसपी से मांग

देवरिया। बनकटा थाना क्षेत्र के सुंदरपार निवासी मुन्नी देवी पत्नी भीम प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर लड़की हत्या मामले में दर्ज मुकदमें आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। इसमें कहा है कि उनके गांव के कुछ लोगों बेटी को मारा-पीटा तथा उसके साथ छेड़खानी की थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी सुलह करने का दबाव बनाने लगे।

# दो को संदिग्ध समझकर पुलिस को सौंपा

भाटपाररानी। थाना क्षेत्र के बनकटा मिश्र गांव में घूम रहे दो साधुओ को संदिग्ध समझ कर ग्रामीणों ने पुलिस बुला कर उन्हे सौप दिया। पुलिस साधुओ को थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है। शुक्रवार को बनकटा मिश्र गांव में गेरूआ वस्त्र में दाढ़ी रखे दो साधु पहुचे। जिन्हे देख कर ग्रामीणो को कुछ शंका हुआ। वहीं कुछ बच्चे साधुओ को देख कर डर गए और शोर करने लगे। इससे ग्रामीण दहशत में आ गए और इसकी सूचना पुलिस को दी।

# ससुर ने दामाद पर मारपीट का लगाया आरोप

बरियारपुर। क्षेत्र के सरौरा में दामाद ने ससुर को मार कर घायल कर दिया। ससुर ने बरियारपुर थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। शुक्रवार की शाम धर्मदेव शर्मा पुत्र शिव बच्चन शर्मा निवासी सरौरा खेत देखने के लिए घर से जा रहे थे, तभी रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे दामाद ने अपने तीन दोस्तों के साथ हमला कर मारपीट कर घायल कर दिया।

# मंत्री ने पुलिस चौकी का किया लोकार्पण

बघौचघाट/ पथरदेवा।कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बघौचघाट थाना क्षेत्र के पकहां में नवनिर्मित पुलिस चौकी का फीता काटकर लोकार्पण किया। नई चौकी बन जाने के बाद स्थानीय लोगों को पुलिस की त्वरित सेवा मिलनी शुरू हो जाएगी।

देवरिया जिले का पकहां घाट यूपी-बिहार की सीमा को जोड़ता है। यह कृषि मंत्री श्री शाही का पैतृक गांव भी है। पकहां क्षेत्र के आस-पास के गांवों से बघौचघाट थाने की दूरी करीब सात किमी है। इसके चलते कोई घटना होने पर पुलिस को पहुंचने में ज्यादा समय लग जाता था।

# किशोर पुलिस इकाई की बैठक में नये एक्ट पर चर्चा

**बैठक**

- स्कूल, कालेज के आस-पास नशीले पदार्थ पर निगरानी पर दिया जोर
- बाल विवाह की रोकथाम, गोद देने की प्रक्रिया के बारे में दी जानकारी

देवरिया, निज संवाददाता। पुलिस लाईन के मनोरंजन कक्ष में विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक बैठक अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर की अध्यक्षता में हुई। इसमें किशोर न्याय अधिनियम में हुए बदलाव की जानकारी दी गयी तथा उसके अनुरूप बच्चों के हित में कार्य करने का निर्देश दिया गया। संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई जय प्रकाश तिवारी ने विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की।

उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम, अवैध तरीके से बच्चों को गोद न देने तथा गोद देने की प्रक्रिया के बारे में बताया। स्कूल कालेज, हास्टल के समीप शराब की दुकाने, गुटका, तम्बाकू आदि अन्य हानिकारक पदार्थों को बच्चों के सेवन से बचाने को नियमित निगरानी पर जोर दिया गया। विद्यालयों में गठित प्रहरी क्लब के बारे में जानकारी देने के साथ ही जेजे एक्ट की धाराओं के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इसमें वन स्टाप सेन्टर प्रभारी नीतू भारती, प्रभारी थाना एएचटीयू बरजोर सिंह ने गुमशुदा बच्चों एवं उनके मानव व्यापार पर चर्चा की।

**ये रहे मौजूदः** बैठक में वन स्टाप सेन्टर पुलिस चौकी प्रभारी सरोजी वर्मा, उप निरीक्षक सुषमा तिवारी, अकाश सिंह कुशवाहा, सन्तराज राजभर, आरक्षी अरविन्द कुमार आदि मौजूद रहे।

# साइबर अपराधियों ने 96 हजार उड़ाए

- क्रेडिट कार्ड के त्रैमासिक प्लान बंद कराने के नाम पर की ठगी
- ऑनलाइन ठगी करने को जालसाजों ने अपनाया नया तरीका

देवरिया, निज संवाददाता। जालसाजों ने एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से त्रैमासिक इंश्योरेंश प्लान बंद कराने के नाम पर ओटीपी मांग कर 96 हजार की ठगी कर ली है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के साइबर सेल से इसकी शिकायत कर क्रेडिट कार्ड से आनलाइन ट्रांजेक्शन की गयी धनराशि को वापस दिलाने की मांग की है।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के बसंतपुर निवासी मनोज कुमार पाण्डेय आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड धारक हैं। उनके मोबाइल नंबर पर 4 सितंबर की सायं 4.20 बजे फोन आया। फोन करने वाली ने बताया कि वह बैंक के मुंबई हेड आफिस के कस्टमर केयर डिपार्टमेंट से स्वाती बोल रही है। उसने कहा कि क्रेडिट कार्ड पर त्रैमासिक इंश्योरेंश प्लान के रूप में 24 सौ रूपये काटे जायेंगे, इसके लिए आपके द्वारा सहमति दी गयी है। मनोज ने बताया कि क्रेडिट कार्ड लेते समय ऐसी कोई बात नहीं हुई थी। युवती ने उक्त सर्विस बंद कराने को एसएमएस से एक वेबसाइट भेजा। जिस पर मनोज ने प्लान प्रोटेक्शन सर्विस कैंसिलेशन आप्सन चुनने के बाद मांगी गयी जानकारी भर दी। इसके बाद युवती ने बैंलेस फ्रीज कर सुरक्षित करने के नाम पर मोबाइल पर भेजी गयी ओटीपी मांगी। ओटीपी बताने के बाद मनोज के क्रेडिट कार्ड से 96233.10 रूपये डेबिट होने का मैसैज आते ही उनके होश उड़ गये। उन्होंनि उक्त नंबर पर फोन किया तो बताया कि दो घंटे बाद खाते में पुनः पैसा वापस चला जायेगा। ठगी का शिकार होने का एहसास होने पर उन्होंनि बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर फोन किया तो कहा गया कि बैंक से ऐसा कोई फोन नहीं किया जाता है। उन्होंने साइबर क्राइम पोर्टल तथा 1930 नंबर पर फोन कर शिकायत दर्ज कराया।

# कृषिमंत्री ने किया पुलिस चौकी का उद्घाटन

बघौचघाट (एसएनबी)। देवरिया जनपद के अंतिम पूर्वी छोर पर नव सृजित पुलिस चौकी का उद्घाटन प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर उपस्थित जनता एवम पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विहार सीमा से सटे पकहा में पुलिस चौकी स्थापित होने से अपराध पर पूर्ण रूप से अंकुश लगेगा।अख्सर अपराधी यूपी में अपराध कारित करने के बाद विहार सीमा में प्रवेश कर जाते थे लेकिन यहां पुलिस की स्थायी तैनाती से इस समस्या का समाधान हो जायेगा और इसके साथ ही विहार के अपराधी भी यूपी की सीमा में प्रवेश करने में सौ बार सोचेगे। चौकी के उद्घाटन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने जनता को भरोसा दिलाया कि देवरिया जनपद के बघौचघाट थाना क्षेत्र में अपराध का ग्राफ पहले से ही काफी कम है पकहा में चौकी स्थापित होने से अपराध शून्य हो जायेगा। इस अवसर पर नथुनी सिंह कुशवाहा,वाचस्पति तिवारी,सरोज मिश्र,रमेश सिंह,विवेक राय, क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी,थाना प्रभारी मृत्युंजय राय, राजीव कुमार,कुँवर राय, टुनटुन राय, सुरेंद्र राय, युगल किशोर तिवारी,भीम यादव,रमायन साहनी,अनिल प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।

# वर्कशॉप मैनेजर का हत्यारोपी गया जेल

रामपुर कारखाना। शुक्रवार को रामपुर कारखाना पुलिस ने वर्कशॉप मैनेजर के आखिरी हत्यारोपी को दबोच लिया।

स्थानीय थाना क्षेत्र के विशुनपुरा तिवारी टोला निवासी अजय कुमार के छह हत्यारोपियों को पहले ही जेल भेज दिया था। तिवारी टोला निवासी अजय कुमार की रंजिश के चलते गांव के ही सात लोगों ने मिलकर लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दिया था। मामले में पुलिस ने मृतक के पिता उपेंद्र कुमार की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ हत्या और एससी एसटी का केस दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार राय, एसआई राम अवध राम और कांस्टेबल नागेंद्र यादव ने राजेश यादव को डुमरी चौराहे से दबोच लिया। लिखा पढ़ी के बाद पुलिस ने आरोपी राजेश को कोर्ट भेजा, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# दो एसआई समेत नौ लाइन हाजिर, 95 का तबादला

## फेरबदल

- एसपी ने गुरुवार की देर रात पुलिसकर्मियों का किया स्थानांतरण
- कानून व्यवस्था ठीक करने के लिए पुलिस कर्मियों का तबादला

देवरिया,निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने गुरुवार की रात जिले के दो उप निरीक्षकों समेत 9 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। उन्होंने कुल 95 पुलिस कर्मियों का तबादला कर दिया। कानून व्यवस्था को और बेहतर करने को पुलिस कर्मियों की विभिन्न थानों पर तैनाती की गयी।

एसपी संकल्प शर्मा ने खराब प्रदर्शन करने के चलते सम्मन सेल में तैनात उप निरीक्षक संतराज व विनोद कुमार सिंह तथा सदर कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल संजय सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। इसके अलावा एकौना थाने के हेड कांस्टेबल योगेन्द्र कुमार यादव, भटनी थाने के कांस्टेबल सद्दाम हुसैन व महिला कांस्टेबल रंजना गौड़, बनकटा थाने में तैनात महिला सिपाही निवेदिता चतुर्वेदी, खामपार थाने में तैनात कांस्टेबल आशीष यादव, व बरियारपुर के कांस्टेबल कृष्णानंद यादव को पुलिस लाइन से संबंद्ध किया गया है। खुखुन्दू थाने में तैनात एसआई शशिनाथ गोस्वामी को बनकटा, रामपुर कारखाना थाने पर तैनात उप निरीक्षक प्रभा सिंह को रूद्रपुर, खुखुन्दू थाने पर तैनात उप निरीक्षक अभिषेक यादव को सदर कोतवाली तबादला किया गया है। इसके अलावा 95 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल को जिले के विभिन्न थाने से स्थानान्तरण किया गया है। एसपी को सभी स्थानान्तरित किये गये पुलिस कर्मियों को नई तैनाती स्थल पर कार्य भार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। आने वाले महीनों में पड़ने वाले त्योहारों को देखते हुए कानून-व्यवस्था को और चुस्त-दुरूस्त करने को यह तबादला किया गया है।

# रंगदारी मांगने की एसपी से शिकायत

देवरिया। भलुअनी निवासी रमाकांत मद्धेशिया ने एसपी से एक व्यक्ति के खिलाफ साढ़े तीन लाख रूपया रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की है।

भलुअनी क्षेत्र के पटखौली निवासी विश्वनाथ से 26 मार्च-21 को जमीन बैनामा लिया। इसमें उक्त गांव निवासी एक व्यक्ति गवाह है। उसने कई बार में 85 हजार रूपया उधार के नाम पर लिया। अब उक्त व्यक्ति साढ़े तीन लाख रूपया रंगदारी मांग रहा है और नहीं देने पर बैनामा निरस्त कराने की धमकी दे रहा है। उसके धमकी व उत्पीड़न से उनकी सेहत खराब हो गयी है। उक्त व्यक्ति ने 13 सितंबर को कुछ लोगों के साथ दुकान पर पहुंच कर 10 दिन में पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है।

कस्तूरबा विद्यालय से 13 सितंबर को फरार हो गए थीं दो छात्राएं

# छात्रा के भागने के मामले में वार्डन भटनी से संबद्ध

**हि फॉलोअप**

- अपने घर पहुंची बघौचघाट की छात्रा ने लगाया था स्कूल में काम कराने का आरोप
- खण्ड शिक्षा अधिकारी देवरिया सदर व भलुअनी को सौंपी गई है मामले की जांच

**पहले भी लगा चुका है आरोप**

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रामपुर कारखाना में चार वर्ष पूर्व भी उस समय की छात्राओं से स्कूल में कार्य कराया जाता था। उस समय के वार्डन के विरुद्ध छात्राओं ने अधिकारियों से जांच में शिकायत की थी।

> रामपुर कारखाना स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से दो छात्राओं के भागने और उनके द्वारा लगाए गए आरोप की जांच के लिए दो खंड शिक्षाधिकारियों की टीम बनाई गई है। जो जांच कर अपनी रिपोर्ट देंगे। साथ ही वार्डेन को वहां से हटाकर भटनी विद्यालय से संबंध कर दिया गया है।
>
> -शालिनी श्रीवास्तव, बीएसए, देवरिया

देवरिया, निज संवाददाता। रामपुर कारखाना कस्तूरबा बालिका विद्यालय की दो छात्राओं के फरार होने के मामले में वार्डन को हटाते हुए कस्तूरबा विद्यालय भटनी से संबद्ध कर दिया गया है। यही नहीं इस मामले की जांच के लिए बीएसए ने दो सदस्यीय टीम गठित की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही विभाग आगे की कार्रवाई करेगा। जांच टीम में खण्ड शिक्षा अधिकारी देवरिया सदर व भलुअनी शामिल हैं।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रामपुर कारखाना से 13 सितम्बर की देर शाम कक्षा 8 की दो छात्राएं चहारदीवारी फांद कर फरार हो गई थी। इसमें एक छात्रा बघौचघाट क्षेत्र की दूसरी गोरखपुर की रहने वाली थी। आवासीय विद्यालय से दो छात्राओं के गायब होने पर शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया था। बीएसए ने स्कूल में पहुंच कर वार्डेन, शिक्षिकाओं और छात्राओं से मामले की जानकारी ली थी। छात्राओं की तलाश किया गया तो पता चला कि दोनों अपने घर पहुंच गई है। बीएसए ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वार्डेन और कर्मचारियों को फटकार लगाई थी।

बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने छात्राओं मिलकर बात की। बीएसए ने छात्राओं द्वारा लगाए गए आरोप की जांच के लिए दो सदस्यों की कमेटी का गठन किया है। जांच टीम में देवरिया सदर के खंड शिक्षाधिकारी विजय पाल नारायण त्रिपाठी और भलुअनी के खंड शिक्षाधिकारी सूरज कुमार शामिल है। दोनों अधिकारी पूरे प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट बीएसए को देंगे। बीएसए ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डेन कीर्ति मिश्रा को भटनी से संबद्ध कर दिया गया है।

**छात्राओं ने वार्डेन और शिक्षिकाओं पर लगाई थी आरोप:** छात्राओं ने स्कूल में शिक्षिकाओं द्वारा बर्तन धुलवाने और भोजन बनवाने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों के मुताबिक काम कराने से व्यथित होकर छात्राओं ने विद्यालय से भाग कर घर आई है। अभी भी छात्राएं स्कूल जाने के लिए तैयार नही हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई जा रही है।

# ईओ को अपशब्द कहने वाले युवक पर केस दर्ज

रामपुर कारखाना। नगर पंचायत रामपुर कारखाना के अधिशासी अधिकारी को अपशब्द कहने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज हुआ है। मामले में अधिशासी अधिकारी ने सरकारी काम में हस्तक्षेप और अपशब्द कहने का आरोप युवक पर लगाया था। केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

नगर पंचायत रामपुर कारखाना के अधिशासी अधिकारी रोहित पांडेय ने ठाकुर रामेश्वर सिंह वार्ड निवासी आबिद अली अंसारी उर्फ बेचन पर 14 सितंबर को कार्यालय में पहुंचकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाया। मामले में युवक का कहना है कि वह एसी रिपेयर करने की मजदूरी मांगने गया था। अधिशासी अधिकारी ने युवक पर आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी।

# पूर्व चेयरमैन समेत चार का शांतिभंग में चालान

सलेमपुर: पूर्व चेयरमैन जय प्रकाश मद्धेशिया व उनके भाई सुभाष मद्धेशिया के बीच शुक्रवार को मारपीट हो गई। पुलिस ने पूर्व चेयरमैन समेत चार लोगों का शांतिभंग में चालान किया। किशोरगंज वार्ड निवासी पूर्व चेयरमैन जय प्रकाश मद्धेशिया के भाई सुभाष मद्धेशिया स्टेशन रोड में दुकान चलाते है। दुकान व मकान की बंटवारे को लेकर शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने जयप्रकाश मद्धेशिया व उनके बेटा सूरज मद्धेशिया, भाई सुभाष व भतीजा बजरंगी का शांति भंग में चालान कर दिया।

# लापता वृद्ध का अस्पताल में चल रहा इलाज

जासं, खुखुंदू: परसिया करकटही गांव के रहने वाले वृद्ध मंगलवार को बेटी के ससुराल जाने के लिए घर से निकले। बेटी से मिलकर लौट रहे थे तो लापता हो गए। बाद में वह घायल अवस्था में अस्पताल में मिले। बच्चा प्रसाद मंगलवार को घर से बेटी से मिलने उसकी ससुराल बहादुरपुर गांव के लिए निकले। बेटी से मिलकर खुखुंदू के भटहर टोला चले गए। फिर मिलकर वापस घर जाने के लिए खुखुंदू चौराहे आए, जहां बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद वृद्ध को इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गया।

# किशोरों के साथ करें अच्छा व्यवहार : एसपी

देवरिया: पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक बैठक हुई। एएसपी डा.राजेश सोनकर ने कहा कि किशोरों के साथ थानों में अच्छा व्यवहार करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जब भी किशोरों के सामने जाएं तो बिना वर्दी के जाएं।

जिला संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी ने बाल विवाह के रोकथाम, किसी भी अवैध तरीके से बच्चों को गोद न दिए जाने, गोद देने की प्रक्रिया समेत विभिन्न तरह की जानकारियां दी।

इस दौरान बाल कल्याण समिति सदस्य विवेकानंद मिश्र, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड ब्रजेश नाथ तिवारी, एएचटीयू प्रभारी बरजोर सिंह, नीतू भारती प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

## सपा नेताओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, डीएम को ज्ञापन

**जासं, देवरिया:** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष व्यास यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और दो सूत्रीय मांगों को पूरा करने के लिए हुंकार भरी। डीएम ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सीएचसी लार में तैनात डाक्टर ने सपा नेता ध्रुव गुप्ता के साथ दुर्व्यवहार किया। मार्ग दुर्घटना में घायल अपनी भतीजी खुशी गुप्ता का वह उपचार कराने अस्पताल गए थे। इस प्रकरण में अस्पताल के सामने धरना दिया गया। पुलिस के हस्तक्षेप व कार्रवाई के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ। आज तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिससे सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। वहां तैनात डाक्टर की संबद्धता समाप्त कर मूल तैनाती स्थल भेजा जाए। ध्रुव गुप्ता व उनके साथियों पर लार थाना में दर्ज मुकदमे को निरस्त किया जाए। मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो सपा रणनीति बनाकर आंदोलन करेगी।

यहां दीनानाथ चौधरी, हृदयनारायण जायसवाल, जयराम राजभर, राजेन्द्र प्रसाद, दीनानाथ यादव, ऋषिकेश यादव, पारसनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

## एनआइए ने किसान नेता से की पूछताछ, घर जाने की दी अनुमति

**जासं, देवरिया:** आजमगढ़ के खिरिया बाग व संयुक्त किसान मोर्चा के नेता राजेश चौहान से लखनऊ में एनआइए ने शुक्रवार को तीन घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद उन्हें घर जाने की अनुमति दे दी। अधिकारियों ने जरूरत पड़ने पर पुनः बुलाने की बात कही।

शहर के उमानगर मोहल्ले में जनवादी दल के राष्ट्रीय सचिव डा.रामनाथ चौहान के घर पांच सितंबर को एनआइए (नेशनल इंवेस्टीगेशन एजेंसी) की टीम ने छापेमारी की। कम्युनिस्ट विचारधारा से जुड़े उनके पुत्र व आजमगढ़ के किसान नेता राजेश चौहान व बहू चंद्रावती देवी से पूछताछ की थी। इसके बाद 11 सितंबर व 12 सितंबर को लखनऊ में बुलाकर टीम ने पूछताछ की। एनआइए ने राजेश ने सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहनता से पूछताछ की।

शुक्रवार को लखनऊ में पुनः पूछताछ के लिए टीम ने तलब किया। दोपहर दो बजे से तीन घंटे तक टीम ने पूछताछ की। डा.रामनाथ चौहान ने बताया कि टीम ने मेरे पुत्र से पूछताछ की है। उसके बाद घर जाने की अनुमति दी है।

# मुरादाबाद से जुड़ा है नकली नोट का तार, आरोपित भेजे गए जेल

**जासं, देवरिया:** जिले में पांच सौ रुपये के छह नकली नोट बरामदगी के मामले में पुलिस को अहम जानकारी हाथ लगी है। इसका तार मुरादाबाद के रामगंगा बिहार से जुड़ा हुआ है। पकड़े गए दोनों आरोपितों से पुलिस के साथ ही विभिन्न जांच एजेंसियों ने घंटों पूछताछ की। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों जेल भेज दिए गए।

सदर कोतवाली के महुआनी चौराहे के समीप स्थित देसी शराब की दुकान पर शराब की खरीदारी करने गए बरियारपुर थाना के मरचइया बेलवनिया के रहने वाले रविन्द्र ठाकुर व सुनील प्रसाद को गुरुवार की रात पांच सौ के छह नकली नोट के साथ लोगों ने पकड़ लिया। साथ ही पुलिस को सौंप दिया। नकली नोट के साथ दो लोगों के पकड़े जाने पर पुलिस महकमे में खलबली मच गई। आधी रात को सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी व एसओजी टीम पहुंची और घंटों पूछताछ की। जबकि शुक्रवार को अभिसूचना इकाई समेत विभिन्न जांच एजेंसियां भी पहुंची और दोनों से घंटों पूछताछ की। पूछताछ में रविन्द्र ठाकुर ने बताया कि वह मुरादाबाद के राम गंगा बिहार में



नकली नोट के साथ गिरफ्तार आरोपित • सौ. पुलिस

रहकर मजदूरी करता है। उसे वहां से 4500 रुपये मिले थे। उसमें 1500 रुपये खर्च कर दिया है। 13 सितंबर को वह गांव आया था। अगले दिन अपने दोस्त सुनील प्रसाद के साथ शराब खरीदने के लिए दुकान पर पहुंचा था। उसे नहीं मालूम था कि ये नोट नकली हैं। पूछताछ में आरोपित ने स्पष्ट नहीं किया कि उसे नोट किसने दिया है। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि पूछताछ की गई है। दोनों जेल भेज दिए गए हैं। जल्द ही मुरादाबाद टीम भेजकर इसकी जांच कराई जाएगी।



# पांच के विरुद्ध अपहरण के प्रयास का मुकदमा दर्ज

**जासं, देवरिया**: 20 माह पहले बस स्टेशन रोड से दुकानदार के अपहरण के किए गए प्रयास के मामले में पुलिस ने एक नामजद व चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर किया है।

देवरिया खास के रहने वाले अनिल कुमार चौरसिया का आरोप है कि उनकी बस स्टेशन रोड में दुकान है। वह 22 जनवरी 2022 को अपने पिता, भाई व कर्मचारियों के साथ दुकान पर थे। इस बीच हरिओम जायसवाल चार लोगों के साथ पहुंचा। उसमें से एक व्यक्ति वर्दी पहना हुआ था। जबरिया मुझे चार पहिया गाड़ी में बैठाने लगे। विरोध करने पर अपशब्द बोलने लगे। अपहरण करने की उनकी साजिश को देख हम व हमारे परिवार के लोगों ने शोर किया तो आसपास के लोग आ गए। इसके बाद आरोपित फरार हो गए। उन्होंने कोतवाली पुलिस व एसपी से भी कार्रवाई की गुहार लगाई। लेकिन इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।

# हड़ताल समाप्त, जमानत याचिकाओं पर हुई सुनवाई

- प्रतिकूल आदेश पारित न करने का दिया प्रस्ताव
- जनपद न्यायाधीश के कोर्ट में करीब 175 जमानत प्रार्थना पत्र लंबित

**विधि संवाददाता, देवरिया**: हापुड़ के वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं का हड़ताल गुरुवार को खत्म हो गया। जमानत याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई हुई; लेकिन डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने फरियादियों के न आने से प्रतिकूल आदेश पारित न करने का प्रस्ताव दिया। दीवानी न्यायालय परिसर में रोज की अपेक्षा अधिक चहल-पहल देखी गई।

आंकड़ों पर गौर करें तो दीवानी न्यायालयों में करीब डेढ़ लाख मुकदमे लंबित है। यहां प्रतिदिन करीब तीन सौ महिलाएं गुजारा भत्ता व पारिवारिक विवाद के निपटारे के लिए कचहरी आती हैं। उप्र बार काउंसिल के आह्वान पर 30 अगस्त से अधिवक्ता हड़ताल पर थे। जिले में छोटे-छोटे मामलों में भी जमानत याचिकाओं की सुनवाई नहीं हो सकी थी। जिसके कारण जनपद न्यायाधीश के न्यायालय में करीब 175 तो अन्य न्यायालयों में करीब तीन सौ जमानत प्रार्थना पत्र लंबित हैं। अधिवक्ताओं की हड़ताल समाप्त होते ही जमानत याचिका की सुनवाई में तेजी हो गई। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को फरियादियों की अनुपस्थिति में कोई प्रतिकूल आदेश पारित न करने का प्रस्ताव दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष कुमार मिश्र के मुताबिक, 15 दिन बाद हड़ताल समाप्त होने की जानकारी सभी फरियादियों को नहीं हो पाई है।

**एक माह से बंद किशोर आरोपित को मिली जमानत** : हड़ताल के कारण एक माह से बंद आरोपित किशोर की जमानत शुक्रवार को हुई। आरोपित की मां ने भगवान को धन्यवाद दिया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद्र राव व सिंहासन गिरी ने बिना अधिवक्ताओं को विश्वास में लिए निर्णय पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र ने बार काउंसिल के निर्णय को सराहनीय बताया।

# अधिशासी अधिकारी से दुर्व्यवहार, युवक पर केस

**देवरिया।** रामपुर कारखाना नगर पंचायत कार्यालय में पहुंच कर एक युवक ने अधिशासी अधिकारी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए सरकारी काम में बाधा उत्पन्न की। इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस अधिशासी अधिकारी की तहरीर पर युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। रामपुर कारखाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रोहित पांडेय ने तहरीर में आरोप लगाया है कि नगर पंचायत के ठाकुर रामेश्वर सिंह वार्ड के रहने वाला आबिद अली अंसारी उर्फ बेचन 14 सितंबर को नगर कार्यालय में पहुंचा। उसने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए सरकारी काम में बाधा पहुंचाई। मामले में हल्का के एसआई रामअवध राम ने बताया कि अधिशासी अधिकारी की तहरीर पर केस कर लिया गया है। उधर आरोपी ने बताया कि आरोप गलत है। मेरे द्वारा ईओ का एसी बनाया गया था। जिसे लेकर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और मजदूरी मांग रहे थे। इसी बात पर भड़क गए और मेरे खिलाफ केस दर्ज करा दिए हैं। संवाद

## स्कूल का ताला तोड़कर सिलेंडर चोरी

भटनी : क्षेत्र के छपिया जयदेव प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर चोर गुरुवार की रात रसोई गैस सिलेंडर चुरा ले गए। इस मामले में प्रधानाध्यापक कुसुम सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है।

## हत्यारोपित को भेजा गया जेल

देवरिया : रामपुर कारखाना के विशुनपुरा तिवारी टोला में अजय कुमार की पीट-पीट कर हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित राजेश यादव को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इसके पहले छह आरोपित जेल भेजे जा चुके हैं।

## 96 हजार रुपये की ठगी

देवरिया : शहर के रहने वाले मनोज पांडेय के खाते से जालसाजों ने 96 हजार रुपये की ठगी कर ली है। इस मामले में उन्होंने साइबर सेल में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस जांच कर रही है।

## 11 लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

देवरिया : बरहज थाना के देउबारी गांव में चार दिन पहले हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने 11 लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। गांव की रीना देवी का आरोप है कि उनका बेटा चार दिन पहले दरवाजे पर खेल रहा था। खेल के दौरान बच्चों में विवाद हो गया। इसके बाद विवाद बढ़ गया। इसके बाद बड़ों में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने धनपाल, काशीनाथ, बबली, कालिंदा, मुन्ना, सीमा, मुल्की देवी, अंजली, निर्जला, रंजना, संतोष के विरुद्ध हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

## सात के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज

देवरिया : बरहज नगर के पुराना बरहज में भूमि से पैमाइश का पत्थर उखाड़ फेंकने के मामले में पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया है, जिसमें चंदा देवी, पीयुष, बिंदी देवी, सिरजावती देवी, अन्नू, राजेंद्र, कौशल्या देवी शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस ने मृत्युंजय सिंह की तहरीर पर की है।

# प्रभारी निरीक्षक के नाम पर 68 हजार की ठगी

जासं, देवरिया: जिले में साइबर अपराधी अब पुलिस अधिकारियों के नाम पर भी ठगी करने लगे हैं। गौरीबाजार थाने के प्रभारी निरीक्षक (इंस्पेक्टर) के नाम पर 68 हजार रुपये की ठगी की गई है। अब प्रकरण की जांच जिले की साइबर क्राइम सेल की टीम कर रही है।

गौरीबाजार के रहने वाले रिंकू बाबा के मोबाइल पर एक सप्ताह पहले फोन आया। फोन करने वाले ने अपने को प्रभारी निरीक्षक गौरीबाजार बताया और परिवार के सदस्य की तबीयत खराब होने की बात कहते हुए 80 हजार रुपये की मांग की गई। संबंधित व्यक्ति ने 68 हजार रुपये संबंधित नंबर पर ट्रांसफार्मर कर दिया। लगभग एक घंटे बाद फिर फोन आया और रुपये की मांग की गई। इस पर संबंधित व्यक्ति को संदेह हुआ तो वह नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप मद्धेशिया को इसकी जानकारी देने के साथ ही पुलिस को भी जानकारी दी। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक अवाक रह गए। साथ ही इसकी जांच शुरू कराई। सूचना के बाद खलबली मच गई। अब प्रकरण की जांच साइबर सेल की टीम कर रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप मद्धेशिया ने बताया कि उनके मित्र रिंकू बाबा के साथ जालसाजी हुई है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने बताया कि जालसाजी हुई है। उन्होंने बताया कि प्रकरण की जांच अब साइबर क्राइम सेल की टीम कर रही है।




# पांच लोगों के विरुद्ध लूट व बलवा का मुकदमा

जासं, देवरिया: बनकटा थाना क्षेत्र के अघाव में साढ़े तीन माह पहले हुई मारपीट व लूट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध लूट व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। गांव के लल्लन यादव का आरोप है कि वह एक कुत्ता पाल रखे हैं। बीते छह जून की शाम छह बजे पड़ोस के लिए कुछ लोग आए और कुत्ता को मारने लगे।

जब उन्होंने मना किया तो आरोपितों ने पिटाई की। साथ ही उनकी पत्नी के गले में मौजूद सोने की चेन लूट ली और फरार हो गए। इस मामले में अब पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें रामचंद्र यादव, प्रिंस यादव, पूनम देवी, सिवान जनपद के गुठनी थाना के बेलऊर गांव की ममता देवी व मुन्ना यादव भी शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक मुकेश मिश्र ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है।

# शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म, मुकदमा

**जासं, रुद्रपुर**: शादी का झांसा देकर युवती के साथ चार वर्षों से युवक शारीरिक संबंध बनाता रहा। युवती ने जब शादी का दबाव बनाया तो युवक ने इंकार कर दिया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती से उसी गांव का युवक वर्ष 2019 से शारीरिक संबंध बनाता रहा। दोनों कक्षा में एक साथ पढ़ते थे। इसी दौरान युवक लखनऊ और दिल्ली भी घुमाने ले गया। कुछ दिन पूर्व जब युवती ने उससे शादी करने की बात कही तो वह टालमटोल करता रहा। जब स्वजन ने भी उसके घर पर जाकर शादी का दबाव बनाया तो गाली गलौज कर मारने पीटने की धमकी देने लगा। पुलिस ने युवती की शिक्रायत पर आर्यन निषाद के विरुद्ध दुष्कर्म समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# असलहे के शौकीन... अब लाइसेंस के लिए देवरिया-संतकबीरनगर में बन रहे किराएदार

## गोरखपुर में असलहा का लाइसेंस न बनने की वजह से दूसरे जिले में कर रहे आवेदन

शिवम सिंह

गोरखपुर। असलहे के शौकीनों ने अब लाइसेंस हासिल करने के लिए ठिकाना बदल दिया है। वे दूसरे जिलों में लाइसेंस पाने के लिए आवेदन कर रहे हैं। कोई लखनऊ तो कोई पड़ोसी जिले संतकबीरनगर, देवरिया से आवेदन कर रहा है।

इसके लिए एक साल से किरायेदार भी बने हैं। अब इनकी फाइल गृह जनपद में जांच के लिए आई है तो ये पुलिस ऑफिस में जुगाड़ तलाश रहे हैं। दूसरे जिलों से आवेदन करने वालों में कई जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, फर्जी शस्त्र लाइसेंस प्रकरण आने के बाद से असलहे का लाइसेंस गोरखपुर में नहीं बन रहा है, जबकि आसपास के जिलों में रोक नहीं है। पिछले करीब चार साल में महज सात लाइसेंस ही जारी किए गए हैं।

इसमें भी एक खिलाड़ी है, जिसे शूटिंग प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जाना था। वहीं दूसरा झंगहा थाना क्षेत्र में ढाई लाख के इनामी द्वारा हत्या किए जाने पर पीड़ित परिवार को असलहे का लाइसेंस दिया गया था।

इन दोनों चर्चित मामलों के अलावा चार और लोग लाइसेंस बनवा पाए हैं। बताया जा रहा है कि ये लोग पुलिसकर्मी हैं। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि असलहे के लाइसेंस के लिए किसी भी जिले से आवेदन किया जा सकता है, लेकिन उसकी जांच निवास स्थान वाले जिले से ही की जाएगी।

यहां से संस्तुति मिलने के बाद ही उसे लाइसेंस मिल सकता है। कुछ लोगों ने दूसरे जिले से आवेदन किया है। इसकी जांच जारी है।

**असलहा माफिया**




**केस 1**

सहजनवां क्षेत्र के निवासी जनप्रतिनिधि ने लखनऊ से लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। एक कॉलोनी में पिछले एक साल से किराए पर मकान भी लिए हैं, जिसके आधार पर उन्होंने आवेदन किया है। इन दिनों वह पुलिस ऑफिस में आकर अपनी फाइल को आगे बढ़ाने के लिए पैरवी कर रहे हैं।

**केस 2**

गोरखपुर में रहने वाले एक शख्स ने संतकबीरनगर में असलहे के लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। विभिन्न थानों से संस्तुति मिलने के बाद उनकी फाइल पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है। जांच के दौरान कुछ शिकायतें मिलने के बाद उनकी फाइल को एक बार फिर गोरखनाथ थाने को जांच के लिए भेज दिया गया है।

### रुपये दो असलहे का लाइसेंस लो...अब नहीं चलेगा खेल

गोरखपुर। तकरीबन 200 लोगों को असलहे का फर्जी लाइसेंस देने वाले धंधेबाजों पर अब जल्द ही बड़ी कार्रवाई की तैयारी है। डीएम दफ्तर के दो असलहा बाबू और एक कंप्यूटर ऑपरेटर की मदद से रवि गन हाउस से फर्जी शस्त्र लाइसेंस प्रकरण की जांच अब पूरी हो गई है। डीएम ने निलंबित कर्मचारियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने की अनुमति दे दी है। पुलिस इस गिरोह के सरगना पूर्व असलहा बाबू रहे राम सिंह, अशोक गुप्ता और कंप्यूटर ऑपरेटर अजय गिरी पर गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी। खबर है कि धंधेबाजों की अवैध कमाई से हासिल संपत्ति पर बुलडोजर भी चल सकता है। जानकारी के मुताबिक, 4 अगस्त 2019 को फर्जी शस्त्र लाइसेंस का प्रकरण सामने आया था। गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रहने वाले तनवीर अहमद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जिले में फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया था। तत्कालीन असलहा बाबू राम सिंह ने इस मामले में केस दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में पता चला कि असलहा बाबू रहे राम सिंह, पूर्व असलहा बाबू अशोक गुप्ता, सेवानिवृत्त बाबू विजय प्रताप श्रीवास्तव, संविदाकर्मी अजय प्रताप गिरी भी गिरोह से जुड़े थे। नाम प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने इनके साथ ही मुख्य आरोपी रवि गन हाउस के संचालक रवि पांडेय समेत 15 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया। विवेचना में आरोप की पुष्टि होने पर विजय प्रताप, विकास तिवारी, तनवीर, शमशेर आलम, प्रणय प्रताप, शमशाद, विजय प्रताप श्रीवास्तव, आजम लारी, शाहिद अली, अशफाक अहमद, विवेक मद्धेशिया, रवि प्रताप पांडेय, राम सिंह, अशोक गुप्ता और अजय प्रताप गिरी को आरोपी बनाया।

# वर्कशॉप मैनेजर के हत्यारोपी को भेजा जेल

देवरिया। रामपुर कारखाना क्षेत्र के विशुनपुरा टोला निवासी वर्कशॉप मैनेजर की हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को डुमरी चौराहे से और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में छह आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं। थाना क्षेत्र के विशुनपुरा तिवारी टोला निवासी व वर्कशाप के मैनेजर अजय कुमार की रंजिश के चलते गांव के ही सात लोगों ने मिलकर लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने मृतक के पिता उपेंद्र कुमार की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। संवाद



बघौचघाट थाना क्षेत्र के पकहां में नवनिर्मित पुलिस चौकी का कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया उद्घाटन। संवाद

# कृषि मंत्री ने किया पुलिस चौकी का उद्घाटन

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जनपद के अंतिम पूर्वी छोर पर नव सृजित पुलिस चौकी का उद्घाटन शुक्रवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने फीता काटकर किया।

उन्होंने कहा कि बिहार सीमा से सटे पकहा में पुलिस चौकी स्थापित होने से अपराध पर पूरी तरह से अंकुश लगेगा।

अक्सर अपराधी यूपी में अपराध करने के बाद बिहार सीमा में प्रवेश कर जाते थे, लेकिन यहां सुरक्षा कर्मियों की स्थायी तैनाती से इस समस्या का समाधान हो जाएगा। वहीं बिहार के अपराधी भी यूपी की सीमा में प्रवेश करने में सोचेंगे। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने जनता को भरोसा दिलाया कि जनपद के बघौचघाट थाना क्षेत्र में अपराध का ग्राफ पहले से ही काफी कम है।

यहां चौकी स्थापित होने से अपराध शून्य हो जाएगा। इस दौरान नथुनी सिंह कुशवाहा, वाचस्पति तिवारी, सरोज मिश्र, रमेश सिंह, विवेक राय, क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# पांच लोगों पर मारपीट व बलवा का केस

भाटपाररानी। बनकटा थाना अंतर्गत ग्राम अघाव में लल्लन यादव की नामजद तहरीर पर रंजिशवश घर में घुसकर मारने पीटने व महिलाओं के गले की चेन छीनने का मुकदमा शुक्रवार की शाम को बनकटा थाने मे दर्ज किया गया है। इसमें आरोपी रामचंद्र यादव ,प्रिंस यादव, पूनम देवी, निवासीगण अघाव तथा ममता देवी व मुन्ना यादव निवासी बेलउर, थाना गुठनी जिला सिवान सम्मिलित हैं। एसओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि पांच लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं मे केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। संवाद

# वार्डन हटाई गईं, खंड शिक्षाधिकारी सदर व भलुअनी करेंगे मामले की जांच

## कस्तूरबा विद्यालय रामपुर कारखाना से दो छात्राओं के दीवार फांद कर भागने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। डायट परिसर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रामपुर कारखाना से दो छात्राओं के चहारदीवारी फांदकर भागने के मामले में वार्डन कीर्ति मिश्रा को विद्यालय से हटा दिया गया है। साथ ही इसकी जांच के लिए खंड शिक्षाधिकारी देवरिया सदर विजयपाल नारायण त्रिपाठी एवं भअलुनी के सूरज कुमार को नामित किया गया है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रामपुर कारखाना में गोरखपुर की तेनुआ गांव की रहने वाली मुस्कान व बघौचघाट के घुड़ीकुंड की खुशी कक्षा छठवीं में पढ़ती हैं। 13 सितंबर की शाम को दोनों स्कूल के पीछे स्थित शौचालय की टंकी के सहारे चहारदीवारी फांद कर फरार हो गईं। वार्डन की सूचना पर सक्रिय हुए जिला प्रशासन के अधिकारी दोनों छात्राओं की खोज में लग गए थे। कुछ देर बाद दोनों के अपने घर पहुंच जाने का पता चला तो कस्तूरबा के संचालनकर्ताओं व विभागीय अधिकारियों ने चैन की सांस ली। शुरुआती जांच में घटना के अगले दिन होने वाली नैट परीक्षा के भय से इनके यहां से भागने की बात अधिकारी कह रहे हैं। इनके से एक बालिका ने बृहस्पतिवार को आकर नैट परीक्षा में शामिल भी हुई।

मामले में खास बात तो यह है कि अधिकारी जिले के 13 कस्तूरबा विद्यालयों की गड़बड़ियों व समस्याओं को दूर करने के बजाय छात्राओं के उत्पीड़न किए जाने के आरोपों को ही गलत साबित करने में लगे हैं। उधर, इन विद्यालयों की व्यवस्था से जुड़े हुए लोग ही शासन से संचालन के लिए हर माह मिलने वाले 1.80 लाख रुपये में से ही अधिकारियों के लिए 40 प्रतिशत तक कमीशन तय होने और वार्डन की ओर से इसे न दिए जाने पर उन्हें परेशान किए जाने की भी बात कह रहे हैं।

*कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रामपुर कारखाना से कक्षा छठवीं की दो छात्राओं के भागने के मामले की जांच बीईओ सदर व भलुअनी करेंगे। जांच प्रक्रिया पूरी होने तक वार्डन कीर्ति मिश्रा भटनी स्थित कस्तूरबा विद्यालय से संबद्ध रहेंगी। एक छात्रा वापस आ भी गई है, दूसरी को पुनः वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है।*

– शालिनी श्रीवास्तव, बीएसए

कस्तूरबा विद्यालय की दो छात्राएं चहारदीवारी फांदकर भागीं

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

### अनहोनी हो जाती तो कौन होता जिम्मेदार

चहारदीवारी फांद भागने वाली छात्राएं देर शाम तक अपने घर पहुंच गईं थीं। शुक्र ही था उनके साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। मामले के संज्ञान में आने के बाद से ही अधिकारी भी बेहद परेशान होकर बालिकाओं की तलाश में लग गए थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि दोनों अपने घर पहुंच गईं हैं तब उन्होंने राहत की सांस ली। सभी मान भी रहे कि खुदा न खास्ता रात के वक्त अगर इनमें से किसी के साथ कोई अनहोनी हो गई होती तो क्या होता। फिर इसका जिम्मेदार किसे माना जाता।

# बेच्च दे रहे नजूल की जमीन

**देवरिया।** शहर में कई जगहों पर नजूल की जमीन है। रामनाथ देवरिया, सीसी रोड, सिविल लाइंस, चकियवा के पास नजूल की जमीन का सौदा कर दिया गया। इन जगहों पर तो बाकायदे प्लॉटिंग कर बेच दिया गया। जब बैनामा की बात आई तो नजूल की जमीन बेचने वाले ने यह कहते हुए हाथ खड़े कर लिए कि बैनामा नहीं होगा। इसके पेच में उनका नक्शा फंस गया। सिविल लाइंस रोड पर दो मकान नजूल में हैं, जिनमें एक का एक करोड़ तीस लाख और दूसरे ने साठ लाख रुपये में सौदा किया था। संवाद

# जमीन का पता नहीं, कमा लिए करोड़ों रुपये

**देवरिया।** दो महिलाओं ज्योति और काजल के खिलाफ सदर कोतवाली में केस दर्ज है। इन दोनों महिलाओं ने महज दो कट्ठे की जमीन को दिखाकर करीब साढ़े छह करोड़ रुपये शातिर तरीके से ठग लिए। पीड़ित रीमा सिंह की तहरीर पर केस दर्ज हो गया, लेकिन अभी तक रुपये के वापसी की कोई गारंटी नहीं है। पुलिस आरोपियें को गिरफ्तार तक नहीं कर पाई है। संवाद

# सोशल मीडिया पर जमीन, मकान की सेल... रहें सतर्क वरना हो जाएगा खेल

## लुभावने ऑफर के झांसे में आकर बयाना दे दिया तो गाढ़ी कमाई डूबनी तय

**केस 1** बरहज थाना क्षेत्र निवासी अजय मिश्रा ने बताया कि फेसबुक पर लखनऊ में 37 लाख रुपये में मकान बिकने का प्रचार देखा और दिए गए फोन नंबर पर संपर्क किया तो इंदिरा नगर बुलाया गया। वहां पर पहुंचने पर पता चला कि मकान पर लोन है। एडवांस में पांच लाख रुपये मांगे जा रहे थे। पर आसपास के लोगों से पूछताछ की तो ठगे जाने से बच गया।

**केस 2** शहर के भीखमपुर रोड निवासी अमरनाथ ने बताया कि फेसबुक पर डिजाइन देखकर जमीन पसंद आ गई। जब मौके पर गया तो पता चला कि महायोजना में यह ग्रीन लैंड है। इसकी जानकारी नियति प्राधिकारी कार्यालय से लिया तो पता चला कि मानचित्र ही पास नहीं होगा। ठगी का शिकार होने से बाल-बाल बचा।

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। अवैध प्लॉटिंग का धंधा करने वाले धंधेबाज लोगों को फंसाने के लिए अब सोशल मीडिया का सहारा लेने लगे हैं। विभिन्न प्लेटफार्म पर प्लॉट और मकान का डिजाइन साझा कर बेचने का झांसा दे रहे हैं। लुभावने ऑफर के झांसे में आकर बयाना दे दिया गाढ़ी कमाई डूबनी तय है। इतना ही नहीं कई मामले ऐसे भी सामने आ चुके हैं जिनमें दलाल विवादित जमीन भी खरीदवा चुके हैं।

फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया पर प्लॉट, फार्म हाऊस और गोरखपुर, लखनऊ, मथुरा, वृंदावन में आशियाना का प्रचार जालसाज कर रहे हैं। ये मोबाइल नंबर भी साझा कर रहे हैं और वीडियो बनाकर लोगों का विश्वास जीतने के लिए विज्ञापन सोशल मीडिया पर अपलोड कर दे रहे हैं। ताकि लोगों को बेहतर तरीके से अपने विश्वास में लिया जा सके। ऐसे धंधेबाजों से सतर्क रहने की जरूरत है, वरना मेहनत से कमाई गई पूंजी की चपत लग जाएगी। अभी कुछ दिन पहले शारदा सिटी गोरखपुर का मामला सामने आया तो कइयों के होश उड़ गए, क्योंकि आरोपी अजय श्रीवास्तव ने पांच लोगों को लखनऊ में जमीन दिलवाई है, लेकिन अभी तक उन्हें कब्जा नहीं मिला और आरोपी फरार है। इसी तरह जिले की दो महिलाओं की जोड़ी ने साढ़े छह करोड़ का चूना शहर के तीस लोगों को लगाया था। इसमें भी ठगी के शिकार दो लोग सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आए थे।

अब हालत यह है कि केस दर्ज कराकर थाने, कचहरी का चक्कर काट रहे हैं। सोशल मीडिया पर अवैध प्लॉटिंग का प्रचार-प्रसार करने वालों ने बाकायदे कुछ युवाओं को इसी के लिए नौकरी दे रखी है। इन्हें इतना ट्रेंड किया जाता है कि बस स्टेशन, मेडिकल कॉलेज, रेलवे स्टेशन सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों से दूरी कम दिखाकर लोगों को लुभाया जाता है।

### प्रॉपर्टी खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

- जिस योजना में जमीन ले रहे हैं उसे नियत प्राधिकारी कार्यालय से जांच कर लें।
- रियल स्टेट का काम करने वाली फर्म के नाम पर जमीन है या नहीं, इसकी जानकारी निबंधन कार्यालय से कर लें।
- लैंड यूज के बारे में पता कर लें कि महायोजना के तहत किसके लिए क्षेत्र चिह्नित है।
- जमीन बेचने वाले कारोबारी के बारे में पूरी तरह से जानकारी जुटा लें।



सोशल मीडिया पर ऐसे नक्शे वायरल हो रहे हैं।

*शहर हो या सोशल मीडिया का प्लेटफार्म, कहीं भी प्लॉटिंग में भूमि लेने से पहले जांच कर लेनी चाहिए। इसके लिए सबसे जरूरी है कि नियति प्राधिकारी कार्यालय से उस क्षेत्र के बारे में पड़ताल कर लें। जो जमीन खरीदने जा रहे हैं वह किसके नाम है। अवैध प्लॉटिंग करने वालों को नोटिस भी दिया जाता है और फिर उनका निर्माण भी ध्वस्त कराया जाता है।* – **योगेंद्र कुमार, एसडीएम**

+ पैरामे
Admission Open in UGC,MHRD Govt.
DMLT BML
RADIOLOGY DRIT/BRIT D.Opt
X-Ray Dental CMS-ED
MMLT, D.Pharma, B.Pharma,
Microbiology, Biotechnolo
IIEIT PARAM
Harlom Nag
M : 993618

गैस, एसीडीटी बदहजमी अपचन, पेट फूलने में दें राहत
गैस्टेक
टेबलेट व सीरप
8601841515

PPP MODEL SCHOOLS MA
विज्ञापन सं
पीपीपी मॉडल स्कूल एसोसिएशन के माध्यम से
पीपीपी मॉडल स्कूल एसोसिएशन सार्वजनिक-निजी भा एक संघ है जो 1 जनवरी 2023 में स्थापित किया गया है। चलाए जा रहे हैं जो पीपीपी मॉडल स्कूल एसोसिएशन का मुख्य लक्ष्य सर्वोत्तम शैक्षणिक प्रथाओं का आदान- और उन्नत स्कूल प्रशासन कौशल में शिक्षित करना है।
पीपीपी मॉडल स्कूल एसोसिए के पद को भरने के लि
For TGT's - Pay Scale Ma
For Primary Teachers - Pay Sca
Candidates have to apply from of
Last date for online submission

8 वर्ष पुराना लकवा रोगी अपंग होने
मैं शाम लाल, गांव धनजासघर, पोस्टलाखरी, तहसील रामकोट, जिला कठुआ जम्मू और कश्मीर —184205 से हूँ। लकवा का बहुत इलाज करवाने के बाद 8 वर्ष पहले ब्रेन अटैक होने से मेरी टांग, बाजू, हाथ
टांग, बाजू, हाथ पैर और जुबान का न चलना, मुंह टेढ़ा, सुन्नपन, झटके, अकड़न के रोगी ठीक हो सकते हैं
6 महीने के इलाज से ही मुझे 90% तक सुधार आ गया और अब मैं ठीक हूँ जनहित में मेरी प्रार्थना है कि

# कार्ड पर सारी जानकारी निराधार... 300 रुपये में फर्जी आधार

## जनसेवा कैंद्र और साइबर कैफे वाले आसानी से तैयार कर दे रहे नकली आधार कार्ड, केवल फोटो असली-बाकी सारी जानकारियां फर्जी

पड़ताल

संवाद न्यूज एजेंसी



कचहरी चौराहे पर संचालित साइबर कैफे। संवाद

### पकड़े जा चुके हैं फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले

केस 1

### इस तरह हुई फर्जी आधार कार्ड बनाने की सेटिंग
स्थान : कचहरी चौराहा, समय : दोपहर 12 बजे

### फर्जी आधार कार्ड थमाकर उड़ा ले गए सामान

केस 2

### आधार कार्ड बनवाना तो दूर, गलती ठीक कराने में भी लगानी पड़ रही दौड़





# कब तक गंवाएंगे जान, हों सुरक्षा के इंतजाम

## हेतिमपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन हो रहे हादसे, लोगों ने की अंडरपास बनवाने की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले के हेतिमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग, देवरिया मोड़ पर अंडरपास की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। नगर पंचायत बनने के बाद यहां कि इस प्रमुख समस्या के समाधान होने की लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। क्रॉसिंग दूर होने और अंडरपास नहीं होने की वजह से यहां आए दिन लोग सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में लोगों ने यहां अंडरपास बनाए जाने की मांग की है।

हेतिमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बा के पूर्वी छोर और पश्चिमी छोर पर क्रॉसिंग बनी है। दोनों क्रॉसिंग कस्बे से काफी दूर हैं। देवरिया से हेतिमपुर हाईवे पर जुड़ने वाली जगह (मोड़) पर कोई क्रॉसिंग नहीं है। इसकी वजह से प्रतिदिन सैकड़ों राहगीर पैदल और बाइक भी लेकर अपनी जान जोखिम में डालकर डिवाइडर पर चढ़कर हाईवे पार करते हैं। इससे आए दिन यहां हादसे होते रहते हैं। हाईवे के उस पार (उत्तर तरफ) मुख्य कस्बा है। इतना ही नहीं राजमार्ग से करीब तीन किलोमीटर उत्तर भुजौली जिले का अंतिम गांव है।

देवरिया मोड़ पर अंडरपास बनाए जाने की मांग वर्षों से चली आ रही है। नगर पंचायत बनाए जाने के बाद लोग को इस समस्या के समाधान की उम्मीदें बढ़ गईं। अंडरपास बनाए जाने की मांग अब फिर उठने लगी है। स्थानीय लोगों ने इस पर बल देते हुए कहा कि यह बड़ी समस्या है। इसका समाधान होना चाहिए।

### अंधे मोड़ पर हुई घटनाएं

- भुजौली गांव के दीनदयाल (32) सड़क पार करते हादसे का शिकार हो गए थे। गोरखपुर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।
- हेतिमपुर में ही भुजौली के रहने वाले दर्शन राजभर की पुत्रवधु की तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई थी।
- हेतिमपुर के संतराज की नाबालिग बेटी की मौत भी हाईवे पार करते समय तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से हो गई थी।
- हेतिमपुर निवासी राजा के भाई की भी मौत कुछ दिन पहले हाईवे पर हुए हादसे में हो गई थी।
- मुंडेरा चंद के रहने वाले एक परिवार के लोग मुंबई से दिवाली मनाने घर आ रहे थे सड़क पार करते ट्रक की चपेट में आने से 13 साल बेटी की मौत हो गई थी।



*हेतिमपुर देवरिया मोड़ पर अंडरपास बनाया जाना बहुत जरूरी है। यहां 12 से अधिक स्कूल और कालेज हैं। अभिभावकों को अपने बच्चों के सुरक्षित स्कूल जाने और लौटने का हमेशा भय बना रहता है।* - रितेश चंद, प्रबंधक एंजल पब्लिक स्कूल, मुंडेरा चंद



हेतिमपुर हाईवे पर जान जोखिम में डालकर सड़क पार करता व्यक्ति। संवाद



*लोगों की जान-माल की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। देवरिया मोड़ पर अंडरपास बनाया जाना आवश्यक है।* - रमेश सिंह, सभासद, हेतिमपुर नगर पंचायत



*राष्ट्रीय राजमार्ग, फोरलेन निर्माण के समय नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इंडिया से चूक हुई। उसी समय यहां अंडरपास दे देना चाहिए था।* - रामप्रताप सिंह, पूर्व प्रधान भुजौली

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-16-09-2023

वैध कागजात नहीं दिखा पाने पर सील किया गया गेस्ट हाउस

# निजी गेस्ट हाउस में छापा मारकर 20 जोड़े पकड़े

## कार्रवाई

- तीन दिन पहले भी छापेमारी में सील किए गए थे तीन होटल
- अनैतिक क्रियाकलाप में पकड़े गए थे 25 युवक-युवतियां

**कसया, हिन्दुस्तान संवाद।** अनैतिक देह व्यापार को लेकर एक बार फिर कुशीनगर में मंदिर मार्ग पर संचालित एक निजी गेस्ट हाउस में शुक्रवार को एसडीएम और सीओ के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की। यहां 20 जोड़े युवक-युवतियां पकड़े गए। उन्हें कसया थाने ला गया। पूछताछ के बाद पुलिस ने युवतियों को हिदायत देने के बाद उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया, जबकि सभी युवकों को शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया।

कुशीनगर के होटलों, गेस्ट हाउस व ढाबों पर देह व्यापार के अवैध धंधे के आरोप स्थानीय लोग लंबे समय से लगा रहे हैं। इसे लेकर प्रशासन ने तीन दिन पहले भी छापेमारी की थी। तीन होटलों को सील किया गया था। पकड़े गए 15 युवक व 10 युवतियों पर अनैतिक देह व्यापार का केस दर्जकर जेल भेज दिया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि अभी भी यह धंधा कुशीनगर में चल रहा है। सूचना के आधार पर शुक्रवार को एसडीएम योगेश्वर सिंह और सीओ कुंदन सिंह के नेतृत्व में एक निजी गेस्ट हाउस पर छापा मारा गया। पुलिस टीम में चौकी इंचार्ज विवेक पांडेय, एसआई अतुल कुमार सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। अच्छी संख्या में महिला आरक्षी भी शामिल थीं। मौके से 20 जोड़े युवक-युवतियां पकड़े गए। ये सभी गेस्ट हाउस से आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए। मौके पर प्रशासन ने गेस्ट हाउस के कागजातों की जांच की। तत्काल कागज न दिखाने पर प्रशासन ने शाम तक कागज दिखाने का मौका दिया। उसके बाद भी कागज संचालक दिखा नहीं सके, जिसपर शाम को गेस्टहाउस सील कर दिया गया।

मौके पर अधिकारियों ने पूछताछ की और पकड़े गए जोड़ों को एक निजी बस से थाने लेकर चली गई। सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवक-युवतियों को थाने लाया गया है। उनसे पूछताछ की गई है। संचालक से भी पूछताछ की गई। उसके बाद पकड़े गए युवकों के खिलाफ शांति भंग में चालान कर दिया गया है।



कागजात नहीं दिखा पाने पर गेस्ट हाउस को शुक्रवार की देर शाम तहसील प्रशासन ने सील कर दिया।

> कुशीनगर में सूचना मिल रही थी कि यहां अनैतिक देह व्यापार चल रहा है। छापे में एक निजी गेस्ट हाउस से युवक युवतियों के जोड़े पकड़े गए हैं। उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है। क्षेत्र में अनैतिक कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा।
>
> **योगेश्वर सिंह,** एसडीएम कसया

# तमकुहीराज में तीन वारंटी गिरफ्तार

पडरौना। तमकुहीराज पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शारदा निषाद, मुन्नीलाल निषाद निवासीगण गाजीपुर नौका टोला थाना तमकुहीराज व एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार की है। टीम में प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय, दरोगा दीनानाथ यादव, सिपाही उमेश यादव, अविनाश प्रजापति आदि शामिल रहे।

# शादी के वादे पर हुआ समझौता

पडरौना। रामकोला थाना क्षेत्र की एक युवती ने जटहा बाजार थाने में तहरीर सौंप कर एक युवक पर बहला फुसलाकर शारीरिक संबंध बनाने तथा अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाया था। शुक्रवार को आरोपी द्वारा शादी करने के आश्वासन देने पर दोनों में समझौता हो गया। रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने जटहा थाने में तहरीर सौंप आरोप लगाया था कि एक वर्ष पूर्व वह अपने बहन के घर आई थी। जहां उसकी मुलाक़ात उस गांव के एक युवक से हुई।

# आपत्तिजनक हालत में मिले 20 जोड़े, होटल सील

## होटल संचालक व युवकों का शांतिभंग में चालान, युवतियों को दी गई चेतावनी

जासं, कसया: कुशीनगर के चंद्रलोक होटल में पुलिस टीम शुक्रवार को छापेमारी की। 20 युवक व 20 युवती आपत्तिजनक हाल में पकड़े गए। पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर देह व्यापार में पकड़े गए युवक-युवती कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर व बिहार के गोपालगंज के हैं। युवतियों को चेतावनी देकर थाने से छोड़ दिया गया।

होटल संचालक व युवकों पर मुकदमा दर्ज कर शांतिभंग में चालान किया गया। प्रशासन ने देर शाम को होटल को भी सील कर दिया।

होटल में दोपहर 12 बजे अधिक संख्या में युवक-युवतियों के मौजूद होने की सूचना पर एसडीएम योगेश्वर सिंह व सीओ कुंदन कुमार सिंह के संयुक्त नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। होटल के लगभग हर कमरे में युवक-युवती आपत्तिजनक हाल में मिले। करीब एक घंटे से अधिक समय तक चली कार्रवाई के दौरान पकड़े गए युवक-युवतियों को बस से थाने ले जाया गया। नाम, पते के आधार पर पुलिस ने युवतियों के स्वजन को थाने बुलाया और मामले की जानकारी दी। फिर चेतावनी देकर छोड़ दिया।

होटल संचालक ए पाठक बुद्धनगरी कुशीनगर तथा पकड़े गए युवकों को पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया। अधिकांश युवतियां स्नातक तथा परास्नातक की छात्रा हैं, जो घर से कालेज के लिए निकलीं थीं।

बता दें कि दो दिन पूर्व कसया में एक होटल व तीन घरों में छापेमारी कर पुलिस ने 15 युवतियां तथा 10 युवकों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा था।

- पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर होटल में चल रहा था अवैध धंधा
- आसपास के जिलों के हैं पकड़े गए युवक-युवतियां

### पकड़े गए युवकों के नाम

कमलेश-पेकौली थाना हाटा, विशाल जायसवाल-पोखरभिंडा देवरिया, चंद्र मोहन-झंगहा गोरखपुर, मुकेश प्रसाद-पटहेरवा, अनिकेत सिंह-पड़री पटहेरवा, सुहेल पुत्र-तेजवलिया कसया, जितेंद्र कुमार-महुअवा हाटा, विक्रम गोंड-सेंदुआर अहिरौली, अरविंद कुमार निषाद-महुअवा डोगरा अहिरौली, अमित कुमार सिंह-सेमरी महेशपुर हाटा, विनय कुमार व जयप्रकाश-कोहरौली हाटा, रणजीत गौतम-गौरी बाजार देवरिया, कृष्ण कुमार कुशवाहा-चाई टोला कटेया गोपालगंज बिहार, विनायक पांडेय-जिगनी महुआडीह देवरिया, आकाश मणि-गौतम बडहरा बाबू दीक्षित टोला कप्तानगंज, विक्की कुमार-रामपुर मिश्री हाटा, प्रद्युम्न मद्धेशिया व ओमप्रकाश-चखनी पूरन छपरा नेबुआ नौरंगिया, राहुल सिंह-मोतीलल्हा रविंद्र नगर, विशाल गुप्ता-विक्रम विशनपुर महुआडीह देवरिया।

# किशोरी को भागने के मामले में तीन पर केस

गोड़रिया। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने तथा परिवारीजनों के उलाहना देने पर मारपीट पर उतारू तीन लोगों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। किशोरी के पिता ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही तीन लोगों ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर कर गायब कर दिया है। उसका आरोप है कि जब वह आरोपियों पर पूछताछ के लिए उनके दरवाजे पर गया तो उन लोगों ने जान से मारने के लिए दौड़ा लिया।

# नवविवाहिता की मौत के मामले में पति गिरफ्तार

**सिसवा नाहर।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा जमसड़िया के टोला जमसड़ा में नवविवाहिता की मौत के मामले में पति मुन्ना उर्फ शकील को गिरफ्तार कर जेल भेज कार्रवाई में जुटी हुई है। बीते दिन बुधवार को सनम पत्नी मुन्ना उर्फ शकील का शव उसके कमरे से संदिग्ध परिस्थितियों में पायी गयी थी। लड़की के परिजनों ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया था जबकि शकिल का कहना था कि महिला ने पंखे से लटक कर अपनी जान दी थी।

# मारपीट के मामले में दो महिला समेत चार पर केस

**पटहेरवा।** पगरा पड़री निवासी कृष्णा प्रजापति ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि पिछले 29 अगस्त को उनकी पत्नी बकरी चराकर घर लौट रही थी। इस दौरान बकरी चरने के विवाद को लेकर गांव के महातम प्रजापति, अर्जुन, लक्ष्मीना और सुनर देवी गोलबंद होकर लाठी डंडों से पत्नी और बकरी को मारपीट कर घायल कर दिए और पीड़ित जब बीच बचाव करने गया तो मारपीट कर घायल कर दिया।

# दुष्कर्म के प्रयास मामले के आरोपी पर केस दर्ज

**गौरी श्रीराम।** विशुनपुरा थाने की पुलिस ने पीड़ित युवती की तहरीर पर पड़ोस के युवक पर दुष्कर्म करने के प्रयास तथा जान मारने की धमकी का मामला दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने विशुनपुरा पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसके पड़ोस के युवक ने बुधवार की रात सोते समय उसके घर में घुसकर उसे उठाकर दूसरे अंधेरे कमरे में ले जाने का प्रयास करने लगा। युवती ने शोर मचाया तो आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे उसके माता-पिता को देख युवक ने चाकू निकाल लिया। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने आरोपी रोज मुहम्मद पर केस दर्ज किया है।

# मारपीट में 11 पर मुकदमा दर्ज

**कुबेरस्थान।** बुधवार की रात डीजे पर डांस को लेकर क्षेत्र के कठकुइयां गांव के कटहरी टोले में उपजे विवाद के बाद गुरुवार को दो पक्षों में हुई मारपीट के दौरान फरसा गंड़ासे से दोनों पक्षों के करीब चौदह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लोगों की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया था। मारपीट में घायल एक पक्ष की तहरीर पर दूसरे पक्ष के ग्यारह नामजद आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मारपीट सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। जबकि दूसरे पक्ष के घायलों की तरफ से पुलिस को अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

एसओ कुबेरस्थान पंकज गुप्ता ने बताया कि एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नही मिली है।

# पति पर उत्पीड़न का आरोप लगा एसडीएम को दिया पत्र

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय थानाक्षेत्र की एक विवाहित महिला एसडीएम तमकुहीराज विकास चंद्र के पास पहुंच अपने पति के खिलाफ उत्पीड़न समेत तमाम गंभीर आरोप लगा कार्रवाई की गुहार लगाने लगी। पीड़ित महिला के आरोप को सुन एसडीएम ने थानाध्यक्ष तमकुहीराज को कार्रवाई का निर्देश दिया। एसडीएम के निर्देश पर तमकुहीराज पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुटी हुई है।

शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पहुंची नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड न 8 फ़तेहबहादुर नगर निवासी कंजू देवी ने अपने पति पर उत्पीड़न सहित तमाम आरोप लगा रोने लगी। पीड़ित महिला का आरोप था कि उसकी शादी लगभग 14 वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के कुछ वर्षों बाद तक सब कुछ ठीक रहा। उसके बाद पति से आपसी विवाद शुरु हो गया। पीड़िता की तीन नाबालिग पुत्रियां हैं व वह पांच माह से गर्भवती भी है। आरोप है कि आपसी कलह के कारण लगभग दो वर्ष पूर्व से वह पोलियो की शिकार हो चुकी है, लेकिन उसका पति आये दिन विभिन्न तरीके से उसका उत्पीड़न कर उसे व नाबालिग बच्चियों को जान से मारकर दूसरी शादी करने की फिराक में है। पीड़ित महिला के रोने व चीखने की आवाज सुनकर मौके पर भारी भीड़ जुट गई। एसडीएम ने थानाध्यक्ष तमकुहीराज को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष नीरज कुमार राय ने बताया आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# दबिश देने गयी पुलिस पर मारपीट का आरोप

**दाहूगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के छपरा अहिरौली में दबिश डालने गयी पुलिस पर एक परिवार के लोगों ने मारपीट व मोबाइल छीन लेने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपों को निराधार बताते हुए दबिश देने की बात स्वीकार की है।

तरया सुजान थाना क्षेत्र के छपरा अहिरौली निवासी अनूप कुमार ने तमकुहीराज थाना क्षेत्र के सरया खुर्द चौराहे पर सीएसपी कम्प्यूटर का दुकान खोल रखी है। अनूप ने तमकुही राज पुलिस को गुरुवार को तहरीर देकर लगाया था कि अनिरुद्ध निवासी छपरा अहिरौली, नन्हे ओझा निवासी कोटवा गुलाब राय व शिवम निवासी छपरा अहिरौली ने दुकान पर पहुंच कर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए मारपीट की। दुकान में रखा सामान औररुपये छीन लिए। रोकने पर मुझे बुरी तरह पीटा और गाली दी। ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि रात को लगभग 11 बजे 50 से 60 पुलिस वाले गांव में आए और आरोपियों को खोजने के नाम पर कई लोगों को मारा पीटा। दो लड़कियां मोबाइल से वीडियो बना रही थी तो दोनों मोबाइल लड़कियों से छीन ले गए हैं।

> पीड़ित की तहरीर के आधार तीन आरोपियों पर एससी एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए हम लोगों ने दबिश दी थी। ग्रामीणों के मारपीट संबंधी सभी आरोप निराधार हैं। तीनों आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है।
>
> नीरज कुमार, एसएचओ, तमकुहीराज

# तीन अभियुक्त समेत पांच गिरफ्तार

**पडरौना।** खड्डा पुलिस ने गोबध के मुकदमें में तीन वांछित अभियुक्त व दो वारंटी सहित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रतिबंधित पशु की हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त कोईल उर्फ बिसमिल्ला, अफजल व निसार अहमद निवासीगण भुजौली थाना खड्डा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा वारंटी सुरेश निवासी भेड़ी जंगल (पिपरिया) थाना खड्डा व राजू निवासी बरवां रतनपुर थाना खड्डा जनपद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# तीन वारंटियों को दबोचा

**पडरौना।** तुर्कपट्टी पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उमेश गुप्ता, रामआसरे व छोटेलाल निवासीगण बरवां राजापाकड़ थाना तुर्कपट्टी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# दहेज हत्या के अभियुक्त समेत दो गिरफ्तार

**पडरौना।** तरयासुजान पुलिस ने दहेज हत्या के मुकदमे में एक वांछित अभियुक्त समेत एक अन्य वारण्टी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त मुन्ना उर्फ सकील अंसारी निवासी जमसड़ा थाना तरया सुजान जनपद तथा वारण्टी महेन्द्र राम निवासी माल्हो थाना तरयासुजान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# हाटा में मोबाइल दुकान में चोरी,सीसी कैमरे में कैद हुई घटना

**जासं, हाटा:** नगर के बाघानाथ तिराहा स्थित मोबाइल दुकान में गुरुवार की रात चोरी की घटना सामने आई है। सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकानदार को जानकारी हुई तो उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। सीसी कैमरे की मदद से पुलिस चोरों का सुराग तलाशने में लगी है। नगर में एक माह में आधा दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं सामने आई है। इससे दुकानदार भयभीत हैं। नगर के वार्ड संख्या आठ पगरा कालिका राव के सचिन कुमार राव की मुख्य बाजार में मोबाइल की दुकान है। रोज की तरह गुरुवार रात को आठ बजे दुकान बंद कर वे घर चले गए। सुबह नौ बजे दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा देख अवाक रह गए।

# प्रेमी युगल ने नहर में लगाई छलांग, ग्रामीणों ने बचाया

जासं, वभनौली: सेवरही क्षेत्र के एक गांव के प्रेमी युगल ने शुक्रवार को एक साथ जीने मरने की कसम खाते हुए दोपहर बाद बड़ी गंडक नहर में रेगुलेटर से 100 मीटर दूर बनरहां गांव के पास एक साथ छलांग लगा ली। गनीमत रहा कि आसपास के लोगों ने नहर में कूद कर दोनों की जान बचाते हुए बाहर निकाल लिया। मौके पर सेवरही व डायल-112 नंबर की पहुंची पुलिस ने प्रेमी युगल के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि दोनों एक ही गांव में पड़ोसी है। 18 वर्षीय युवक व 17 वर्षीय किशोरी अलग-अलग बिरादरी के हैं। दोनों एक ही विद्यालय में एक ही कक्षा में पढ़ते हैं।

सुबह दोनों विद्यालय जाने के लिए से घर से निकले। नहर में छलांग लगाने के पूर्व युवक ने किशोरी की मांग में सिंदूर भी भर दी। सूचना मिलने के बाद स्वजन दोनों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। थानाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

# क्षेत्र में सक्रियता बरत नियंत्रित करें अपराध

जागरण संवाददाता, पडरौना: पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कहा कि अपराध की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम लगाकर नागरिकों को सुरक्षित माहौल प्रदान करना पुलिस की ड्यूटी है। हर पुलिसकर्मी अपने दायित्वों के प्रति सतर्क रहे। बीट पुलिस अधिकारियों, बीपीओ पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सूचना तंत्र मजबूत कर वे क्षेत्र की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। अराजकतत्व व अपराधियों पर शिकंजा कसें, जिससे अपराधियों में भय का माहौल कायम रहे।

वे शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में बीट पुलिस अधिकारियों की गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। एसपी ने कहा कि बीट पुलिस



पुलिस लाइन सभागार में बैठक को संबोधित करते एसपी धवल जायसवाल ( दाएं)● जागरण

अधिकारी थाना व नागरिकों के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। अनिवार्य रूप से हर दिन अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करें और अधिक से अधिक लोगों से संवाद स्थापित करें। नागरिकों से संवाद की निरंतरता से क्षेत्र में होने वाली हर तरह की गतिविधियों की जानकारी होगी। पुलिस का सूचना तंत्र भी मजबूत होगा। कहा कि बीपीओ पर बड़ी जिम्मेदारी है, वह दायित्वों पर खरा उतरने के लिए सक्रियता बरतें।

अपराध पर प्रभावी रोकथाम के लिए समाज का सहयोग आवश्यक है। इसके लिए वे क्षेत्र के अच्छे लोगों से संपर्क कर उनकी मदद लें। जिले व थाने के टाप टेन तथा जमानत पाए बदमाशों पर नजर रखें। बेहतर करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने कहा कि हत्या, लूट, दुष्कर्म जैसी घटना होने पर बीपीओ की जवाबदेही तय होगी। लापरवाही उजागर होने पर उन्हें दंडित भी किया जाएगा। आरआइ रूपेश कुमार, पीआरओ भूपेंद्र कुमार दुबे आदि मौजूद रहे।

# हत्यारोपित गिरफ्तार

तरयासुजान : पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार आरोपित को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा व चौकी इंचार्ज तिनफेडिया सुभाष चंद्र ने तरयासुजान के तिनफेड़िया चौकी के जमसड़िया निवासी मुन्ना उर्फ शकील को गिरफ्तार किया, जब वह गांव के बाहर किसी से मिलने का इंतजार कर रहा था। (जासं)

# महिला की गला रेतकर हत्या की कोशिश

## दो व्यक्तियों पर केस दर्ज, आरोपी फरार, तलाश में जुटी पुलिस, पडरौना शहर के बेलवा चुंगी की निवासी हैं महिल

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। कोतवाली अंतर्गत शहर के बेलवा चुंगी पर किराए के मकान में रहने वाली एक विधवा को बृहस्पतिवार की रात उसे जानने वाला एक युवक और उसका दोस्त मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के सहुआडीह रेगुलेटर के पास ले गए। वहां धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया और मरा समझकर गड्ढे में फेंककर भाग गए।

लहूलुहान महिला किसी तरह नहर के किनारे सड़क पर पहुंची और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और उसे जिला अस्पताल ले गई। वहां महिला ने बताया कि एक युवक ने उसे पकड़ लिया और दूसरे ने उसका गला रेतकर नहर के किनारे गड्ढे में फेंक दिया और भाग गए। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी दोनों व्यक्तियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। उधर, घायल महिला को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के बाद उसकी हालत ठीक होने पर रात में घर आ गई। पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

### मुख्य आरोपी ने ही पडरौना में महिला को दिलाया है किराए पर कमरा, देता था खर्च

बताया जा रहा है कि नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के अकबरपुर मंगरूआ कुटी गांव के निवासी पप्पू लाल के निधन के बाद उनकी पत्नी सिंपू पडरौना नगर के बेलवा चुंगी में किराए के मकान में रहती है। उसका संपर्क शहर के ही नौका टोला निवासी सूरज गौतम से हुआ। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। पुलिस सूत्रों की मानें तो सूरज महिला का खर्च वहन करता था। उसके आवास पर भी आता-जाता था। इसे लेकर सूरज का अपनी पत्नी से भी विवाद होता था। खर्च नहीं देने पर शादी के लिए सिंपू दबाव डालती थी। महिला थाने में भी एक बार मामला पहुंच चुका है।

### मेडिकल कॉलेज से महिला की हुई छुट्टी, सूरज के घर में सिंपू को लेकर अक्सर होता था विवाद

आरोपी सूरज गौतम और उसके दोस्त चंदन पांडेय के घरवालों ने पुलिस की पूछताछ में ऐसी अहम जानकारी दी है। मोहल्ले में चर्चा है कि सिंपू और सूरज शाम को अक्सर साथ बाइक से बाजार में घूमते दिखते थे। पुलिस ऐसे कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

सिंपू नाम की इस महिला ने पुलिस को बताया कि सूरज गौतम ने बृहस्पतिवार की रात में उसे फोन किया कि लक्ष्मीपुर में रहने वाले उसके रिश्तेदार की बेटी गोल्डी की तबियत खराब है। उसे रामकोला इलाज के लिए लाया गया है। वहां चलना है। फिर अपने दोस्त चंदन पांडेय के साथ बाइक पर बैठाकर मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के रास्ते रामकोला लेकर जाने लगा। सिंपू के मुताबिक सहुआडीह रेगुलेटर के पास लघुशंका करने की बात कहकर गाड़ी रोक दी। महिला का आरोप है कि उसके बाद चंदन ने उसे पीछे से पकड़ लिया और चंदन ने किसी धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया और फिर मरा समझ बगल में गड्ढे में फेंककर भाग गए। थु देर बाद वह किसी तरह नहर के कि सड़क पर पहुंची और डायल 112 फोन की।

पुलिस पहुंची और जिला अस्पताल भर्ती कराई। पुलिस ने वहीं महिला तहरीर ले ली और देर रात हत्या के प्रय का केस आरोपी दोनों व्यक्तियों पर द कर लिया। शुक्रवार को इलाज के ब हालत में सुधार होने पर महिला मेडिकल कॉलेज से छुट्टी दे दी ग कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया महिला की तबीयत में सुधार है। वह आ गई है। विवेचना की जा रही है। ज में जो तथ्य सामने आएगा। उस हिसाब दर्ज केस में धाराएं बढ़ा दी जाएंगी।

# दुष्कर्म के प्रयास के मामले में मुकदमा

जासं, गौरीश्रीराम: विशुनपुरा पुलिस ने युवती की तहरीर पर पड़ोस के युवक पर दुष्कर्म के प्रयास का शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया है। एक गांव की युवती ने पुलिस को दिए गए तहरीर में लिखा है कि उसके पड़ोस के युवक ने बुधवार की रात सोते समय घर में घुसकर उसे उठाकर दूसरे कमरे में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। शोर मचाने पर पहुंचे माता-पिता को देख चाकू निकाल जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने आरोपित रोज मुहम्मद के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राम सहाय चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# रकम के लिए प्रसूता को नहीं कर रहा था डिस्चार्ज तीमारदारों ने किया हंगामा

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** नगर के एक निजी अस्पताल में मांग के अनुसार रकम नहीं देने पर प्रसूता को डिस्चार्ज करने से संचालक ने मना कर दिया। नाराज तीमारदारों ने अस्पताल पर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। राजनीतिक दल के नेताओं की भी भीड़ जुट गई। लोगों के हस्तक्षेप के बाद प्रसूता को संचालक ने डिस्चार्ज कया।

कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के धरनी छापर गांव निवासी साहब अली की पत्नी अफरीना खातून को नौ सितंबर को प्रसव पीड़ा घर पर शुरू हुआ। घर वाले उसे नगर के नेशनल हाइवे किनारे धुरिया मोड़ के पास एक निजी अस्पताल पर लेकर पहुंचे। पीड़ित के अनुसार, 34,000 में महिला सीजर करना तय हुआ। लेकिन ऑपरेशन के बाद प्रसूता की तबीयत बिगड़ने लगी। अभी तक इलाज में 2,63,000 रुपये अस्पताल संचालक वसूल चुका है। तबीयत में सुधार नहीं होने पर घर वाले शुक्रवार को डिस्चार्ज कराकर मरीज को दूसरे अस्पताल में ले जाना

## पुलिस और राजनीतिक दल के लोगों के पहुंचने के बाद सुलझा मामला

चाहते थे। अस्पताल संचालक 50 हजार रुपये की डिमांड करते हुए मरीज को डिस्चार्ज नहीं कर रहा था। इससे नाराज तीमारदारों ने सुबह अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। दो घंटे बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित से बात करने के बाद मरीज को डिस्चार्ज कराया। इस दौरान राजनीतिक दल के कुछ लोग भी मौजूद रहे।

निजी अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि मैंने रकम जरूरत तय किया था, लेकिन ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत खराब होने लगी और वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। प्लेटलेट्स चढ़ाने पड़े, काफी क्रिटिकल हालत थी। इसके चलते इलाज में खर्च बढ़ गया। इस बाबत इंस्पेक्टर डॉ. आशुतोष तिवारी ने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली है। मरीज को डिस्चार्ज करा दिया गया है। वे लोग दूसरे अस्पताल में लेकर चले गए।

# बेटी से बदसलूकी पर मजदूर ने खाया जहर, हालत बिगड़ी

## कर्ज की वसूली के लिए एक चिटफंड कंपनी का फील्ड अफसर पहुंचा था घर

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा।** कर्ज लौटाने में देरी पर मजदूर के घर में घुसकर चिटफंड कंपनी के फील्ड अफसर ने बेटी से बदसलूकी की। इससे आहत मजदूर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर घर वालों को जानकारी हुई। उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। कंपनी के मैनेजर ने बकाया वसूली पर रोक लगा दी है।

खड्डा थाना क्षेत्र के मठिया बुजुर्ग गांव निवासी कासीम मजदूरी कर परिवार चलाते हैं। दो साल पूर्व अपनी पत्नी नैरून निशा के नाम से एक चिटफंड कंपनी से 40 हजार रुपये कर्ज लिया था। सप्ताह में उसकी 468 रुपये किस्त आती थी। बीच में मजदूर की तबीयत बिगड़ने के कारण समूह का किस्त बकाया रह गया। बुधवार की देर शाम को कंपनी के फील्ड अफसर गांव के बरई टोला के कुछ युवक और समूह में काम करने वाली दो महिलाओं के साथ कासीम के घर पहुंचा। कासीम और उनकी पत्नी घर पर नहीं मिलीं। मजदूर की बेटी से फील्ड अफसर उलझ गया। विरोध करने पर बदसलूकी की। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।



**अस्पताल में भर्ती काशी।** संवाद

देर रात को मजदूर घर पहुंचा तो बेटी लिपट गई और फूट-फूट कर रोने लगी। इससे आहत होकर बुधवार को सुबह कीटनाशक दवा पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर घर वाले उसे लेकर तुर्कहा सीएचसी पर पहुंचे। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां मजदूर का इलाज चल रहा है। मजदूर का आरोप है कि वह समय से किस्त जमा करता था। सिर्फ 14 हजार रुपये बाकी रह गया है। तबीयत खराब होने के कारण विलंब हो गया और इसके लिए फील्ड अफसर से समय मांगा था। लेकिन फील्ड अफसर मान नहीं रहे थे। पूर्व में भी कई बार फील्ड अफसर उलझ चुके हैं। इसकी शिकायत चिटफंड कंपनी के सिसवा ब्रांच पर कर चुका था। लेकिन कोई सुन नहीं रहा था। बेटी से बदसलूकी और फील्ड अफसर की प्रताड़ना से तंग आकर जहर खाना पड़ा। इस संबंध में इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**एक माह पूर्व उठा ले गए थे दो बकरियां :** नैरूननिशा ने बताया कि एक माह पूर्व फील्ड अफसर दरवाजे पर आए। कासीम बीमार थे। रुपये पास में नहीं थे। इस लिए किस्त जमा नहीं किया। इससे नाराज फील्ड अफसर ने दो युवकों को बुलाया और दरवाजे से दो बकरियों को उठा ले गए।

तीन दिन बाद किस्त जमा करने के बाद लौटाए। इतना ही नहीं, घरेलू सामान तक उठा ले जाते हैं। खड्डा तहसील के गांवों में समूह से लोन लेने के बाद कर्ज देने में असमर्थ गरीबों को प्रताड़ित किया जाता है।

### कहा-प्रताड़ना से तंग आकर की जान देने की कोशिश

खड्डा के लक्ष्मीपुर पड़रहवा गांव निवासी 30 वर्षीय दुखी एक चिटफंड कंपनी से समूह के जरिए कर्ज लिया था। बीमार होने के कारण वह समूह का कर्ज जमा नहीं कर पाता था। इसकी पत्नी दूसरे के घर काम कर बच्चों का पेट पालती थी और पति का इलाज कराती थी। चिटफंड के फील्ड अफसर बार-बार दरवाजे पर आकर धमकाते थे। इससे तंग आकर दुखी 30 जून को अपनी झोपड़ी में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। खड्डा इलाके में ऐसे लोग समूह से कर्ज लेने के बाद प्रताड़ना झेल रहे हैं। सिसवा में चिटफंड कंपनी का ब्रांच है। उससे कासीम ने कर्ज लिया है। इसके मैनेजर जितेंद्र कुमार ने बताया कि कासीम के घर समूह से कर्ज देने के लिए मैं गया था। बीच में किस्त जमा कराने के लिए फील्ड अफसर जाते थे। लेकिन वह समय से किस्त जमा नहीं करते थे। दो दिन पूर्व फील्ड अफसर के साथ समूह में शामिल लोग भी कासीम के घर गए थे। इसकी मुझे जानकारी हुई तो मैंने फील्ड अफसर को मना किया। इसका अकाउंट ओडी कर दिया गया है। कर्ज वसूली के लिए कोई दबाव नहीं डाला जाएगा।

# गोवंश हत्या के मामले में अब तक छह गिरफ्तार

**खड्डा।** गोवंश की हत्या कर मांस बेचने के कारोबार में लिप्त तीन अन्य आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। इस मामले में अब तक छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस की मानें तो इस मामले में अभी कई लोग पुलिस की रडार पर हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम धनौजी आबादकारी गांव के पास सरेह में रात में गोवंश की हत्या कर मांस बेचने की कोशिश करते समय पुलिस ने तीन लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने जांच आगे बढाई तो पता चला कि कोईल उर्फ बिस्मिल्लाह नट नाम के युवक को हत्या करने के लिए गोवंश उपलब्ध कराता था। गोवंश काटकर मांस जगह-जगह पहुंचाने का कार्य एनुलहक का बेटा अफजल व मंसूर अली का बेटा निसार करते थे। पुलिस ने शुक्रवार पुलिस ने कोइल नट, निसार, अफजल निवासी धनौजी आबादकारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जांच में गौ मांस खरीदने वाले कई लोगों के नाम सामने आए हैं। वे सभी पुलिस की रडार पर है। बताया जा रहा है कि एक समुदाय के कई रसूखदार लोग मांस खरीदते थे। कुछ धार्मिक जगहों पर इसकी आपूर्ति भी होती थी। जैसे-जैसे जांच आगे बढ रही है, पुलिस को इससे जुड़े चौकाने वाली जानकारी प्राप्त हो रही है। पुलिस इस मामले की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि गौ बध मामले में गौवंश उपलब्ध कराने वाले व मांस को बेचने वाले तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। मांस खरीद फरोख्त करने वाले कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं। संवाद

# फिर पकड़े गए युवा जोड़े...प्रशासन ने गेस्ट हाउस को किया सील

## पुलिस पकड़े गए जोड़ों से पूछताछ कर कार्रवाई में जुटी

संवाद न्यूज एजेंसी

**पकवा इनार।** कुशीनगर मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर मार्ग पर स्थित संचालित निजी गेस्ट हाउस में शुक्रवार को एसडीएम और सीओ ने टीम के साथ छापा मारा। यहां 20 जोड़े युवक-युवतियां पकड़े गए। उन्हें कसया थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। प्रसासन ने गेस्ट हाउस को सील कर दिया।

शुक्रवार को एसडीएम योगेश्वर सिंह और सीओ कुंदन सिंह की अगुवाई में निजी गेस्ट हाउस पर छापा मारा गया। इसमें कुशीनगर चौकी इंचार्ज विवेक पांडेय, एसआई अतुल कुमार सहित भारी पुलिस बल शामिल थे। टीम ने मौके से 20 जोड़े युवक-युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए। प्रशासन ने गेस्ट हाउस के कागजात की जांच की। कागजात वैध मिले। अधिकारियों ने पूछताछ की और पकड़े गए जोड़ों को एक स्कूल बस से थाने ले गई।

कुशीनगर के होटलों, गेस्ट हाउस व ढाबों पर देह व्यापार का आरोप लगता रहा है। प्रशासन ने पहले कई बार कार्रवाई की है। सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवक-युवतियों को थाने लाया गया है। उनसे पूछताछ की गई है। संचालक से भी पूछताछ की गई। पकड़े गए युवकों के खिलाफ शांति भंग में चालान की कार्रवाई की गई है। युवतियों को उनके परिजनों को थाने बुलाकर सुपुर्द किया गया। कसया एसडीएम योगेश्वर सिंह ने बताया कि कुशीनगर में देह व्यापार की सूचना मिल रही थी।



चंद्र लोक गेस्ट हाउस को सील करती प्रशासन व पुलिस की टीम । संवाद

### देर शाम को सील किया गया चंद्रलोक गेस्ट हाउस, पथिक निवास पहुंचे थे डीएम

पकवा इनार। कुशीनगर के चंद्रलोक गेस्ट हाउस से शुक्रवार को एसडीएम और सीओ की संयुक्त छापेमारी में 20 युवक और 20 युवतियां पकड़ी गईं पुलिस ने देर शाम को गेस्ट हाउस को नायब तहसीलदार एकता तिवारी की मौजूदगी में सील कर दिया। पुलिस का दावा है कि जो भी युवक युवतियां पकड़े गए थे। उसमें सभी अलग-अलग संबंध के थे। पथिक निवास पर प्रभारी सतीश चंद्र शर्मा के आगमन के बाद पहुंचे डीएम उमेश मिश्र ने एसडीएम कसया योगेश्वर सिंह को बुलाकर सख्त लहजे में कहा कि कुशीनगर से अवैध देह व्यापार को खत्म कर दो। इसके लिए चाहे कोई भी कार्रवाई करनी पड़ी। इसके बाद चंद्रलोक गेस्ट हाउस को सील किया गया। इसके पूर्व प्रशासन ने गेस्ट हाउस का कागजात ठीक होने की बात कह सील करने से मना कर दिया था।

# दहेज हत्यारोपी पति को जेल भेजा गया

पडरौना। तरयासुजान थाना निवासी महिला ने तहरीर देकर बेटी के पति पर दहेज हत्या का आरोप लगाया था। इस मामले में मुख्य न्यायीक मजिस्ट्रेट ने हत्योरोपी पति को जेल भेज दिया। तरयासुजान थाना क्षेत्र के डुमरिया निवासी नूरशबा खातून ने करीब दस माह पहले अपनी बेटी सनम खातून की निकाह मुस्लिम रीति रिवाज से किया था। उन्होंने बताया कि बेटी का पति शादी के बाद से ही दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। संवाद

# घर वाले बने रोड़ा तो गंडक नदी में कूदा प्रेमी जोड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीरोड।** घर वालों की दखलअंदाजी से नाराज नाबालिग प्रेमी जोड़े शुक्रवार की शाम गंडक नहर में जान देने के लिए कूद गए। राहगिरों के शोर मचाने पर आस-पास के युवकों ने जान पर खेलकर उन दोनों को नहर से निकालकर बचा लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी ले गई। इलाज के बाद थाने पर घर वालों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया।

सेरही थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले नाबालिग प्रेमी जोड़े कक्षा नौ में पढ़ते हैं। करीब पांच साल से दोनों के बीच प्रेम संबंध है। छह माह पूर्व दोनों एक मंदिर में शादी भी कर लिया है। इसकी जानकारी किशोरी के घर वालों को हुई तो इसका रिश्ता दूसरे जगह तय करने लगे। दूसरे जाति का किशोर होने के कारण किशोरी के घर वाले शादी करने से मना कर दिया। इससे नाराज प्रेमी जोड़े एक साथ जान देने का मन बना लिया।

## आसपास के लोगों ने दोनों की बचाई जान, पुलिस ने घर वालों के सुपुर्द किया

शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे दोनों बनरहा रेगुलेटर पास मुख्य पश्चिमी गंडक नहर पर 100 मीटर दक्षिण पहुंचे और नहर में कूद गए। यह देख उधर से गुजर रहे लोगों ने शोर मचाया तो आस-पास गांव के युवक नहर में कूद गए और दोनों को डूबने से बचा लिया। थाने लेकर प्रेमी युगल ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि हम लोग अलग नहीं रह सकते हैं। छह माह पूर्व शादी एक मंदिर में कर चुके हैं। अलग-अलग जाति के होने के कारण किशोरी के घर वाले शादी करने को राजी नहीं है। दोनों के घर वालों को समझाने के बाद पुलिस ने सुपुर्द कर दिया। इंस्पेक्टर हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि प्रेमी जोड़े नाबालिग हैं। नहर में जान देने के लिए कूदे थे। घर वालों को बुलाकर समझाया गया और सुपुर्द कर दिया गया।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-16-09-2023

# कटिंग के खेल पर नकेल नाकों पर लगाई गई पिकेट



शुक्रवार को नौतनवा के छपवा बाईपास चौराहे पर लाइन तोड़कर आगे बढ़ते एक वाहन का डिटेल लेती पुलिस।

## शिकंजा

- कतार से निकलकर कस्बे या अन्य मार्गों से जाने वाले वाहनों की दर्ज हो रही है डिटेल
- पूरी रात चली पुलिस की धरपकड़, एक हिरासत में अभी भी तीन फरार

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनौली सीमा से 15 किलोमीटर तक लगे जाम ने पुलिस महकमे की भी नींद उड़ा रखी है। कटिंग के खेल की सूचना के बाद से एक्शन में आई नौतनवा पुलिस एक नामजद सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर गुरुवार की रात एक दलाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कटिंग का खेल आगे ना बढ़े, इसको लेकर पुलिस ने बाईपास के अलग-अलग नाकों पर पुलिस पिकेट लगा दिया है।

वाहनों से अवैध वसूली कर कटिंग के खेल को अंजाम दिए जाने का मामला काफी पुराना है। पुलिस पुराने घटनाक्रम को दोहराने देने के मूड में नहीं दिख रही है। यही वजह है कि कटिंग के खेल की भनक लगते ही पुलिस सतर्क हो गयी। लाइन तोड़कर आने वाले वाहनों की निगरानी बढ़ा दी गई। यदि कोई वाहन कतार से अलग होकर आगे बढ़ रहा है और वह कस्बे या अन्य मार्गों से जाने की कोशिश कर रहा है, तो उन नाकों पर मौजूद पुलिस द्वारा उसकी बिल्टी चेक करने के अलावा पूरा डिटेल एक रजिस्टर पर लिया जा रहा है। दूसरी ओर पिछले 20 दिनों से राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा वाहनों का जाम कम होता नहीं दिख रहा है।

**पुलिस की कार्रवाई से कटिंग के दलाल हुए भूमिगत:** पुलिस एक्शन में आई और पूरी रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर

> राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े वाहनों के लाइन तोड़कर किसी भी कीमत पर वाहन को आगे नहीं जाने दिया जाएगा। पुलिस टीम पूरी तरह अलर्ट है। वाहनों से अवैध धन वसूल करने वालो पर नकेल कसने के लिए कार्रवाई भी की जा चुकी है। रंजीत वर्मा निवासी कुनसेरवा थाना सोनौली को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।
>
> मनोज कुमार राय, एसओ, नौतनवा

गाड़ी के हूटर की आवाज बजती रही। पुलिस की गस्त की दहशत से कटिंग के खेल का अवैध कारोबार करने वाले दलाल भूमिगत हो चुके हैं। चालक असलम की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमे में नामजद रंजीत वर्मा के घर गुरुवार की पूरी रात पुलिस जमी रही। घर में ही मौजूद रंजीत वर्मा को शुक्रवार की सुबह होते-होते उसे हिरासत में लेकर थाने ले आई। वहीं तीन अन्य अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए नौतनवा व सोनौली थाना क्षेत्र के कई ठिकानों पर पुलिस द्वारा छापेमारी की गई। वाहनों के चालकों से मिले कुछ दलालों के मोबाइल नंबर को सर्विलांस के जरिए पुलिस उन तक पहुंचाने की फिराक में है।

# एनआईए की छापेमारी के बाद सन्नाटा

## हड़कंप

- डॉ. फजले के घर एनआईए ने सात घंटे की थी छापेमारी
- डॉ. फजले के दामाद तलहा के आतंकी कनेक्शन की हो रही है जांच

**फरेंदा, हिन्दुस्तान संवाद।** आनंदनगर के विकास नगर में गुरुवार की भोर में सात घंटे तक हुई एनआईए की छापेमारी से अभी भी दहशत का माहौल है। विकास नगर निवासी डॉ. फजले हक के दामाद तलहा के आतंकी कनेक्शन को लेकर शुरू हुई हाई लेवल जांच से ऐसा खौफ बना है कि डॉ. हक के घर के साथ अगल-बगल सन्नाटा पसरा रहा। कोई भी इस बारे में कुछ बोलने से परहेज ही कर रहा है। डॉ. हक शुक्रवार को घर पर नहीं बताए गए। वहीं, दबी जुबान चर्चाएं यही रहीं कि तलहा तो यहां नहीं मिला, लेकिन 21 सितंबर को रांची में हाजिर होने की नोटिस मिली है। 21 सितंबर के बाद स्थिति कुछ हद तक साफ हो सकती है।

शुक्रवार को डॉ. फजले हक के घर के चारो तरफ कोई नजर नहीं आया। पूछने पर मकान के अंदर से सिर्फ यही बताया गया कि अब्बू यानी डॉ. फजले हक बाहर गए हैं और दो दिन बाद आएंगे। चर्चाओं में तलहा के बारे में सिर्फ यही जानकारी मिल रही है कि पिछले साल उसने डॉ. फजले की बेटी से शादी की थी। लेकिन उससे मिलने व जानने वाला कोई नहीं मिला। एक पड़ोसी ने बताया कि तलहा को दिन में शायद ही कोई देखा हो। मोहल्ले के एक व्यक्ति ने बताया कि डॉ. फजले हक के घर कुछ लोगों का आना-जाना रहता था, लेकिन किसी ने खास नोटिस नहीं ली थी। यह भी बताया गया कि यह परिवार लोगों से बहुत मेल मिलाप नहीं रखता था। यहां तक कि त्योहारों में भी नहीं। इसलिए कोई कुछ विशेष नहीं जानता। लेकिन एनआईए की इस छापेमारी के बाद अगल-बगल के लोग भी तलहा के बाबत मिली जानकारी से हतप्रभ हैं।



आनंदनगर के विकास कालोनी स्थित डॉ. फजले हक के आवास पर शुक्रवार को सन्नाटा पसरा रहा। ● हिन्दुस्तान

# फैजान के बनाए वाट्सएप ग्रुप से जुड़ा था तलहा

**जासं, महराजगंज :** फरेंदा में गुरुवार को एनआइए की टीम ने बिहार निवासी जिस तलहा जरनैल के लिए छापेमारी कर नोटिस थमाया था, वह अलीगढ़ में फैजान के साथ करीब 15 दिनों तक एक ही कमरे में रह चुका है।

तलहा फैजान के बनाए हुए एक वाट्सएप ग्रुप से भी जुड़ा हुआ था। तथा उसपर आए देश विरोधी तकरीर और संदेशों का अनुसरण कर रहा था। झारखंड के लोहरदगा से 20 जुलाई को गिरफ्तार हुआ आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आइएसआइएस) का संदिग्ध आतंकी फैजान भारत में आतंकियों के कैडर बेस को समृद्ध करने में सक्रिय था। वह आतंकी संगठन आइएसआइएस के विदेशी संचालकों के संपर्क में था, और भारत में हिंसक कार्रवाई की योजना बना रहा था।

रेप पीड़िता के मजिस्ट्रेट के सामने दोबारा बयान दर्ज कराए गए

# पूर्व भाजपा नेता राही की गिरफ्तारी का वारंट जारी

**फॉलोअप**

- हत्या, दुष्कर्म, पॉक्सो, एससी-एसटी एक्ट में फंसे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष पर शिकंजा
- मजिस्ट्रेट के सामने पीड़िता बोली, पूर्व भाजपा नेता ने नौ लाख रुपये देकर बयान बदलने को बनाया था दबाव

**महराजगंज, निज संवाददाता।** दलित बालिका से रेप और उसके पिता की हत्या के मामले में फरार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राही मासूम के खिलाफ कानून ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को कोर्ट से उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। वहीं पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के सामने दोबारा दर्ज कराए गए बयान में कहा है कि पूर्व भाजपा नेता ने नौ लाख रुपये देकर बयान बदलने के लिए दबाव बनाया था। अन्यथा की दशा में धमकी दी थी कि वह छोटे भाई की भी हत्या करा देगा।

विवेचक सीओ सदर अजय सिंह चौहान के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने शुक्रवार को हत्या, रेप के आरोपित राही मासूम रजा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। अब देश के किसी भी हिस्से से आरोपित को पुलिस गिरफ्तार कर सकती है। पूर्व भाजपा नेता के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज होने के अगले ही दिन पीड़िता ने दबाव में आकर बयान बदल दिया था। कोतवाली में आरोपी की सुपुर्दगी के बाद वह फरार हो गया और धारा 41 के नोटिस के बाद भी हाजिर नहीं हुआ। पुलिस की चार टीमें लगाई गईं। लापरवाही में कोतवाल रवि कुमार राय समेत चौदह पुलिसकर्मियों को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया। नगर चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार सिंह समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित कर दिया गया। पूर्व भाजपा नेता के मददगार मीडिया सेल में तैनात सिपाही आबिद अली समेत दो को विवेचक सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने जेल भेज दिया। इसके बाद विवेचना आगे बढ़ी तो यह जानकारी सामने आई भाजपा नेता ने पैसा व धमकी देकर पीड़िता का बयान बदलने के लिए दबाव बनाया था। जांच के क्रम में सीओ पुलिस टीम के साथ पीड़िता के पास पहुंचे। तब पीड़िता ने बताया कि पूर्व भाजपा नेता ने नौ लाख रुपये दिए थे। उसे वह वापस करने के लिए पुलिस के पास आने वाली थी, लेकिन पिता की तेरहवीं की वजह से नहीं आ पाई। हालांकि, पीड़िता नौ लाख रुपये पुलिस को सौंप चुकी है।

पैसे के लेनदेन का पुष्ट प्रमाण मिलने के बाद विवेचक सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने सिपाही आबिद अली व राही मासूम रजा के करीबी गुड्डू की गिरफ्तारी का आदेश दिया। ठोस सबूत मिलने के बाद विवेचक ने शुक्रवार को पीड़िता का मजिस्ट्रेट के सामने दोबारा बयान कराया।

इसमें उसने कहा कि आरोपी पूर्व भाजपा नेता ने रुपये देकर बयान बदलने का दबाव बनाया था। पीड़िता और उसकी छोटी बहन दोनों के बयान में एफआईआर में दर्ज आरोपों की पुष्टि होने के बाद राही मासूम रजा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जिले के अंदर पिछले एक-डेढ़ दशक में यह पहला मौका है, जब मजिस्ट्रेट के सामने किसी पीड़िता का दोबारा बयान दर्ज हुआ है।

## आरोपी की अवैध सम्पत्ति ध्वस्त होगी

दलित युवती के साथ दुष्कर्म, उसकी छोटी बहन के साथ छेड़खानी, छोटे भाई को पीटने व पिता की हत्या के आरोपित पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा की अवैध सम्पत्तियों को पुलिस-प्रशासन ध्वस्त करा सकती है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को इस बात की जानकारी मिली है कि पूर्व भाजपा नेता की कुछ सम्पत्ति अवैध है।

> हत्या, रेप समेत कई मामले में फरार राही मासूम रजा के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी हो गया है। इसके अलावा पीड़िता का मजिस्ट्रेट के सामने बयान दोबारा दर्ज कराया गया है। विवेचना जारी है। सूचना मिली है कि आरोपित राही मासूम रजा की कुछ सम्पत्तियां अवैध हैं। नियमानुसार दो-तीन दिन में उसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर दी जाएगी।
>
> **अजय सिंह चौहान, सीओ सदर**

# चाकूबाजी के मामले में एक नामजद सहित तीन पर मुकदमा

जासं, नौतनवा : क्षेत्र के अटल चौक पर बीते गुरुवार को ई रिक्शा चालकों में हुए विवाद में चाकूबाजी के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को एक नामजद सहित तीन पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

नगर पालिका के आंबेडकर नगर वार्ड के रहने वाले रचित गौड़ ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि सुबह 10 बजे स्टेशन चौराहे पर ई रिक्शा में सवारी बैठा रहे थे। उनके पीछे से आ रहा दूसरा रिक्शा चालक गाड़ी आगे बढ़ाने को लेकर अशब्द कहने लगा।

उनके वाहन में बैठी सवारियों को अपने में बैठाने के लिए चिल्लाने लगा। विरोध पर उसके दो साथी भी उनसे भिड़ गए। इस बीच अचानक एक व्यक्ति चाकू निकालकर प्रहार करने लगा। बीच बचाव करते शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं हैं। घटना को लेकर चौराहे पर अफरा तफरी मच गई।

# धारदार हथियार से वार करने के आरोप में तीन के खिलाफ केस

**नौतनवा।** कस्बे के रेलवे स्टेशन चौराहा पर दो ई-रिक्शा चालकों में मारपीट के मामलों में पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। पीड़ित रितिक गौड़ की तहरीर पर कार्रवाई हुई है। जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार को सुबह दो ई-रिक्शा चालकों में सवारी को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई थी जिसमें नौतनवां के वार्ड नंबर 5 अंबेडकर नगर निवासी रितिक गौड़ को कई जगह चाकू से वार किया गया था। जिसमें पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर नौतनवां के वार्ड नंबर 11 मौलाना आजाद नगर निवासी कुणाल वर्मा व दो अज्ञात के खिलाफ चाकू से वार करने का आरोप लगाया था। संवाद

# पति सहित तीन लोगों पर केस दर्ज

**महराजगंज।** भिटौली थाना क्षेत्र के पिपरा खादर निवासी साधना निषाद ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी पति विजय निषाद, सास पानमति देवी एवं ननद रीता पर मारने पीटने एवं दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। साधना निषाद ने आरोप लगाया है कि उक्त तीनों लोग दहेज के लिए हमेशा मारते-पीटते हैं। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# अवैध वसूली करने वाला आरोपित गिरफ्तार

## पांच हजार रुपये में कतार से आगे ले जाने का **कर रहे थे धंधा,** तीन अज्ञात पर भी नजर

**जासं, नौतनवा :** गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेपाल जाने वाली कतार में लगी ट्रकों के चालकों से अवैध रूप से रुपये वसूल कर कटिंग कराकर आगे ले जाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को शुक्रवार को कुंसेरवा चौराहे से गिरफ्तार किया है। कोर्ट प्रस्तुत करने बाद उसे जेल भेज दिया गया।

सोनौली सीमा से चंडीथान चौराहे तक करीब 13 किलोमीटर मालवाहक ट्रकों की लंबी कतार लगी हुई है। बीते बुधवार को छपवा टोल प्लाजा के पास ट्रकों की कतार में खड़े चालक से कुछ लोग पांच हजार रुपये लेकर आगे ले जाने का मामला प्रकाश में आते ही पुलिस पहुंच गई। लेकिन कटिंग कराने वाले फरार हो गए। चालक असलम निवासी टिल्लूपुरा थाना नखासा जिला संभल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित रंजीत निवासी अज्ञात व तीन अज्ञात पर जबरदस्ती वसूली, जान से मारने की धमकी व 7 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने बताया कि ट्रक चालक ने बताया कि दिल्ली से डिटर्जेंट पाउडर लेकर नेपाल जाना था।



नौतनवा थाना में गिरफ्तार आरोपित के साथ पुलिस टीम ● सौ : पुलिस

आठ किलोमीटर लंबा जाम होने के कारण छपवा टोल प्लाजा पर ट्रक लेकर खड़ा था। एक व्यक्ति आया, अपना नाम रंजीत बताया, कहा की आपकी ट्रक को आगे पहुंचा देंगे। जिसकी एवज में पांच हजार रुपये की मांग की। इस दौरान तीन लोग और आ गए और पासिंग एजेंट बताते हुए रुपये देने की बात कही। जिसमें चारों में विवाद हो गया। रुपये वापस मांगने पर रंजीत नामक व्यक्ति धमकाने लगा, जिसको लेकर अन्य ट्रक चालक भी उनके पक्ष में बोलने लगे।

# भाई की हत्या की धमकी पर पीड़िता ने बदला था बयान

**जासं, महराजगंज:** पिता की हत्या व बेटियों के साथ दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले में फरार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही ने पीड़िता को बयान बदलने के लिए न सिर्फ रुपये दिए थे, बल्कि उसके आठ वर्षीय छोटे भाई के हत्या कराने की भी धमकी दी थी। इसका पर्दाफाश शुक्रवार को दुष्कर्म पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना दोबारा बयान अंकित कराते हुए किया है। दोबारा पीड़िता का बयान अंकित कराने के बाद न्यायालय ने आरोपित के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट भी जारी कर दिया है। इधर पुलिस आरोपित द्वारा अर्जित संपत्तियों की भी जांच में जुट गई है।

मामले में विवेचक व सदर सीओ अजय सिंह चौहान ने बताया कि पीड़िता द्वारा दोबारा दिए गए बयान के मुताबिक घटना के दिन 28 अगस्त को दुष्कर्म के बाद आरोपित ने उसके भाई की पिटाई की थी। विवाद के दौरान आरोपित ने उसके पिता को जहर देकर मारने की धमकी दी थी। उसके बाद उसी शाम अचानक उसके पिता की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल के बाद शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 31 अगस्त को उनकी मृत्यु हो गई।

मृत्यु के बाद पांच सितंबर को मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसके बाद आरोपित ने बयान बदलने के लिए जान से मारने धमकी दे दी थी। छह सितंबर को पीड़िता ने अपना बयान बदल दिया था। बयान बदलने के बाद मुंह बंद रखने के लिए आरोपितों ने नौ लाख रुपये जबरन दे दिया। लेकिन रुपये बरामद होने के बाद जब पुलिस ने पीड़िता से पूछताछ शुरू की तो वह रोते हुए पूरी बात बताने लगी।

पुलिस ने इसमें मुख्य आरोपित मासूम रजा राही के साथ संलिप्त मीडिया सेल के सिपाही आबिद अली और शहर के बिस्मिलनगर निवासी गुड्डू शाह को जेल भेजने के बाद न्यायालय में पीड़िता का दोबारा बयान दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया था। जिसके क्रम में शुक्रवार को पीड़िता का दोबारा बयान दर्ज हुआ है।

बयान के बाद पुलिस राजस्व विभाग के सहयोग से आरोपित द्वारा अर्जित अवैध संपत्तियों की भी जांच कर रही है। अगर इसके द्वारा अवैध संपत्तियां अर्जित पाई जाएंगी तो उसपर बुलडोजर चलेगा।

**छह सितंबर से ही फरार है आरोपित:** छह सितंबर को पीड़िता के बयान बदलने के बाद से ही फरार आरोपित की तलाश के लिए पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस की टीमें गिरफ्तारी के लिए नेपाल बार्डर से लेकर बिहार और प्रयागराज में छापेमारी कर रही हैं, लेकिन अभी तक आरोपित का कहीं सुराग नहीं लग सका है।

> आरोपित के विरुद्ध पीड़िता का आज न्यायालय मे मजिस्ट्रेट के समक्ष दोबारा बयान दर्ज कराया गया है। छोटी बहन का पूर्व मे ही बयान दर्ज हो चुका है। आज के बयान मे पीड़िता ने भाई की हत्या के धमकी पर बयान बदलने की बात कही है। आरोपित के विरुद्ध गैर जमानती वारंट भी जारी हो गया है। गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।
>
> **आतिश कुमार सिंह,** अपर पुलिस अधीक्षक

कार्रवाई

**नौ सितंबर को केस दर्ज करने के बाद से तलाश में जुटी है पुलिस**

# 0007 गैंग के सरगना का नेपाल में मिला नेटवर्क

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। निचलौल थाना क्षेत्र में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक मारपीट, छिनैती सहित कई घटनाओं को अंजाम देने वाले 0007 गैंग के मुख्य सरगना का नेटवर्क नेपाल में बताया जा रहा है।

आशंका जताई जा रही है की गैंग के सरगना सहयोगियों की मदद लेकर बॉर्डर पार कर नेपाल भाग गया है। पुलिस उसके लोकेशन पर तलाश करने की व्यवस्था बना रही है। पुलिस 9 सितंबर को गैंग के सरगना सहित पांच के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया था। पुलिस के मुताबिक, पिपराकाजी गांव का रहने वाला मोनू अली पिछले करीब एक वर्ष पहले सोशल मीडिया पर 0007 नाम से एक ग्रुप संचालित कर रहा था। कुछ दिन बाद युवक मोनू ग्रुप के जरिये शहर से लेकर ग्रामीणों इलाकों के कुछ युवाओं के साथ एक गैंग तैयार कर लिया।

7 सितंबर को निचलौल-ठूठीबारी मार्ग स्थित सिरौली गांव के पास 0007 गैंग में शामिल कुछ युवकों ने छितौना गांव के रहने वाले युवक राहुल यादव पर पंच से जानलेवा हमला बोलकर लहूलुहान कर दिया था।

उक्त सूचना के बाद गैंग के मुख्य सरगना मोनू अली निवासी पिपराकाजी के अलावा बिपुल चौरसिया निवासी डीगही कोतवाली ठूठीबारी, विशाल यादव निवासी बैदौली के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया। वही ओंकार अग्रहरी और अमरेश निवासी महाशय मुहल्ला को सिधावे गांव में छापा डालकर गिरफ्तार कर ली गई।

फरार सरगना सहित अन्य को गिरफ्तारी के लिए टीम लगी है। एक दर्जन भर से अधिक जगहों पर छापा मारा जा सका है। गैंग के सदस्यों से पूछताछ में कुछ अहम सूचना मिली है। बहुत जल्द सरगना सहित अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर ली जाएगी।

## ग्रुप को छोड़ चुके हैं कई सदस्य

थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर बने ग्रुप के जरिये बने 0007 गैंग के मुख्य सरगना सहित उनके कुछ सदस्यों के खिलाफ कारवाई को देखते हुए गैंग के सदस्य ग्रुप छोड़ चुके हैं। गैंग में शामिल तमाम युवक इन दिनों शहर और गांव छोड़ फरार हो चुके हैं। करीब एक दर्जन से अधिक युवकों को पकड़ पूछताछ करने के बाद संबंधित धाराओं में कार्रवाई भी की जा चुकी है। फरार सदस्यों का लोकेशन मिलते ही उन्हें जल्द गिरफ्तार कर कारवाई की जाएगी।

# छेड़खानी व मारपीट के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा

जासं, कोठीभार: थाना क्षेत्र के एक महिला के साथ छेड़खानी व मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने पीड़िता के तहरीर पर चार के विरुद्ध छेड़खानी व मारपीट से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

नगर निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि बीते मंगलवार शाम करीब पौने सात बजे शौच के लिए जा रही थी तभी गांव के ही असलम ने महिला के साथ छेड़खानी कर अभद्र टिप्पणी के साथ साथ जबरन किनारे खींच कर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा, चिल्लाने पर वह भाग गया। प्रभारी थानाध्यक्ष ध्यान सिंह चौहान ने बताया कि मामला संज्ञान में है, कार्यवाही की जा रही है।

# 12 ग्राम हेरोइन के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार

जासं, खनुआ : सोनौली कोतवाली क्षेत्र के कैथवलिया उर्फ बरगदही गांव के पास पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को एक नेपाल के व्यक्ति को 12 ग्राम नाजायज हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

एसएसबी 66वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट राम बहादुर गुरुंग, एसएसबी निरीक्षक उत्तम सिंह, सोनौली पुलिस के उपनिरीक्षक गंगाराम यादव व अखिलेश प्रताप के नेतृत्व में संयुक्त टीम नोमेंस लैंड के पगडंडी रास्तों पर जांच कर रही थी। सुबह करीब 9:45 बजे बरगदही के मुर्गा फार्म नोमेंस लैंड रास्ते पर टीम पहुंची, जहां एक



सोनौली कोतवाली में आरोपित के साथ पुलिस व एसएसबी टीम● सौजन्य पुलिस

## एसएसबी व पुलिस टीम ने बरगदही गांव के पास पकड़ा

व्यक्ति बैग लेकर नेपाल की तरफ जाते मिला। जब उस व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसके जेब से पुड़िया में रखे सफेद पाउडर मिले। जो प्राथमिक जांच में हेरोइन मिले।

# स्मैक के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल

**नौतनवां।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के कैथवलिया उर्फ बरगदही गांव के मुर्गी फार्म के पास एसएसबी व पुलिस की संयुक्त जांच में नेपाली युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। सोनौली थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि टीम कैथवलिया उर्फ बरगदही गांव के मुर्गी फार्म के पास जांच कर रही थी। एक युवक नौतनवां की तरफ से नेपाल जा रहा था। रोककर तलाशी ली गई, तो युवक के पास से 12 ग्राम स्मैक मिला। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पशुपति नाथ निवासी माया देवी वार्ड पालिका वार्ड नंबर तीन नेपाल बताया। संवाद

# ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप

**महराजगंज।** भिटौली थाना क्षेत्र के गोड़धोवा निवासी प्रीति दुबे ने ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि दहेज की मांग की जा रही थी। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया गया। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# पति पर मारने-पीटने का आरोप

**महराजगंज।** भिटौली थाना क्षेत्र के सेमरा राजा निवासी कमल सिंह ने पति पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस आज फरेंदा में

**महराजगंज।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को फरेंदा तहसील सभागार में मनाया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार करेंगे। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को समाधान दिवस में समय से उपस्थित रहने को कहा है। संवाद

# ट्रक चालक से पैसा मांगने के मामले में वांछित गिरफ्तार

**नौतनवा।** ट्रक कतार से हटाकर आगे बढ़ाने व ट्रक चालक से पैसा मांगने के मामले में एक वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक नौतनवां मनोज कुमार राय ने बताया कि आरोपी रंजीत वर्मा निवासी कुनसेरवा, थाना सोनौली नेपाल जाने वाले कतार में लगे ट्रकों के चालकों से पैसा लेकर बीच से कटिंग कराता था। जिसके खिलाफ ट्रक ड्राइवर की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। संवाद

# पूर्व भाजपा नेता के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**अमर उजाला फॉलोअप**

हराजगंज। हत्या, दुष्कर्म, ोड़छाड़ और मारपीट के आरोपी र्व भाजपा नेता राही मासूम रजा की ुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उसके खलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्लू) जारी हो गया है। आरोपी पूर्व भाजपा नेता को सुपुर्दगी नेने वाले एक व्यक्ति से भी पुलिस ूछताछ कर रही है।

मामले में और लोगों से भी ूछताछ की जा सकती है। इसके अलावा आरोपी की संपत्तियों की ांच भी शुरू कर दी गई है। बता दें ़सकी गिरफ्तारी के लिए 15 टीमें नगी हैं।

आरोपी राही मासूम रजा पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ़सकी कार कब्जे में ले ली है। सके अलावा उसके चार बैंक के ़ातों को सीज कर दिया गया है। ़सके आय के प्रमुख स्रोतों के बारे ं भी जानकारी हासिल की जा रही ै। बताते हैं कि वह सूद पर रकम ़ने का धंधा करता था। संवाद

## दुष्कर्म प्रकरण

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री से पूछताछ

छेड़छाड़, मारपीट का आरोपी पूर्व भाजपा नेता नहीं धरा पुलिस के हत्थे

15 सितंबर को प्रकाशित खबर

### कुछ पूर्व जिलाध्यक्षों से आरोपी के हैं रिश्ते

पूर्व भाजपा नेता राही मासूम रजा की पार्टी में गहरी पैठ बताई जा रही है। सोशल मीडिया में ऐसे फोटो हैं, इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि कुछ पूर्व जिलाध्यक्षों से आरोपी का बेहद करीबी रिश्ते हैं। सूत्र बताते हैं कि आरोपी शासकीय अधिवक्ता बनने के लिए फाइल तैयार कर लखनऊ भेजवाया था।

*पूरे प्रकरण में विशेष गंभीरता बरती जा रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उस पर शिकंजा कसने के लिए सभी प्रक्रियाएं पूरी की जा रहीं हैं।*

*-डॉ. कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक*

# कपड़े की दुकान खोलने वाला था तलहा खान

## एनआईए की कार्रवाई की भनक लगते ही फरार हो गया, फरेंदा में अपने ससुर के घर महीने में दो बार आता था

अमर उजाला फॉलोअप

संवाद न्यूज एजेंसी



एनआईए के छापे के दौरान बैंक रोड पर पसरा सन्नाटा। संवाद

महराजगंज/फरेंदा। कस्बे के विकास नगर में राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) ने जिस संदिग्ध तलहा खान की तलाश में छापे की कार्रवाई की थी, वह फरेंदा में कपड़े की दुकान खोलने की योजना बना रहा था। बताते हैं कि ससुराल में रह रहा बिहार का तलहा कार्रवाई की भनक लगते ही रात में घर से फरार हो गया। फिलहाल एनआईए की टीम उसके मोबाइल फोन और लैपटॉप को कब्जे में लेकर पड़ताल कर रही है।

शुक्रवार को विकासनगर के तलहा के ससुर डॉ. फजले हक के घर पर सन्नाटा पसरा हुआ था। पास-पड़ोस के लोग भी कुछ बोलने से बचते दिखे बहुत कुरेदने पर कुछ लोगों ने बताया कि महीने दो बार वह अपकी ससुराल आता था। शांत स्वभाव का दिखने वाला तलहा सभी से घुल मिलकर बातें करता था।

अब उसके पाकिस्तानी कनेक्शन की बात सुनकर हैरानी हो रही है। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उसकी हरकतों से देश में कस्बे का नाम खराब हो गया है। वहीं, तलहा खान के ससुराल पक्ष के लोग कुछ भी बताने से साफ इन्कार कर रहे हैं। फरेंदा के थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि एनआईए की जांच में क्या हुआ इसकी कोई जानकारी नहीं है। छापे के दौरान पुलिस सुरक्षा में लगी थी।

### तलहा के ससुर डॉ. फजले करते हैं खेती

**फरेंदा** कस्बे के विकासनगर निवासी यूनानी डिग्रीधारी डॉक्टर फजले हक खेती-किसानी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मूल रूप से पुरंदरपुर के रहने वाले डॉ हक करीब पंद्रह वर्ष से विकासनगर में आकर मकान बनवा कर रहा रहे हैं। उनके भाई का अफ्रीका में व्यापार है। बेटा आफताब भी वहीं गया था। इस समय घर आया है।

### एएनएम हैं सास

**डॉक्टर** फजले हक की पत्नी रोशन जहां एएनएम के पद पर कार्यरत हैं। इनके बेटी शाहीदा मामून की शादी करीब तीन साल पूर्व बिहार के सीवान जिला निवासी तलहा के साथ हुई थी। उस दौरान तलहा अलीगढ़ में रहकर फैशन डिजाइनर का काम करता था। शादी के बाद से तलहा का अक्सर फरेंदा आना-जाना रहता था। डॉक्टर फजले हक ने बताया कि दामाद को कस्बे में कपड़े की दुकान खोल कर बैठाना चाहता था। तलहा एनआईए के छापे के दौरान रात में फरेंदा में ही था। लेकिन सुबह होते कमरे से गायब हो गया इसकी जानकारी नहीं हो पा रही है।

# पुलिस लाइंस परिसर में 12 मंजिली बिल्डिंग तैयार, जल्द होगी हैंडओवर

**महराजगंज।** पुलिस लाइन परिसर में 12 मंजिली दो बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुका है। तीसरी बिल्डिंग आठवी मंजिल तक बन रही है। बताया जा रहा है कि एक या दो माह में काम पूरा हो जाएगा। भवन निर्माण की लागत 15 करोड़ 28 लाख बताई जा रही है। एक बिल्डिंग में 48 फ्लैट बने हैं। कार्यदायी संस्था निर्माण निगम को भवन निर्माण की जिम्मेदारी मिली है। पुलिस कर्मियों के लिए बन रहे भवन में नीचे ही स्टैंड की व्यवस्था है। प्रोजेक्ट इंचार्ज वीरेंद्र सिंह ने बताया कि निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। एक से दो माह के अंदर भवन निर्माण पूरा हो जाएगा। सबकुछ अपडेट होने के भवन हैंडओवर किया जाएगा। संवाद

# दुर्व्यवस्था : सर्विस लेन बनी पार्किंग आवागमन में बढ़ी लोगों की मुश्किल

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर सड़क किनारे बने सर्विस लेन पर खड़े वाहनों ने राहगीरों व नगर वासियों की मुश्किलों को बढ़ा रहा है। सुबह व शाम खड़े वाहन जहां नगर वासियों की मुश्किल को बढ़ाते हैं। आने जाने के दौरान दुश्वारियां झेलनी पड़ती हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर सक्सेना चौक से लेकर महुअवां ढ़ाले तक सड़क के दोनों तरफ जगह-जगह वाहनों के खड़ा होने से जहां आमजन व राहगीरों को सर्विस लेन से आने-जाने में समस्या आती है। ज्ञानेंद्र तिवारी ने बताया कि सर्विस लेन को बनाने का उद्देश्य है कि बड़े वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग से जाएं, जबकि स्थानीय लोग व राहगीर सर्विस लेन से यात्रा करें। फरेंदा मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क के किनारे स्थित बैंक, एटीएम, माल, व्यापारिक प्रतिष्ठान व अस्पताल के बाहर जगह-जगह वाहने के खड़े रहने से इस रास्ते जहां लोगों का आना-जाना मुश्किल होता है वहीं हमेशा इस पर दुर्घटना का डर भी बना रहता है।



एनएच-730 फरेंदा मार्ग की सर्विस लेन पर खड़ी बाइकें। संवाद

## फरेंदा मार्ग पर दोनों तरफ सर्विस लेन पर वाहनों के खड़े रहने से आने-जाने में परेशानी

नगर के सुधीर यादव ने बताया कि समस्या के निदान के लिए सड़क किनारे रहने वाले लोगों ने कई बार मांग भी की, मगर किसी ने उसके निदान में रूचि नहीं दिखाई। सत्यम कुमार ने कहा कि सर्विस पर प्रतिदिन वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है, मगर उसे दूर कराने के लिए न तो पुलिस गंभीर है और न ही यातायात पुलिस। दुकानदार सुनील गुप्ता ने बताया कि सर्विस लेन पर वाहन के खड़े होने से समस्या आती है। जनहित को देखते हुए उसे हटवाना जरूरी है। दुकानदार श्याम ने बताया कि सर्विस लेन पर वाहनों के खड़ा होने से हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। यातायात निरीक्षक गुलाब यादव ने बताया कि अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-09-2023

# रेल पटरी पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

**गौर (एसएनबी)।** बभनान-गौर रेलवे स्टेशन के बीच सुमही गांव के समीप अप रेलवे ट्रैक पर लगभग 28 वर्षीय एक युवक का क्षत-विक्षत शव पाया गया।शव के पास पड़े आधार कार्ड द्वारा उसकी पहचान अभिमन्यु पुत्र पंचम निवासी गोपालपुर थाना भगवानपुर जिला सिवान के रूप में हुई।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की कानूनी कार्यवाही कर रही है।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की सुबह करीब 8:30 बजे बभनान से गौर की तरफ जा रही गोरखधाम एक्सप्रेस ट्रेन से एक अज्ञात व्यक्ति अप ट्रैक पर गिर गया। उसी बीच अप ट्रैक पर भी मालगाड़ी आ गई जिसकी चपेट में आने से युवक का शव क्षत-विक्षत हो गया है। शव से सिर व उसके कपड़े गायब मिले। घटना के समय मालगाड़ी शव को कुछ दूर तक घसीटते हुए आगे ले गई। अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसी दौरान दिवंगत के कपड़े व सिर भी फंसकर मालगाड़ी के साथ कहीं दूर चले चले गए। पुलिस के मुताबिक मृतक अपनी पत्नी चंद्र ज्योति के साथ ट्रेन से यात्रा कर रहा था। ट्रेन जब गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो ज्योति वहां जाकर जीआरपी वालों से बताई कि उसका पति बभनान -बस्ती के बीच ट्रेन से गिर गया है। प्रभारी निरीक्षक गौर राजकुमार पांडेय ने बताया कि मौत की सूचना दिवंगत के पत्नी को दे दी गई है। वह अपने स्वजनों के साथ शाम तक गौर पहुंच जाएंगी। उसके बाद उसका शव को पोस्टमार्टम के भेजा जाएगा।

# बैठक कर साप्ताहिक परेड का निरीक्षण

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया । परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया । निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड के उपरान्त पुलिस मेस में भोजन की गुड़वत्ता का परीक्षण किया गया तथा परिवहन शाखा, डायल-112 के वाहनों आदि का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया तत्पश्चात एसपी द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमान्डरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

# पुरानी बस्ती थाने का एचएस 47 ए है राजेश उर्फ राजू

**बस्ती (एसएनबी)।** घटना कोअंजाम देने के बाद पुलिस गिरफ्त में आया लुटेरा राजेश उर्फ राजू पुत्र दुर्गाप्रसाद निवासी करमा, पुरानी बस्ती थाने का हिस्ट्रीशीटर नंबर 47 एहै। इसकेविरुद्ध पुरानी बस्ती के साथ-साथ कोतवाली व कप्तानगंज थाने में कुल 12 मुकदमें पंजीकृत हैं। राजेश उर्फराजू पर पहला मुकदमा 2008 मेंकोतवाली थाने में धारा 380, 411 आईपीसी मे दर्ज हुआ।

इसी वर्ष कोतवाली पुलिस ने इसके विरुद्ध धारा 457, 380, 411 के मामले में चार मुकदमें और पंजीकृत किये। राजेश के बढ़ते आपराधिक इतिहास को देखते हुए कोतवाली बस्ती में वर्ष 2009 में इसके विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही किया। 2009 में ही राजेश पर 110 गुंडा अधिनियम की कार्यवाही की गयी वर्ष 2009 मेंपुरानी बस्ती थाने में इसके विरुद्ध 401 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत हुआ। 2010 में पु रानी बस्ती पुलिस ने 110 जाफो की कार्यवाही किया और इसी वर्ष इसके विरुद्ध 3/4 गुंडा एक्ट की कार्यवाही भी की गयी। 2023 में कप्तानगंज पुलिस नेराजेश पर धारा 379,411 आईपीसी का मुकदमा कायम हुआ। इसी वर्षकोतवाली में अधिवक्ता के घर करने के मामले में इस पर धारा 34, 307, 342, 393, 397, 411, 455 आईपीसी का अभियोग पंजीकृत किया गया है। तो दूसरे आरोपी रमेश यादव उर्फ प्रिन्स पर भी कोतवाली मेंवर्ष 2008 में हत्या का मुकदमा पंजीकृत हुआ था।

नगर पुलिस ने वर्ष 2009 में इसे गुंडा एक्ट में पाबंद किया। वर्ष 2023 मेंकोतवाली थाने में इसके विरुद्ध धारा 34, 307, 342, 393, 397, 411, 455 आईपीसी का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# एक ही प्रेमी संग फरार हुई दो सगी बहनें

**बभनान(एसएनबी)।** कहते है प्यार दिवाना होता है मस्ताना होता है, हर खुशी और गम से बेगाना होता है। ऐसे ही एक मामला सामने आया है जहां पर दो सगी बहनों पर इश्क का जुनून यूं परवाना चढ़ा कि दोनों बहने जाति, धर्म व परिवार को छोड़कर गैर समुदाय के युवक के साथ बीती रात फरार हो गयी। पुलिस ने युवतियों के पिता की तहरीर पर अपहरण की धारा 366 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की तहकीकात शुरू कर दिया है।

**पैकोलिया थाना क्षेत्र के एक बजार की घटना, नामजद मुकदमा दर्ज**

मामला पैकोलिया थाना क्षेत्र के एक बजार का है जहां पर माता-पिता पूरा परिवार बिसाता की दुकान खोलकर अपना जीविकोपार्जन करता था। वही पर रात्रि निवासी भी करता था। उसी दुकान पर दोनो सगी बहने भी समान बेचा करती थी। युवती के पिता के मुताबिक पैकोलिया थाना क्षेत्र मजगवां निवासी रामजी पुत्र भागवत प्रसाद यादव भी बराबर आया-जाया करता था। आने-जाने के दौरान दोनों बहनो के नैना उससे चार हो गए और शादी का झांसा देकर वह बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस युवती के पिता की तहरीर पर सुसंगत धारा में नामजद मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन में जुट गई है। मामले के विवेचक उपनिरीक्षक ओमप्रकाश भारती ने बताया कि दोनों युवतियों की बरामदगी व आरोपी की तलाश की जा रही है।

# पुलिस ने दो वर्षीय बालक को परिजनों से मिलाया

**बस्ती।** बडेवन चौकी पुलिस ने गायब हुए दो वर्षीय बालक को उसके परिजनों से मिलाया सोशल मीडिया के माध्यम व आसपास से खोजने पर उसके पिता ऋषि देव व माता सरोज निवासी मड़वा नगर थाना कोतवाली जनपद बस्ती बच्चों से पहचान करवा कर माता-पिता को सुपुर्द किया गया।

# लूट कांड का खुलासा : साथी के साथ अधिवक्ता के चालक ने ही दिया था घटना को अंजाम

**बीते 11 सितम्बर को रौता चौराहे पर अधिवक्ता की पत्नी को बंधक बनाकर हुई थी लूट**

**स्वाट, कोतवाली व एसओजी टीम को मिली कामयाबी, नकदी व जेवरात बरामद**

**बस्ती (एसएनबी)।** बीते 11 सितम्बर को कोतवाली थाना क्षेत्र के रौता चौराहे पर पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर रहने वालेअधिवक्ता की पत्नी को बंधक बनाकर नकदी व जेवरात लूटकर फरार हो जानेवालेलुटेरों को कोतवाली,स्वाट व एसओजी टीम नेअमहट पुल के पास से धर दबोचा। पकड़े गये दो लुटेरों में एक अधिवक्ता का ही चालक था। जिसमें अपने साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। पकड़े गये लुटेरों के कब्जे से पुलिस ने नकदी, जेवरात , मोबाइल के साथ घटना में प्रयु क्त लोहे की राड कोबरामद किया।

पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा करते हुए एसपी ने गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि 11 सितम्बर को करीब दो बजे दोयुवकों ने रौता चौराहे पर स्थिति अधिवक्ता सु रेन्द्र मोहन वर्मा के घर में घुसकर उनकी पत्नी को बंधक बनाते हुए लूट किया था और फरार हो गये थे। इस मामले में अधिवक्ता की शिकायत पर लुटेरों के विरुद्ध कोतवाली थाने में धारा 34,307,342,394 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के खुलासेकेलिए कोतवाली के साथ-साथ स्वाट व एसओजी टीम कोलगाया गया था। पुलिस ने सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों सेजब आरोपियों के पहचान कराने की कोशिश की तोउनमें से एक का हुलिया अधिवक्ता के पुराने चालक से मिलता जुलता दिखायी दिया। मुखबिर की सूचना पर टीम ने15 सितम्बर कोसुबह 9.10 बजे अमहट पुल के पास से दो युवकों को धर दबोचा। गिरफ्तार हुए लुटेरों की पहचान रामदेव यादव उर्फ प्रिन्स पुत्र छिनमिन निवासी महरीपुर थाना नगर व राजेश पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी करमा थाना पुरानी बस्ती के रूप में की गयी। पकड़े गये लुटेरों के कब्जे सेलूट के नौगहने,12250 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त किया गया लोहे का राड भी बरामद कर लिया गया। पकड़ा गया बदमाश राजेश उर्फ राजू पुरानी बस्ती थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है। इसके विरुद्ध अलग-अलग थानों में दर्जन भर मुकदमें पंजीकृत है। रामदेव यादव पर भी हत्या के अलावा गुंडा एक्ट व लूट का भी मुकदमा पहले से पंजीकृत है।



बस्ती : लूटकांड का खुलासा करतेएसपी गोपाल कृष्ण चौधरी। फोटो : एसएनबी

## फुलप्रूफ प्लान बना लुटेरों ने घटना को दिया था अंजाम

**बस्ती (एसएनबी)।** पकड़े गये लुटेरों ने पुलिसिया पूछताछ में बताया कि उन्होंने घटना कारित करने के पहले फुलप्रूफ प्लान तैयार किया था। उन्हें पता था कि रौता चौराहे के पास दोपहर में एक वकील जिनका नाम सुरेन्द्र मोहन वर्मा का घर है। और वह सुबह कचहरी चले जाते हैं। जिसका फायदा उठाकर हम दोनों मिल कर लूट करने गए थे। वकील की पत्नी अकेली घर पर थीं उसने हमलोग का विरोध किया तो हम दोनों ने मिलकर उनकी पत्नी को सब्बल से मारा तथा बाथरूम में बंद करके घर में लूट किए थे। जिनमे प्राप्त सामान को बेचने जा रहे रहे थे कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। पुलिस ने रामदेव सेजब कड़ाई से पूछताछ हुई कि तुम वकील का नाम कैसे जानते होतो उसने बताया कि मैं पहले वकील साहब की गाड़ी चलता था । वकील साहब की पत्नी चलने में असमर्थ रहती हैं तथा वकील साहब सुबह कचहरी चले जाते हैं व शाम को घर आते हैं। इस बात कि मुझे जानकारी थी। इसलिए मौका देखकर हम लोगों ने यह घटना कारित किया था । उक्त दोनों व्यक्तियों से और कड़ाई से मुकदमा वादी के घर से लूटे गए 60000 के बारे में पूछने पर दोनों लुटेरों नेबताया कि वकील के घर से हम लोगों को लगभग 20000 मिले थे जिसमें से यह पैसा बचा है। बाकी और हम लोग खाने पीने में खर्च कर दिया है।

## खुलासा करने वाली टीम को मिला इनाम

**बस्ती ।** बीच शहर में लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो जाने के मामले में कोतवाली,स्वाट व एसओजी की टीम नेलुटेरों कोगिरफ्तार कर पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया। इस पर एसपी ने पूरी टीम के कार्य की सराहना की और उनके बेहतर कार्य को देखते हुए पच्चीस हजार रुपये देने की घोषणा किया।

# एसपी ने थाना मुंडेरवा का किया निरीक्षण

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा थाना मुंडेरवा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय आदि का भ्रमण किया गया ।

थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। थाना परिसर में उपस्थित सभी सीओ/ कर्मचारी को सख्त हिदायत दिया कि उनसे अपेक्षित समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण व सही तरीके से करें। बीट आरक्षी/मुख्य आरक्षी गण को अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भ्रमणशील रहकर वहां के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क में रहे क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों तथा आम जन के शिकायतो का विधि के अनुसार समय से निस्तारण करें।

# 22 साल पहले हुए अपहरण के मामले में मुल्जिम हैं अमरमणि

बस्ती। कोतवाली बस्ती क्षेत्र से तकरीबन 22 साल पहले किराना कारोबारी धर्मराज गुप्ता के बेटे राहुल गुप्ता का अपहरण हो गया था। पुलिस ने राहुल को लखनऊ में एक घर से बरामद किया था। दावा किया गया कि यह अमरमणि त्रिपाठी से जुड़े एक व्यक्ति का घर था। इस मामले अमरमणि त्रिपाठी मुल्जिम हैं। एमपी-एमएलए कोर्ट में इस केस की सुनवाई चल रही है। 15 सितंबर को इसी मामले की सुनवाई के दौरान सीएमओ गोरखपुर की ओर से गठित की पांच सदस्यीय मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट अदालत में पेश की गई।

# तहसील सदर गेट पर मीटिंग कर मांगी पुरानी पेंशन

बस्ती। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने बस्ती सदर तहसील गेट पर मीटिंग किया। मीटिंग में पुरानी पेंशन की मांग किया। अध्यक्षता तहसील बस्ती सदर राजस्व निरीक्षक संघ के संरक्षक देवेन्द्र श्रीवास्तव व संचालन अमीन संघ अध्यक्ष उमेश वर्मा ने किया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रामअधार पाल एवं जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि कई राज्यों के कर्मचारी पुरानी पेंशन पा रहे हैं।

# दो बहनों को लेकर युवक फरार, केस दर्ज

पैकोलिया। क्षेत्र के एक बाजार में रहने वाली दो सगी बहनों को बृहस्पतिवार रात एक युवक शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया। पुलिस ने युवतियों के पिता की तहरीर पर एक युवक पर अपहरण का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थानाक्षेत्र के एक बाजार निवासी पिता एक दुकान खोलकर जीविकोपार्जन करता है। उसी दुकान पर दोनों बहनें भी मदद करती थीं। युवतियों के पिता ने तहरीर में आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र के ही मजगवा गांव निवासी रामजी यादव मेरी 19-20 वर्षीया दोनों बेटियों को कहीं ले गया।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से एक घायल

विक्रमजोत। छावनी विक्रमजोत चौकी क्षेत्र के खतमसराय गांव के पास हाईवे पर सड़क पार करते वक्त अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी विक्रमजोत लाया। प्राथमिक उपचार के दौरान हालात नाजुक देखकर चिकित्सकों ने अयोध्या रेफर कर दिया। घायल की पहचान रामचरण निवासी पूरा बाजार जनपद अयोध्या के रूप में हुई। रामचरण दुबौली से अयोध्या के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली से बांस लादकर ले जा रहा था। खतमसराय के पास ट्रॉली पंक्चर हो जाने से रोड के किनारे ट्रॉली खड़ी कर सड़क पार करके चाय पीने जा रहा था।

# सड़क हादसों में हुई मौत के मामले में चालकों पर केस

## कार्रवाई

बस्ती,निज संवाददाता। सड़क हादसे में मौत के दो अलग-अलग मामलों में घायल की मौत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। छावनी थाने के विक्रमजोत के पास 31 जुलाई को हादसे में मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में हर्रैया बाजार के गल्ला मंडी निवासी अमित सोनी ने तहरीर दी। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई को विक्रमजोत चौकी के पास अज्ञात वाहन से चोट लगने के कारण उनके पिता घायल हो गए थे। उनकी दो अगस्त को रात 11 बजे के आसपास इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

सड़क हादसे की दूसरी घटना में लालगंज पुलिस ने महसों पावर हाउस के पास छह सितंबर को हुए हादसे में अज्ञात चालक पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में नगर थानाक्षेत्र के बनकटवा निवासी सत्यम मिश्र ने तहरीर दी।

उन्होंने बताया कि शाम करीब छह बजे उनके 50 वर्षीय पिता इन्द्रमणि को अज्ञात बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए ठोकर मार दिया था। गंभीर चोट आने पर उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

# 15 पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

सल्टौआ। विद्युत प्रवर्तन दल ने शुक्रवार को सल्टौआ ब्लॉक क्षेत्र के पकरीभीखी गांव में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ छापेमारी की। बिजली की चोरी करते हुए टीम ने 15 लोगों को रंगेहाथ पकड़ा। सभी के खिलाफ बिजली थाने में चोरी का केस दर्ज कराया गया है। एसडीओ अनुज कन्नौजिया ने बताया कि गांव में 50 हजार से ऊपर के बकाएदारों की बिजली काटी गई थी। 15 लोगों ने कनेक्शन कटने के बाद खंभे से सीधे दोबारा केबल जोड़ लिया था। ऐसे में उनके खिलाफ बिजली चोरी का केस दर्ज कराकर कार्रवाई की जा रही है।

एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू करने और डीएम, एसपी के तबादले की वकीलों ने की मांग

# 17वें दिन भी जारी रहा वकीलों का प्रदर्शन

- हापुड़ कांड को लेकर शुक्रवार को भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से रहे विरत
- संयुक्त बार के निर्णय से 18 सितंबर तक जारी रहेगा आंदोलन

बस्ती, निज संवाददाता। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के मामले में जिले के वकीलों ने शुक्रवार को संयुक्त बार की अगुवाई में विरोध-प्रदर्शन जारी रहा। अधिवक्ता संगठन की मांग है कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किया जाए। हापुड़ के डीएम-एसपी का तत्काल तबादला किया जाए। बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज व महिला वकीलों की पिटाई के दोषी पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी हो। घायल अधिवक्ताओं को तुरंत मुआवजा दिया जाए। साथ ही प्रदेश के अधिवक्ताओं के खिलाफ पुलिस की तरफ से दर्ज कराए गए झूठे व मनगढंत मुकदमों को वापस लिया जाए।

एक स्वर में कहा गया कि हापुड़ कांड में वकीलों को न्याय मिलने तक आंदोलन निरंतर चलता रहेगा। इस मौके पर प्रदर्शन करने वालों प्रमुख रूप से सिविल बार के अध्यक्ष अजय सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर पाण्डेय, बद्रीप्रसाद दुबे, महासचिव दिलीप श्रीवास्तव, प्रवक्ता केएम उपाध्याय, पंकज श्रीवास्तव तथा यंगबार के जिलाध्यक्ष विनोद भट्ट, जनपद बार के अध्यक्ष रजनीश दुबे, महामंत्री रमेश पाण्डेय, शशि प्रकाश शुक्ल, देवव्रत उपाध्याय, चन्द्रभान पाठक, दिलीप सिंह, रामदत्त दुबे, योगेश श्रीवास्तव समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे। हर्रैया, भानपुर व रुधौली में अधिवक्ताओं ने 17 वें दिन भी कार्य बहिष्कार किया। हर्रैया में बार के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी, भगवती प्रसाद मिश्रा, बलराम तिवारी, अभिमन्यु सिंह व रामसिंह, श्रीकांत उपाध्याय आदि लोग शामिल रहे। भानपुर में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता एसपी सिंह, लोकनाथ उपाध्याय, सुबाष सिंह, नरेन्द्रदेव पांडेय, जगप्रसाद पांडेय, केपी सिंह सहित समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे।

"सिविल बार, जनपद बार, कमिश्नर बार व यंग बार ने संयुक्त रुप से निर्णय लिया है कि 18 सितंबर 23 तक विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि हापुड़ कांड के खिलाफ 15 दिनों से चली आ रही वकीलों की प्रदेशव्यापी हड़ताल के बाद भी वकीलों की न्योचित मांगे न मानना तानाशाही है। -शिवपूजन मिश्र, महामंत्री, सिविल बार बस्ती



हापुड़ कांड को लेकर जिला न्यायालय गेट पर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता। • हिन्दुस्तान

# उप्र सरकार के खिलाफ शिक्षक संघ ने दिया धरना

बस्ती, निज संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार की शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ शुक्रवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने जेडी माध्यमिक बस्ती मंडल के कार्यालय के समक्ष धरना दिया। मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जेडी ओमप्रकाश मिश्रा को सौंपा।

शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सरकार ने पुरानी पेंशन खत्म की, सामूहिक जीवन बीमा को समाप्त किया, विभिन्न प्रकार के भत्तों की इतिश्री कर दी और अब 11 जुलाई को जब उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग कानून का रूप ले चुका है। चयन बोर्ड की पदोन्नति की धारा 12, तदर्थ प्रधानाचार्य की नियुक्ति सम्बंधी धारा-18 तथा शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की धारा-21 को निरस्त कर दिया गया। नए शिक्षा आयोग में शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से सम्बंधित कोई धारा नहीं जोड़ी गई है। चयन नियमावली में शिक्षकों को प्रबंधकों के अत्याचार को सहने के लिए विवश कर दिया है।

# एलटी लाइन की चपेट में आकर डाककर्मी की मौत

हरैंया, हिसं। एलटी लाइन की चपेट में आकर डाककर्मी की मौत हो गई। हरैंया थानाक्षेत्र के सकरदहा गांव में शुक्रवार सुबह घटना हुई। परिजनों ने शव का पीएम कराने से मना कर दिया और दोपहर बाद अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली का तार भोर में किसी समय टूट कर गिरा है, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।



रमेश शुक्ला (फाइल फोटो)

- हरैंया क्षेत्र के सकरदहा गांव में शुक्रवार सुबह हुआ हादसा
- टूटकर गिरा था ट्रांसफॉर्मर के पास बिजली का तार

गांव निवास रमेश शुक्ला (65) पुत्र गोकुल शुक्ला सुबह अपने गांव के पूरब काली माता मंदिर स्थान के पास गाय को खेत में बांधने गए थे। वहां पर पहले से बिजली के खंभे से एलटी लाइन का तार टूटकर खेत के किनारे लगे तार के बाड़ पर गिरा था, जिससे बाड़ में भी करंट उतर गया था। वहां से लौटते वक्त रमेश बाड़ के तार में उतर रहे करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से अचेत होकर जमीन पर गिर गए। काफी देर बाद ग्रामीणों की नजर उन पर पड़ी तो इसकी सूचना परिजनों को दी। आनन-फानन में परिजन सीएचसी हरैंया लेकर गए, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसी बीच किसी ने घटना की सूचना हरैंया पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करने से इंकार कर दिया। दोपहर बाद हरैंया कस्बे के पश्चिम मनोरमा नदी के तट पर दाह-संस्कार कर दिया। पति की मौत से पत्नी प्रेमा शुक्ला व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। गांव में मातम छाया है। मृतक हरैंया पोस्टआफिस में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत थे। हरैंया प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों ने शव का पीएम करने से इंकार कर दिया है।

### 11 सितंबर को अधिवक्ता के घर में की थी लूट की वारदात

# रौता लूटकांड में चालक ही निकला मास्टरमाइंड

**खुलासा**

**बस्ती, निज संवाददाता।** शहर में अधिवक्ता के घर दिनदहाड़े हुई लूट की घटना का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। लूट की वारदात का मास्टरमाइंड अधिवक्ता सुरेन्द्र मोहन वर्मा का कार चालक निकला। पुलिस कप्तान गोपालकृष्ण चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि शुक्रवार की सुबह अमहट के पास पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर न्यायालय भेजा गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

शुक्रवार की सुबह वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि दो बाइक सवार अमहट पुल से गुजर रहे हैं। इस बीच पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों गाड़ी मोड़कर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। एसपी के अनुसार पकड़े गए आरोपितों ने अपना नाम व पता रामदेव यादव उर्फ प्रिंस निवासी महरीपुर थाना नगर और राजेश निवासी करमा थाना पुरानी बस्ती बताया। दोनों ने 11 सितंबर को रौता पुलिस बूथ के पास किए गए लूटपाट का जुर्म कबूला। आरोपितों के पास से पुलिस ने लूटी गई मोबाइल, 12500 रुपये, अपाची बाइक बरामद की।

**बकाया पैसा नहीं देने से खफा था चालक :** पुलिस के मुताबिक अधिवक्ता सुरेन्द्र मोहन वर्मा के घर रामदेव यादव सात महीने तक उनके गाड़ी का ड्राइवर था। इधर कुछ दिनों से उन्होंने रामदेव को हटा दिया था। घटना के दस दिन पहले वह वकील साहब से अपना बकाया पैसा मांगने आया था। बेटे की बीमारी का हवाला देकर उनसे अपना हिसाब करने को कहा। वकील के मना करने पर रातदेव नाराज हो गया। मौका मिलते ही उसने राजेश के साथ मिलकर घटना को अंजाम दे दिया।

**पुलिस टीम को 25 हजार का इनाम :** शहर की सनसनीखेज लूटकांड का खुलासा करने वाली टीम को एसपी ने 25 हजार रुपये इनाम देने का ऐलान किया है। खुलासा करने वाली टीम में एसएचओ कोतवाली विनय पाठक, गजेन्द्र प्रताप सिंह, उमाशंकर तिवारी, शशिकांत, रमेश यादव, दुर्गविजय सिंह, राकेश मिश्र, शशिशेखर सिंह, ज्वाला सिंह, अनंत यादव, अमरीश, मनीष, गौरव, साजिद, गजेन्द्र, देवेन्द्र, धर्मेन्द्र, रमेश, किशन, अभिलाष व सुभेन्द्र तिवारी शामिल रहे।

**बरामदगी में मिले सामान :** पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नौ पीली धातु के गहने, 12500 रुपये नकद, दो अदद मोबाइल फोन, घटना प्रयुक्त किए गए लोहे का सब्बल, अपाची बाइक शामिल है।



शुक्रवार को रौता लूटकांड का खुलासा करते एसपी गोपालकृष्ण चौधरी, साथ में एएसपी, सीओ सिटी और गिरफ्तार आरोपी। ● हिन्दुस्तान

## पूछताछ में स्वीकार की लूट की वारदात

दोनों आरोपियों ने बताया कि वकील साहब की पत्नी चलने में असमर्थ रहती हैं। वकील साहब सुबह कचहरी चले जाते हैं। इसकी जानकारी चालक रामदेव थी, इसलिए मौका देखकर घटना को अंजाम दिया। दोनों ने तहरीर में लिखाए गए 60000 के बारे में पूछने पर बताया कि वकील के घर से लगभग बीस हजार रुपये मिले थे। इसमें से 12500 रुपये बचे हैं। बाकी खाने-पीने में खर्च हो गए।

## मेदांता में भर्ती हैं घायल नूतन वर्मा

बदमाशों के हमले से घायल नूतन वर्मा मेदांता लखनऊ में भर्ती हैं। लूट की घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। पहले उन्हें जिला अस्पताल फिर शहर के निजी हॉस्पिटल में रखा गया था। बाद में मेदांता में भर्ती कराया गया, जहां पर शुक्रवार को ऑपरेशन किया गया। उनके रिश्तेदार एडवोकेट पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि सफल आपरेशन के बाद उनकी हालत धीरे-धीरे सामान्य हो रही है।

## आरोपियों का आपराधिक इतिहास

आरोपी रामदेव यादव उर्फ प्रिंस पर कोतवाली में हत्या, जानलेवा हमला, लूट, नगर थाने गुंडा एक्ट समेत तीन अभियोग दर्ज हैं। आरोपी राजेश उर्फ राजू पुरानी बस्ती थाने का एचएस है। उसके उपर पुरानी बस्ती, कोतवाली व कप्तानगंज थाने में चोरी, गैंगस्टर आदि के एक दर्जन केस दर्ज हैं।

# नहर पर मिली लावारिस बाइक

छावनी। क्षेत्र के अमोढ़ा इलाके के कुँआगांव के सिवान में नहर पर शुक्रवार को एक बाइक लावारिस पड़ा मिला है। बीडीसी पंकज श्रीवास्तव ने इसकी सूचना छावनी थाने को दी। छावनी पुलिस मौके पर पहुंच कर बाइक को कब्जे में लेकर छावनी थाने पर ले आई। छावनी थानाध्यक्ष ने बताया लावारिस बाइक किसकी है, इसकी जांच की जा रही है।

# पत्नी व भाई को कराया नामजद

बस्ती। कलवारी पुलिस ने कस्बे में पुरानी रंजिश को लेकर घर में हुए मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। इस संबंध में अब्दुल वसीम उर्फ बबलू निवासी डफाली टोला थाना पुरानी बस्ती ने तहरीर दी, जिसमें अपने भाई अब्दुल समीम और अपनी पत्नी नसीमा बानो पर आरोप लगाया है दोनो ने मिल कर धमकी दी और उसकी पिटाई की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

# मारपीट के 70 दिन बाद एफआईआर दर्ज

बस्ती। वाल्टरगंज थाने के मोहम्मदपुर में चार जुलाई को हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में वहां की अर्चना पत्नी दिलीप ने तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि उस दिन सुबह 10 बजे रास्ते में कुड़ा कचड़ा व गोवर फैलाने से मना करने पर गांव के रामनाथ, बब्लू और विकास ने मारपीट की और अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# प्रेशर कुकर फटने से किशोरी घायल

साऊंघाट। रुधौली थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव में शुक्रवार की सुबह खाना बनाने के दौरान अचानक कुकर फटने से किशोरी घायल हो गई। घरवालों ने तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक मोहम्मद नसीम की 16 वर्षिया पुत्री रुखसार सुबह खाना बना रही थी। अचानक प्रेशर कुकर फट गया और किशोरी का चेहरा झुलस गया।

# आठ अक्टूबर को होगी मिनी मैराथन दौड़

**बस्ती**: मिनी मैराथन दौड़ आठ अक्टूबर को शास्त्री चौक से प्रारम्भ होगी। यह जानकारी डीएम अंद्रे वामसी ने दी। वह शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी बैठक कर रहे थे। डीएम ने ट्रैफिक व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य सुविधाएं बेहतर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि मैराथन दौड़ के लिए एकत्र की जाने वाली धनराशि आरटीजीएस या नेफ्ट के माध्यम से खाते में जमा होगी। कार्यक्रम समाप्ति के बाद व्यय का आडिट किया जायेगा। मैराथन दौड़ के आयोजक भावेश पांडेय ने बताया कि यह दौड़ कुल सात किलोमीटर की होगी। सात अक्टूबर की शाम को शास्त्री चौक पर ही कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। एडीएम कमलेश चन्द्र, सीओ आलोक प्रसाद, क्रीड़ाधिकारी संजय शर्मा, डीआईओएस जगदीश शुक्ला, बीएसए अनूप तिवारी, एसीएमओ डा. एके मिश्रा, युवा कल्याण अधिकारी दीपेन्द्र सिंह, आपूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह, दुर्गेश्वर त्रिपाठी मौजूद रहे। विज्ञप्ति

# 18 तक चलेगा अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: 29 अगस्त को हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में जनपद के अधिवक्ता शुक्रवार को भी कार्य बहिष्कार किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी लगाए।

जनपद के सभी अधिवक्ता संगठनों की संयुक्त बैठक सिविल बार संगठन हाल में हुई। सिविल बार के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह व महामंत्री शिव पूजन मिश्र, यंग बार के अध्यक्ष विनोद भट्ट व मंत्री अंगद मिश्र, जनपद बार के अध्यक्ष रजनीश कुमार दुबे व मंत्री रमेश चंद्र पांडेय, कमिश्नर बार के अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव व मंत्री विनय कुमार बख्शी आदि अधिवक्ताओं ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के निर्णय के क्रम में संयुक्त रूप से यह आंदोलन 18 सितंबर तक चलता रहेगा।

# कूड़ा कचरा फैलाने से मना करने पर मारा पीटा

बस्ती : वाल्टरगंज थाने के मोहम्मदपुर गनेशपुर निवासी अर्चना पत्नी दिलीप ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उन्होंने रास्ते में कूड़ा- कचरा व गोबर फेंकने से मना करने पर कुछ लोगों ने उन्हें अपशब्द कहा। विरोध करने पर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रामनाथ, बब्लू व विकास निवासीगण मोहम्मदपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# नहर के बंधे पर मिली लावारिस बाइक

अमोढा, बस्ती : छावनी थाना क्षेत्र के कुंआगांव के पास न्हर के बंधे पर शुक्रवार को एक बाइक लावारिस हाल में बरामद की गई है। ग्रामीणो ने शुक्रवार की सुबह्ह बाइक देखी। गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य पंकज श्रीवास्तव ने यह सूचना छावनी थाने को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बाइक को कब्जे में ले लिया। छावनी थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया लावारिस बाइक मिली है। यह किसकी है और नहर पर कैसी पहुंची इसकी छानबीन की जा रही है।

# हर्रैया में आज डीएम सुनेंगे पीड़ितों की समस्याएं

बस्ती : संपूर्ण समाधान दिवस जिले की चारों तहसीलों में शनिवार 16 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। एडीएम कमलेश चन्द्र ने बताया कि जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील हर्रैया में आयोजित होगा, जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं भाग लेंगे। अनुपस्थित पाये जाने पर उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। जनता यहां पहुंचकर लाभ उठा सकती है। (विज्ञप्ति)

# अधिवक्ता के घर में लूट करने वाले दोनों गिरफ्तार

## कभी-कभी अधिवक्ता की कार चलाता था एक आरोपित, जेवर, 12250 रुपये सहित घटना में प्रयुक्त सब्बल बरामद

जागरण संवाददाता, बस्ती: मालवीय रोड पर रौता पुलिस चौकी के पास रहने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा के घर में घुसकर उनकी पत्नी पर सब्बल से हमला करने के बाद नकदी और जेवर लूटने की घटना का शुक्रवार को पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। मामले में लूट और हमले के दोनों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से लूटे गए सोने के जेवर व नकदी बरामद कर लिया है। घटना में प्रयुक्त सब्बल भी बरामद किया गया है।



प्रेसवार्ता में गिरफ्तार किए गए आरोपितों व बरामद सामान की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी • जागरण

एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस, स्वाट टीम व एसओजी टीम ने शुक्रवार को सुबह 9.10 बजे कोतवाली क्षेत्र में स्थित अमहट पुल के पास से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में रामदेव यादव उर्फ प्रिंस निवासी महरीपुर थाना नगर व राजेश निवासी करमा थाना पुरानी बस्ती, जनपद बस्ती शामिल हैं। इनके पास से लूटे गए सोने के नौ जेवर, 12250 रुपये, दो मोबाइल फोन व घटना प्रयुक्त एक सब्बल बरामद किया गया।

**पूर्व से ही परिचित था आरोपित रामदेव** : आरोपित रामदेव अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा का पूर्व परिचित था। वह एक अधिवक्ता की कार चलाता था। जरूरत पड़ने पर कभी-कभार अधिवक्ता की वह कार भी चलाता था। ऐसे में वह उनसे और उनकी पत्नी से भलीभांति परिचित था। पुलिस की पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह अपने एक सहयोगी राजेश के साथ लूट के इरादे से 11 सितंबर को दोपहर में रौता पुलिस चौकी के पास स्थित अधिवक्ता के घर पहुंचा। वहां अधिवक्ता की पत्नी अकेली थीं। लूट का जब विरोध किया तो उन दोनों ने मिलकर उनकी पत्नी पर सब्बल से हमला कर घायल कर दिया और बाथरूम में बंद कर दिया। इसके बाद सोने के जेवर व नकदी लूट लिए। बताया कि उसे पता था कि अधिवक्ता सुबह कचहरी चले जाते हैं और शाम को लौटते हैं। घर पर अकेली रहने वाली उनकी पत्नी चलने फिरने में असमर्थ रहती हैं। गिरफ्तार आरोपितों ने बताया कि घर से 60 हजार नहीं बल्कि 20 हजार रुपये लूट थे, जिसमें से 12250 रुपये बचे थे।

**पुरानी बस्ती थाने का हिस्ट्रीशीटर है राजेश** : एसपी ने बताया कि दोनों आरोपितों का आपराधिक इतिहास है। आरोपित राजेश पुरानी बस्ती थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उस पर कोतवाली, पुरानी बस्ती व कप्तानगंज थाने में पहले से ही कुल 11 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं रामदेव पर कोतवाली में हत्या व नगर थाने में गुंडा एक्ट का मुकदमा पहले से दर्ज है।

### आपरेशन त्रिनेत्र की मदद से मिली सफलता

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आपरेशन त्रिनेत्र के तहत शहर में लगाए गए सीसी कैमरे आरोपितों की पहचान में मददगार साबित हुए। कोतवाली पुलिस के साथ ही सीओ सिटी आलोक प्रसाद ने खुद कई प्रतिष्ठानों पर जाकर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। इसी दौरान पुलिस के हाथ महत्वपूर्ण सुराग लगे।

### गिरफ्तार करने वाली टीम

आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विनय कुमार पाठक, एसओजी टीम प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी स्वाट टीम उमाशंकर तिवारी, प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत, प्रभारी चौकी गांधीनगर राकेश मिश्रा, प्रभारी चौकी रोडवेज राहुल गुप्ता, प्रभारी चौकी बड़ेबन शशिशेखर सिंह, प्रभारी चौकी रौता रमेश यादव के अलावा कई मुख्य आरक्षी व आरक्षी शामिल रहे।

# गंगापुर में माफिया करा रहे बालू का अवैध खनन

## देररात से सुबह तक ट्राली गिनते रहते हैं पुलिसकर्मी, राजस्व विभाग भी नहीं पकड़ रहा अवैध खनन

**जागरण संवाददाता, गायघाट, बस्ती** : कलवारी थाना क्षेत्र के गंगापुर में बालू का अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है। रात में खनन माफिया के वाहन बेखौफ चल रहे हैं। इसमें पुलिस और खनन विभाग की मिलीभगत बताई जा रही है।

गंगापुर में ट्रैक्टर-ट्राली से बालू लाद कर रात से लेकर सुबह दिन निकलने तक यह काम हो रहा है। गोसैसीपुर की निवासी गुड़िया ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया है कि गंगापुर में पुलिस की मिलीभगत से अवैध खनन जारी है। पूरी रात पुलिस की निगरानी में ट्रैक्टर-ट्राली से बालू ढोया जा रहा है। थाने का कोई न कोई पुलिसकर्मी बैठकर ट्राली गिनता है। डर के मारे लोग शिकायत नहीं कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने पोर्टल पर शिकायत खनन को रोकने तथा संबंधित पुलिसकर्मी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।



कलवारी थाना क्षेत्र के गंगापुर में खेत से निकाला गया बालू • जागरण

**अवैध खनन का वीडियो वायरल**: इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो और दो पुलिसकर्मी की फोटो वायरल हो रही है। जो कलवारी थाना क्षेत्र का है। वीडियो में एक बालू लदी ट्राली गुजर रही है।

वहीं फोटो में एक पुलिसकर्मी मोबाइल से वीडियो बनाता नजर आ रहा है। लोगों का कहना है कि पुलिस के सामने ही बालू लदी ट्रालियां गुजरती हैं। पुलिस ट्राली गिनकर तयशुदा रकम की वसूली करती है। पुलिस और बालू माफिया के डर से आमजन आवाज उठाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। इस मामले में कलवारी थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं हैं। वायरल वीडियो और फोटो अफवाह है। यदि कहीं चल रहा है तो एक ट्राली पकड़ कर दीजिए, कार्रवाई की जाएगी।



शिव कुमार



गुड़िया



कांतराम



राम मिलन चौधरी

- पुलिस की मिलीभगत से ट्रैक्टर-ट्राली से ढोया जा रहा बालू
- तीन माह से लगातार चल रहा है बालू का अवैध खनन

> कलवारी थाना क्षेत्र में बालू के अवैध खनन की जानकारी नही है। यदि कहीं खनन हो रहा है तो बताइए हम अभी टीम भेजकर पकड़वा लेते हैं।
> विनोद पांडेय, उपजिलाधिकारी सदर

**बोले ग्रामीण** : राम मिलन चौधरी ने बताया कि दो-तीन माह से लगातार बालू खनन चल रहा है। खनन रात के आठ से सुबह के छह बजे तक चलता है। इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है।

शिवकुमार चौरसिया ने कहा कि रातभर बालू लदी गाड़ियां सड़क पर दौड़ती रहती हैं। राजस्व विभाग भी कभी जांच-पड़ताल नहीं करता है।

कांतराम ने बताया कि खेत में ट्राली के निशान देखे जा सकते हैं। कई जगह खदान भी किया गया है। जिसके निशान मौजूद हैं।

गुड़िया ने बताया कि अवैध बालू खनन की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की हूं। पुलिस के सामने से ही बालू लदी ट्राली गुजरती है। लेकिन पुलिस कार्रवाई करने की बजाय गिनती कर रही है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारा पीटा, दी धमकी

बस्ती : पुरानी बस्ती थाने के डफाली टोला निवासी अब्दुल वसीम उर्फ बबलू ने कलवारी पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें कलवारी बाजार में मारा पीटा। अपशब्द कहते हुए जान माल की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित अब्दुल समीम व नसीमा बानो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इसी प्रकार रुधौली थाना क्षेत्र के पकड़ी सोयम निवासी आदित्य चौधरी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपितों ने उन्हें हनुमानगंज कस्बे में मारा पीटा। पुलिस ने अर्पित जायसवाल, अरुन सिंह व दो अन्य नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# मासूम को किया स्वजन के सिपुर्द

बस्ती : कोतवाली क्षेत्र के ब्लाक तिराहे के निकट सरदार पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की शाम पांच बजे एक दो वर्ष का बालक रोते हुए मिला। बड़ेवन चौकी प्रभारी शशिभूषण सिंह उसे अपने साथ पुलिस चौकी पर ले गए और इंटरनेट मीडिया के माध्यम से बच्चे के मिलने की सूचना देकर उसके परिवार वालों को खोजने में मदद मांगी। लगभग तीन घंटे बाद बालक कार्तिक के पिता ऋषि देव व मां सरोज निवासी मड़वा नगर थाना कोतवाली चौकी बड़ेवन पर पहुंचे और बताया कि वह काफी देर से अपने बच्चे को ढूंढ रहे थे। इंटरनेट मीडिया पर बच्चे की फोटो देख चौकी पर पहुंचे। इसके बाद चौकी प्रभारी ने बच्चे को स्वजन को सिपुर्द कर दिया।

# पूर्व मंत्री अमरमणि को 16 अक्टूबर को कोर्ट में पेश करने का आदेश

## कोर्ट ने सीएमओ से मेडिकल बोर्ड के रिपोर्ट की सत्यापित कापी मांगी

जागरण संवाददाता, बस्ती : विशेष सत्र न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट प्रमोद कुमार गिरि ने 20 साल पुराने राहुल अपहरण कांड मामले में आरोपित पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी को 16 अक्टूबर को न्यायालय में उपस्थित करने का आदेश दिया है। जिला जेल गोरखपुर को इस आदेश का अनुपालन करने के लिए निर्देशित किया है।



अमरमणि त्रिपाठी
फाइल फोटो

कोर्ट ने सीएमओ गोरखपुर को मेडिकल बोर्ड गठित कर पूर्व मंत्री अमरमणि के स्वास्थ्य की जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। इस क्रम में सीएमओ गोरखपुर की अध्यक्षता में गठित की गई मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट 11 सितंबर, 2023 के अनुसार अमरमणि का इलाज उत्तर प्रदेश चिकित्सा परिषद के मार्गदर्शन में चल रहा है। रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है कि अमरमणि को डिप्रेशन की बीमारी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी,

- कोर्ट ने जिला जेल गोरखपुर को दिया अमरमणि को प्रस्तुत करने का निर्देश
- रिपोर्ट में कहा गया है कि अमरमणि को डिप्रेशन की बीमारी

गोरखपुर की ओर से दी गई मेडिकल बोर्ड की आख्या का कोर्ट ने अवलोकन किया। कोर्ट ने सीएमओ गोरखपुर को आदेशित किया है कि अभियुक्त अमरमणि त्रिपाठी के संबंध में राज्य चिकित्सा परिषद की रिपोर्ट की सत्यापित प्रति नियत तिथि 16 अक्टूबर तक न्यायालय में पेश करें। कहा कि मात्र डिप्रेशन के आधार पर किसी अभियुक्त को न्यायालय आने से अवमुक्त नहीं किया जा सकता है। इसलिए वरिष्ठ जेल अधीक्षक गोरखपुर को आदेशित किया जाता है कि अभियुक्त अमरमणि को 16 अक्टूबर 2023 को न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश करें। इस बात की भी आख्या प्रस्तुत करें कि अभियुक्त अमरमणि त्रिपाठी मात्र डिप्रेशन के आधार पर कितने दिन जिला जेल में निरुद्ध रहे और कितने दिन से अस्पताल में हैं।

**इसलिए जिला कारागार को दिया निर्देश** : मधुमिता हत्याकांड में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री अमरमणि सजा माफ होने के कारण गोरखपुर जेल से रिहा हो चुके हैं और वर्तमान में गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती हैं। लेकिन, विशेष सत्र न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट बस्ती को इसकी कोई औपचारिक जानकारी नहीं दी गई है। इसलिए कोर्ट ने जिला कारागार गोरखपुर को निर्देशित किया है कि उसके द्वारा तय तिथि अमरमणि को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में पेश किया जाए।

**यह है मामला** : विशेष शासकीय अधिवक्ता देवानंद सिंह व रश्मि ने बताया कि 2001 में कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर के धर्मराज के पुत्र राहुल का अपहरण हो गया था। पुलिस ने तत्कालीन विधायक अमरमणि के लखनऊ आवास से अपहृत को बरामद किया था। इसमें नौ आरोपित हैं, जिसमें अमरमणि, नैनी शर्मा व शिवम अदालत से गैरहाजिर हैं।

# मांगें पूरी होने पर समाप्त होगा प्रदर्शन



न्यायालय गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## अधिवक्ताओं का 18वें दिन भी जारी रहा विरोध प्रदर्शन

**बस्ती।** हापुड़ घटना के विरोध में शुक्रवार को 18वें दिन भी अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। संयुक्त बार एसोसिएशन के नेतृत्व में जनपद न्यायालय के गेट नंबर दो पर उपस्थित होकर अधिवक्ताओं ने हुंकार भरा।

अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि पांचों मांगे पूरी होने के बाद ही विरोध प्रदर्शन समाप्त किया जाएगा।

सिविल बार अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं की मांगों को लेकर उपेक्षित रवैया अपना रही है। दि यंग बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार भट्ट ने कहा कि आए दिन अधिवक्ताओं के साथ ज्यादती हो रही है।

सिविल बार के महामंत्री शिवपूजन मिश्रा ने कहा कि पांच सूत्री मांगों को जब तक सरकार पूरा नहीं करती है तब तक विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर ध्रुव चौधरी, कौशलेंद्र पाल, विजय गोस्वामी, प्रशांत भारती, शैलेश, जेपी चौबे, अरविंद नारायण पांडेय, बद्री दुबे, उपेंद्रनाथ दुबे मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला बिहार के युवक का क्षत-विक्षत शव

**बभनान, बस्ती।** गोरखपुर-गोंडा रेलखंड के बभनान गौर रेलवे स्टेशन के बीच सुमही गांव के समीप अप ट्रैक पर लगभग 28 वर्षीय युवक का क्षत-विक्षत शव पाया गया। शव से सिर व उसके कपड़े गायब मिले। शव के पास पड़े आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान अभिमन्यु पुत्र पंचम निवासी गोपालपुर थाना भगवानपुर जिला सिवान बिहार के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे बभनान से गौर की तरफ जा रही गोरखधाम एक्सप्रेस ट्रेन से एक अज्ञात व्यक्ति अप ट्रैक पर गिर गया। इसी बीच अप ट्रैक पर भी मालगाड़ी आ गई जिसकी चपेट में आने से युवक का शव क्षत-विक्षत हो गया है। घटना के समय मालगाड़ी शव को कुछ दूर तक घसीटते हुए आगे ले गई। अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसी दौरान दिवंगत के कपड़े व सिर भी फंसकर मालगाड़ी के साथ कहीं दूर चले चले गए। पुलिस के मुताबिक दिवंगत अपनी पत्नी चंद्र ज्योति के साथ ट्रेन से यात्रा कर रहा था। ट्रेन जब गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो ज्योति वहां जाकर जीआरपी वालों से बताई कि उसका पति बभनान-बस्ती के बीच ट्रेन से गिर गया है। संवाद

# हादसों में दो लोगों की मौत पर अज्ञात चालकों पर केस

**बस्ती।** सड़क हादसे में मौत के दो अलग-अलग मामलों में घायल की मृत्यु की घटना में पुलिस ने केस दर्ज किया है। छावनी थाने के विक्रमजोत के पास 31 जुलाई को हादसे में मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में हर्रैया बाजार के गल्ला मंडी निवासी अमित सोनी ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि 31 जुलाई को विक्रमजोत चौकी के पास अज्ञात वाहन से चोट लगने के कारण उनके पिता घायल हो गए थे। उनकी दो अगस्त को रात 11 बजे के आसपास इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

लालगंज पुलिस ने महसों पावर हाउस के पास छह सितंबर को हुए हादसे में घायल की मौत के मामले में अज्ञात चालक पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में नगर थानाक्षेत्र के बनकटवा निवासी सत्यम मिश्र ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि छह सितंबर को शाम करीब छह बजे उनके 50 वर्षीय पिता इन्द्रमणि को अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दिया था। गंभीर चोट आने पर उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। संवाद

# सगी बहनों को लेकर युवक फरार, अपहरण का केस

**पैकोलिया।** थाना क्षेत्र के एक बाजार में रहने वाली दो सगी बहनों को बृहस्पतिवार रात एक युवक शादी का झांसा देकर कहीं भगा ले गया। पुलिस ने युवतियों के पिता की तहरीर पर एक युवक पर अपहरण का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

थानाक्षेत्र के एक बाजार निवासी पिता श्रृंगार प्रसाधन की दुकान खोलकर जीविकोपार्जन करता है। उसी दुकान पर दोनों बहनें भी सामान बेचा करती थीं। युवतियों के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र के ही मजगवा गांव निवासी रामजी यादव शादी का झांसा देकर मेरी उन्नीस व बीस वर्षीय दोनों लड़कियों को भगा ले गया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया। विवेचक ओमप्रकाश भारती ने बताया कि खोजबीन शुरू कर दी गई है। शीघ्र ही ढूंढ लिया जाएगा। संवाद

# अधिवक्ता के चालक ने ही उनके घर में की थी लूटपाट

## 11 सितंबर को दिन-दहाड़े शहर के रौता चौराहे के पास स्थित मकान में हुई थी लूट

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** दिनदहाड़े अधिवक्ता की पत्नी को बंधक बनाकर लूटपाट करने के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। घटना का तानाबाना कुछ महीने पहले उनकी कार चलाने वाले ड्राइवर ने ही बुना था। अपने एक साथी के सहयोग से उसने घटना को अंजाम दिया।

एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने पुलिस कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि कोतवाली पुलिस ने स्वाट व एसओजी टीम के सहयोग से दोनों बदमाशों को कोतवाली क्षेत्र के अमहट पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूट के गहने, 12250 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, घटना प्रयुक्त किए गए लोहे का सब्बल व बाइक बरामद कर लिया।

घटना का खुलासा करने वाली टीम को एसपी ने 25 हजार रुपये पुरस्कार दिया है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों में नगर थानाक्षेत्र के महरीपुर निवासी रामदेव यादव उर्फ प्रिंस और पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के करमा निवासी राजेश शामिल है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों ने पुलिस की पूछताछ में कबूल किया कि उन दोनों ने 11 सितंबर को दोपहर दो बजे अधिवक्ता के घर में लूट करने गए थे।

वकील की पत्नी अकेली घर पर थीं। उनके विरोध करने पर दोनों ने मिलकर उनकी पत्नी को सब्बल से मारकर बाथरूम में बंद कर दिया था। जिसके बाद घर में रुपये और जेवरात लूट लिए थे। रुपये के बारे में दोनों ने बताया कि अधिवक्ता के घर से हम लोगों को लगभग 20 हजार रुपये मिले थे। जिसमें से करीब पौने आठ हजार रुपये हम लोग खाने पीने में खर्च कर दिए हैं। हालांकि पुलिस को दिए तहरीर में अधिवक्ता ने 60 हजार रुपये लूटे जाने जिक्र किया था।

प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी और सीओ सदर आलोक प्रसाद मौजूद रहे।

**सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस ने दोनों बदमाशों को पकड़ने में पाई सफलता**

**12250** रुपये नकद, दो मोबाइल फोन बाइक बरामद

**25** हजार रुपये खुलासा करने वाली टीम को एसपी ने दिया पुरस्कार



गिरफ्तार दोनों बदमाश। संवाद



48 घंटे के बाद भी पुलिस के हाथ खाली, चार टीमों ने झोंकी ताकत

15 सितंबर को प्रकाशित खबर।



15 सितंबर को प्रकाशित खबर।

### सात महीने तक चलाई थी अधिवक्ता की गाड़ी

**गिरफ्तार** किए गए रामदेव उर्फ प्रिंस ने बताया कि कुछ महीने पहले तक वह अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा की गाड़ी चलता था। उसने सात महीने तक उनकी गाड़ी चलाया था। रुपये के लेनदेन को लेकर उसने गाड़ी चलाना छोड़ दिया था। इस दौरान उसे पता था कि उनकी पत्नी चलने में असमर्थ रहती हैं। उसने बताया कि उसे यह भी जानकारी थी कि सुबह कचहरी जाने के बाद अधिवक्ता शाम को घर आते हैं। इसलिए मौका देखकर इस घटना को अंजाम दिया।

**यह थी घटना** शहर के कोतवाली क्षेत्र के रौता पुलिस चौकी से महज 50 मीटर दूर स्थित अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा के घर में सोमवार को दोपहर गमछा बांधकर आए बदमाशों ने दिन दहाड़े लूटपाट की। उनकी पत्नी के विरोध करने पर बदमाशों ने सिर पर रॉड और उनके पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया और हाथ-पैर बांधकर बाथरूम में बंद कर दिया था। दो कमरों में रखी करीब 60 हजार रुपये नकदी, जेवरात लूटकर भाग गए। काफी देर बाद वह किसी तरह छज्जे पर निकलकर शोर मचाने लगीं। जिसके बाद आसपास के लोगों को जानकारी हुई। सूचना मिलने पर अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा घर पहुंचे। पत्नी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।

### सीसीटीवी कैमरों से मिली कामयाबी

**एसपी** ने बताया कि शहर में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मदद से इस घटना का वर्कआउट करने में कामयाबी मिली। घटना स्थल से लेकर शहर के कई जगह लगे कैमरों में बाइक से आते-जाते दोनों बदमाशों का फुटेज मिल गया था।

### पुरानी बस्ती थाने का हिस्ट्रीशीटर है राजू

**रामदेव** यादव उर्फ प्रिंस पर कुल तीन केस दर्ज हैं। जिसमें 2008 में कोतवाली थाने में उस पर एक हत्या का केस दर्ज किया गया था। जिसके बाद उस पर नगर थाने की पुलिस ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई की थी। जबकि राजेश उर्फ राजू पुरानी बस्ती थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उस पर कोतवाली और पुरानी बस्ती थाने में चोरी के छह, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर, जाब्ता फौजदारी, हत्या का प्रयास, लूट के 11 और कप्तानगंज थाने में बिजली का मोटर चोरी का एक अन्य केस दर्ज है।

### 10 दिन पहले अधिवक्ता से मिला था प्रिंस

**पुलिस** के अनुसार घटना से करीब 10 दिन पहले प्रिंस अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा से कचहरी में मिला था। बताया जा रहा है कि वह अपना बकाया मांगने उनके पास गया था। रुपये न मिलने पर वह नाराज होकर वहां से लौट गया था। माना जा रहा है कि इसी झुंझलाहट में उसने लूटपाट करने का मन बनाया।

### इस टीम को मिली कामयाबी

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विनय पाठक, एसओजी टीम प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी स्वाट टीम उमाशंकर तिवारी, प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत, प्रभारी चौकी गांधीनगर राकेश मिश्रा, प्रभारी चौकी रोडवेज राहुल गुप्ता आदि रहे।






## चोरी में गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार

**बनकटी।** लालगंज थाने में चोरी के दर्ज मुकदमें के वांछित थाना क्षेत्र के कौल पुर निवासी संजय उर्फ गोवर्धन को पुलिस ने शुक्रवार को उसके घर से करीब 10 बजे गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी था। संवाद

## मारपीट के 70 दिन बाद दर्ज हुआ केस

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाने के मोहम्मदपुर में चार जुलाई को हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में वहां की अर्चना पत्नी दिलीप ने तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि उस दिन सुबह 10 बजे रास्ते में कूड़ा-कचड़ा व गोबर फैलाने से मना करने पर गांव के रामनाथ, बब्लू और विकास ने मारपीट की और अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। संवाद

## मारपीट में चार आरोपियों पर केस

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने कस्बा हनुमानगंज में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। इस संबंध में थानाक्षेत्र के पकड़ी सोयम निवासी आदित्य चौधरी ने तहरीर दी। जिसमें अर्पित जायसवाल, अरुन सिंह व दो अज्ञात पर आरोप लगाया। संवाद

## मारपीट में तीन लोगों पर एफआईआर

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने बुधवार को सिसवारी मुगल गांव में जमीन कब्जा करने की बात को लेकर मापरीट के मामले में तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में दुर्गावती ने तहरीर दी। जिसमें राम दुलारे, कविता पत्नी मनीष और सिंगारी पत्नी राम दुलारे सिसवारी मुगल थाना रूधौली पर आरोप लगाया। संवाद

## भाई और पत्नी पर दर्ज कराया केस

**बस्ती।** कलवारी पुलिस ने 13 सितंबर को कस्बे में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। इस संबंध में अब्दुल वसीम उर्फ बबलू निवासी डफाली टोला थाना पुरानी बस्ती ने तहरीर दी। जिसमें अपने भाई अब्दुल समीम और अपनी पत्नी नसीमा बानो पर आरोप लगाया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-16-09-2023

# मछली पकड़ने गए व्यक्ति की पोखरी में डूबने से मौत

**बांसी(एसएनबी)**। कोतवाली क्षेत्र के बलुआ गांव में शुक्रवार को मछली पकड़ने गए अधेड़ की पोखरे में डूबने से मौत हो गयी है। बांसी कस्बे के निराला नगर वार्ड निवासी गुड्डू निषाद पुत्र सुंदर (45 वर्ष) अपने कुछ साथियों के साथ सुबह दस बजे बलुआ गांव के एक पोखरे में मछली पकड़ने गया था। जाल पोखरे में डालने के बाद गुड्डू पोखरे में लापता हो गया। लोगों का कहना है कि पोखरे में जलकुंभी अधिक होने के कारण वह वह फंसकर गहरे पानी में चला गया। घंटो तलाश करने के बाद शाम चार बजे मिलने पर गुड्डू को जब बाहर निकाला गया तो उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना की जानकारी होने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे मोहल्ले के लोग शोकाकुल है। मृतक गुड्डू के भाई झिनकू ने कोतवाली में भाई के मछली पकड़ने के दौरान डूबने से मौत होने की तहरीर दिया है। कोतवाल अनुज सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# तालाब से शव वरामद, शिनाख्त नहीं

**बिस्कोहर(एसएनबी)**। नगर पंचायत के बेलवा बाबू गांव के दक्षिण सीवान के तालाब में पानी पर एक शव वरामद हुआ है। पुलिस ने शव को निकलवाकर पीएम के लिए भेज दिया गया है। गांव के कुछ लोग दक्षिण तरफ अपना खेत देखने गए तो उन्होंने तालाब के बीच में एक शव द्रेखा। इसकी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी बिस्कोहर राकेश कुमार त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर शव को ग्रामीणों के सहयोग से तालाब से बाहर निकालवाया। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। हालांकि मृतक का चेहरा सड़ गया है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने इसे पीएम के लिए भेज दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष तहसीलदार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव चार-पांच दिन का लग रहा है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है । इसलिए शव को जिला मुख्यालय भेजकर 72 घंटे के लिए फ्रीजर में रखवा दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। शव की उम्र करीब 35 साल है। उसके शरीर पर कहीं चोट के निशान नही पाए गए हैं। वह छीटदार कुर्ता, हाफ चड्डा, जनेऊ व रुद्राक्ष का माला पहने हुए था। उसके कुर्ते की जेब में एक गुलाबी कलर का पेन और एक जनेऊ मिला है।

# वाहन चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

डुमरियागंज (एसएनबी)। शुक्रवार को डुमरियागंज पुलिस द्वारा बेंवा चौराहे पर चेकिंग करते समय एक व्यक्ति को चोरी की एक मोटरसाइकिल व मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 217/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम वसीम उर्फ सकील पुत्र मो. अमीन साकिन महुवा कोठी थाना उतराव जनपद प्रयागराज (हालमुकाम साकिन सोनखर थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थ नगर) है।

# सो रही महिला के जेवर छीनकर झपट्टामार फरार

उस्का बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। उस्का बाजार थाना क्षेत्र के बरदहा गांव के टोला नरसिंहपुर में गुरुवार रात घर के बरामदे मे सो रही एक महिला के कान से बाली, नाक से नथ और मगंलसूत्र झपटकर झपट्टामार फरार हो गए। महिला का कान लहूलुहान हो गया। पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है।

बरदहा गांव में गुरुवार रात सुभावती अपने घर के बरामदे में सो रही थी। बगल में परिवार के अन्य सदस्य सोए हुए थे। रात करीब तीन बजे दो लोग आए और मच्छरदानी फाड़कर सुभावती के कान से बाली खींच ली, जिससे वह वह लहूलुहान हो गई। नथ और मंगलसूत्र भी झपटकर भाग निकले।

सुभावती ने शोर मचाया तो उसके पति चौथी ने पीछा करने की कोशिश की लेकिन बाइक स्टार्ट नहीं हुई। उसका प्लग बाहर फेंका हुआ है। अनुमान है कि झपट्टामारों ने प्लग निकालकर बाहर फेंक दिया था। एसओ दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि सूचना पर पुलिस पर गई थी। जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा। घायल महिला का इलाज कराया गया।

# 8.5 लाख के लागत से आठ नाव का हुआ लोकार्पण

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। शोहरतगढ़ विधान सभा क्षेत्र में विधायक विनय वर्मा ने आगामी बाढ़ की विभीषिका को देखते हुए जानमाल की सुरक्षा हेतु क्षेत्र विकास निधि से 8 लकड़ी के नाव (लागत 8 लाख 45 हजार) के तहसील परिसर शोहरतगढ़ में लोकार्पण समारोह का आयोजन किया। अखिलेश सिंह बस्ती मंडलायुक्त, डीएम संजीव रंजन, एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल, एसडीएम शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव के साथ विधिवत पूजा-पाठ करके तथा दीप प्रज्ज्वलित कर सामाजिक लाभ हेतु सुविधाओं का शुभारम्भ किया। इसके साथ ही सभी विशिष्ट अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत-सम्मान किया।

इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष बढ़नी योगेन्द्र तिवारी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बढ़नी सिद्धार्थ पाठक, कठेला मण्डल अध्यक्ष शिवपाल सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमाशंकर यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दल सिंगार दुबे, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री



कृष्णपाल चौधरी, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष हरीराम निषाद, अपना दल एस विधानसभा अध्यक्ष रामदास मौर्या, वरिष्ठ भाजपा नेता दीनानाथ पाण्डेय, पूर्व बीडीओ रामप्रकाश मिश्रा, भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, भाजपा नेता योगेन्द्र जायसवाल, भाजपा नेता संजय कसौधन, भाजपा नेता अनिल मिश्रा, भाजपा नेता गोरखनाथ मिश्र, लक्ष्मण गुप्ता, दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी, अपना दल एस कुलदीप चौधरी, भाजपा वरिष्ठ नेता प्रदीप कमलापुरी, युवा नेता विष्णु सिंह, युवा विजय पाण्डेय, प्रशान्त सिंह, निषाद पार्टी से हरि राम निषाद, अशोक निषाद, निर्मल निषाद, भाजपा नेता अरविन्द चौधरी आदि उपस्थित रहे।

युवक के हत्यारोपी, उसके दो चाचा के घरों पर भी हुई कार्रवाई

# हत्यारोपी के घर पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**शिकंजा**

लोटन (सिद्धार्थनगर), हिन्दुस्तान संवाद। सिद्धार्थनगर के लोटन कोतवाली क्षेत्र के बरवा गांव में एक युवक के हत्यारोपी व उसके दो चाचा के मकान पर प्रशासन ने शुक्रवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। ये मकान खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए थे।

बरवा गांव निवासी रोहित (20) पुत्र दारा सिंह 15 अगस्त की शाम घर से कह कर निकला था कि वह पास के सेमरहवा गांव जा रहा है। दूसरे दिन सुबह उसका शव सेमरहवा गांव के पास मिला था। इस मामले में परवेज रजा पुत्र अब्दुल वहीद निवासी बैरवा, संजू यादव उर्फ पिंकी पुत्री इमरान यादव निवासी सेमरहना यादव पुरवा, सुनील चौरसिया पुत्र अर्जुन चौरसिया निवासी सैनुवा व कृष्ण मोहन पुत्र कौशल कुमार निवासी बरवा थाना लोटन नामजद हुए थे। सभी की गिरफ्तारी हो चुकी है। प्रशासन ने शुक्रवार को आरोपी परवेज के पिता अब्दुल वहीद, चाचा अब्दुल मजीद व चाचा अब्दुल मजीद निवासी बैरवा के पक्के मकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।




बैरवा में हत्यारोपी के पिता द्वारा खलिहान की जमीन पर बनाए गए अवैध मकान को बुलडोजर से शुक्रवार को ध्वस्त करा दिया गया।

- **लोटन कोतवाली के बरवा गांव निवासी युवक की 15 अगस्त हो हुई थी हत्या**
- **खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा कर आरोपितों ने बनवाया था घर**

एसडीएम ललित कुमार ने बताया कि इन लोगों ने खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान बनाया था। उन्हें कब्जा हटाने के पूर्व में नोटिस दिया गया था लेकिन नहीं हटाया। इस पर कार्रवाई की गई। अवैध कब्जा हटाने के दौरान एसडीएम सदर ललित कुमार मिश्र, लोटन कोतवाल चंदन कुमार व भारी संख्या में फोर्स मौजूद रही।

# महिला ने लगाया हमले का आरोप

भनवापुर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के कठौतिया किशुन गांव में एक महिला पर जानलेवा हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने त्रिलोकपुर पुलिस को तहरीर देकर हमलावरों पर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के कठौतिया किशुन गांव निवासिनी संगीता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि गुरुवार को सुबह करीब 11 बजे तीन मासूम बच्चों के साथ घर पर थी। बच्चों के द्वारा किसी बात को लेकर रिश्ते में देवरानी, सास, ससुर ने मिलकर डंडे से बुरी तरह पीटा, जिससे वह चोटिल हो कर गिर गई। किसी तरह से 112 पर फोन कर घटना की जानकारी दी।

# लावारिस मिले मासूम के प्रकरण में पुलिस एक्शन के मूड में

**फॉलोअप**

- 11 सितंबर को जिला अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद स्टेशन पर लावारिस मिला था बच्चा
- लावारिस मिले बच्चे को एसएनसीयू वार्ड में कराया है भर्ती, जांच के लिए एसपी ने लगाई टीम

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** एक नवजात शिशु के 24 घंटे में ही लावारिस हो जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस एक्शन के मूड में है। पूरे प्रकरण की जांच के लिए एसपी ने टीम का गठन कर दिया है। रिपोर्ट के बाद कार्रवाई संभव है।

बढ़नी क्षेत्र की एक गर्भवती महिला अपने परिवार के साथ नौ सितंबर को जिला प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल पहुंची थी। उसी रात ढाई बजे उसने एक नवजात शिशु को जन्म दिया। बच्चा बर्थ स्पेसिया से ग्रसित होने की वजह से गंभीर था। बच्चे की नाजुक हालत देख कर उसे एसएनसीयू वार्ड में उसी रात 4.50 बजे पर भर्ती करा दिया गया था। हालत बेहतर होने पर 11 सितंबर को उसे जिला अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था। अगले दिन यानि 12 सितंबर को परसा रेलवे स्टेशन खड़े एक कंडम कोच के नीचे पटरी पर एक लावारिस नवजात शिशु मिला। आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रमोद सिंह ने बाल संरक्षण इकाई सिद्धार्थनगर को सौंप दिया था। चाइल्ड लाइन की टीम बच्चे को लेकर जिला अस्पताल आ गई। एसएनसीयू वार्ड में बच्चा पहुंचते ही यह सवाल उठने लगा था कि जो बच्चा एक दिन पहले ही डिस्चार्ज हुआ था वह 24 घंटे में ही लावारिस कैसे हो गया। यह मामला पुलिस के संज्ञान में भी पहुंच गया तो एसपी ने जांच टीम गठित कर दी है।

> नवजात प्रकरण के संबंध में जानकारी होने के बाद जांच टीम गठित कर दी गई है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। **अभिषेक अग्रवाल, एसपी**

# वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा

डुमरियागंज। शुक्रवार को डुमरियागंज पुलिस द्वारा बेंवा चौराहे पर चेकिंग करते समय एक व्यक्ति को चोरी की एक मोटरसाइकिल व मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाले एसआई रणंजय सिंह ने बताया कि पकड़े गए वसीम उर्फ सकील पुत्र मो अमीन साकिन महुवा कोठी थाना उतराव जनपद प्रयागराज ने बतायाकि वह बाइक चोरी कर नेपाल ले जाकर बेच देता था।

# पत्नी का भाई बनकर आए युवक को स्वजन ने आपत्तिजनक हालत में पकड़ा

- जोगिया थाना क्षेत्र के एक गांव की घटना
- पति ने पुलिस को दी तहरीर, मायके गई महिला

जासं, जोगिया: जोगिया थाना क्षेत्र के गांव में एक महिला के बुआ का लड़का (भाई) बनकर आए युवक को स्वजन ने गुरुवार की रात को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। पहले तो युवक ने खुद को महिला का भाई बताता रहा। पर जब स्वजन ने सख्ती से पूछताछ की तो वह उलझ गया। महिला के पति से युवक को पुलिस को सौंपते हुए उसके खिलाफ तहरीर दी है। विवाद बढ़ते देख महिला ने फोन कर अपने पिता को बुलाया और उनके साथ मायके चली गई।

पुलिस को दिये तहरीर में महिला के पति ने कहा कि उक्त युवक घटना के दिन महिला का भाई बनकर आया था। घर के लोगों ने भाई समझ कर उसकी खूब खातिरदारी की। रात्रि में सोने के दौरान घर के लोगों को उस पर शक हुआ। उन्होंने देखा कि वह कमरे में महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में है। प्रभारी निरीक्षक जोगिया यशवंत सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# भोजन के बहाने छात्रा को ले गए थे लाज, बाल अपचारी पकड़ाया

- पुलिस की दबिश के दौरान किशोरी ने छत से लगाई थी छलांग
- घटना में शामिल हैं तीन बाल अपचारी समेत चार युवक

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : सदर थाना क्षेत्र के भीमापार मोहल्ला में सात सितंबर को पुलिस ने एक लाज पर पुलिस ने छापेमारी की थी। इस दौरान लाज के कमरे में बैठी नाबालिग छात्रा ने छत से छलांग लगा दी थी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में उस्का निवासी राहुल पांडेय समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस की जांच में पता चला है कि राहुल व उसके साथी छात्रा को भोजन के बहाने लाज लेकर आए थे। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को एक बाल अपचारी को पकड़कर बाल सुधार गृह बस्ती भेज दिया।

सात सितंबर की रात करीब आठ बजे सदर सीओ अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में सदर व उस्का बाजार की संयुक्त टीम ने भीमापार मोहल्ला के एक लाज में छापेमारी की थी। पुलिस को इस लाज में देह व्यापार के नेटवर्क संचालन की सूचना मिली थी। पुलिस ने जब कमरों की तलाशी शुरू की तो उस्का बाजार थाना क्षेत्र निवासी दो नाबालिग, एक किशोरी, युवती व आरोपित मिला था। इसी दौरान किशोरी ने छत से छलांग लगा दी थी। पुलिस ने आनन-फानन में कार्रवाई को स्थगित कर दिया था। किशोरी के स्वजन जब उसे लेकर उपचार कराने के लिए चले गए तो कार्रवाई शुरू हुई। मामले की विवेचना कर रहे पुरानी नौगढ़ पुलिस चौकी के प्रभारी अनूप मिश्रा के हत्थे एक आरोपित चढ़ गया। उन्होंने बताया कि अभी तक जांच में कुल चार लोगों का नाम सामने आया है। इनमें तीन बाल अपचारी हैं।

# शांति पूर्वक मनाएं त्योहार समस्याएं तुरंत बताएं

- इटवा में ईद मीलादुन्नबी व गणेश पूजा को लेकर हुई बैठक
- इकी गई सौहार्द पूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

जासं, इटवाः इटवा थाने पर शुक्रवार की सायं पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। ईद मीलादुन्नबी व गणेश पूजा के दृष्टिगत हुई इस बैठक में नागरिकों से उनकी समस्या पूछी गई ओर सौहार्द माहौल में त्योहार मनाने की अपील की।

प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि दोनों पर्व महत्वपूर्ण है। सभी लोग इसे शांति पूर्वक मनाएं। कहीं कोई समस्या आती है तो तुरंत इसकी सूचना दें, समय रहते उसका समाधान कराया जाएगा।

शासन व न्यायालय के आदेशों से सभी को अवगत कराते हुए इसी के अनुसार पर्व मनाने की अपील की गई। अराजक तत्वों को चेताया गया कि अगर किसी ने माहौल खराब करने की कोशिश की तो संबंधित को बख्शा नहीं जाएगा। अब्दुल कयूम, शंभूनाथ सोनी, मेंहदी हसन, अब्दुल रऊफ एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

**वैठक महज औपचारिकता**

इटवाः अपराध निरोधक समिति के सचिव रिजवान अहमद ने कहा कि इतना महत्वपूर्ण त्योहार के बाद भी सुन्नी जामा मस्जिद के न तो इमाम को सूचना दी गई और न ही सहयोगियों को। जुलूस के आयोजन समिति के पदाधिकारियों को भी बैठक के बारे में नहीं बताया गया। शांति व्यवस्था में सहयोग करने वाली अपराध निरोधक समिति के सदस्यों को भी सूचना नहीं दी गई। बैठक सिर्फ खानापूरी के लिए की गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पता करते हैं कि कैसे महत्वपूर्ण लोग छूट गए।

## गणेश चतुर्थी को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

पथरा : पथरा थाना परिसर में शुक्रवार को आगामी गणेश विनायक चतुर्थी को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने कहा कि शांति से त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि इस अवसर निकाले जाने वाले शोभा यात्रा की डीजे में केवल धार्मिक गाने ही बजायें। नशे से दूर रहें। इस अवसर पर उपनिरीक्षक दयाशंकर तिवारी, सत्यदेव प्रसाद, ग्राम प्रधान, महेंद्र चौबे, विकास कोशिश, अकरम अली आदि उपस्थित थे।

# मंडलायुक्त ने संभावित बाढ़ बचाव कार्य की तैयारी की समीक्षा

## शोहरतगढ़ विधायक निधि से मंगाई गई नावों की हुई पूजा

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ : मंडलायुक्त बस्ती मंडल अखिलेश सिंह ने शुक्रवार को शोहरतगढ़ तहसील परिसर में संभावित बाढ़ बचाव योजना में आठ नाव का लोकार्पण किया। प्रशासन की ओर से की गई तैयारियों की समीक्षा की। शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा ने अपनी निधि 8.45 लाख रुपए की लागत से इन नाव को उपलब्ध कराया है। मंडलायुक्त ने सभी को संदेश दिया संभावित बाढ़ से बचाव को दृष्टिगत करते हुए सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य करें। वहीं विधायक ने अपने क्षेत्र में विकास कार्य से संबंधित परियोजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग की।

मंडलायुक्त बस्ती मंडल ने कहा कि नेपाल से आने वाले नदी व नाले वर्षा काल में उफान पर आ जाते हैं। इससे आने वाली बाढ़ से जन और धन की हानि होती है। इन परिस्थितियों में यह नाव बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित होंगी। सभी जनप्रतिनिधियों को अपनी निधि से आपदा राहत की वस्तुओं को उपलब्ध करवाना चाहिए। संभावित बाढ़ से संबंधित बचाव की तैयारी पूरी कर ली जाए।



शोहरतगढ़ तहसील परिसर में नाव की पूजा करते विधायक विनय वर्मा बाएं साथ में मंडलायुक्त अखिलेश सिंह बीच में • जागरण

इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तहसील में आने वाले फरियादियों की अधिकारी बात सुने और उसका निस्तारण कराया जाए। शोहरतगढ़ विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास का प्रयास जारी है।

बाढ़ के समय ग्रामीणों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। उनके समक्ष आवागमन और भोजन की समस्या खड़ी हो जाती है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में यह सभी नाव आवागमन की सुविधा को सुचारू करेंगी। बढ़नी व शोहरतगढ़ में रोडवेज बस स्टेशन का निर्माण को मंजूरी मिल गई है। प्रशासन की ओर से भूमि को चिह्नित करने की प्रक्रिया की जा रही है। विधानसभा क्षेत्र के सभी मार्ग को गड्ढामुक्त कराने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि वर्ष 2022 के अक्टूबर में बाढ़ आई थी। इसलिए अभी इस आपदा की संभावना के आने से इंकार नहीं किया जा सकता है। संभावित बाढ़ से बचाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। विधायक शोहरतगढ़ की निधि से मिले इन नाव से बचाव कार्य में सहयोग मिलेगा। पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल, एसडीएम शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव, सीओ गर्वित सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग आरके नेहरा, शिवपति पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार सिंह, तहसीलदार अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# हत्यारोपित के मकान पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## लोटन में हुई थी घटना, छेड़खानी का विरोध करने पर 15 अगस्त को परवेज ने रोहित की कर दी थी हत्या





लोटन थाना क्षेत्र के बरवां में हत्यारोपित का मकान ढहाता बुलडोजर व मौके पर मौजूद एसडीएम सदर डा. ललित कुमार मिश्रा व पुलिस फोर्स • जागरण

- घटना के बाद परवेज को पुलिस ने किया था गिरफ्तार
- एसडीएम डा. ललित कुमार मिश्र व पुलिस टीम ने की कार्रवाई

जागरण संवाददाता, लोटन सिद्धार्थनगर: छेड़खानी का विरोध करने वाले युवक की हत्या करने और गांव में खलिहान की भूमि पर कब्जा कर मकान बनवाने के आरोपित के विरुद्ध प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। लोटन कोतवाली क्षेत्र के बरवा गांव के रहने वाले आरोपित परवेज पुत्र अब्दुल वहीद का मकान शुक्रवार को प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। रोहित की हत्या के बाद उसके स्वजन ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की थी कि उन्होंने आरोप लगाया था कि परवेज का मकान गांव के खलिहान की भूमि पर बना हुआ था। उसे ढहाया जाए। इसे लेकर तहसील प्रशासन ने आरोपित के घरवालों को कई बार नोटिस भेजा लेकिन वह इसे संज्ञान में नहीं ले रहे थे।

शुक्रवार को उप जिलाधिकारी सदर डा. ललित कुमार मिश्र गांव पुलिस टीम व बुलडोजर के साथ पहुंच गए। उनकी मौजूदगी में मकान ढहा दिया।

बता दें छेड़खानी के एक मामले में परवेज का उसके गांव का ही रोहित विरोध कर रहा था। इसे लेकर दोनों में मारपीट भी हुई थी। बाद में रोहित की तहरीर पर पुलिस ने परवेज के विरुद्ध मुकदमा लिखकर उसे जेल भेज दिया था। इस बात को लेकर परवेज खुन्नस में था। बीते 15 अगस्त को उसने अपने साथियों के साथ रोहित हत्या कर दी थी। घटना दूसरे दिन ही पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था।

मकान ढहाए जाने के दौरान थानाध्यक्ष लोटन चंदन कुमार अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर मौजूद थे।

15 वर्षों से खलिहान में बना था मकान: उप जिलाधिकारी डा. ललित कुमार मिश्र ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से परवेज का परिवार बरवा के खलिहान में पक्का मकान बनवाकर रह रहा था। उसका मकान करीब सात से आठ हजार वर्ग फीट बना हुआ था। इसमें चार कमरे व एक शौचालय व स्नानागार था। इसके अलावा इन लोगों ने नलकूप की एक भूमि पर भी कब्जा कर रखा था। शुक्रवार को अभियान चलाकर मकान ध्वस्त कराया गया। नलकूप की भूमि से कब्जा हटवाया गया है।

# रोहित हत्याकांड : हत्यारोपी के मकान पर चलाया बुलडोजर

## पीड़ित के घरवालों ने मकान गिराने की उठाई थी मांग, पैमाइश में खलिहान में पाया गया मकान, एसडीएम की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। लोटन कोतवाली क्षेत्र के बरवां गांव में शुक्रवार को एक युवक की हत्या के आरोपी परवेज के मकान को बुलडोजर से ढहा दिया गया है। वहीं खलिहान में बने आरोपी के चाचा के हिस्से को भी ढहाया गया।

गांव में 15 अगस्त को सिर पर प्रहार करके रोहित की हत्या कर दी गई थी। परिवार के लोग इस मामले में आरोपी के मकान को गिराने की मांग पर अड़े थे। उनकी मांग को देखते हुए जमीन की पैमाइश की गई तो पता चला कि मकान खलिहान की जमीन में बना हुआ था। शुक्रवार को एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र की अगुवाई में मकान पर बुलडोजर चलवाकर इसे ध्वस्त कर दिया गया।

लोटन कोतवाली क्षेत्र के बरवां गांव निवासी रोहित (20) पुत्र दारा की 15 अगस्त को रात सिर पर प्रहार करके हत्या कर दी गई थी। गांव के दूसरे सेमरहना जाने वाले मार्ग पर खून से लथपथ लाश मिली थी। इस मामले में परिजनों की तहरीर पर मुख्य आरोपी परवेज के अलावा एक युवती व एक युवक पर हत्या सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया गया था।

### लोटन कोतवाली क्षेत्र के बरवां गांव में 15 अगस्त को हुई थी रोहित की हत्या

### मकान गिरा, मिला न्याय



सुभावती।

मृतक रोहित की मां ने बताया कि जो सरकार से मेरी मांग थी वह पूरा हो गई। मेरा पुत्र वापस तो नहीं आ सकता। लेकिन इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। अब अपराधियों को अपराध करने के लिए सौ बार सोचना पड़ेगा।

परिवार के लोग शव जलाने से मना कर रहे थे। परिवार वालों ने मांग की कि मुख्य आरोपी परवेज का मकान गिराया जाए। एसडीएम ने आश्वासन दिया था कि शव को जलाओ, अगर मकान अवैध रूप से बना होगा तो कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम की निगरानी में गठित टीम ने 29 अगस्त को मौके पर जाकर पैमाइश की तो मुख्य आरोपी परवेज सहित उसके परिवार के दो अन्य लोगों का मकान खलिहान की जमीन में पाया गया।

शुक्रवार को एसडीएम सदर डॉ. ललित कुमार मिश्र की अगुवाई में टीम गांव में पहुंची और बुलडोजर से मकान को गिरवा दिया गया। बुलडोजर चलता देखकर हर कोई हैरत में पड़ गया। वहीं मृतक रोहित का परिवार प्रशासन की इस कार्रवाई से खुश था। मकान ढहाए जाने के दौरान कानूनगो अखिलेश, एसओ चंदन कुमार, चौकी हरवंशपुर प्रभारी मनोज कुमार सिंह, लेखपाल विनय पांडेय, राहुल कुमार, राम सिंह, अखिलेश यादव सहित पुलिस बल तैनात था।



रोहित हत्याकांड के मुख्य आरोपी के मकान पर चला बुलडोजर। संवाद

### अपराध किसी ने किया, भुगत रहे हम लोग

हत्याकांड के मुख्य आरोपी परवेज के चाचा अब्दुल वजीद की बहू नाजमा ने कहा कि अपराध किसी ने किया, सजा सबको मिल रही है। घर ढहाए जाने से मेरा बड़ा नुकसान हुआ है।

### यह थी घटना

15 अगस्त की रात लोटन कोतवाली के बरवां गांव निवासी रोहित लापता हो गया था। इसकी शिकायत लोटन कोतवाली में उसके पिता ने की थी। उसने बताया कि शाम छह बजे रोहित यह कहकर निकला कि वह सेमरहना चौराहे पर जा रहा है। डायल-112 पर रोहित के गायब होने की सूचना दी थी। सूचना पर पुलिस टीम व परिजन रातभर उसे खोजते रहे, लेकिन वह नहीं मिला। दूसरे दिन सुबह सूचना मिली कि गांव से करीब दो किमी दूर सेमरहना-बेलवहिया मार्ग पर स्थित बेलवहिया पुलिया के पास शव पड़ा है। मामले की जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक के सिर के पिछले हिस्से और पीठ पर लोहे के रॉड या फिर डंडे से हमला करके उसकी हत्या की गई थी। वह मुंह के बल पड़ा हुआ था। आसपास खून फैला था। इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी परवेज, उसे जानने वाली उसकी मित्र सेमरहना निवासी पिंकी, उसके गांव निवासी सुनील चौरसिया और बगल के ही सेनुआ गांव निवासी रोलू को हत्याकांड में शामिल होने के मामले में जेल भेज गया था।

**बोले अधिकारी**

15 अगस्त की रात लोटन कोतवाली क्षेत्र के बरवां गांव निवासी रोहित की हत्या के बाद उसके माता-पिता ने शव को जलाने से मना कर दिया था। जिसे लेकर काफी जद्दोजहद के बाद इस शर्त पर शव जलाने के राजी हुए कि आरोपी परवेज का मकान गिराया जाए व अहेतुक सहायता देने के साथ कुछ जमीन दिया जाए। जिस पर तभी से कार्रवाई चल रही थी। उसी के तहत 29 अगस्त को टीम बनाकर पैमाइश करने के बाद जमीन खलिहान की मिली। एक सितंबर को घर खाली करने का नोटिस दिया गया था। ठीक एक माह के अंदर फोर्स के साथ मकान को ढहवा दिया।

-डॉ. ललित कुमार मिश्र, एसडीएम सदर

# महिला पर जानलेवा हमला, कार्रवाई की मांग

सिद्धार्थनगर। त्रिलोकपुर क्षेत्र के कठौतिया किशुन गांव में एक महिला पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। इस घटना में उसे काफी चोट आई है। घटना बृहस्पतिवार की है। पीड़िता ने त्रिलोकपुर पुलिस को तहरीर देकर हमलावरों पर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के कठौतिया किशुन गांव निवासी संगीता पत्नी राजेन्द्र ने बृहस्पतिवार देर शाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे वह अपने तीन मासूम बच्चों के साथ घर पर थी। बच्चों द्वारा किसी बात को लेकर घर की महिलाएं मिलकर शीशम के डंडे से बुरी तरह पीटा। इस घटना में उसे गंभीर चोट आई है। पैर, पीठ व हाथ में काला डंडे का निशान साफ दिख रहा है। किसी तरह से डायल-112 पर फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पंहुची पीआरवी टीम दोनों पक्षों को थाने बुलाई। वहां एक सिपाही को शिकायती पत्र देकर वापस चली आई। लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर तहसीलदार सिंह ने कहा कि परिवारिक मामला है। मारपीट की शिकायत मिली है। हलका दरोगा को जांच सौंपी है। संवाद

## त्रिलोकपुर क्षेत्र के कठौतिया किशुन गांव का मामला

# गणेश चतुर्थी के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई

**सिद्धार्थनगर।** पथरा थाना परिसर में शुक्रवार को गणेश विनायक चतुर्थी को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने कहा कि शांति से त्योहार मनाएं, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल हमें सूचित करें। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा में डीजे में केवल धार्मिक गाने ही बजाएं, दो अर्थ वाले गानों से माहौल पर बुरा असर पड़ता है। इस दौरान नशे से दूर रहें। उन्होंने लोगों से अपने-अपने गांव में आने वाले बाधाओं के बारे में भी एक-एक कर जानकारी ली। इस अवसर पर एसआई दयाशंकर तिवारी, सत्यदेव प्रसाद, ग्राम प्रधान महेंद्र चौबे, विकास कौशिक, शारदा चौधरी और मक्खन लाल आदि मौजूद थे। संवाद

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं त्योहार

**सिद्धार्थनगर।** गणेशोत्सव व जश्न-ए ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर शुक्रवार शाम कोतवाली बांसी में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें कोतवाल अनुज सिंह ने कहा कि सभी धर्म व पर्व हमें मानवता का पाठ पढ़ाते हैं। सब मिलकर पर्व को शांति पूर्वक मनाएं। आपसी प्रेम व सद्भाव की जो परंपरा है, उसे कायम रखें। जहां भी कोई दिक्कत हो तत्काल पुलिस को सूचना दें। अपने आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के होने की भी सूचना दें, अफवाह से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि माहौल को बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। इस दौरान अजय वर्मा, रामगोपाल अग्रहरि, शकील खान, अंगद वर्मा, अंशु दुबे, अशफाक अहमद आदि मौजूद रहे। संवाद

# बारावफात के लिए पीस कमेटी की बैठक

**सिद्धार्थनगर।** गणेश चतुर्थी व बारावफात त्योहार को लेकर लोटन कोतवाली परिसर में शुक्रवार को प्रधान, बीडीसी, ग्राम प्रहरी के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। एसओ चंदन कुमार ने लोगों से कहा कि त्योहार कोई भी हो सबको मनाने का अधिकार है। त्योहार को लेकर क्षेत्र में सतर्कता जरूरी है। कहीं कोई व्यक्ति बवाल न करें कही भी कोई समस्या हो तो पुलिस को सूचना फौरन दें। कुछ लोग त्योहारों में खलल डालने का प्रयास करते हैं। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसआई रविंद्र यादव, देवपाल दुबे, विनय यादव, वसीम अहमद सहित प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद मणि त्रिपाठी, सोनू, मूसे आदि मौजूद रहे। संवाद

# पुलिस के हत्थे चढ़ा वाहन चोर

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज पुलिस ने शुक्रवार को डुमरियागंज थाना क्षेत्र के बेंवा चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को चोरी की एक बाइक व मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट और चोरी का केस दर्ज कर और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में बताया कि बाइक को भवानीगंज क्षेत्र से चोरी किया है व चोरी की बाइक को नेपाल में बेच देता है। आरोपी वसीम उर्फ शकील निवासी महुवा कोठी थाना उतराव जनपद प्रयागराज हालमुकाम साकिन सोनखर थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर का निवासी है। संवाद

# रातभर दौड़ी पुलिस, आने-जाने वालों से की पूछताछ

संवाद न्यूज एजेंसी



शोहरतगढ़ में वाहनों की चेकिंग करती पुलिस की टीम। संवाद

**सिद्धार्थनगर।** थानेदरों के गश्त की हकीकत जानने के लिए आईजी बस्ती आरके भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को क्रॉस चेकिंग अभियान चलाया। थानेदारों की लोकेशन के बारे में जानकारी ली। चिह्नित स्थल पर थानेदार टीम के साथ रात्रि गश्त करते हुए पाए गए। निर्देश के बाद पूरी रात पुलिस भागती रही और रात में निकलने वालों के वाहनों की डिकी की जांच करने के साथ ही आने-जाने का कारण पूछा और नाम नोट किया।

अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आईजी की ओर से बार-बार निर्देश दिया जाता है। साथ ही रात्रि गश्त करने पर जोर दिया जाता है। थानेदार रात्रि गश्त में निकल रहे हैं कि नहीं। इसकी जानकारी के लिए गश्त प्वांइट चिह्नित होता है। जो एक-दूसरे थाने का बॉर्डर होता है।

यहां रात्रि में दो या तीन थानों की पुलिस एक साथ पहुंचकर संदिग्धों की चेकिंग करती है। पुलिस गश्त प्वाइंट पर है या नहीं, इसकी हकीकत जाने के लिए आईजी बस्ती आरके भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को गश्त की क्रॉस चेकिंग और लोकेशन के बारे में जानकारी के लिए जिले आला अधिकारियों को निर्देश दिया।

यह आदेश होते ही रात 12 से सुबह 4 बजे तक पुलिस दौड़ती रही। 13 स्थानों की चेकिंग की गई। यहां थानेदार मौजूद मिले। हर सर्किल के सीओ ने मौके पर पहुंचकर लोकेशन

## थानेदरों के गश्त की हकीकत जानने के लिए आईजी ने क्रॉस चेकिंग अभियान चलाया

के बारे में जानकारी लेने के साथ ही फोटो शेयर किया। एक साथ एक स्थान पर दो थानेदार चेकिंग किए।

रात में गुजरने वाले वाहनों की डिकी को खोलकर देखा गया। इसमें बांसी कोतवाली क्षेत्र के फजिहतवा नाला, डुमरियागंज के सोहना-डुमरियागंज बार्डर, चिल्हिया के बहादुरपुर, पथरा बाजार के डुमरियागंज- पथरा बाजार मार्ग, शोहरतगढ़ कठेला शोहरतगढ़ व ढेबरुआ मार्ग, जोगिया कोतवाली के जोगिया-पकड़ी मार्ग सहित अन्य प्वाइंट पर पुलिस ने चेकिंग की। संवाद

# राजस्व-विकास का काम है तो पहले मुंशियों की परिक्रमा कीजिए...चढ़ावा चढ़ाइए

## तहसीलों में लेखपाल, कानूनगो और ब्लॉकों में सचिव रहते हैं निजी मुंशियों के भरोसे

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। तहसीलों में लेखपाल, कानूनगो और ब्लॉकों में सचिवों के निजी मुंशी रखने का प्रचलन कई वर्षों से चल रहा है, जो अब भी जारी है। नौगढ़ तहसील में निजी मुंशी को बिना चढ़ावा दिए कोई काम नहीं होता है। चढ़ावा दीजिए और जल्दी से काम करवाइए।

तहसील में एक सर्किल के कानूनगो के यहां हैसियत प्रमाणपत्र की रिपोर्ट लगवाने गए दिनेश की मुलाकात उनके निजी मुंशी से हुई। मुंशी को संतुष्ट करने के बाद ही उनकी रिपोर्ट अग्रसारित हो सकी। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट लगवाने के लिए वह कई दिनों से संबंधित कर्मी से मिलने के लिए दौड़ रहे थे। सब कुछ निजी मुंशी ने ही कर दिया।

तहसीलों में बाहरी लोगों से काम लेने की परिपाटी पुरानी है, वर्तमान में भी जिले के सभी पांचों तहसीलों में निजी मुंशियों का बोलबाला है। फील्ड से लगायत राजस्व विभाग के कर्मचारियों के पटल हो या न्यायिक स्तर के अधिकारियों का कार्यालय हर जगह निजी मुंशी ही छाए हैं। यह विभाग में ऐसे घुल मिल गए हैं कि अनजान लोग नियमित कर्मचारी और इनमें भेद तक नहीं कर पा रहे हैं।

जिम्मेदार भी एक तरह से इन्हीं पर निर्भर हो गए हैं। स्थलीय निरीक्षण से लेकर पत्रावलियों के रखरखाव तक का कार्य निजी मुंशियों को ही सौंप दिया गया है। तहसीलदार और एसडीएम स्तर के अफसरों को छोड़ दिया जाए तो उनके अधिकांश मातहत निजी मुंशियों के भरोसे कार्य कर रहे हैं।

**फरियादी नहीं कर पाते पहचान :** फरियादी भी तहसीलों में कर्मचारियों के पास कुर्सी पर बैठे मिले, इन मुंशियों के चक्कर में लोग गच्चा खा जा रहे हैं। वह सरकारी कर्मचारी समझकर इनके हर सुझाव को आसानी से स्वीकार कर रहे हैं। भूमि पैमाइश, खारिज दाखिल के लिए रिपोर्ट लगवाने, हैसियत, चरित्र, आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र बनवाने आदि कार्यों के लिए उन्हें ही चढ़ावा चढ़ा रहे हैं। इसके बाद ही यह संबंधित पटल के जिम्मेदार से पत्रावली को आगे बढ़ने योग्य रिपोर्ट तैयार करते हैं।

**ऐसे करते हैं निजी मुंशी काम :** तहसील में लेखपाल के निजी मुंशी वरासत, खारिज दाखिल, भूमि पैमाइश के लिए काश्तकारों को नोटिस जारी करने का भी कार्य करते हैं। इनकी हैंडराइटिंग में ही पत्रावलियों पर रिपोर्ट लिखी जाती है। जिस पर हस्ताक्षर संबंधित लेखपाल और कानूनगो का होता है। इनके स्थलीय सत्यापन व भ्रमण रिपोर्ट का भी जिम्मा निजी मुंशी के पास होता है, जिससे निजी मुंशियों की तरफ से इन कार्यों के लिए की गई वसूली के लिए यह कर्मचारी जिम्मेदार नहीं होते हैं।

**ब्लॉकों में भी कब्जा :** ब्लॉकों में एक अथवा दो कलस्टर के कई ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी पाए ग्राम पंचायत सचिव निजी मुंशियों सहारे विकास कार्य की रिपोर्ट तैयार करते नजर आ रहे हैं। उसका ब्लॉक में परिवार रजिस्टर की नकल लेने के झिनकू का कहना था कि दो दिन दौड़े, लेकिन सचिव नहीं मिले।

उनका मुंशी मिला, जिसे चढ़ावा देकर परिवार रजिस्टर की नकल पा गए। इसी तरह बांसी ब्लॉक में बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र लेने गए शकील का कहना था कि सचिव नहीं मिले, उनके निजी मुंशी से ही उनका काम हो सका।



नौगढ़ तहसील में लेखपाल के साथ बैठे मुंशी। संवाद

### कार्यालय एवं अर्धनिर्मित भवन में होता है काम

नौगढ़ तहसील कार्यालय एवं बगल में स्थित अर्धनिर्मित भवन में लेखपाल एवं कानूनगो के साथ ही इन निजी मुंशियों का जमावड़ा होता है। यहां पहुंचने वाले काश्तकारों से लेखपाल एवं कानूनगो की अनुपस्थिति में यही निजी मुंशी बात करते हैं और उनकी पत्रावली देखकर निर्धारित डिमांड करते हैं, जिसके मिलने के बाद रिपोर्ट लगाकर वह पत्रावली आगे बढ़ाते हैं। शुक्रवार को यहां का नजारा कुछ ऐसा ही था, जहां पहुंचे रामफेर निजी मुंशी से सौदा तय होने के बाद काम के प्रति निश्चिंत हो जाते हैं।

### केस 1 अभिलेख के साथ फरार हो गया था निजी मुंशी

नौगढ़ तहसील में दो वर्ष पहले कार्यरत रहे एक नायब तहसीलदार ने भी निजी मुंशी रखा था, जिसके पास महत्वपूर्ण राजस्व अभिलेखों के रखरखाव की भी जिम्मेदारी थी। यहां तक कि उसके पास नायब तहसीलदार कोर्ट से संबंधित महत्वपूर्ण अभिलेख वाली आलमारियों की चाबी रहती थी। नायब तहसीलदार के सेवानिवृत्त होने के बाद वह निजी मुंशी अभिलेखों के साथ ही फरार हो गया। जिस कारण कई मुकदमों में सुनवाई बाधित रही। जिसे बाद में पुलिस से पकड़वाकर फाइलें बरामद की गईं।

### केस 2 डुमरियागंज में 39 लैपटॉप हो गए थे चोरी, एक को हुई थी जेल

डुमरियागंज तहसील में वर्ष 2019 में राजस्व अभिलेखागार में रखे वर्ष 2015-2016 में विद्यार्थियों को बांटने आए 41 लैपटॉप में से 39 चोरी हो गए थे। तहसीलदार के पूछताछ में जिम्मेदार कानूनगो ने बताया कि इस अभिलेखागार की चाबी एक निजी कर्मी श्यामसुंदर के पास रहती थी। पुलिस ने मामले में केस दर्जकर छानबीन की और निजी कर्मी श्यामसुंदर को गिरफ्तार कर जेल भेजा। उसने लैपटॉप चोरी कर बेचने की बात स्वीकारी थी और कुछ लैपटॉप भी बरामद भी हुए थे।




तहसील नौगढ़।

तहसील के कार्यालयों में निजी मुंशी नहीं रखे गए हैं, कुछ संविदा कर्मी कार्य कर रहे हैं। कानूनगो और लेखपाल को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी निजी मुंशी से कार्य न कराए। अगर शिकायत मिलती है अथवा जानकारी होती है तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। -डॉ. ललित कुमार मिश्र, एसडीएम नौगढ़

# वीडियो की जांच हुई पूरी सीडीओ आज सौंपेंगे रिपोर्ट

सिद्धार्थनगर। स्वास्थ्य विभाग में सीएमओ, डिप्टी सीएमओ और निजी अस्पताल के संचालक के बीच लेनदेन की बातचीत का वीडियो वायरल होने के चर्चित मामले में दूसरी जांच भी पूरी हो गई है।

एक सितंबर को चर्चा में आए इस मामले में डीएम संजीव रंजन ने सीडीओ जयेंद्र कुमार को एक सप्ताह में जांच करने का आदेश दिया था, जिसे सीडीओ शनिवार को डीएम को सौंपेंगे। सीडीओ जयेंद्र कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच पूरी हो गई है। इस मामले में वे कुछ नहीं बताएंगे। शनिवार को वे जांच रिपोर्ट डीएम को सौंप देंगे। इस जांच रिपोर्ट पर स्वास्थ्य महकमे के साथ निजी अस्पताल संचालकों की भी नजर है। सीडीओ ने पूरे प्रकरण की जांच की है, जबकि सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल की तहरीर पर एएसपी सिद्धार्थ ने जांच की है और उनकी रिपोर्ट के आधार पर डिप्टी सीएमओ डॉ. एमएम त्रिपाठी व डॉ. बीएन चतुर्वेदी एवं अवध हॉस्पिटल बांसी के संचालक फार्मासिस्ट रंजीज के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज हुआ है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि यह गंभीर मामला है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। संवाद

**बोले अधिकारी**

15 अगस्त की रात लोटन कोतवाली क्षेत्र के बरवां गांव निवासी रोहित की हत्या के बाद उसके माता-पिता ने शव को जलाने से मना कर दिया था। जिसे लेकर काफी जद्दोजहद के बाद इस शर्त पर शव जलाने के राजी हुए कि आरोपी परवेज का मकान गिराया जाए व अहेतुक सहायता देने के साथ कुछ जमीन दिया जाए। जिस पर तभी से कार्रवाई चल रही थी। उसी के तहत 29 अगस्त को टीम बनाकर पैमाइश करने के बाद जमीन खलिहान की मिली। एक सितंबर को घर खाली करने का नोटिस दिया गया था। ठीक एक माह के अंदर फोर्स के साथ मकान को ढहवा दिया।

–डॉ. ललित कुमार मिश्र, एसडीएम सदर

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 16-09-2023

# लकड़ी बेचने का आरोप वन दारोगा हटाये गये

**खबर का असर**

**प्रभागीय वनाधिकारी ने खबर का संज्ञान लेकर की कार्रवाई, कहा दोषी पाये जाने पर होगी कार्रवाई**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। कांटे पुलिस चौकी अंतर्गत टेमा रहमत निवासी समाजसेवी अब्दुल अजीम ने क्षेत्र के एक वन दारोगा पर आंधी और बारिश की वजह से गिरे शीशम के कीमती पेड़ को बेचने का आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की थी। उक्त खबर को राष्ट्रीय सहारा के द्वारा 8 सितम्बर 23 के अंत में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। खबर को संज्ञान में लेकर प्रभागीय वनाधिकारी पीके पाण्डेय ने वन दारोगा अभिलाश कुमार को क्षेत्र से हटाकर कार्यालय से संबद्ध कर दिया है और जांच में दोषी पाये जाने पर कार्रवाई करने की बात भी कही है। प्रभागीय वनाधिकारी श्री पाण्डेय ने बताया कि समाज सेवी अब्दुल अजीम ने शिकायत पत्र देकर कहा था कि सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के कांटे-बूधा के बीच में कांटे बस्ती हाइवे पर सड़क के किनारे स्थित एक शीशम का मोटा सा पेड़ जो आंधी और बारिश की वजह से गिर गया था। उसे बीती रात एक वन दरोगा द्वारा किसी लकड़ी के ठेकेदार को बेच दिया गया। वन दारोगा पर अन्य कई आरोप लगाए तता कहा कि उक्त वन दरोगा अपने प्राइवेट वाहन पर उत्तर प्रदेश सरकार लिखकर गावों व बाजारों में बार-बार हूटर बजाने और किसानों से यूकेलिप्ट्स जैसे छूट वाले पेड़ों के काटने पर जबरन धौंस जमाकर वसूली करने की वजह से भी चर्चा में रहते हैं। जो इनके खिलाफ शिकायत करने की बात कहता है तो उसे यह फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी देते हैं। उक्त मामले को संज्ञान में लेकर अवशेष लकड़ी को एक पोखरे से बरामद किया गया है। कुछ लकड़ी गायब कर दी गई थी। वन दारोगा से स्पष्टीकरण लिया गया और उन्हें क्षेत्र से हटाकर कार्यालय संबद्ध कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इसमें वन दारोगा के दोषी पाये जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# परेड में एसपी ने पुलिसकर्मियों से लगवायी दौड़



**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड़ का निरीक्षण किया गया। एसपी ने परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारियों/कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फ़िट रहने हेतु पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई तथा परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई। एसपी ने परेड के उपरान्त पुलिस मेस, डायल-112, नव निर्मित आवासीय भवनों आदि का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। तत्पश्चात पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द को सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्थ थानों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया।

# जिले के बार्डर-बैरियर पर रात्रि गश्त का चला चेकिंग मिलान अभियान

संतकबीरनगर । जिले की पुलिस द्वारा जनपद में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने को वार्डर व थानों के बैरियर पर आसपास के जनपदों की पुलिस व थानों की पुलिस के साथ रात्रि गश्त चेकिंग मिलान का अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद दीपांशी राठौर, क्षेत्राधिकारी धनघटा बृजेश सिह, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया ने जनपदीय सीमा से लगे अन्य जनपदों के थानों की पुलिस व जनपद के समस्त थानों की सीमा पर पहुंचकर चेकिंग की गई। एसपी ने श्री गुप्ता ने बताया कि थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत चंगेरा मंगेरा गोदमवा पुल, बालूशासन पुल (थाना बखिरा से लगती सीमा), थाना दुधारा अन्तर्गत दानोकुइयां (थाना रुधौली से लगती सीमा), पिपरा बोरिंग (थाना बखिरा से लगती सीमा), थाना धनघटा अन्तर्गत मूडाडीह (थाना महुली से लगती सीमा), पीडिया घाट (थाना महुली से लगती सीमा), थाना महुली अंतर्गत प्रजापतिपुर (थाना धनघटा अन्तर्गत लगती सीमा), देईसाड़ (थाना लालगंज से लगती सीमा), थाना मेंहदावल अन्तर्गत समोगर (थाना धर्मसिंहवा से लगती सीमा) व तुलसीपुर थाना (बखिरा से लगती सीमा), थाना बेलहरकला अंतर्गत छपिया पुल (थाना रुधौली से लगती सीमा) व करमाकला (थाना मेंहदावल से लगती सीमा) तथा धर्मसिंहवा अंतर्गत बेलहरा पुलिया (चौकी सकारपार जनपद सिद्धार्थ नगर से लगती सीमा ) व अमरहा जिसकी सीमा थाना मेंहदवल से लगती है। सहित अन्य स्थानों पर रात्रि गश्त के दौरान मिलान किया गया।

# तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों पर पुलिस ने कई थानों पर छापेमारी की। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त गुड्डू निवासी काजीपुर मगहर, थाना धनघटा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त राजेश्वर उर्फ भोला निवासी प्रसादपुर एवं थाना मेंहदावल पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त बेचन निवासी भीतरी मुहल्ला को दबोचकर कार्रवाई की।

# राजस्व देयों की वसूली में गतिशीलता लाएं

## कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक

संतकबीरनगर (एसएनबी)। आईजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, संपूर्ण समाधान दिवस संदर्भ सहित सभी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन संदर्भों के सापेक्ष प्राप्त, निस्तारित एवं लंबित शिकायतों-प्रकरणों की समीक्षा बैठक कल देर सांय कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर अध्यक्षता में हुई।

जिलाधिकारी श्री तंवर ने लक्षित राजस्व देयों की वसूली में अधिकारियों को गतिशीलता लाते हुए समयसीमा के अन्दर शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य है। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारीगण आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करके रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता का पक्ष अवश्य सुना जाय और संदर्भों के निस्तारण के परिणाम से भी शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाय क्योंकि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही संदर्भों के निस्तारण का मूल लक्ष्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभागीय अधिकारी प्रतिदिन अनिवार्य रूप से आईजीआरएस पोर्टल को देखें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में विभागीय अधिकारीगण संदर्भो का निस्तारण उसके डिफाल्ट होने से पहले ही करना सुनिश्चित करें। आईजीआरएस पोर्टल पर अधिकारीगण अपने मोबाईल नम्बर के साथ प्रोफाइल अपडेट रखे।




कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आईजीआरएस एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक करते डीएम, साथ में एसपी, एडीएम व अन्य अधिकारीगण।

बैठक के अगले चरण में कर-करेत्तर की समीक्षा के दौरान व्यापार कर, परिवहन, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देयों की वसूली, आबकारी, नगर निकायों में राजस्व संग्रह की स्थिति, खनन, मण्डी समिति, बांट माप, खाद्य एवं सुरक्षा सहित अन्य राजस्व संग्रह से सम्बन्धित विभागों द्वारा मासिक लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व देयों की वसूली की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर डीएम जय प्रकाश, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिरूद्ध कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दूबे, उप जिलाधिकारी मेंहदावल अरुण वर्मा, उप जिलाधिकारी धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव, अपर उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र केसरवानी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, ईओ नगर पालिका विनय कुमार मिश्र, ओएसडी बलदाऊजी शर्मा, ईडीएम राकेश कुमार आदि विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसपी ने किया धनघटा थाने का निरीक्षण

**निरीक्षण केन्द्र में एसपी ने पुलिसकर्मियों और ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक कर दिया जरूरी दिशा निर्देश**

■ धनघटा।

सहारा न्यूज ब्यूरो

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को धनघटा थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने साफ-सफाई पर जोर दिया और निरीक्षण के बाद अन्त में थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों एवं थाना क्षेत्र में गांव-गांव कार्यरत ग्राम प्रहरियों के साथ अलग-अलग बैठक की और उन्हें जिम्मेदारियों को पूरा करने के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश भी दिया।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता पूर्व निर्धारित समयानुसार शुक्रवार को अपराह्न 2 बजे धनघटा थाने पर पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें सुसज्जित सलामी गार्द दिया। उसके बाद एसपी ने बारी-बारी से थाना परिसर, पुलिसकर्मियों के बैरक, थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, बन्दीगृह,महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया और साफ-सफाई पर जोर देते हुए अभिलेखों,शस्त्रों के रखरखाव को लेकर मातहतों को जरूरी दिशा निर्देश दिया।



थाना परिसर मे घूम-घूम कर साफ-शफाई की स्थिति का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक।

इस दौरान एसपी ने थाने के महत्वपूर्ण अभिलेखों जैसे अपराध रजिस्टर, आगन्तुक रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या-बलवा रजिस्टर व बीट सूचना रजिस्टर आदि का बारी-बारी से बारीकी के साथ निरीक्षण किया और संबंधित मातहतों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किया। एसपी ने शस्त्रागार में रखे शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई करने, निष्प्रयोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों को बदल कर नए उपकरण प्राप्त करने,लम्बे समय से थाने में मुकदमों से संबंधित पड़े लावारिश एवं जब्त किए गए वाहनों का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने का भी फरमान मातहत पुलिसकर्मियों को सुनाया। उसके बाद एसपी महिला हेल्प डेस्क पर पहुंचकर नियुक्त महिला पुलिसकर्मी को आने वाली पीड़ित महिलाओं की फरियाद को सुनते हुए उनकी समस्या को सहानुभूति पूर्वक निस्तारण कराने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद एसपी ने थाने के पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की और पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनकर तत्काल समाधान के लिए संबंधित को निर्देशित किया साथ ही बैठक में पुलिसकर्मियों को जनता के साथ अच्छा व्यवहार रखने और मुकदमों की लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश भी दिया।

एसपी ने अन्त में ग्राम प्रहरियों के साथ थाना परिसर में गोष्ठी की। ग्राम प्रहरियों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों के बारे में समझाते हुए एसपी ने कहा कि चौकीदार पुलिस विभाग की प्रथम कड़ी है और गांव के रक्षक के तौर पर ग्राम प्रहरियों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गांव में होने वाली छोटी-बड़ी सभी घटनाओं की सूचना थाने में समय से देने का ग्राम प्रहरियों को निर्देश देते हुए एसपी ने कहा कि ग्राम प्रहरी अगर सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें तो गांव में कभी भी शान्ति व्यवस्था नहीं बिगड़ सकेगी। इस दौरान सीओ धनघटा बृजेश सिंह, वाचक एसपी कृष्णदेव सिंह,प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र, पीआरओ एसपी जितेन्द्र यादव, इंसपेक्टर अपराध जुबेर अली, एसएसआई एच.एन.दीक्षित, चौकी प्रभारी मनोज पटेल, शशिकान्त त्रिपाठी, शैलेन्द्र कुमार, राजेश दूबे, भोला यादव आदि सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# भाकियू के फर्जी पदाधिकारियों पर कार्रवाई को डीएम व एसपी को पत्र

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले में भारतीय किसान यूनियन का फर्जी पदाधिकारी बनकर कुछ अराजकतत्वों द्वारा प्रशासन को गुमराह करने का काम किया जा रहा है और कई स्थानों पर संगठन का बैनर लगाकर कार्यक्रम कर रहे हैं। जिससे संगठन का कोई भी लेनादेना नहीं है। उक्त लोगों पर कार्रवाई की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भारत का किसान संगठन) के ज़िलाध्यक्ष व महासचिव ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जिले के दोनों वरिष्ठ अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में भारतीय किसान यूनियन (भारत का किसान संगठन) के प्रभारी जिलाध्यक्ष रामसागर चौधरी एवं महासचिव रमाशंकर यादव ने कहा है कि कुछ अराजकतत्व के लोगों द्वारा फर्जी पदाधिकारी बनकर भारतीय किसान यूनियन एवं प्रशासन को गुमराह करके बिना जिलाध्यक्ष व कमेटी को अवगत कराए कुछ जगहों पर कार्यक्रम कर रहे हैं। यदि इनके द्वारा किसी भी प्रकार की कोई घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी भाकियू की नही होगी। प्रशासन अपनी कानूनी कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगा। विदित हो कि 14-05-2023 को भारतीय किसान यूनियन (भारत का किसान संगठन) के पूर्वांचल अध्यक्ष अनूप कुमार चौधरी ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए राम सागर चौधरी पुत्र राम कुमार ग्राम-मलोरना, पोस्ट-अतरौरा जनपद संतकबीरनगर (उत्तर प्रदेश) को संगठन का कार्य पूरी ईमानदारी और लगन के साथ के करने का आह्वान किया था।

# चोरी के आरोपी को 92 दिन का कारावास

संतकबीरनगर (एसएनबी)। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शुक्रवार को चोरी के आरोपी को 92 दिन का कारावास की सजा सुनाते हुए चार हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड न अदा करने पर आरोपी को 20 दिन के अतिरिक्त साधारण कारवास की सजा भुगतनी होगी। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बताया कि थाना धनघटा पर पंजीकृत मु.अ.सं. 124/1999 धारा 379/411 भादवि के मामले में दोषसिद्ध अभियुक्त सत्येन्द्र प्रताप सिंह पुत्र रुद्र प्रताप सिंह निवासी औराडाड थाना धनघटा संतकबीरनगर अंतर्गत धारा 379/411 भादवि के अपराध में जेल में बिताई गई अवधि 92 दिन का कारावास व चार हजार ₹ का अर्थदण्ड का दण्डादेश पारित किया गया है। अर्थदण्ड न अदा करने पर 20 दिन के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। मेंहदावल में प्रस्तावित ग्राम न्यायालय की स्थापना के विरोध में जिले के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को न्यायिक काम काज नहीं किया।

अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के कारण कचहरी में कोई न्यायिक काम-काज नहीं हो सका। ग्राम न्यायालय की स्थापना के विरोध में अधिवक्ताओं का यह आन्दोलन बीते वर्ष 30 अगस्त से चल रहा है। अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के चलते वादकारियों को तारीख नोट करके घर वापस लौटने पर विवश होना पड़ा।

सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल ने कहा कि मेंहदावल तहसील में ग्राम न्यायालय के स्थापना की कवायद चल रही है। इसी के दृष्टिगत सिविल बार एवं जनपद बार एसोसिएशन ने संयुक्त बैठक करके इसके विरोध का निर्णय लिया था। जनपद बार एसोसिएशन के महामंत्री सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि दीवानी न्यायालय में स्टाफ की भारी कमी है। सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री चतुरजी शुक्ल ने कहा कि मेंहदावल में ग्राम न्यायालय की स्थापना वादकारी एवं अधिवक्ता के हित में नहीं है।



कोर्ट भवन से अधिवक्ता चैम्बर तक बनने वाले छाजनयुक्त पाथवे का निरीक्षण करते जिला जज।

# कोर्ट भवन से अधिवक्ता चैम्बर तक बनेगा छाजनयुक्त पाथवे

संतकबीरनगर। अधिवक्ता चैम्बर तक छाजन युक्त पाथवे का निर्माण करने के लिए जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने निरीक्षण किया।

जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि कचहरी प्रांगण में 900 मीटर छाजनयुक्त पाथवे का निर्माण होना है। पहले यह एडीआर भवन से कुछ आगे तक था। इसी को विस्तारित करते हुए अधिवक्ता चैम्बर तक निर्माण कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार त्यागी, एडीजे दिनेश प्रताप सिंह, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल, जनपद बार एसोसिएशन के महामंत्री सुनील कुमार पांडेय, सिविल बार एसो. के महामंत्री चतुरजी शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार ओझा, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मोहन मिश्र, पूर्व अध्यक्ष नवनीत कुमार पांडेय रहे।

# मार्ग दुर्घटना के मामले में पुलिस ने दर्ज किया केस

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मार्ग दुर्घटना के मामले में पीडित की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीडित शिव कुमार ने अपने शिकायत में बताया कि उनके भाई संजय कुमार पुत्र मुन्नर प्रसाद ग्राम व पोस्ट तामा (तामेश्वरनाथ) दो अगस्त को लगभग सायं 7 बजे मंझरिया कटका मार्ग से अपने घर आ रहे थे।

# अवैध तरीके से चल रहे पैथालॉजी सेंटर

मेंहदावल। तहसील क्षेत्र में पैथालाजी सेंटरों का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। हालात यह है कि पैथालाजी में अप्रशिक्षित और बिना डिग्री डिप्लोमा के बैठे लोग मरीजों की तमाम तरह की जांच करते हुए रिपोर्ट बना रहे हैं। वह इसके एवज में मनमाना शुल्क वसूल रहे हैं। विभागीय जांच पड़ताल न होने के कारण इनके हौसले बुलंद हैं।

क्षेत्र में पैथालाजी सेंटर लगातार नए नए खुल रहे हैं। कस्बे के साथ तहसील क्षेत्र के सांथा, नन्दौर आदि स्थानों पर सेंटर ब्लड, यूरिन, कफ, सुगर आदि के जांच बोर्ड लगाए बैठे हैं। जांच का दिखावा करते हुए मनमाना शुल्क वसूल रहे हैं। स्थिति यह हो गई है कि यह अपने अपने क्षेत्र में चिकित्सकों से सांठ-गाठ करके पैथालोजी सेन्टर वाले बिना बीमारी के ही जांच में कुछ न कुछ ऐसा दिखा दे रहे हैं कि मरीजों को महंगी दवा खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

# असलहे के बल पर छीन लिए जेवरात

- कांटे चौकी क्षेत्र स्थित नेशनल हाइवे टेमा रहमत का मामला
- सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

कांटे/संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान टीम। कोतवाली खलीलाबाद के कांटे चौकी स्थित टेमा रहमत में असलहे के बल पर जेवरात छीनने का मामला प्रकाश में आया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी एवं अन्य माध्यमों से जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने पीडिता की तहरीर मिलने के बाद मामले में मुकदमा दर्जकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी।

दिन के तीन बजे के आसपास टेमा रहमत चौराहे पर महिला के गले से चेन व झाला छीनकर आरोपित टेमा रहमत चौराहे की तरफ बाइक से फरार हो गए। घटना के बाद महिला ने अपने पति अफामुल्लाह को फोन करके घर बुलाया। इसके बाद कांटे चौकी पर घटना की सूचना दी। पीड़ित महिला रुखसाना खातून ने बताया कि वह बस्ती जनपद के मुंडेरवा थाना क्षेत्र के कुर्थिया गांव के निवासी हैं। जो पिछले तीन वर्षों से टेमा रहमत चौराहे पर कार बनाने की दुकान खोलकर पूरे परिवार के साथ रहते हैं। उनके पति दुकान छोड़कर कहीं काम से गए हुए थे। दुकान पर पत्नी व उनका लड़का था। तभी दो लोग बाइक से आए सर्फ व पाउडर के प्रचार के बारे में उन्हें बताने लगे। पाउडर से कांच का बर्तन व सोना चांदी भी साफ होने की जानकारी दी। इसी बीच दोनों लोग असलहा निकालकर दिखाने लगे और गले में चैन व झाला निकालकर दोनों युवक बाईक से टेमा रहमत चौराहे की तरफ भाग गये। कोतवाल रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर मिली है।

# बैरियर पर रात्रि गश्त चेकिंग का चला अभियान

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के अगुवाई में जिले में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए बार्डर व थानों के बैरियर पर आस-पास के सटे जनपदों की पुलिस व थानों की पुलिस के साथ रात्रि गश्त चेकिंग मिलान का अभियान चलाया गया। पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने सभी चिन्हित स्थानों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

रात्रि गश्त चेकिंग मिलान के दौरान एसपी सत्यजीत गुप्ता, एएसपी संतोष कुमार सिंह जनपद के तीनों सर्किल के सीओ जिले की सीमा से लगे अन्य जनपदों के थानों की पुलिस व जनपद के समस्त थानों की सीमा की जांच की। थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के चंगेरा मंगेरा गोदमवा पुल (थाना मुण्डेरवा से लगती सीमा) व बालूशासन पुल (थाना बखिरा से लगती सीमा), थाना दुधारा क्षेत्र के दानोकुईयां (थाना रुधौली से लगती सीमा) व पिपरा बोरिंग (थाना बखिरा से लगती सीमा), थाना धनघटा क्षेत्र के मूंड़ाडीहा व पिड़िया घाट (थाना महुली से लगती सीमा), थाना महुली क्षेत्र के प्रजापतिपुर (थाना धनघटा की सीमा) व देईसांड़ (थाना लालगंज से लगती सीमा), थाना मेंहदावल क्षेत्र के समोगर (थाना धर्मसिंहवा से लगती सीमा) व तुलसीपुर थाना (बखिरा से लगती सीमा), थाना बेलहरकला के छपिया पुल (थाना रुधौली से लगती सीमा), करमाकला (थाना मेंहदावल से लगती सीमा), धर्मसिंहवा क्षेत्र के बेलहरा पुलिया (चौकी सकारपार जनपद सिद्धार्थ नगर से लगती सीमा) व अमरहा जिसकी सीमा थाना मेंहदावल से लगती है, आदि स्थानों पर रात्रि गश्त के दौरान मिलान किया। इस दौरान वीएलपी एवं पीएमएफ का भी उपयोग मिलान के दौरान किया गया।



बार्डर, बैरियर पर रात्रि गश्त चेकिंग मिलान का गुरुवार की रात निरीक्षण करते एसपी सत्यजीत गुप्त।

# अशांति फैलाने वाले पांच आरोपितों को दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में अशांति फैलाने के आरोप में पांच आरोपितों को दबोचकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध धर पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन और थाना बेलहरकला पुलिस ने दो आरोपितों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई पूरी की।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने पर हुई कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की।

समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात की संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की। यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 74 वाहनों के चालकों से 94 हजार जुर्माना भरवाया।

# अधिकारी अभिलेखों को ठीक से अपडेट रखें : एसपी

**धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद।** एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को धनघटा थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। सलामी गार्द द्वारा पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गयी। थाना परिसर, कार्यालय निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ सफाई, बैरक, थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, बंदी गृह, महिला हेल्प डेस्क आदि चेक किया।

कार्यालय में रखे विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या/बलवा से सम्बन्धित रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। इन्हें अद्यतन रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। शस्त्रागार में शस्त्रों को नियमित साफ-सफाई करने, निष्प्रोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों को बदलकर नए प्राप्त करने, लंबे समय से थाने में दाखिल अभियोगों से संबंधित लावारिस एवं जप्त वाहनों का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मी को आने वाली महिला फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए गये। एसपी द्वारा थाने पर मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की।

चौकीदारों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों को बताया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी धनघटा बृजेश सिंह, वाचक पुलिस अधीक्षक कृष्ण देव सिंह, प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# तीन स्थानों पर लगे 15 सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों के सहयोग से 15 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। जिले की पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र व हर घर कैमरा अभियान के तहत जनसहयोग से तीन स्थानों पर 15 सीसीटीवी कैमरा स्थापित कराया। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर सात सीसीटीवी, थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर तीन सीसीटीवी एवं थाना मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर पांच सीसीटीवी कैमरा लगवाया।

# शिकायतकर्ता का पक्ष सुनना जरूरी

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता :** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री संदर्भ वाली शिकायतों की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने सभी समाधान दिवस, सभी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शिकायतों के निस्तारण एवं लम्बित शिकायतों की समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्त व अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

**समय से राजस्व का लक्ष्य पूरा करें :** बैठक के अगले चरण में कर-करेत्तर की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समय सीमा के अन्दर राजस्व देयों की वसूली का शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान व्यापार कर, परिवहन, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देयों की वसूली, आबकारी, नगर निकायों में राजस्व संग्रह, खनन, मण्डी समिति, बांट माप, खाद्य एवं सुरक्षा व अन्य राजस्व संग्रह से सम्बन्धित विभागों की समीक्षा की।

# फब्तियां कसने वाले तीन आरोपित दबोचे गए

संतकबीरनगर। कोतवाली की एंटी रोमियो स्क्वायड टीम ने छात्राओं पर अशलील फब्तियां कसने वाले तीन आरोपितों को दबोचकर कार्रवाई की। कोतवाल रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एंटी रोमियो टीम क्षेत्र में भ्रमण पर थी। धनघटा रोड पर आरोपित अभय पुत्र घनश्याम गोड़, महेन्द्र पुत्र भागीरथी मोहम्मद अफजल पुत्र इन्तियाज निवासीगण ग्राम भाटपार आने जाने वाली छात्राओं एवं महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी कर रहे थे। टीम ने उनको पकड़कर अपराध बोध कराया।

# जिला अस्पताल से मोबाइल चोरी, केस दर्ज

संतकबीरनगर। जिला अस्पताल के एमरजेंसी से मोबाइल चोरी का मामला सीसीटीवी में कैद हुआ। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित आदर्श सोनी निवासी लहुरेगांव थाना धनघटा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित विशाल वर्मा निवासी शनिचरा बाजार थाना धनघटा ने अपने शिकायत में बताया कि वह अपने मामा का इलाज कराने जिला अस्पताल में आए हुए थे। जहां पर इमरजेंसी में बेड पर वे मोबाइल रखे हुए थे।

# अपहृत छात्रा बरामद

जासं, महुली, संतकबीर नगर : महुली थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा को एक सप्ताह पहले युवक भगा ले गया था।

प्रभारी थानाध्यक्ष अमित कुशवाहा ने बताया कि छात्रा के स्वजन की तहरीर पर मुकद्मा दर्ज करके पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। इस क्रम में शुक्रवार को किशोरी को बरामद करके मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया।

मजिस्ट्रेट के आदेश के आधार पर छात्रा को उसके परिवार के लोगों को सौंप दिया गया।

# एक ही परिवार के पांच लोगों पर दर्ज होगा केस

**संतकबीरनगर।** सीजेएम श्वेता श्रीवास्तव ने तीन बच्चों की मां को भगा ले जाने के मामले में एक ही परिवार के दंपत्ती समेत पांच सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश कोतवाली पुलिस को दिया है। अधिवक्ता जयप्रकाश पाठक ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़ित पति ने कोर्ट में तहरीर दी, जिसमें कहा कि 10/ 11 मई 2023 की रात उसके गांव में लड़की की शादी थी। शादी में सम्मिलित होने के लिए वह गया था।

बराती के खाना खाने तथा जयमाल के बाद अपने घर पर रात में करीब 12 बजे पहुंचा। कमरे में तीनों बच्चे सो रहे थे, जबकि पत्नी नहीं थी। काफी तलाश किया, लेकिन का पता नहीं चला। गांव के लोगों ने अगले दिन सुबह बताया कि गांव के तीन सगे भाई उसकी पत्नी को लेकर जाते देखे गए। इसमें दो महिलाओं ने भी सहयोग किया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। मजबूरन कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट ने इस मामले में एक ही परिवार के पांच सदस्यों पर केस दर्ज करने का आदेश कोतवाली पुलिस को दिया है। इस संबंध में आख्या अविलंब मांगी है। संवाद

# खनन विभाग की टीम को देख चालक-खलासी गड्ढे में कूदे

**जासं, संतकबीर नगर:** खनन विभाग की टीम ने गुरुवार-शुक्रवार की रात करीब 11 बजे से एक बजे तक धनघटा तहसील के तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। बालू लदी दो व गिट्टी लदी एक कुल तीन ट्रक को थाने में खड़ा करवा दिया। अंधेरे का लाभ उठाकर चालक व खलासी भागने में सफल रहे। एक स्थान पर इस टीम को देखकर गिट्टी लदे ट्रक को रोककर इसके चालक व खलासी गहरे गड्ढे में कूदकर फरार हो गए।।

खनन विभाग की टीम ने गुरुवार-शुक्रवार की रात करीब 11 बजे से एक बजे तक दो थाना क्षेत्र में दबिश दी। इसमें महुली थाना के नाथनगर व मुखलिसपुर में सफेद बालू लदी दो ट्रक को पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि धनघटा थाना के परसादीपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास टीम को देखकर गिट्टी लदी ट्रक को रोककर चालक व खलासी नौ फीट गहरे गड्ढे में कूद गए। इसके बाद लड़खड़ाते हुए भाग गए। खनन निरीक्षक एनके महतो ने बताया कि अंधेरे का लाभ उठाकर तीनों ट्रक के चालक व खलासी भाग गए। इन ट्रकों को संबंधित थाना में खड़ा करवा दिया गया है। इन तीनों वाहनों के मालिकों के खिलाफ लगभग एक लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है।

# बिना परमिट के चल रही है निजी बसें व टैक्सियां

**संतकबीर नगर** : जनपद में बिना परमिट की बसें व टैक्सियों की भरमार है। राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर विभिन्न मार्गों पर बेधड़क सवारियां भरकर फर्राटा मार रहे हैं। गोरखपुर से सहजनवा व मगहर की परमिट बनवाकर निजी बसें गोरखपुर तक खलीलाबाद व बस्ती तक पहुंच रही है। इन पर किसी प्रकार का अंकुश नहीं लग पा रहा है। शिकायत पर निर्धारित स्थल से आगे-पीछे वाहन खड़ा करके सवारी बैठा व उतार रहे हैं। (विज्ञप्ति)

# गश्त मिलान कर जांची सीमा सुरक्षा की व्यवस्था

जासं, संतकबीर नगर : कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था जांचने के लिए आपरेशन गश्त मिलान चलाया गया। जिसके तहत प्रत्येक थानों की पुलिस अपने थानों की सीमा पर पहुंचकर रात्रि गश्त की जांच की। पुलिस पिकेट तथा पुलिस कर्मियों की तैनाती स्थल पर मौजूदगी की भी जांच हुई। जनपद में सभी थानों में गश्त मिलान चलाया गया। इसमें वीएलपी एवं पीएफएम (लाल, सफेद लाइट) फायर कर सांकेतिक व्यवस्था का परिचय दिया गया। अन्य पुलिसकर्मियों को इसके प्रयोग को लेकर जागरूक भी किया गया।

आइजी के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के साथ ही तीनों सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी दिपांशी राठौर, बृजेश सिंह और अंबरीश भदौरिया मौके पर पहुंचकर जनपद सीमा की सुरक्षा की जांच की। मेंहदावल के थानेदार विजय कुमार दूबे देर रात्रि तक गश्त करते रहे। इस दौरान मंझरिया तिवारी सीमा पर पुलिस के गश्त की जांच की। इसके साथ ही मेंहदावल-धर्मसिंहवा सीमा पर स्थित समोगर गांव के पास पहुंचकर गश्त मिलान किया गया। यहां पर वीएलपी एवं पीएमएफ फायर कर पुलिस कर्मियों को इसके प्रयोग को लेकर जानकारी दी। मेंहदावल कछार क्षेत्र, कस्बा व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी रात पुलिस की गाड़ी दौड़ती रही। इसी प्रकार धर्मसिंहवा, दुधारा, बेलहर आदि थाना में भी गश्त मिलान की प्रक्रिया से पुलिसकर्मी रूबरू हुए। कुछ दिन पूर्व महुली में पेट्रोल पंप पर हुए लूटकांड के बाद जनपद की पुलिस सतर्क है। रात गश्त सहित अन्य सुरक्षा के मानकों का प्रयोग किया जा रहा है। पुलिस लगातार सक्रियता दिखा रही है।



# थाने पर आने वाले पीड़ितों से अच्छा व्यवहार करें पुलिस कर्मी : एसपी



धनघटा थाने में रजिस्टर की जांच करते एसपी सत्यजीत गुप्ता( बाएं) ● जागरण

**जासं,धनघटा,संतकबीर नगर:** एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि थाने पर आने वाले पीड़ितों से अच्छा व्यवहार करें। उनकी समस्या का त्वरित निस्तारण करें। जिससे वह निराश न हो। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करें। आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को चिह्नित करें। इसमें लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह बातें शुक्रवार को धनघटा थाने के निरीक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने यहां पर थाना परिसर की साफ-सफाई, बैरकों की स्थिति, शस्त्रागार, बंदी गृह, महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। अपराध, आगंतुक, त्योहार, भूमि विवाद, हत्या-बलवा से संबंधित रजिस्टर की जांच की। जब्त वाहनों के विधिक निस्तारण करने, महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली महिला फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उसका तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। मौके पर सीओ ब्रजेश सिंह, कृष्ण देव सिंह, थानाध्यक्ष संतोष मिश्र, जितेंद्र यादव मौजूद रहे।

# गोंडा के पट्टाधारक पर 13.26 लाख का जुर्माना

## जिलाधिकारी के निर्देश पर पट्टाधारक को खनन विभाग ने जारी की नोटिस

जासं, संतकबीर नगर : डीएम महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर खनन विभाग ने गोंडा के पट्टाधारक पर 13.26 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। उन्हें नोटिस जारी कर दी गयी है। 20 दिन के अंदर जुर्माना राशि जमा न करने पर भू-राजस्व की भांति वसूली की जाएगी। इसके अलावा अन्य विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

गोंडा जिले के मनिकापार निवासी अहमद पुत्र मुस्तफा धनघटा तहसील के छपरामगर्बा में साधारण बालू खनन के लिए पट्टा लिए हुए हैं। इस वर्ष मार्च में हुई जांच में नियम विरुद्ध तरीके से सफेद बालू का खनन करते हुए पाया गया था। इस पर उनके खिलाफ नोटिस जारी कर 20 दिन के अंदर जवाब मांगा गया था। उनके द्वारा दिया गया जवाब संतोषजनक नहीं मिला। इसकी फाइल तत्कालीन डीएम संदीप कुमार के पास भेजी गयी थी लेकिन इस पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका था। इसलिए फाइल लटकी हुई थी। नियम विरुद्ध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए गंभीर डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने इस पर निर्णय लिया। उनके निर्देश पर पट्टाधारक पर 13.26 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। खनन विभाग ने उन्हें नोटिस जारी कर दी है। 20 दिन के अंदर जुर्माना राशि जमा न करने पर भू-राजस्व की भांति वसूली की जाएगी। इसके अलावा अन्य विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

- 20 दिन में जुर्माना राशि जमा न करने पर जारी होगी आरसी
- नियम विरुद्ध तरीके से खनन करते हुए पाया गया था सफेद बालू



अवैध खनन, भंडारण व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रयास किए जा रहे है। खनन विभाग को संबंधित तहसील के अधिकारियों व पुलिस के सहयोग से नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए है।

महेंद्र सिंह तंवर, डीएम



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते (दाएं से) एडीएम जय प्रकाश, डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता● फोटो सूचना विभाग

## शिकायतों के निस्तारण में न करें लापरवाही : डीएम

जासं, संतकबीर नगर : डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि इंटीग्रेटेड ग्रिवेंस रीड्रेसल सिस्टम (आइजीआरएस) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करें। शिकायतकर्ता का पक्ष अवश्य सुना जाए। यह शासन की पहली प्राथमिकता है, इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी विभागीय अधिकारी निस्तारण करके रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने यह बातें शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एसपी सत्यजीत गुप्ता, एडीएम वित्त एवं राजस्व जय प्रकाश की उपस्थित में कही। उन्होंने व्यापार कर, परिवहन, स्टांप शुल्क, बिजली बकाया की वसूली, आबकारी, नगर निकायों में राजस्व संग्रह की स्थिति, खनन, मंडी समिति, बाट माप, खाद्य एवं सुरक्षा सहित अन्य राजस्व वसूली की समीक्षा की। लक्ष्य की तुलना में राजस्व वसूली हर हाल में शत-प्रतिशत करें। इस अवसर पर सीएमओ डा. अनिरुद्ध कुमार सिंह, एसडीएम शैलेश दूबे, अरुण कुमार व उत्कर्ष श्रीवास्तव, अपर एसडीएम रमेश चंद, जिला विकास अधिकारी सुरेश चंद केसरवानी, जिला दिव्यागजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियका यादव के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। (विज्ञप्ति)

# जेवरात लेकर भागने वाले दो आरोपियों पर केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के टेमा में गैराज मालिक की पत्नी का सफाई के नाम पर जेवरात लेकर भागने वाले दो आरोपियों पर केस दर्ज किया। बस्ती जिलें के मुंडेरवा क्षेत्र के कुर्थिया निवासी रुखसाना खातून का का आरोप है कि टेमा चौराहे के पास उसका गैराज है। 13 सितंबर को उसका लड़का एनायतुल्लाह घर पर मौजूद था। घर पर दो अज्ञात व्यक्ति आए और सर्फ पाउडर का प्रचार कर रहे थे। वे बताए कि चांदी के गहने साफ करते है। सफाई करने का झांसा देकर झाला एवं चेन लेकर भाग गए। संवाद

# एंटी रोमियों टीम ने तीन मनचलों को पकड़ा

संतकबीरनगर। एंटी रोमियों टीम ने छात्राओं से फब्तियां कसते तीन युवकों को पकडा। महिला आरक्षी अनामिका सिंह व रानी गोड़ मीर गंज के पास एंटी रोमियो की रोकथाम में मौजूद थी। उसी दौरान तीन लड़के बाइक से स्कूल के पास खड़े होकर आने जाने वाली लड़कियों को देखकर अश्लील शब्द व गाने का प्रयोग कर बार-बार परेशान कर रहे थे। जबकि छात्राएं चुपचाप चली जा रही थी। महिला आरक्षियों तीनों युवकों को रोक कर पूछताछ किया तो युवक भाटपार के निवासी बताए गए। कोतवाल ने बताया कि तीनों युवकों पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# गिरफ्तारी से पहले सिपाही को पटक कर भागा था... ईंट-पत्थर भी चलाए

## अब गैंगस्टर की तैयारी में जुटी पुलिस, सिपाहियों पर किया था जानलेवा हमला

संवाद न्यूज एजेंसी

**पेट्रोल पंप लूटकांड**

संतकबीरनगर। चर्चित पेट्रोल पंप लूटकांड में गिरफ्तारी के दौरान एसओजी टीम के सिपाही से लुटेरों का सरगना भिड़ गया था। उसे पटककर कुछ दूर भाग भी गया था था। इतना ही नहीं बदमाश सतीश ने सिपाहियों पर ईंट-पत्थर भी चलाए थे। अब पुलिस ने सरगना पर अलग से पुलिस पर हमला करने के मामले में हत्या के प्रयास का भी केस दर्ज किया है।

महुली क्षेत्र के कुशहवा में सेनानी फिलिंग स्टेशन पर शनिवार देर शाम बदमाशों ने कर्मियों को असलहा सटाकर लूटपाट की थी। पंप के मालिक गोरखपुर के शाहपुर क्षेत्र के शिवनगर कॉलोनी बशारतपुर निवासी बृजेंद्र कुमार ने चार बदमाशों के खिलाफ लूट का केस दर्ज कराया था। 11 सितंबर को हरपुर मठ के पास पुलिस टीम बदमाशों की घेरेबंदी करके पकड़ने की कोशिश की। उस दौरान कुशीनगर जिले के कसया निवासी सरगना सतीश यादव को एसओजी टीम के एक सिपाही ने पकड़ने की कोशिश की तो वह हमलावर हो गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि सिपाही को पटक कर बदमाश कुछ दूर तक भाग भी गया था, लेकिन टीम के अन्य सदस्यों ने उसे दौड़ा कर पकड़ने की कोशिश की। इसपर सतीश ने ईंट-पत्थर भी चलाए थे।



सतीश यादव। संवाद

इसके बावजूद टीम ने उसे पकड़ लिया। लूट की घटना में शामिल अन्य बदमाशों राहुल सिंह निवासी हरैया बुजुर्ग थाना कुबेर स्थान, कुशीनगर, दीपक यादव निवासी बढ़या ठाठर, मेंहदावल, राकेश यादव निवासी मेहावर थाना मेंहदावल, भालचंद्र यादव निवासी जमोहरा टोला मदरहवा, मेंहदावल जिला संतकबीरनगर पकड़े गए थे।

इसी वजह से पुलिस ने बाद में इन सभी पर डकैती की धारा बढ़ाई थी। इसके अलावा पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में सरगना सतीश यादव पर हत्या के प्रयास का केस अलग से दर्ज किया था। पुलिस अब इस गैंग पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करने की तैयारी में जुट गई है।

### एक कॉल की वजह से पकड़े गए

पेट्रोल पंप लूटकांड को डीजीपी ने संज्ञान ले लिया था। घटना के बाद कई बार पुलिस अधिकारियों को फोन करके जानकारी मांगी। इसके पर्दाफाश को लेकर पुलिस सकते में आ गई थी। गोरखपुर, बस्ती और संतकबीरनगर की एसओजी टीम लगाई गई थी। पुलिस सूत्रों की मानें तो लूटकांड में शामिल एक बदमाश ने घटनास्थल से मोबाइल पर कहीं बातचीत की थी। सर्विलांस टीम उसी कॉल के जरिये गैंग तक पहुंची।

### पहले भी कर चुके वारदात

लूट की वारदात में पकड़े गए बदमाश सतीश ने कुशीनगर के रामकोला क्षेत्र में लूट की थी, जबकि बदमाश दीपक भी रामकोला लूट की घटना में शामिल रहा। बदमाश राहुल सिंह और भालचंद यादव भी लूट की घटना के अलावा मारपीट के मामले में भी आरोपी थे।

गिरफ्तारी के दौरान गैंग लीडर सतीश यादव भागने का प्रयास किया था। पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के उद्देश्य से ईंट से प्रहार किया था। इस मामले में सतीश के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस अलग से दर्ज किया गया था। यह गैंग आर्थिक, भौतिक लाभ के लिए लूट की घटना करता है। ऐसे में इस गैंग की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जाएगी।

– संतोष कुमार सिंह, एएसपी

गैस, एसीडीटी बदहजमी
अपचन, पेट फूलने में दें राहत
गैस्टेक
टेबलेट व सीरप

पैराम
Admission Open in UGC,MHRD Govt
DMLT BML
RADIOLOGY
DRIT/BRIT D.Op
X-Ray Dental CMS-ED
MMLT, D.Pharma, B.Pharma,
Microbiology, Biotechnol
IIEIT
PARAM
Hariom Nag
M : 993618

PPP MODEL SCHOOLS MA
पीपीपी मॉडल स्कूल एसोसिएशन के माध्यम से
एक संघ है जो 1 जनवरी 2023 में स्थापित किया गया है।

# अधिवक्ताओं ने बंद कराया एसओसी कार्यालय

## हड़ताल के कारण लौटे फरियादी, वारंटियों और आरोपियों को नहीं मिल पा रही जमानत



कलक्ट्रेट में सांसद और डीएम से वार्ता करते अधिवक्ता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। ग्राम न्यायालय के विरोध में शुक्रवार को अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने कलक्ट्रेट पहुंच कर एसओसी कार्यालय बंद कराया और डीएम को मांग पत्र दिया। अधिवक्ताओं के कामकाज नहीं करने की वजह से मुकदमों की पैरवी में आए फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा।

15 दिनों से अधिवक्ताओं की हड़ताल का असर फरियादियों पर पड़ रहा है। मुकदमों में तारीख जानकर फरियादियों को घर लौटना पड़ रहा है। जो वारंटी गिरफ्तार होकर जेलों में निरुद्ध है, उनकी जमानत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई अधिवक्ताओं की हड़ताल के करण नहीं हो रही है। लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट जैसे मामलों में जमानत नहीं मिल पा रही है। इसके साथ ही पॉक्सो एक्ट और महिला संबंधी मामलों में काफी संख्या में लोगों की जमानत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई नहीं हो पा रही है। पॉक्सो के मामले में गुड्डू चौधरी की अपील दाखिल है, लेकिन सुनवाई नहीं हो पाई। दुष्कर्म मामले में अनूप यादव के जमानत प्रार्थनापत्र की सुनवाई नहीं हो पाई। आशीष, शकील, मोनू, रोशन आदि के मामले में भी जमानत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई नहीं हो पा रही है।

सिविल बार के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल ने कहा कि जिले में चकबंदी अधिकारीगण पत्रावलियों की सुनवाई ग्रामों में जाकर कर रहे है, जिससे बार और बेंच में सामंजस्य स्थापित नहीं हो पा रहा है। 12 सितंबर और 15 सितंबर को सांगठ गांव में जाकर पत्रावली सुनें, जबकि पूरे प्रदेश में हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ता हड़ताल पर है। चकबंदी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी का यहीं रवैया रहा तो अधिवक्ता वृहद आंदोलन छेड़ने को बाध्य होंगे। इसी बीच डीएम महेंद्र सिंह तंवर और सांसद प्रवीण निषाद पहुंच गए। जिन्हें अधिवक्ताओं ने अपनी समस्या बताई। बाद में डीएम को ज्ञापन भी दिया।

## कांग्रेस ने वकीलों के आंदोलन को दिया समर्थन



संतकबीरनगर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अधिवक्ताओं के आंदोलन का समर्थन दिया। इसके साथ ही समर्थन पत्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष को सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ताओं पर लगातार हो रहा अत्याचार चिंतनीय है। प्रदेश सरकार निरंकुश हो चुकी। प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है। आए दिन कहीं न कहीं हत्या के मामले आ रहे हैं। अब तो मंत्रियों के घर भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। आरोप लगाया कि अपराधियों को सरकार का साथ मिल रहा है। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से अधिवक्ताओं के साथ खड़ी है। न्याय न मिलने पर उनके साथ मिलकर बड़े आंदोलन के लिए भी तैयार है। समर्थन देने वालों में सुनील कुमार पांडेय, अहमद जमाल, विजय कुमार शुक्ला, बिट्टू सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, सोनू सिंह, गुड्डू उपाध्याय आदि शामिल रहे। संवाद

# ऑपरेशन त्रिनेत्र में पांच सीसीटीवी कैमरे लगे

मेंहदावल। थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बनकसिया में प्रभारी निरीक्षक तथा चौकी इंचार्ज की पहल पर ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जन सहयोग से पांच सीसीटीवी लगवाए गए। मेंहदावल थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बनकसिया अंतर्गत स्थित पुलिस चौकी के समीप ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे की पहल पर तथा चौकी इंचार्ज के प्रोत्साहन पर पांच सीसीटीवी लगाए गए। पुलिस कर्मियों ने कैमरा लगाने वाले कारोबारी का स्वागत किया। थानाध्यक्ष विजय कुमार दुबे ने कहा कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत थाना क्षेत्र में लगातार कैमरे लोगों को प्रोत्साहित कर लगवाए जा रहे हैं। इससे अपराध नियंत्रण में काफी सहूलियत मिलेगी। संवाद

# जुर्माना : अवैध खनन करा कर फंसा पट्टाधारक

संतकबीरनगर। धनघटा तहसील क्षेत्र के छपरा मगर्वी में बालू खनन के हुए पट्टे से अधिक जमीन में अवैध खनन कराया गया था। जांच में 2598.70 घनमीटर अवैध बालू खनन करा लिया था। जांच में दोषी पाए जाने पर डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने पट्टाधारक पर 13.26 लाख का जुर्माना लगाया।

**स्वीकृत क्षेत्र से 2589.70 घनमीटर अधिक कराया अवैध बालू का खनन**

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि जनपद गोंडा के मनकापुर तहसील क्षेत्र के शेखपुरवा निवासी अहमद पुत्र मुस्तफा को धनघटा तहसील क्षेत्र के छपरा मगर्वी में ई-नीलामी के माध्यम से पांच वर्ष के लिए साधारण बालू खनन पट्टा चार फरवरी 2021 को दिया गया था।

तीन फरवरी 2026 तक पट्टा स्वीकृत है। निर्धारित भूमि से अधिक दूरी में बालू खनन की शिकायत हुई। भूतत्व व खनिकर्म निदेशालय के माध्यम से अवगत कराया गया कि यहां पर अवैध खनन हो रहा है। इसके लिए जीके दत्ता खान अधिकारी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

उन्होंने जांच में पाया कि स्वीकृत क्षेत्र के बाहर अवैध खनन किया गया है। जिस पर विभाग ने उनको नोटिस भेजा और स्पष्टीकरण मांगा। पट्टाधारक ने अपना पक्ष प्रस्तुत किया, लेकिन स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं मिला। ऐसे में सुनवाई के बाद डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने पट्टा धारक पर अवैध रूप से बालू खनन करने के लिए 13.26 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

जुर्माने की रकम जमा करने के लिए कहा गया है। 30 दिन के अंदर यदि जुर्माना की रकम अदा नहीं की जाती है तो उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# 'सुधारें सफाई व्यवस्था, दुरुस्त करें अभिलेख'



संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को धनघटा थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर की साफ सफाई व्यवस्था देखी। बैरक, थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, बंदी गृह, महिला हेल्प डेस्क आदि की जांच किया। अभिलेखों के रख रखाव का हाल जाना। अभिलेख पूर्ण पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। एसपी ने शस्त्रागार में शस्त्रों को नियमित साफ-सफाई करने, निष्प्रोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों को बदलकर नए प्राप्त करने, लंबे समय से थाने में दाखिल अभियोगों से संबंधित लावारिश एवं जप्त वाहनों का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मी को आने वाली महिला फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण करन को कहा। संवाद

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-16-09-2023

# नाबालिग से मकान में घुसकर किया दुष्कर्म

धानेपुर। थाना क्षेत्र की नगर पंचायत एक वार्ड की रहने वाली एक नाबालिग लड़की के साथ एक शादीशुदा ने युवक ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने अपशब्द कहते हुए पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के नवसृजित नगर पंचायत धानेपुर के एक वार्ड की रहने वाली एक महिला के मुताबिक वह काम से घर से बाहर गयी थी। घर पर उसकी 17 साल की नाबालिग लड़की मौजूद थी। बीते दिनों उसे घर में अकेला पाकर वार्ड का रहने वाला एक शादीशुदा युवक ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया। यही नहीं इस बात को कहीं बताने पर जान से मारने की धमकी दिया है। घर पहुंचने बेटी ने आपबीती बताई। इस पर पीड़िता की मां की ओर से तहरीर दी गई है।

**दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार:** नगर कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी कादिम अली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया आरोपी ने नगर क्षेत्र में रहने वाली एक महिला के साथ दुष्कर्म किया था। घटना के बाद पीड़िता ने आरोपी के नगर कोतवाली में दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया था। शुक्रवार को उपनिरीक्षक डिग्री प्रसाद गौतम ने आरोपी को मनकापुर बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार करने के बाद अदालत में पेश किया है।

# कोर्ट के आदेश पर पूर्व प्रधान सहित आठ पर हत्या का केस

- शादी के दूसरे दिन भाई की हत्या करने का आरोप
- शिकायत के बाद चार साल नहीं हुआ केस

करनैलगंज, संवाददाता। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चार साल बाद एक पूर्व प्रधान सहित आठ लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम खजुरिया थाना करनैलगंज के निवासी प्रमोद कुमार की तहरीर के मुताबिक 22 नवंबर 2019 को उसके भाई सर्वेश कुमार की शादी थी। इसके दूसरे दिन बारात वापस आई। विपक्षी साठगांठ करके उसके भाई सर्वेश कुमार को मोटरसाइकिल से बाजार जाने के लिए बहाने ले गए और उसे शराब पिलाया। आरोप है कि 23 नवंबर की शाम सात बजे नशे की हालत में उसके सिर पर लोहे के रात से मार दिया। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई। इससे उसकी मौत हो गई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने जनार्दन अवस्थी निवासी ग्राम उल्लहा, पूर्व प्रधान सुरेंद्र कुमार द्विवेदी उर्फ बबलू निवासी ग्राम हरिगवा, राजेंद्रधर द्विवेदी निवासी हरिगवा, शिव शंकर अवस्थी निवासी मन्नू पुरवा, मुनीम देव व कप्तान अवस्थी निवासी ग्राम खजुरिया, संध्या शुक्ला , सत्यनारायण चौबे की पत्नी नाम अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

# भूमि विवाद में युवक को पीटा, रिपोर्ट

वजीरगंज। डुमरियाडीह पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बाल्हाराई निवासी अमित पांडेय पुत्र पारस पांडेय ने गांव के चार युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बताया कि भूमि विवाद को लेकर पड़ोस के अनुराग पांडेय, अरुण पांडेय पुत्र राम सूरत पांडेय, ममता पांडेय व अर्चना पांडेय पुत्री रामसूरत पांडेय ने पीड़ित युवक की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी है। इससे पीड़ित को काफी चोटें आई हैं। एसओ अभय सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# युवती से दुष्कर्म के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

## शिकंजा

उमरी बेगमगंज। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती को बाजार जाते समय पड़ोसी युवक दबोचकर खेतों में खींच ले गया। इसके बाद जबरदस्ती मुंह में कपड़ा ठूसकर उसे साथ दुष्कर्म किया। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को बेलसर चौराहे के पास भागते हुए हिरासत में ले लिया। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि आरोपी नान बाबू चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया है। युवती का मेडिकोलीगल कराया जा रहा है।

## लापता बालक मिला

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदा बालक को काफी मशक्कत के बाद खोज निकाला। नगर कोतवाल संजय कुमार गुप्ता के मुताबिक 14 सितंबर को मनकापुर थानक्षेत्र के वीरपुर निवासी सोनू सैनी ने सूचना दी मेरे साढू का 13 वर्षीय लड़का प्रियांशु सैनी निवासी ग्राम खिरिया मझगवां थाना वजीरगंज हमारे घर पर रहकर पढ़ाई करता है। वह बिना बताए बस से बैठकर गोण्डा शहर में आ गया और गायब हो गया। इस पर कोतवाली पुलिस ने उसे ढूंढ निकाला।

# धोखाधड़ी में वांछित आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी करके जमीन बैनामा करवाने के आरोपी को पकड़कर चालान किया है। एसआई सुरेशमणि मिश्रा ने गश्त के दौरान आरोपी शत्रोहन को गिरफ्तार कर लिया गया। नगर कोतवाल संजय कुमार गुप्ता ने बताया आरोपी ने संतोष कुमार पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी वैरागी पुरवा राजापुर की जमीन को फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा करवा लिया था। आरोपी का चालान किया गया।

# गलती से ट्रांसफर हुआ पैसा, पुलिस ने वापस कराया

गोण्डा। नगर कोतवाली क्षेत्र रानी बाजार निवासी मुकुल गुप्ता ने गलती से दूसरे नंबर पर गूगल पे से 10 हजार रुपए ट्रान्सफर कर दिए। इसके बाद पीड़ित ने पैसे की मांग की लेकिन पाने वाला देने के लिए तैयार नहीं हुआ। शिकायत पर साइबर हेल्प डेस्क ने सम्बंधित बैंक के सहयोग से तत्काल कार्यवाही करते हुए ट्रान्सफर की गयी धनराशि पीड़ित के खाते में पैसा वापस कराया गया। इस पर मुकुल ने पुलिस को धन्यवाद दिया है।

# लड़कियों पर अश्लील टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

तरबगंज। एन्टी रोमियो अभियान के तहत पुलिस ने रास्ते में महिलाओं व लड़कियों को देखकर अश्लील गाना व टिप्पणी करते हुए एक मनचले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है। विशुनपुर मोड से बनियनपुरवा के आजाद अली पुत्र किस्मत अली निवासी बरइनपुरवा नरायनपुर महिलाओं को देखकर अश्लील इशारे के साथ ही भद्दे गाने गा रहा था। पुलिस ने एंटी रोमियो अभियान के तहत करते हुए कार्रवाई करते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को न्यायालय प्रस्तुत किया है।

# महिला की हत्या में नहीं मिला कोई ठोस सुराग

मोतीगंज। थानाक्षेत्र के गरिबाजोज गांव में बीते बुधवार को महिला की हत्या के मामले में पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। पुलिस अब दर्जनभर ज्यादा लोगों को उठाकर पूछताछ कर चुकी है। दूसरी ओर घटनावाले दिन से गायब महिला के पति बलिराम का अब तक पता नहीं चला है। एसओ कृष्ण गोपाल राय ने बताया आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। गरिबाजोत गांव में चारा लेने की गई शर्मावती की गन्ने के खेत में गला रेतकर हत्या कर दी गई है।

# कजरी तीज को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क, मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

जागरण टीम, गौंडा : कजरी तीज पर्व में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। देवीपाटन मंडल के तीन जिले पड़ोसी देश नेपाल की सीमा से सटे हुए हैं, ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। एसएसबी के साथ ही इंटेलिजेंस व स्थानीय पुलिस निगरानी कर रही है। सरयू व घाघरा घाट रेलवे क्रासिंग पर पेट्रोलिंग के निर्देश दिए गए हैं।

आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र ने बताया कि मंडल में पुराने व ऐतिहासिक शिवालयों में जलाभिषेक के साथ ही मेला लगता है। गोंडा-लखनऊ राष्ट्रीय मार्ग से सटे कर्नलगंज में सरयूघाट से जल भरकर कांवड़िया दुखहरणनाथ व पृथ्वीनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते हैं, इसके अलावा बेलसर के ऐलीपरसौली स्थित सरयू नदी से भी श्रद्धालु जल लेकर आते हैं। पैदल नंगे पांव भी कावंड़िया काफी संख्या में नंगे पांव आते हैं, ऐसे में आवागमन सुगम बनाने के साथ ही सफाई व सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। आयुक्त ने कहा कि सरयू घाट पर गतवर्ष की तुलना में इस बार जल अधिक होने के कारण बैरिकेडिंग कराई गई है। श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले मार्ग पर एंबुलेंस, पुरुष व महिला चिकित्सक व जीवनरक्षक दवाओं का प्रबंध किया गया है। सुरक्षा के लिए पीएसी, गोताखोर, राज्य आपदा दल, पुलिस के साथ ही मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। मेले के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर फोन नंबर- 05262-230125, 05262358560 पर सूचना दी जा सकती है।



कर्नलगंज के सरयू तट का निरीक्षण करते आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक एपी सिंह, एसपी अंकित मित्तल, सीएमओ डा.रश्मि वर्मा व अन्य • जागरण

### अफसरों ने लिया तैयारियों का जायजा

खरगूपुर : आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र, डीआइजी एपी सिंह, प्रभारी डीएम एम. अरून्मोली, एसपी अंकित मित्तल ने पृथ्वीनाथ, दुखहरण नाथ मंदिर के साथ ही कर्नलगंज स्थित सरयू घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 16 सितंबर तक हरहाल मे सभी तैयारियां पूरी कर ले।

परसपुर : कजरीतीज पर्व पर कावड़िया भौरीगंज मे सरयू नदी से जल भरकर जिला मुख्यालय पर स्थित दुखहरन नाथ मंदिर मे जलाभिषेक करने पर पैदल जाते है। जिला प्रशासन ने रूट डायवर्जन करके लखनऊ व बाराबंकी से गोंडा आने वाले छोटे वाहनो को जरवलरोड से भंभुआ, भौरीगंज होते हुए परसपुर डेहरास होकर निकालने का रूट तय किया है।

# जेई दस हजार की घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**मेहनौन, संवाददाता।** खेत की सिंचाई के लिए दो किलोवाट कनेक्शन देने के लिए दस हजार की रिश्वत लेते हुए बिजली विभाग के अवर अभियंता को एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा है।

बताया जाता है कि कोतवाली इटियाथोक के पूरे चौहान निवासी तुलाराम यादव ने खेत में सिंचाई के लिए दो किलो वाट का कनेक्शन लेने के लिए दो माह पहले आवेदन किया था। पीड़ित तुलाराम यादव ने आरोप लगाया कि खेत सिंचाई के कनेक्शन के लिए कई बार अवर अभियंता मेहनौन संतोष मंडल से निवेदन किया लेकिन वह रुपये की मांग करने लगे। पीड़ित के भाई सत्यराम यादव ने एंटी करप्शन शाखा गोंडा को लिखित सूचना दी कि मेरे भाई तुलाराम यादव ने खेत में सिंचाई के लिए दो किलो वाट के कनेक्शन के लिए आनलाइन आवेदन किया था। इस पर अवर अभियंता मेहनौन संतोष मंडल रुपयों की डिमांड कर रहे हैं। शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया। इटियाथोक में शुक्ला दही बड़ा के यहां अवर अभियंता को बुलाकर सत्यराम यादव ने जैसे दस हजार की घूस दी, वहां पर मौजूद एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ अवर अभियंता को पकड़ लिया और कोतवाली इटियाथोक ले आई। पुलिस एंटी करप्शन टीम द्वारा घूस लेते पकड़े गए अवर अभियंता से पूंछताछ कर रही है। एंटी करप्शन टीम में प्रभारी धन्नजय कुमार सिंह, निरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, अनुराग शुक्ला, अनिल कुमार यादव, वीरेंद्र कुमार तिवारी, अखिलेश गुप्ता आदि लोग शामिल रहे।



एंटी करप्शन टीम के हत्थे चढ़ा बिजली विभाग का जेई।

> "एंटी करप्शन टीम ने बिजली विभाग के जेई को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मामले में छानबीन की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी
>
> -अंकित मित्तल, एसपी

**घूस लेने का चौथा मामला सामने आया :** जिले में हाल ही में घूस लेते रंगे हाथ पकडे जाने का चौथा मामला सामने आया है। अवर अभियंता से पहले सदर तहसील में लेखपाल, तरबगंज में तहसीलदार के पेशकार व पोस्ट आफिस में पोस्ट मास्टर घूस लेते हत्थे चढ़ चुके हैं।

# परसपुर थाने में खड़े ट्रक से बैटरी खोल ले गए चोर



परसपुर थाने में खड़े ट्रक से बैट्री चोरी हो गई।

**परसपुर, संवाददाता।** दूसरों को सुरक्षा देने का एहसास दिलाने वाली पुलिस अपने थाना परिसर में चोरी की घटना पर लगाम नहीं लगा पा रही है। इससे क्षेत्र में पुलिसिंग पर सवालिया निशान लग रहे हैं। दरअसल, थाना परिसर में खड़े ट्रक से दो बैट्री चोर चुरा ले गए लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी। सुबह जानकारी होने पर थाने में हड़कंप मच गया। इससे बाद थाने का सीसीटीवी फुटेज निकाला गया लेकिन चोर का कोई सुराग नहीं लगा है।

पुलिस का दावा है शीघ्र ही ट्रक से चोरी हुई बैटरी का पता लगा लिया जाएगा। थाना गेट पर लगी सीसीटीवी का फुटेज खंगाला गया लेकिन ट्रक गलत दिशा में खड़ा होने से उसके बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है।

दूसरी ओर भौरीगंज रोड स्थित बीएसएनएल मोबाइल टॉवर से दो दर्जन बैटरी चोर खोल ले गए। एसडीओ शरद की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस केवल पड़ताल तक ही सीमित रही। एसडीओ शरद यादव ने बताया कि बीएसएनएल टावर से कमरे का ताला तोड़कर चोर दो दर्जन बैटरी उठा ले गए जिसकी तहरीर उन्होंने पुलिस को दी है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने की बजाय उन्हें जांच का बहाना बता रही है। थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि चोरी की दोनों घटना के हर पहलू पर छानबीन की जा रही है।

- बीएसएनएल के टावर से भी दो दर्जन बैट्रियां चोरी
- थाने में चोरी की घटना के बाद सुरक्षा पर उठे सवाल

## पुलिस ने चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कटरा बाजार।** स्थानीय पुलिस चोरी की योजना बनाते समय एक आरोपी पकड़ने में कामयाब रही है। उसके पास से चोरी करने के उपकरण सहित एक हजार रुपए बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि धर्मराज उर्फ धरमू अपने साथी के साथ बैठा था। उसकी निशानदेही पर 54 पीस लोहे की सरिया बरामद किया गया। उसने अपने फरार साथी के साथ मिलकर एक पखवाड़े पूर्व करनैलगंज रोड पर बिल्डिंग मैटीरियल व किराना की दुकान का ताला तोड़कर चोरी की थी।

# हादसों में मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौत

**जिले में हुए अलग-अलग हादसों में मां-बेटे और किशोर समेत तीन लोगों की मौत गई। जबकि, महिला सिपाही समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मसकनवा-मनकापुर मार्ग पर गुरुवार देर रात तेज रफ्तार से आ रही ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया। ट्रक बाइक सवार को ठोकर मार ढाबली को रौंदते हुए एक घर में जा घुसा। इस घटना में एक किशोर की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। दोनों को लखनऊ रेफर किया गया है।**


कौड़िया थानाक्षेत्र के रामापुर में हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़।


इसरतजहां की फाइल फोटो


अकरान की फाइल फोटो

## रामापुर में ट्रक और बाइक की भिड़ंत के बाद मचा कोहराम

रुपईडीह, संवाददाता। रामापुर में शुक्रवार को ट्रक व मोटरसाइकिल के आमने-सामने हुई भिड़ंत में मां व बेटे की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि पिता व पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतका के पति नसीम की तहरीर पर पुलिस ने चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

कौड़िया थाना क्षेत्र के रामापुर के मजरा मौहरिया के निवासी नसीम अपनी पत्नी, पुत्र व पुत्री को मोटरसाइकिल से लेकर दवा करने के लिए कटरा बाजार जा रहे थे। वह रामापुर से बाजारडीहा को जाने वाले तिराहे के पास पहुंचे ही थे कि सामने से करनैलगंज की तरफ से गिट्टी लेकर आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में मां इसरत जहां (35), पुत्र मोहम्मद अकरान (7) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि नसीम पुत्र नजर मोहम्मद व पुत्री उमेरा (4) घायल हो गए।

### घटनास्थल पर जा रही महिला आरक्षी घायल

रुपईडीह। कौड़िया थाना पर तैनात महिला आरक्षी रंजन अवस्थी व कीर्ति एक मोटरसाइकिल से थाना क्षेत्र के कस्बा रामापुर में ट्रक व मोटरसाइकिल के आमने-सामने टक्कर में मां व बेटे की मृत्यु की सूचना पर घटनास्थल पर जा रही थी कि आर्य नगर करनैलगंज मार्ग पर रानीपुरवा छिरास के पास पहुंची ही थी कि अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिससे रंजन घायल हो गई।

## ढाबली को रौंदते हुए घर में घुस गया ट्रक, किशोर की मौत


मनकापुर में गुरुवार देररात हादसे के बाद घर में घुसा ट्रक।

मनकापुर/रुपईडीह, हिटी। मसकनवा से मनकापुर की तरफ आ रही तेज रफ्तार ट्रक पीलखाना से कुछ दूर पहले अनियंत्रित हो गई। ट्रक बाइक सवार को ठोकर मारते हुए ढाबली को रौंदते हुए अधिवक्ता अजय कुमार शुक्ला के घर में जा घुसी। इस घटना में ढाबली पर सामान खरीदने गए आकाश यादव पुत्र विनय कुमार उर्फ लल्ला यादव (17) वर्ष निवासी पीलखाना की मौत हो गई जबकि पीलखाना निवासी पवन कुमार शुक्ला पुत्र दयाशंकर शुक्ल (50) व पचपुती जगतापुर निवासी अमित सिंह उर्फ चिकारा पुत्र शिव कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। चौकी प्रभारी अंकित यादव व एस आई अखिलेश राही ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया।

### कमिश्नर और डीआईजी ने सरयूघाट का लिया जायजा, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी प्रबंधों को पुख्ता करने के निर्देश दिए

# कजरी तीज 18 को, उमड़ेगा कांवड़ियों का रेला

**तैयारी**

**03** एडिशनल एसपी, 15 सीओ करेंगे सुरक्षा की निगरानी

**02** कंपनी पीएसी, 01 कंपनी फ्लड पीएसी भी तैनात रहेगी

**100** किमी के दायरे में ड्रोन से भी की जाएगी निगरानी

- 2500 से ज्यादा पुलिस कर्मी भी विभिन्न मार्गों पर रहेंगे मुस्तैद
- सुरक्षा के लिए 03 जोन और बीस सेक्टरों में बांटा गया जिला
- एक प्लाटून आरएफ की जनपद में सुरक्षा के लिए भेजी दी गई

करनैलगंज/खरगूपुर, हिटी। कजरीतीज कांवड़ यात्रा की तैयारियों के मद्देनजर शुक्रवार को मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने मातहतों के साथ पृथ्वीनाथ मंदिर, दु:खहरण नाथ मंदिर सहित जिले के प्रमुख शिवालयों व कटराघाट स्थित सरयू तट पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। हालांकि सरयू घाट पर पानी भरने से प्रशासन की चुनौतियां बढ़ गई हैं। दोनों अफसरों ने घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी प्रबंधों को पुख्ता करने के निर्देश दिए। वहीं, मंडल के सीमावर्ती जिले में बार्डर पर सुरक्षा के इंतजाम करने को कहा गया है।

मंडलायुक्त ने कटरा घाट, सरयू नदी के भीतर बैरिकेडिंग, बैरियर लगाने, रैम्प व सीढ़ियों के निर्माण, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था व साफ सफाई का जायजा लिया। मेले की तैयारियों को लेकर सरयू घाट पर साफ सफाई, रैंप निर्माण, सीढ़ियों का निर्माण, बिजली के खंभों पर लाइट लगाने, शौचालय की साफ-सफाई, नदी के बैरिकेडिंग आदि का कार्य एसडीएम विशाल कुमार की देखरेख में युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस दौरान एसपी अंकित मित्तल, सीडीओ एम अरुन्मौलि, सीएमओ डा. रश्मि वर्मा, एएसपी शिवराज, एसडीएम विशाल कुमार, सीओ चंद्रपाल शर्मा, ईओ प्रियंका मिश्रा, बीडीओ जेएन राव सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। एसपी अंकित मित्तल ने बताया कि जिले में तीन एएसपी, 15 सीओ के साथ ढाई हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात किए जाएंगे। अफसरों ने खरगूपुर स्थित ऐतिहासिक पृथ्वीनाथ मंदिर में साफ सफाई, प्रकाश, पेयजल और सुरक्षा से संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। कमिश्नर व डीआईजी ने कहा कि शनिवार तक हरहाल में सभी तैयारियां पूरी कर लें क्योंकि 17 सितंबर से यहां श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाएगा। इस मौके पर एसडीएम सदर सुशील कुमार, बीडीओ अतिक श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष दिनेश सिंह, अमरनाथ, जगदम्बा प्रसाद, प्रीतम समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।


करनैलगंज में सरयू घाट पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते अधिकारी।

### सड़क खराब होने से होगी असुविधा

खरगूपुर। कजरी तीज पर्व पर पृथ्वीनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए कांवड़िए लगभग सात सौ मीटर कंकड़ वाले रास्ते से होकर आएंगे। अर्जुनगर से अलिया पृथ्वीनाथ मार्ग पर पाठक पुरवा चौराहे से शिवा ईंट भट्ठे तक सात सौ मीटर सड़क पर गड्ढे और रोड़े ही दिखाई दे रहे हैं। यहां मंदिर के विकास और रखरखाव के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक समिति का गठन भी किया गया है। लेकिन इस सड़क की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता मनोज सिंह ने बताया कि खराब सड़क का मरम्मत कराया जा रहा है।

### आठ से दस लाख श्रद्धालु करेंगे जिलाभिषेक

गोण्डा। कजरीतीज मेले की तैयारियों के संबंध में मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने शुक्रवार को अपने कार्यालय प्रेसवार्ता करके जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरयू घाट से दु:खहरण नाथ मंदिर, पृथ्वी नाथ मंदिर के रास्तों पर गड्ढे भरने का कार्य शनिवार दोपहर तक तक पूरा कर लिए जायेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर अफसर अलर्ट मोड पर रहेंगे। सड़क हादसों को रोकने के लिए मंदिर से दूर वाहनों को पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। श्रद्धालुओं की तबियत बिगड़ने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम तैयार रहेगी। मंडलायुक्त ने कहा कि गत वर्षों की भांति इस बार भी श्रद्धालुओं की संख्या करीब आठ से दस लाख तक पहुंच सकती है। घाट पर भारी संख्या में पुलिस बल, एसडीआरएफ की टीम, गोताखोर मौजूद रहेंगे।

## पृथ्वीनाथ मंदिर में भीम ने की थी शिवलिंग की स्थापना

खरगूपुर। नगर पंचायत से तीन किलोमीटर दूरी पर स्थित प्रसिद्ध पृथ्वीनाथ शिव मन्दिर स्थित है। मान्यता है कि अज्ञातवास के दौरान भीम ने यहां शिवलिंग की स्थापना की थी। मन्दिर में स्थापित साढ़े पांच फुट ऊंचा शिवलिंग काले-कसौटे दुर्लभ पत्थरों से निर्मित है।

टीले पर स्थित इस मंदिर के बारे में जानकारों का कहना है कि मुगल सम्राट काल में यहां के राजा के एक सेनापति ने पूजा-अर्चना की और मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। भीम द्वारा स्थापित भीमेश्वर के नाम से प्रसिद्ध यह शिवलिंग काफी समय पूर्व जमीन में समा गया था। कालान्तर में खरगूपुर के राजा मानसिंह की अनुमति से यहाँ के निवासी पृथ्वी सिंह ने मकान निर्माण के लिए खोदाई शुरू करायी। उसी रात उन्हें स्वप्न में पता चला कि नीचे सात खण्डों का विशाल शिवलिंग दबा हुआ है। इसके बाद पृथ्वी सिंह ने पूरे टीले की पुनः खोदाई करायी, जहाँ पर एक विशाल शिवलिंग उभर कर सामने आया। उन्होंने इसके बाद हवन के उपरान्त पूजन-अर्चन शुरू कराया। तभी से यह पृथ्वीनाथ मन्दिर के नाम से प्रसिद्ध हो गया। बताया जाता है कि लगभग तीन दशक पूर्व पुरातत्व विभाग की जाँच में पाया गया कि उक्त मन्दिर में स्थित शिवलिंग एशिया का सबसे बड़ा शिवलिंग है, जो पाँच हजार वर्ष पूर्व महाभारत काल का है।

# धोखाधड़ी का मुकदमा

धानेपुर : ग्राम बेलहरी की अनीता ने एसपी से भूमि विवाद में रुपये के लेनदेन को लेकर चेक में हेराफेरी करने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने कहा कि ग्राम लखनीपुर की अंजनी, ब्रह्मादत्त पांडेय व बंदरमोरवा के मंगल प्रसाद तिवारी पर धोखाधड़ी का मुकदमा किया गया है। (संसू)

# पेड़ काट ले गए दबंग

धानेपुर : ग्राम भगड़िया सीरबनकट के वीरेंद्र कुमार वर्मा ने तहरीर देकर कहा है कि कुछ दबंग लोग खेत में लगा शीशम का पेड़ काट ले गए। शिकायत करने पर धमकी दे रहे है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने कहा कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है। (संसू)

**भागे आरोपियों को पुलिस ने दबोचा**

# पूर्व प्रधान समेत आठ पर हत्या का मुकदमा

**संसू, कर्नलगंज (गोंडा)** : चार वर्ष पूर्व प्रधान समेत आठ लोगों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर हत्या का मुकदमा किया गया है। ग्राम खजुरिया के प्रमोद कुमार ने कहा कि 22 नवंबर 2019 को उसके भाई सर्वेश कुमार की शादी थी। दूसरे दिन बारात घर वापस आई। विपक्षी सर्वेश कुमार को बाइक से बाजार के बहाने ले गए। वहा उसे शराब पिलाया। 23 नवंबर 2019 की शाम नशे की हालत में उसके सिर पर लोहे की राड से मार दिया, इससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलने पर उसे सीएचसी ले जाया गया। वहां से चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस को तहरीर दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय के आदेश पर जनार्दन अवस्थी निवासी ग्राम उल्लहा, पूर्व प्रधान सुरेंद्र कुमार द्विवेदी उर्फ बबलू , राजेंद्र धर द्विवेदी, शिव शंकर अवस्थी, मुनीम देव व कप्तान अवस्थी ग्राम खजुरिया, संध्या शुक्ला निवासी चिनहट लखनऊ, सत्यनारायण चौबे की पत्नी नाम अज्ञात निवासी ग्राम अल्लीपुर बनूवा उमरी बेगमगंज के विरुद्ध साजिश करके हत्या का मुकदमा लिखा गया है।

# जेई को दस हजार रुपये रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा

## कनेक्शन के नाम पर मांगी थी रिश्वत, मुकदमा दर्ज

**संवादसूत्र, इटियाथोक (गोंडा) :** कस्बा स्थित शुक्ला होटल के पास एंटी करप्शन टीम ने श्रावस्ती के ग्राम महोरी थाना गिलौला निवासी व मेहनौन विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता (जेई) संतोष कुमार मंडल को दस हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। सिंचाई के लिए मोटर कनेक्शन देने के नाम पर किसान से घूस की मांग की थी। टीम ने इटियाथोक थाने में मुकदमा कराया है।

पूरे मुस्सदी पंचायत के चौहान पुरवा थाना धानेपुर निवासी सत्यराम यादव ने बताया कि गत 28 जुलाई को वह अपने भाई तुलाराम यादव के नाम से सिंचाई के लिए दो किलो वाट का बिजली कनेक्शन लेना चाहते थे। इसके लिए आनलाइन आवेदन किया था। अवर अभियंता संतोष कुमार मंडल को सत्यापन करना था।

सत्यराम ने कहा कि कई बार फोन पर बात की। उसके बाद कार्यालय पर मिलकर सत्यापन करने का निवेदन किया। जेई ने आवेदन पत्र विचार नहीं किया और हीलाहवाली करते रहे। जेई ने कार्य के लिए दस हजार रुपये की मांग की। इस पर उन्होंने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। शुक्रवार दोपहर में इटियाथोक कस्बा स्थित शुक्ला दहीबड़ा के दुकान के पास अवर अभियंता संतोष कुमार मंडल को दस हजार रुपये दिया। वहां मौजूद एंटी करप्शन टीम के सदस्यों ने उसको रुपये के साथ पकड़ लिया।

प्रभारी एंटी करप्शन टीम धनंजय सिंह ने बताया कि ग्राम महोरी थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती निवासी जेई संतोष कुमार मंडल को गिरफ्तार किया गया है। टीम में ज्ञानेंद्र सिंह, प्रिंस कुमार, विकास कुमार व अनुराग शुक्ल शामिल रहे। आरोपित पर मुकदमा कराया गया है।



इटियाथोक थाने में पुलिस कस्टडी में आरोपित अवर अभियंता संतोष कुमार • जागरण

### कार्यालय सहायक ने वसूले 13 हजार रसीद दी छह की

परसपुर के ओम प्रकाश पांडेय ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कहा है कि वह टेंपो चलाते हैं। यात्री कर अधिकारी ने टेंपो सीज कर दिया था। शुक्रवार को वह उसे छुड़वाने के लिए एआरटीओ कार्यालय आए। आरोप लगाया है कि कार्यालय सहायक राजवर्धन सिंह ने 13 हजार रुपये जमा कराया और सात हजार रुपये की रसीद दी। शेष छह हजार रुपये की रसीद नहीं दी। रुपये वापस मांगने पर भगा दिया। कार्यालय सहायक राजवर्धन सिंह ने अधिक रुपये लेने के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि गलत शिकायत की गई है। आरटीओ प्रशासन उमाशंकर यादव ने कहा कि प्रकरण की जांच कराकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मनकापुर और रामापुर में ट्रक चालकों ने ली छात्र समेत तीन लोगों की जान

## पिता और बेटी की बची जान, एक पकड़ा गया, मुकदमा दर्ज

जागरण टीम, गोंडा : अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में बाइक सवार मां-बेटे की मौत हो गई। वहीं मनकापुर में अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई। चार लोग घायल हुए हैं। इनमें से एक का इलाज लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

**मनकापुरः** गुरुवार की रात मनकापुर-मसकनवा मार्ग पर स्थित शीतलापुरी (पीलखाना) के पास मसकनवा से मनकापुर की ओर एक ट्रक आ रहा था। पीलखाना मोड़ पर चालक नियंत्रण खो बैठा, इससे अनियंत्रित ट्रक सड़क के किनारे खड़ी अमित कुमार की मोटरसाइकिल में ठोकर मारते हुए पवन कुमार शुक्ल की पान-किराना की ढाबली से टकराते हुए राजू यादव के टेंट की दुकान के बाहर खड़े पिकअप, ट्राली, ट्रैक्टर से भिड़ते हुए अधिवक्ता अजय शुक्ल के घर की दीवार से भिड़ कर रुक गया। ट्रक की ठोकर से अधिवक्ता के घर की दीवार में दरार आ गई। अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बाइक खड़ी कर सब्जी खरीद रहे पचपुती जगतापुर के अमित कुमार व घर का सामान खरीदने आए ढाबली के बगल खड़े आकाश यादव और ढाबली में बैठे पवन कुमार शुक्ल घायल हो गए। तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सक ने आकाश यादव को मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद अमित कुमार को लखनऊ ट्रामा सेंटर व पवन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मृतक आकाश कक्षा नौ का छात्र था। वह स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज में पढ़ता था। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने कहा कि मृतक के पिता विनय कुमार की तहरीर पर चालक पर मुकदमा लिख कर ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।



शीतलापुरी में घर में घुसा ट्रक • जागरण



आकाश यादव
(फाइल फोटो)

### ट्रक-वाइक भिड़ंत में मां-वेटे की मौत

रामापुर : कौड़िया थाना के ग्राम पंचायत रामापुर के मजरा मौहरिया के रहने वाले नसीम अपनी पत्नी इसरत जहां, सात वर्षीय बेटे मुहम्मद अरकान व चार वर्षीय बेटी उमेरा को मोटर साइकिल पर बैठा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार दवा कराने जा रहा था। वह रामापुर से बाजारडीहा जाने वाले तिराहे पर पहुंचे थे कि कर्नलगंज की ओर से गिट्टी लदे आ रहे ट्रक की सामने से उनकी बाइक से भिड़ंत हो गई। ट्रक की ठोकर लगने से बाइक सवार इसरत जहां व उसका बेटा मुहम्मद अरकान ट्रक की चपेट आ गए, इससे इनकी मौत हो गई। वहीं नसीम व उसकी बेटी उमेरा दूसरी तरफ गिरे, इससे बाप-बेटी को मामूली चोटें आई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर वहां से भाग निकला। स्थानीय लोगों व पुलिस ने करीब चार किलोमीटर दूर आर्यनगर मार्ग पर लैबुड़वा के पास ट्रक को कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि नसीम हेलमेट नहीं लगाए था। थानाध्यक्ष कौड़िया योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि मृतका के पति नसीम की तहरीर पर ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा लिखा गया है। चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को कब्जे में लिया गया है।

# कजरी तीज पर चाक-चौबंद रहेंगे सुरक्षा के इंतजाम

गोंडा। कजरी तीज को लेकर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के चाकचौबंद इंतजाम रहेंगे। इस दौरान स्थिति पर नजर रखने के लिए जिला कंट्रोल रूम 24 घंटे अलर्ट पर रहेगा। शुक्रवार को कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र और डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने सुरक्षा के इंतजामों की समीक्षा की।

बैठक के बाद उन्होंने शिवालयों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद करने के लिए करनैलगंज के सरयूघाट, पृथ्वीनाथ मंदिर और दुखहरणनाथ मंदिर का दौरा भी किया।

## कमिश्नर व डीआईजी ने की सुरक्षा चौकसी की समीक्षा

कमिश्नर ने बताया कि इस बार कजरी तीज पर 15 लाख श्रद्धालुओं के एकत्र होने का अनुमान लगाया जा रहा है। निगरानी के लिए जिला प्रशासन की ओर से 24 घंटे निगरानी के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। बताया कि करनैलगंज के सरयूघाट से खरगूपुर के पृथ्वीनाथ मंदिर, शहर के दुखहरणनाथ मंदिर, मनकापुर के करोहानाथ आदि रास्तों पर आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। घाट पर पीएचसी, एनडीआरएफ सहित पुलिस के करीब 400 जवान तैनात रहेंगे।

इसके साथ कावंड़ियों की चिकित्सा व्यवस्था के लिए सरयूघाट पर स्वास्थ्य विभाग की दो टीमें, पृथ्वीनाथ मंदिर पर दो टीमें, दुखहरणनाथ मंदिर पर दो टीमें तथा सीएचसी कटरा बाजार के पास, चौरी चौराहा के पास व बालपुर में स्वास्थ्य विभाग की एक-एक टीम तैनात रहेगी। संवाद

## वजीरगंज थाने में बनाई रील, गिरफ्तार

**गोंडा।** थाना वजीरगंज परिसर में रील बनाना दो युवकों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने पहचान करके दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि गत दिवस दो युवकों ने दबंगई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। जिसे एक ट्विटर यूजर ने गोंडा पुलिस को टैग कर घटना की जानकारी दी। इस मामले को एसपी अंकित मित्तल ने गंभीरता से लिया और कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी रामगोपाल व अमरनाथ निवासी बालेश्वरगंज भरहापारा थाना वजीरगंज को गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

## लापता बालक को पुलिस ने खोजा

**गोंडा।** कोतवाली के वीरपुर निवासी सोनू सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके साढू नंदलाल सैनी निवासी खिरिया मझगवां का 13 वर्षीय पुत्र उनके घर पर रहकर पढ़ाई करता था। शुक्रवार को वह घर से अचानक लापता हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालक को रोडवेज बस स्टैंड के पास से खोज कर मौसा सोनू सैनी और मौसी किरण देवी के सुपुर्द कर दिया। (संवाद)

## पुलिस ने वापस दिलाए दस हजार रुपये

**गोंडा।** रानी बाजार के रहने वाले मुकुल गुप्ता ने गूगल पे से गलत नंबर पर दस हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए थे। इसकी शिकायत साइबर हेल्प डेस्क पर की गयी। एसपी ने बताया कि साइबर सेल की टीम ने संबंधित बैंक प्रबंधक से संपर्क कर ट्रांसफर किए गए दस हजार रुपये पीड़ित को वापस दिला दिए गए। (संवाद)

## धोखाधड़ी से बैनामा कराने में दबोचा

**गोंडा।** धोखाधड़ी से जमीन का बैनामा कराने के आरोप में पुलिस ने शत्रोहन निवासी वैरागी पुरवा राजापुर को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उसने अपने गांव के रहने वाले संतोष कुमार की जमीन का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा करा लिया था। संतोष ने उसके खिलाफ कोतवाली नगर में केस दर्ज कराया था। (संवाद)

# जमीन घोटाले में छह लोगों पर जालसाजी का केस

**गोंडा।** जमीन घोटाले में एक के बाद एक मामला सामने आ रहा है। निबंधन कार्यालय गोंडा के कर्मचारियों की मिलीभगत से कई लोगों ने जानकीनगर स्थित एक एकड़ से अधिक जलमग्न भूमि का कूटरचित इकरारनामा तैयार कर सरकारी विलेख में अंकित करा दिया। मामले में छह लोगों के खिलाफ क्षेत्रीय लेखपाल ने कोतवाली नगर में जालसाजी समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

क्षेत्रीय लेखपाल गिरीश यादव ने बताया कि 19 व 28 अगस्त 2020 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय गोंडा में जवाहर लाल निवासी अगेहा ने अमित अग्रवाल निवासी साहबगंज स्टेशन रोड के पक्ष में इकरारनामा पंजीकृत कराया। पंजीकृत विलेख में पवन कुमार निवासी पथवलिया व भानुदत्त निवासी इमिलिया छीटू इटियाथोक बतौर गवाह दर्ज है। जलमग्न भूमि को फर्जी तरीके से राजमंगल मिश्र निवासी भदुआ तरहर ने मिलीभगत कर अंकुर अग्रवाल निवासी रानी बाजार के पक्ष में इकरारनामा पंजीकृत कराया है। इसमें भानुदत्त निवासी इमिलिया छीटू व श्यामधर तिवारी निवासी खरगूपुर अवरता करनैलगंज के नाम दर्ज हैं।

लेखपाल ने बताया कि विक्रेता, क्रेता व गवाहों ने जालसाजी करके उपनिबंधक कार्यालय गोंडा के कर्मियों से मिलीभगत कर कूटरचित दस्तावेज के आधार पर सरकारी भूमि का विक्रय इकरारनामा पंजीकृत कराया है।

प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि केस दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

# अश्लील गाना गाने वाला गिरफ्तार

**तरबगंज (गोंडा)।** देवनगर बाजार से पुलिस ने एक शोहदे को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी आजाद अली क्षेत्र के बरइन पुरवा नरायनपुर का निवासी है। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक रामप्रकाश यादव ने बताया कि आजाद स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं व महिलाओं को देखकर अश्लील गाना गाकर गंदे इशारे करता था। सूचना पर पुलिस टीम व एंटी रोमियो दस्ते ने आरोपी को धर दबोचा। मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। (संवाद)

# किशोरी से दुष्कर्म, केस दर्ज

**मुजेहना (गोंडा)।** नगर पंचायत धानेपुर के एक वार्ड की रहने वाली महिला ने थाने पर तहरीर देकर कहा कि बीते दिनों वह काम से बाहर गई थी। घर में उसकी 17 साल की बेटी अकेली थी। तभी उसे अकेला पाकर एक युवक ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया। घर पहुंचने पर बेटी ने घटना की जानकारी दी। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि आरोपी सद्दाम के खिलाफ दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# लापता पति को 20 साल से तलाश रही पत्नी

**मोतीगंज (गोंडा)।** देहात कोतवाली क्षेत्र के रमवापुर श्याम गांव निवासी सम्मो अपने पति की खोजबीन के लिए अफसरों से 20 वर्ष से गुहार लगा रही है। सम्मो ने बताया कि उसका पति सफीलाल 20 वर्ष पहले लापता हो गया थ। तब से वह पति की तलाश के लिए अफसरों की चौखट पर लगातार गुहार लगा रही है मगर अब तक कहीं कुछ पता नहीं चल सका। देहात कोतवाली के इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। खोजबीन के लिए उचित कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# एक चोर दबोचा, साथी फरार

**कटरा बाजार (गोंडा)।** प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा बाजार करुणाकर पांडेय ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान एसएसआई अजय कुमार पांडेय ने परसौना गांव के पास सड़क किनारे एक दुकान के बाहर दो लोग बैठे दिखे। पुलिस को देखकर दोनों युवक भागे। एक को दौड़ाकर दबोच लिया गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम धर्मराज उर्फ धरमू निवासी पहलीपुरवा, थाना कटरा बाजार बताया। उसके पास से चोरी के उपकरण, चाबी का गुच्छा, सब्बल व एक हजार नकदी बरामद हुई है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजने के साथ ही उसके साथी की तलाश की जा रही है। (संवाद)

# युवक की हत्या में चार वर्ष बाद आठ लोगों पर केस

करनैलगंज (गोंडा)। युवक की हत्या के चार साल बाद पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम खजुरिया, करनैलगंज के निवासी प्रमोद की तहरीर पर जनार्दन अवस्थी निवासी ग्राम अल्लहा, पूर्व प्रधान सुरेंद्र कुमार द्विवेदी उर्फ बबलू निवासी ग्राम हरिगवा, राजेंद्र धर द्विवेदी निवासी हरिगवा, शिवशंकर अवस्थी निवासी मन्नू पुरवा, मुनीम देव व कप्तान अवस्थी निवासी ग्राम खजुरिया, संध्या शुक्ला निवासी चिनहट लखनऊ व सत्यनारायण चौबे की पत्नी नाम अज्ञात निवासी ग्राम अल्लीपुर बनुआ उमरीबेगमगंज के विरुद्ध हत्या व साजिश के तहत करनैलगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

प्रमोद ने तहरीर में कहा कि 22 नवंबर 2019 को उसके भाई सर्वेश कुमार की शादी थी। दूसरे दिन बारात वापस आई थी। उक्त आरोपी साजिश करके सर्वेश को बाइक से बाजार जाने के बहाने ले गए और उसे शराब पिला दी। 23 नवंबर की शाम सात बजे नशे की हालत में सर्वेश के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। जब उसे सूचना मिली तो अपने भाई को लेकर करनैलगंज अस्पताल गया। जहां डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल ले जाने पर सर्वेश की मौत हो गई। कोतवाल चितवन कुमार का कहना है कि आठ लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# 10 हजार रिश्वत लेते जेई गिरफ्तार

**बिजली कनेक्शन के लिए किसान से ले रहा था घूस, शिकायत पर एंटी करप्शन विंग ने रंगे हाथ दबोचा**

**धानेपुर के बिजली उपकेंद्र मेहनौन में तैनात है आरोपी जेई संतोष मंडल, इटियाथोक थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज**

संवाद न्यूज एजेंसी

इटियाथोक (गोंडा)। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एंटी करप्शन विंग) ने शुक्रवार को इटियाथोक कस्बे में एक दुकान पर बिजली कनेक्शन के लिए किसान से दस हजार रुपये की रिश्वत लेते पावर कॉर्पोरेशन के जेई संतोष कुमार मंडल को रंगे हाथ धर दबोचा। मेहनौन उपकेंद्र पर तैनात संतोष को टीम इटियाथोक थाने ले गई। जहां लिखापढ़ी के बाद उसे हवालात में रखा गया है। शनिवार को उसे भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट गोरखपुर में पेश किया जाएगा।



इटियाथोक थाने में पुलिस गिरफ्त में आरोपी जेई संतोष कुमार मंडल। संवाद

धानेपुर क्षेत्र के पूरे मुसद्दी पूरे चौहान गांव निवासी किसान सत्यराम यादव ने बताया कि उन्होंने अपने भाई तुलसीराम यादव के नाम से सिंचाई के लिए दो किलोवाट का बिजली कनेक्शन लेने के लिए 28 जुलाई को ऑनलाइन आवेदन किया था। धानेपुर स्थित बिजली उपकेंद्र मेहनौन के अवर अभियंता (जेई) संतोष कुमार मंडल को कनेक्शन के लिए मौके पर सत्यापन करके रिपोर्ट लगानी थी।

सत्यराम के मुताबिक उसने जेई को कई बार फोन करके सत्यापन करने की गुजारिश की। उनके कार्यालय जाकर भी बात की। मगर जेई ने सत्यापन नहीं किया। यही नहीं जेई ने कनेक्शन चार्ज 2200 रुपये होने के बावजूद सत्यापन के लिए सत्यराम से 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। सत्यराम ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन थाने में की।

## आज कोर्ट में किया जाएगा पेश

- एंटी करप्शन थाने के इंस्पेक्टर धनंजय सिंह ने बताया कि सत्यराम की शिकायत पर शुक्रवार को उनकी टीम इटियाथोक कस्बा पहुंची। जहां दही-बड़ा की एक दुकान पर मेहनौन उपकेंद्र के जेई संतोष कुमार मंडल निवासी ग्राम महोरी डेहिया, थाना सिलीगुड़ी, बंगाल को सत्यराम से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। इंस्पेक्टर धनंजय सिंह ने बताया कि आरोपी जेई के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत थाना इटियाथोक में केस दर्ज कराया गया है। उसे हवालात में रखा गया है। शनिवार को उसे भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट गोरखपुर में पेश किया जाएगा।

## रिपोर्ट आने के बाद होगी विभागीय कार्रवाई

" मेहनौन में तैनात अवर अभियंता संतोष कुमार मंडल की रिश्वत लेते गिरफ्तारी की सूचना मिली है। अधिशासी अभियंता से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

–रामनरेश सरोज, अधीक्षण अभियंता, पावर कॉर्पोरेशन गोंडा

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-16-09-2023

# एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

बलरामपुर। एसपी ने शुक्रवार को परेड का निरीक्षण किया। परेड में सलामी के बाद पुलिस अधीक्षक में जवानों से भोजन के गुणवत्ता पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अगर भोजन की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी आती है तो तुरंत सूचित करें। उन्होंने पुलिस जवानों को नियमित योगाभ्यास व व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# जहरीले जंतु के काटने से युवक की मौत

**हरैया सतघरवा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मोतीपुर टिटहिरिया गांव में एक युवक को जहरीले जंतु के काटने से मौत हो गई। ग्रामवासी झगरू ने बताया कि बुधवार की रात 10 बजे उनका 18 वर्षीय पुत्र राजन घर में लेटा था। रात में उसे किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा ले जाया गया। इलाज के दौरान बृहस्पतिवार की रात राजन की मौत हो गई। (संवाद)

# महिलाओं को किया जागरूक

**बलरामपुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को गैसड़ी बाजार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसपी केशव कुमार के निर्देश पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1098, 102 व 108 नंबर की जानकारी देते हुए मुसीबत के समय इन हेल्प लाइन नंबरों का उपयोग कर मदद लिए जाने की अपील भी की। (संवाद)

# कांवड़ यात्रा को लेकर आज रात से रूट डायवर्जन

जासं, बलरामपुर : कजरीतीज पर निकलने वाली ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा को लेकर जिले के विभिन्न मार्गों का डायवर्जन किया जाएगा। यह डायवर्जन 16 सितंबर की रात 12 बजे से 19 सितंबर को सुबह आठ बजे तक प्रभावी रहेगा।

क्षेत्राधिकारी यातायात उदयराज सिंह ने बताया कि कजरीतीज पर गोंडा के दुखहरणनाथ मंदिर व खरगूपुर के पृथ्वीनाथ मंदिर में करीब 12 से 15 लाख कावंड़िए सरयू नदी अयोध्या से जल भरकर पहुंचते हैं। ऐसी स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीमावर्ती जनपदों से बड़े वाहनों का डायवर्जन किया गया है। बाराबंकी से बलरामपुर आने वाले सभी भारी, छोटे व हल्के वाहन जरवलरोड से कैसरगंज, पयागपुर व श्रावस्ती होते हुए बलरामपुर एवं उतरौला जाएंगे।

उतरौला व बलरामपुर से लखनऊ जाने वाले वाहन भी इसी रास्ते से जाएंगे। बहराइच से अयोध्या जाने वाले वाहन श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला, डुमरियागंज व बस्ती होते हुए जाएंगे। बहराइच, बलरामपुर से अयोध्या जाने वाले हल्के वाहन बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला, मनकापुर, कोल्हमपुर होते लालपुर नवाबगंज के रास्ते आवागमन करेंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आज होगी सुनवाई

बलरामपुर : संपूर्ण समाधान दिवस में शुक्रवार को फरियादियों की शिकायतें सुनी जाएंगी। तुलसीपुर तहसील में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अरविंद सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार शिकायतों का निस्तारण कराएंगे। यहां सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य सदर तहसील में शिकायतें सुनेंगे। उतरौला तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव शिकायतों की सुनवाई करेंगी। (संसू)

## वारंटी को जेल

हरैया सतघरवा : वन्यजीव संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन करने वाले वारंटी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चौधरीडह निवासी पन्ना लाल को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

## वांछित को दवोचा

सादुल्लाहनगर : गोंडा जनपद के वांछित को पुलिस ने दबोच लिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि जनपद गोंडा के थाना खोड़ारे के ग्राम बकवा दरगाह निवासी मोहम्मद तल्हे को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# कावड़ यात्रा-विसर्जन पर बंद रहेंगी मीट की दुकानें

## भक्तों की सुविधा को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने दिए निर्देश

संवाद न्यूज़ एजेंसी

बलरामपुर। नगर पालिका परिषद कावड़ यात्रा व गणेश पूजन पर श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखेगी। इस दौरान पांच स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत कर मिष्ठान का वितरण करने के साथ ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी होगा। साथ ही पालिका परिषद ने 18 सितंबर को कजरी तीज के दिन नगर से होकर निकलने वाली कावड़ यात्रा एवं 25 सितंबर को होने वाले गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दिन नगर में सभी मीट दुकानों को भी बंद रखने का निर्देश दिया है। यह जानकारी पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने दी।

उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर दोनों आयोजनों को सफल बनाने के लिए तैयार कार्ययोजना पर चर्चा की। ईओ

### लगेगा स्वास्थ्य शिविर, पांच स्थानों पर स्वागत बाद मिष्ठान वितरण भी

राजमणि वर्मा को निर्देश दिया कि आयोजन के दौरान साफ सफाई के विशेष इंतजाम कराने के साथ ही जगह-जगह प्याऊ स्टाल लगवाने और मूर्ति विसर्जन स्थल पर लाइटिंग के साथ ही अन्य जरूरी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित करा ली जाए। ईओ ने बताया कि इस कार्य के लिए पालिका परिषद कर्मियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है।

कावड़ यात्रा पर पालिका परिषद नहर बालागंज पेट्रोल पंप के पास एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी करेगी। इस दौरान कजरी तीज व गणेश प्रतिमा स्थापना व विसर्जन दिवस पर सभी शिव मंदिरों, कावड़ यात्रा रूट एवं गणेश प्रतिमा पंडाल के आसपास साफ -सफाई के साथ ही सुबह शाम दोनों समय चूने का छिड़काव भी होगा।

### श्रद्धालुओं को बांटी जाएगी मिठाई

कजरी तीज पर निकलने वाली कावड़ यात्रा के दौरान वीर विनय चौराहा, पुराना चौक, गर्ल्स कॉलेज चौराहा, मोहल्ला टेढ़ी स्थित कपड़ा घर के पास एवं बड़ा पुल चौराहा पर पालिका कर्मी टेंट लगाकर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को मिष्ठान व जलपान भी वितरित कराएंगे।गणेश प्रतिमा विसर्जन के दिन जुलूस का स्वागत करने के लिए वीर चौराहे पर एक मंच भी बनेगा।

# पेड़ों की कटान में दो गिरफ्तार

बलरामपुर। भरपुरवा रोड के पास पप्पू जायसवाल के खेत में हरे पेड़ों की कटान कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान मो. हाशिम निवासी गौरशेख तथा सत्यराम निवासी गुमड़ी के रूप में हुई है। अभियुक्तों के पास से हरे पेड़ की पांच बोटा लकड़ी भी बरामद की गई है। (संवाद)

# फरार वांछित गिरफ्तार

बलरामपुर। पचपेड़वा थाने की पुलिस ने विभिन्न धाराओं में वारंटी रहे एक फरार आरोपी को को गिरफ्तार किया है। सीओ राघवेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान चिनके निवासी आदमतारा के रूप में हुई है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-16-09-2023

# चार माह से नेपाल जेल में निरुद्ध है भारतीय युवक

बहराइच। चार माह से नेपाल के बांके जिले की जिला कारागार में भारतीय डीसीएम दलित चालक निरुद्ध है। वह अपने वाहन स्वामी के साथ नेपाल से चावल भूसी लोड कराकर भारतीय इलाके में आ रहा था। वहां नेपाल कस्टम चौकी पर टैक्स न जमा करने पर नेपाली पुलिस ने दबिश दी, तो वाहन स्वामी फरार हो गया था। पीड़ित चालक को छुड़ाने के बहाने 50 हजार रुपये भी पत्नी से हड़प लिए। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है।

# पकड़े गए लुटेरे को जेल भेजा

महसी। हरदी थाना क्षेत्र के भगवानपुर कस्बे में गुरुवार को एक दुकान से दिन दहाड़े 20 हजार की हुई लूट मामले में पकड़े गए आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। लोहा व्यवसाई विनोद कुमार अवस्थी की दुकान पर ग्राहक बन सामान लेने आए दो बाइक सवार उचक्के चकमा देकर कैश काउंटर से 20 हजार की नकदी लेकर भागे थे। जिसमें से एक सीतापुर के के कितूरी निवासी छोटू अवस्थी को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया था।

हिन्दुस्तान

# सचिव व पूर्व प्रधान को नोटिस जारी

## शिकंजा

बहराइच, संवाददाता। ब्लॉक विशेश्वरगंज के ग्राम पंचायत जलालपुर गांव विकास के नाम पर हुए सरकारी धन के गबन पर प्रशासन सख्त हुआ है। शिकायत की जांच में समाने आए तथ्यों के आधार पर पूर्व प्रधान व सचिव को नोटिस जारी कर साक्ष्य उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। तय समय पर जवाब न देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

ब्लॉक के ग्राम पंचायत जलालपुर के उदय प्रताप पुत्र यज्ञ प्रकाश और पिंटू दुबे पुत्र कृष्ण कुमार ने छह फरवरी 2020 को शिकायती पत्र देकर गांव के विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत की थी।

- लगाए गए आरोपों के साक्ष्य उपलब्ध कराने के दिए गए निर्देश
- विशेश्वरगंज के ग्राम पंचायत जलालपुर का मामला, कार्रवाई की तैयारी
- तय समय पर जवाब न देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

ग्रामीणों ने गांव में बिना विकास कार्य कारण लाखों रुपए सरकारी धन के गबन का आरोप लगाया था।

शिकायत कर्ताओं ने 29 अगस्त 2023 को उच्च न्यायालय लखनऊ में याचिका दायर कर दी, जिसका मामला लंबित हैं। आरोप है कि डीएम के आदेश पर पूर्व में गठित टीम के जांच अधिकारी गुलाब सिंह ने गांव पहुंचकर जांच की। जिसमें बिना शिकायत कर्ता का बयान लिए ही जांच रिपोर्ट प्रेषित की है।

हालांकि इस मामले में पूर्व प्रधान व सचिव को नोटिस भेजकर जवाब तलब किया गया है। कार्रवाई की भी तैयारी हो रही है।

> शिकायतों के क्रम में हुई जांच के बाद पूर्व प्रधान व सचिव को नोटिस जारी किया गया है। जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **राघवेंद्र द्विवेदी**
> डीपीआरओ, बहराइच

हिन्दुस्तान

# फायर स्टेशन की छत ढही, मुख्य चालक सुरक्षित

बहराइच। गुरुद्वारा चौक के समीप पुराने जर्जर भवन में चल रहे दमकल मुख्यालय के रिहायशी कमरे की छत ढह गई। कमरे में निवासरत मुख्य चालक के कमरे से निकलते ही हादसा हुआ।

नगर कोतवाली के दमकल केन्द्र स्थित एक कमरे में मुख्य चालक राम अभिलाक सिंह अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। उसकी पत्नी रक्षा बंधन पर मायके गई थी। गुरुवार रात राम अभिलाख जैसे ही कमरे से बाहर निकले। छत भरभरा कर ढह गई। मलबे में दबकर कमरे में रखा गृहस्थी का सारा सामान क्षतिग्रस्त हो गया, लाखों की क्षति होने का अनुमान है।

हिन्दुस्तान

# मेडिकल स्टोर की आड़ में नशे के कारोबार

**भंडाफोड़**

**बहराइच, संवाददाता।** शहर में दवा बिक्री के आड़ में मेडिकल स्टोर संचालक के नशे के कारोबार का गुरुवार को भंडाफोड़ हुआ है। औचक छापेमारी के दौरान नशीली व एक्सपायर हो चुकी दवाओं की खेप स्टोर से बरामद किया गया है। दवाओं को सीज कर दिया गया है। सभी के सैंपल भरकर प्रयोगशाला भेजा गया है। लाइसेंसी मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित दवाओं व नियमों की अनदेखी पर मुकदमा दर्ज करने व लाइसेंस रद करने की तैयारी हो रही है।

शहर के दरगाह शरीफ में बड़े पैमाने पर मेडिकल स्टोरों पर नशीली दवाओं की बिक्री कर युवाओं को बर्बाद करने की शिकायतें मिल रही थी। डीएम मोनिका रानी के निर्देश पर नायब तहसीलदार सुरेंद्र कुमार व ड्रग इंस्पेक्टर विनय कृष्ण के नेतृत्व में गठित टीम ने सुबह टीम दरगाह के गरीब नवाज मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की।



दरगाह के गरीब नवाज मेडिकल स्टोर की जांच करते नायब तहसीलदार।

जांच में मेडिकल स्टोर पर काफी मात्रा मे नशीली दवा व कालातीत दवाएं पाई गईं, जिनका सेवन जिंदगी के लिए घातक पाया गया। यहां वे दवाएं पाई गई जिनका उपयोग नशे करने वाले करते हैं। जांच के दौरान संचालक की ओर से दवा क्रय व विक्रय का अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं किया गया। बरामद दवाओं को सीज कर दिया गया है। नायब तहसीलदार ने बताया कि नियम व प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री के मामले में विभाग अपने स्तर से कार्रवाई करेगा। इसके अलावा जांच रिपोर्ट के आधार पर संचालक पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी, ताकि युवाओं को नशे में ढकेलने वाले ऐसे मुनाफाखोरों को सबक सिखाया जा सके।

## नौ प्रकार की नशीली दवाएं बरामद

**बहराइच।** औषधि निरीक्षक विनय कृष्ण ने बताया कि मेडिकल स्टोर का लाइसेंस पाया गया है। जांच में यहां नौ प्रकार की दवाएं बरामद हुई हैं। यह दवाएं प्रतिबंधित हैं। लंबे समय से इनकी ओर से दवा बिक्री की आड़ में नशे का कारोबार किया जा रहा था। स्थानीय लोगों की ओर से शिकायतें की जा रही थी। जिस पर यह कार्रवाई हुई है। कुछ और मेडिकल स्टोर चिंहित किए गए हैं। इन पर भी जल्द छापेमारी कर कार्रवाई होगी।

# गब्बर के भाई की अर्जी पर दर्ज होगा धोखाधड़ी का मुकदमा

जासं, बहराइच : मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिवेंद्र कुमार मिश्र ने प्रदेश के टाप-50 माफिया जिपं सदस्य देवेंद्र प्रताप उर्फ गब्बर सिंह के भाई रवींद्र सिंह की अर्जी पर कोतवाली देहात पुलिस को जमीन की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

अधिवक्ता विनय सिंह उर्फ पम्मू ने बताया कि व्यापारी अरुण कुमार मातन्हेलिया ने दूसरे की जमीन के छोड़े गए रास्ते को धोखाधड़ी कर बेच दिया था। इसमें उनकी पत्नी सुधा मातन्हेलिया, रवि पटवारी, वीरेंद्र श्रीवास्तव, चैतन्य सिंह व दिनेश पाठक की ओर से भी कई जालसाजी की गई। बाद में गलत तरीके से मुकदमा भी दर्ज करा दिया गया। सीजेएम ने मामले की सुनवाई करते हुए पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना न्यायालय में दाखिल करने का आदेश दिया है।

# आईपीएस बने एएसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह

**बहराइच।** जिले में एएसपी नगर के पद पर कार्यरत कुवंर ज्ञानंजय सिंह का आईपीएस के पद पर प्रमोशन हो गया है।



शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा जारी पीपीएस अफसरों के आईपीएस बनने की प्रमोशन लिस्ट में उनका नाम शामिल है। एएसपी के आईपीएस बनने पर विभागीय कर्मचारियों से लेकर जिले के तमाम लोग उनको बधाई देने पहुंच रहे हैं। सौम्य व सरल स्वभाव के एएसपी अपनी कार्यशैली के चलते आम लोगों में काफी लोकप्रिय हैं। वह मूलरूप से जौनपुर जिले के निवासी है और वर्ष 1994 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं। संवाद

# मेडिकल स्टोर पर बिक रही थी नशीली दवा, जब्त

## शहर में दरगाह के एक मेडिकल स्टोर पर प्रशासन की टीम ने मारा छापा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** शहर के दरगाह थाना क्षेत्र के भिनगारोड स्थित एक मेडिकल स्टोर पर शुक्रवार को प्रशासनिक टीम ने छापा मारा। इस दौरान मेडिकल स्टोर पर काफी मात्रा रखी नशीली व अन्य एक्सपाइरी दवाओं को सीज कर दिया। टीम ने दुकान संचालक को नोटिस थमाकर अग्रिम कार्रवाई शुरू की है।



बहराइच के दरगाह क्षेत्र में मेडिकल स्टोर पर छापा मारती टीम। -संवाद

दरगाह थाना क्षेत्र के भिनगारोड स्थित गरीब नवाज मेडिकल स्टोर संचालित हैं। स्थानीय लोगों ने डीएम मोनिका रानी से मेडिकल स्टोर से कई प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री आदि की शिकायत की थी। जिसको संज्ञान में लेते हुए डीएम ने नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर की अगुवाई टीम गठित कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

इसी के तहत शुक्रवार को नायब तहसीलदार सदर सुरेंद्र प्रसाद यादव, औषधि निरीक्षक विनय कृष्ण व पुलिस की टीम ने मेडिकल स्टोर पर पहुंचकर छापा मारा।

इस दौरान टीम ने पूरी दुकान को खंगाला, तो दुकान से काफी संख्या में नशीली दवाएं और अन्य ब्रांड की एक्सपायर्ड दवाएं मिलीं। टीम ने सभी दवाओं को अपने कब्जे में लेते हुए उसको सीज करने के बाद दुकान संचालक से दवा के क्रय विक्रय का अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा। लेकिन दुकान संचालक दवा का अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसपर टीम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए दुकान संचालक को नोटिस थमाते हुए अन्य विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है।

# घर-घर जाकर गोवंशों को बांधने को चेताया

संवाद न्यूज एजेंसी

**खैरीघाट(बहराइच)।** छुट्टा गोवंशों से परेशान किसानों ने स्वयं से जागरूकता शुरू की है। इसके साथ ही प्रशासन से छुट्टा मवेशियों से निजात दिलाने की मांग की है। शुक्रवार को महसी विकासखंड के ग्राम पंचायत मैकूपुरवा में ग्रामीणों ने जागरूकता रैली निकाली।



खैरीघाट में छुट्टा गोवंशों के विरोध में जुलूस निकालते ग्रामीण। -संवाद

रैली में प्रधान अनूप सिंह भी शामिल रहे। प्रधान ने बताया कि सभी के घर-घर जाकर उन्हें गोवंश बांधने के प्रति चेताया है। साथ ही दोबारा गोवंश छोड़ने की जानकारी होने पर संबंधित के प्रति मुकदमा दर्ज करवाने की चेतावनी दी है। इस दौरान राजपति यादव, मायाराम, हनुमंत लाल आदि मौजूद रहे।

# हड़ताल समाप्त, वादकारियों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

संवाद न्यूज एजेंसी

## 17 दिनों से चल रही वकीलों की हड़ताल के बाद कचहरी में उमड़े वादी

बहराइच। हापुड़ कांड के विरोध में 17 दिनों से वकीलों की चल रही हड़ताल शुक्रवार को समाप्त हो गई है। हड़ताल के समाप्ति की घोषणा के बाद शुक्रवार को वादकारियों के चेहरे की रौनक लौट आई है। शुक्रवार को कचेहरी परिसर में वादकारियों की काफी भीड़ दिखाई दी।



दीवानी कचहरी में वकीलों की हड़ताल समाप्त होने के बाद उमड़े लोग। -संवाद

हापुड़ में बीते 29 अगस्त को वकीलों पर पुलिस द्वारा की गई लाठी चार्ज के विरोध में प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर प्रदेश भर का अधिवक्ता आंदोलित था। सभी घटना में कार्रवाई को लेकर 17 दिनों से हड़ताल पर थे। बीते बृहस्पतिवार को बार काउंसिल के पदाधिकारियों व शासन के प्रतिनिधि मंडल के बीच वकीलों की मांगें पूरी होने पर बार काउंसिल ने हड़ताल के वापसी की घोषणा की थी।

वकीलों की हड़ताल वापस होने की सूचना पर अपने मुकदमे के सिलसिले में दीवानी कचहरी आने वाले वादकारियों के चेहरे पर काफी रौनक दिखाई दी। शुक्रवार को कचहरी में काफी चहल पहल दिखाई दी।

# युवक पर छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप

**विशेश्वरगंज (बहराइच)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने आरोप लगाया कि बृहस्पतिवार की रात वह सो रही थी। इसी दौरान विपक्षी हरीश उर्फ हरीराम देर रात उसके घर घुस आया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की। थाना प्रभारी अनुज त्रिपाठी ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट आदि की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# पिता, चाचा व भाई पर दर्ज करवाया केस

**महसी (बहराइच)।** हरदी थाना के ग्राम पंचायत परसोहना के मजरा तंबोलीपुरवा निवासी अफसाना ने अपने पिता, चाचा और चचेरे भाई पर मारपीट, गाली देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। थाना प्रभारी सूरज कुमार राणा ने बताया कि किशोरी की तहरीर पर आरोपित मेहंदी हसन, मोहम्मद रहीस और अब्दुल हसन पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दिया है। किशोरी ने घर जाने से इंकार कर दिया था। जिस पर उसका चिकित्सीय परीक्षण करवा कर नारी निकेतन भेज दिया गया है। संवाद

# लूट का आरोपी भेजा गया जेल

**महसी (बहराइच)।** हरदी थाना क्षेत्र के भगवानपुर कस्बे में दिनदहाड़े लोहा व्यवसायी के साथ 20 हजार की लूट करने वाले अभियुक्त को शुक्रवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। अभियुक्त की पहचान सीतापुर जिले के रामपुर थाना के कितूरी निवासी छोटू अवस्थी के रूप में हुई थी। पुलिस दूसरे अभियुक्त की तलाश में जुटी है। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः-16-09-2023

# चेकिंग में 34 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस की ओर से अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों के मानक चेक किए गए। जिसमें वाहन के कागजात, हेलमेट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 34 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। सभी वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान कर वाहन स्वामियों पर 45 हजार रुपये का जुमाना लगाया गया।

# जनसुनवाई में आए 25 शिकायती पत्र

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक कायालय में शुक्रवार को जनता दर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी प्राची सिंह की ओर से लोगों की शिकायत सुनी गई। इस दौरान कुल 25 शिकायती पत्र आए जिसमें 11 भूमि विवाद, चार पारिवारिक विवाद व 10 अन्य विवादों से संबंधित रहे। एसपी ने मातहतों को सभी शिकायती पत्रों को समय से निस्तारित करने का निर्देश दिया।

# तीन लाख की चरस संग दो आरोपी पकड़े

श्रावस्ती। कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति संदिग्ध वस्तु के साथ लोनियनपुरवा मोड़ व अंटा तिराहा भिनगा से होकर जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और कार्रवाई के लिए टीम को सतर्क कर दिया गया। इस दौरान पुलिस ने सुरेन्द्र उर्फ सुन्दा पुत्र रामदेव निवासी भरथा बेलभरिया थाना कोतवाली भिनगा व रिजवान पुत्र सहजाद निवासी रंजनपुर थाना ललिया जनपद बलरामपुर के कब्जे से 500-500 ग्राम कुल एक किलोग्राम चरस बरामद किया।

# 'ड्रोन से रखी जाएगी अराजकतत्वों पर नजर'

**संसू, श्रावस्ती** : एसपी प्राची सिंह ने कजरी तीज पर्व पर सिरसिया स्थित पांडवकालीन बाबा विभूतिनाथ मंदिर पर लगने वाले मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में की गई तैयारियों की जांच की। एसपी ने कहा कि मेला क्षेत्र में सीसी, ड्रोन कैमरे व वाच टावर से अराजकतत्वों पर नजर रखी जाएगी।

एसपी ने मंदिर प्रबंधक समिति व महंत के साथ बैठक कर कजरी तीज के दौरान आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए की जा रही तैयारी को जाना। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई न हो। इसके लिए सभी व्यवस्था पहले से दुरुस्त कर लें। स्थानीय अभिसूचना इकाई की ओर से मेला परिसर की जांच व अवांछनीय तत्वों पर निगरानी रखी जाएगी। संबंधित अधिकारी मेला परिसर में भ्रमण कर पहले से व्यवस्था दुरुस्त कर लें। मेले को सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए। मेला स्थल के बाहर ही चिह्नित स्थलों पर पार्किंग की व्यवस्था की जाए। पार्किंग स्थल पर वाहनों के आने-जाने में कोई दिक्कत न हो। बलरामुपर-भिनगा के रास्ते से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की जाए। लोगों को जाम का सामना न करना पड़े। मेला परिसर में कंट्रोलरूम, खोया-पाया केंद्र की भी व्यवस्था रहेगी। एएसपी प्रवीण कुमार यादव, यातायात प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पांडेय, थानाध्यक्ष सिरसिया विशुनदेव पांडेय मौजूद रहे।

## एसपी को सद्भावना टीम ने किया सम्मानित

**संसू, श्रावस्ती** : जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए एसपी प्राची सिंह को हाल ही में प्रदेश सरकार की ओर से स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया है। जिले में ऐसा सम्मान पाने वाली वे पहली एसपी हैं। शुक्रवार को सामाजिक संस्था सद्भावना ने टीम के साथ एसपी से भेंट कर जिले का मान बढ़ाने के लिए उन्हें फूलों से भरी डलिया देकर सम्मानित किया।



स्वर्ण पदक प्राप्त एसपी प्राची सिंह (बाएं) को फूलों से भरी डलिया भेंट करतीं सामाजिक सद्भावना संस्था की बेटियां • जागरण

संस्था के अध्यक्ष योगेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि श्रावस्ती जिले का गठन हुए लगभग 26 वर्ष हो गए, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने में ऐसा सम्मान इससे पहले किसी एसपी को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि एसपी का आम लोगों के बीच जिस तरह का व्यवहार है। यह उनके व्यक्तित्व को और निखारता है। उनको मिला यह सम्मान जिले को गौरवांवित करता है। संस्था की युवतियों ने स्वास्तिक मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि के साथ एसपी के माथे पर रोली का तिलक लगाकर व फूलों से भरी डलिया देकर उन्हें सम्मानित किया।